बैशाख शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
शनिवार, 18 मई 2024
वर्ष 34, अंक 111, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये
www.amritvichar.com

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार



सामान्य से अधिक पानी बरसाएगा लानीना 16
रॉकस्टार का सीक्वल बनाना चाहते हैं इम्तियाज 2

# स्वाति मालीवाल मामले की जांच तेज केजरीवाल के आवास पहुंची पुलिस

## सीएम आवास के सीसीटीवी फुटेज की जांच और सबूत जुटाने को फोरेंसिक टीम पहुंची

- सीन रीक्रिएट करने आप सांसद को सीएम आवास ले गई पुलिस कोर्ट में भी दर्ज कराया बयान

नई दिल्ली, एजेंसी

आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर हमले के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद दिल्ली पुलिस ने अपनी जांच तेज कर दी है।

साक्ष्य जुटाने के सिलसिले में दिल्ली पुलिस की एक टीम फॉरेंसिक विशेषज्ञों के साथ शुक्रवार शाम मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर पहुंची। शाम करीब 4.45 पहुंची टीम में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (उत्तर) अंजिता चेप्याला के नेतृत्व में तीन पुलिस अधिकारी और पांच फॉरेंसिक विशेषज्ञ मुख्यमंत्री के आवास से सबूत और सीसीटीवी फुटेज एकत्र करेंगे। घटना के नाटकीय रूपांतरण के लिए पुलिस आप सांसद को स्वाति मालीवाल को भी मुख्यमंत्री के आवास पर लेकर गई।

इससे पहले दिन में, तीस हजारी कोर्ट में मजिस्ट्रेट के सामने मालीवाल का बयान दर्ज किया गया। मामले में गैर इरादतन हत्या, महिला के खिलाफ आपराधिक बल के इस्तेमाल समेत अन्य धाराओं के तहत पुलिस ने मुख्यमंत्री केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।



पुलिस के साथ सीएम आवास पर जातीं स्वाति मालीवाल।

### भाजपा का मोहरा बनीं स्वाति : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल की ओर से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार के खिलाफ लगाए आरोपों को झूठा करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि भाजपा ने मालीवाल को साज़िश का मोहरा बनाया है। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि जब से अरविंद केजरीवाल को जमानत मिली है तब से भाजपा बौखलाई हुई है और इसी के कारण उसने साजिश रची। मालीवाल को 13 मई को सुबह भेजा गया।

### मालीवाल ने कहा- खुद को बचाने की कोशिश कर रहा 'पॉलिटिकल हिटमैन'

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास का कथित सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद आप की सांसद स्वाति मालीवाल ने शुक्रवार को कहा कि 'पॉलिटिकल हिटमैन' ने स्वयं को बचाने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। मालीवाल 52 सेकंड के वीडियो में मुख्यमंत्री के आवास में सुरक्षाकर्मियों से बहस करती नजर आ रही हैं। केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने मुख्यमंत्री के आवास पर सोमवार को मालीवाल पर हमला किया था।

### राष्ट्रीय महिला आयोग ने बिभव के घर के बाहर चिपकाया नोटिस

राष्ट्रीय महिला आयोग ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार के घर पर नोटिस चिपकाया है और शनिवार को आयोग के समक्ष पेश होने को कहा है। आयोग के अधिकारी शुक्रवार को बिभव कुमार के घर गए लेकिन घर पर मौजूद व्यक्तियों ने नोटिस लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद नोटिस उनके घर के बाहर चिपका दिया गया। इससे पहले बिभव कुमार को शुक्रवार सुबह 11 बजे पेश होने को कहा गया था।

# आप लोगों को अपना बेटा सौंप रही हूं : सोनिया

संवाददाता, रायबरेली

**जनसभा**

- रायबरेली में राहुल के समर्थन में सोनिया गांधी का भावुक संबोधन

**अमृत विचार :** रायबरेली से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी के लिए उनकी मां और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने शुक्रवार को जनसभा की। राहुल और प्रियंका गांधी अपनी मां सोनिया गांधी के बगल ही खड़े रहे। सोनिया गांधी ने काफी भावुक भाषण दिया और राहुल के लिए वोट मांगा।

सोनिया गांधी ने शुक्रवार को आईटीआई मैदान से रायबरेली से रिश्तों की डोर को मजबूत करते हुए कहा कि आपके प्रेम में मुझे कभी अकेले नहीं पड़ने दिया। मेरा सब कुछ आपका दिया हुआ है। मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं। जैसे आपने मुझे अपना माना, वैसे ही राहुल को अपना मानकर रखना है।

राहुल आपको निराश नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि आज काफी समय के बाद आपके बीच आने का मौका मिला है। मैं हृदय से आपकी आभारी हूं। आपके सामने मेरा सिर श्रद्धा से झुका हुआ है। 30 साल तक एक सांसद के रूप में आपने मुझे सेवा करने का अवसर दिया। यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। रायबरेली मेरा परिवार है। वैसे अमेठी भी मेरा घर है। इंदिरा जी के दिल में रायबरेली के लिए एक अलग जगह थी। मैंने राहुल और प्रियंका को वही शिक्षा दी, जो इंदिरा जी और रायबरेली की जनता ने मुझे दी। सबका आदर करो। कमजोर की रक्षा करो। अन्याय के खिलाफ जनता के अधिकार के लिए जिससे भी लड़ना पड़े लड़ जाओ। इस मौके पर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल, प्रमोद तिवारी, सपा से हरचंदपुर विधायक राहुल लोधी, अविनाश पांडेय, कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, सपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव रहे।



आईटीआई मैदान में जनसभा के दौरान मंच पर एकता का परिचय देते गठबंधन नेता।

# आबकारी नीति मामला : केजरीवाल के खिलाफ ईडी ने दाखिल की चार्जशीट

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया।

इसमें आम आदमी पार्टी (आप) को भी आरोपी बनाया गया है। यह पहली बार है जब पदस्थ मुख्यमंत्री और सत्तारूढ़ पार्टी को धनशोधन के मामले में नामजद किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यहां एक विशेष अदालत के समक्ष एक विस्तृत अभियोजन शिकायत दाखिल की गई। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा आने वाले दिनों में अनुलग्नक के अलावा 200 पृष्ठों के आरोप पत्र पर संज्ञान ले सकती हैं।

सूत्रों ने बताया कि यहां कि एजेंसी ने विशेष अदालत में अभियोजन शिकायत (आरोप पत्र) दाखिल किया और आरोपी के खिलाफ धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आरोप तय करने का अनुरोध किया। संघीय एजेंसी ने आप के राष्ट्रीय संयोजक 55 वर्षीय केजरीवाल को 21 मार्च को उनके आवास से गिरफ्तार किया था और इस समय वह अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर हैं। इस मामले में ईडी द्वारा दाखिल यह आठवां आरोप पत्र है और वह अबतक 18 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। पिछले सप्ताह इसी तरह का आरोप पत्र ईडी ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के.कविता एवं अन्य चार अन्य के खिलाफ दाखिल किया था।



- केंद्रीय एजेंसी ने आम आदमी पार्टी को भी बनाया मामले में आरोपी

# पुणे हवाई अड्डे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराया विमान

**पुणे।** दिल्ली जा रहे एयर इंडिया का एक विमान पुणे हवाई अड्डे पर सामान ले जाने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गया जिसके बाद उड़ान रद कर दी गई। यह दुर्घटना तब हुई जब पुणे हवाई अड्डे पर यह विमान उड़ान के लिए रनवे की तरफ बढ़ रहा था। एयरलाइन सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि घटना गुरुवार शाम करीब 4 बजे हुई। विमान में करीब 200 यात्री सवार थे और घटना के बाद वे करीब छह घंटे तक हवाई अड्डे पर फंसे रहे। एयर इंडिया ने कहा कि यात्रियों को उनका पूरा किराया वापस कर दिया गया और उन्हें अगली यात्रा मुफ्त में करने की पेशकश की गई।

## एक नजर

### पांचवां चरण : 14 सीटों के लिए आज थम जाएगा प्रचार

**लखनऊ।** प्रदेश में पांचवें चरण की 14 सीटों व लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट के लिए शनिवार 18 मई को शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। मतदान 20 मई को होगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 4 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

### राहुल गांधी पर लगाया 1000 रुपये का जुर्माना

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में मानहानि मामले में चाईबासा स्थित एमपी/एमएलए कोर्ट में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को समन जारी करने के आदेश को निरस्त करने को दायर याचिका की शुक्रवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने राहुल गांधी की ओर से समय मांगे जाने पर उन पर 1000 रुपये का जुर्माना लगाया है। यह मामला वर्ष 2018 का है।

### मणिपुर में पांच उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार मिले

**इंफाल।** मणिपुर में दो अलग-अलग घटनाओं में गुरुवार को पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि थौबाल जिले में राज्य पुलिस और असम राइफल्स के संयुक्त दल ने प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपल वॉर ग्रुप) के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से पांच मोबाइल फोन, नौ एमएम की दो पिस्तौल, कारतूस जब्त किए गए। गुरुवार को ही इंफाल पश्चिम जिले से कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी के एक सक्रिय सदस्य को भी गिरफ्तार किया है।

**बोले पीएम, पंजे और साइकिल के सपने टूट गए खटाखट...खटाखट**

# जिहाद करने वालों को सौगात बांटती हैं सपा-कांग्रेस : मोदी

संवाददाता, हमीरपुर/फतेहपुर

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सपा और कांग्रेस सौगात उनको बांटती हैं जो जिहाद करते हैं। सपा और कांग्रेस ने अपने इरादे साफ कर दिए हैं। कांग्रेस का कहना है कि सबकी संपत्ति की जांच कराएंगे। प्रधानमंत्री ने जनता से पूछा कि क्या आप अपनी संपत्ति किसी सरकार को लूटने देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को हमीरपुर के राठ कस्बे के ब्रह्मानंद इंटर कॉलेज में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने फतेहपुर व बाराबंकी में भी जनसभाओं को भी संबोधित किया।

मोदी ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने धर्म के आधार पर आरक्षण का घोर विरोध किया था। उन्होंने कहा था कि देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। लेकिन कांग्रेस ने दलितों का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्नाटक में मुसलमानों को ओबीसी बना कर आरक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एसटी, ओबीसी का आरक्षण खत्म कर रही है और सपा उसको समर्थन दे रही है। सपा तुष्टिकरण के लिए किसी भी सीमा तक जा सकती है। कल्याण सिंह ने पिछड़ों का सम्मान किया था। कल्याण सिंह ने राम मंदिर के लिए अपनी सरकार बलिदान कर दी थी।

दूसरी ओर फतेहपुर में प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे राम मंदिर पर ताला डलवाने का ख्वाब देख रहे हैं। सपा के बड़े नेता कहते हैं कि राम मंदिर तो बेकार है। इनके गठबंधन के लोग कहते हैं कि वे सत्ता में आकर सनातन धर्म का विनाश कर देंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पंजे और साइकिल के सपने टूट गए, खटाखट...खटाखट। अब 4 जून के बाद की प्लानिंग हो रही है कि हार का ठीकरा किसके सिर पर फोड़ा जाए, खटाखट...खटाखट। मुझे तो कोई बता रहा था कि विदेश यात्रा का टिकट भी बुक हो गया है, खटाखट... खटाखट। पीएम ने कहा कि आपको पता होगा कि मैंने कहा था कि ये शहजादे केरल के वायनाड से भागेंगे। वो अमेठी की तरफ जाने की हिम्मत नहीं करेंगे। ये खबर भी पक्की निकली। आगे की खबर ये है कि इज्जत बचाने के लिए अब कांग्रेस ने मिशन-50 रखा है, मतलब कैसे भी करके पूरे देश में 50 सीटें मिल जाए, ये कांग्रेस का लक्ष्य है। मोदी ने कहा- जब केन बेतवा लिंक परियोजना पूरी होगी, तब बुंदेलखंड के इतिहास में एक नया अध्याय शुरू होगा। बाराबंकी में कहा सपा-कांग्रेस वाले सरकार में आए तो फिर से रामलला को टेंट में भेज देंगे। राम मंदिर पर बुलडोजर चला देंगे। इन्हें योगी जी से ट्यूशन लेना चाहिए कि बुलडोजर कहां चलाना है और कहां नहीं।





हमीरपुर के राठ में कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, हमीरपुर से उम्मीदवार पुष्पेंद्र चंदेल, जालौन के उम्मीदवार भानु प्रताप वर्मा। ● अमृत विचार

- कांग्रेस ने दलितों का आरक्षण मुसलमानों को देना शुरु किया
- कांग्रेस के शहजादे राम मंदिर पर ताला डलवाने का ख्वाब देख रहे हैं

**स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण** 29,347 गांवों में कवायद शुरू, 31 दिसंबर तक होंगे संतृप्त


# 43,256 गांव बनेंगे मॉडल, देंगे स्वच्छता का संदेश

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत प्रदेश के 43,256 गांव इस वर्ष के 31 दिसंबर तक मॉडल बनेंगे। गांवों को साफ-सफाई, कूड़ा, तरल व ठोस प्रबंधन जैसे प्रमुख कार्य से समस्या का निस्तारण कर चमकाया जाएगा।

जहां साफ-सफाई अलग से दिखेगी। अभियान में पंचायती राज विभाग ने इस वित्तीय वर्ष में गांवों का चयन कर 29,347 गांव में कवायद शुरू कर दी है। सभी गांव मॉडल बनने के बाद अन्य को संदेश देंगे। बाहरी राज्यों के प्रधान व अधिकारियों का दल भी भ्रमण पर आएगा और यहां से बारीकियां सीखकर अपने यहां कार्य कराएंगे। निदेशक राज कुमार ने बताया कि इस कार्य के लिए निदेशालय पर सभी जिलों के सहायक विकास अधिकारी पंचायत को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

**2.86 करोड़ बने व्यक्तिगत शौचालय :** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 की इस कवायद में प्रदेश के कुल 96,098 गांवों को संतृप्त करना है। इसमें सबसे मुख्य व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण हैं, जो ओडीएफ और दूसरे चरण में ओडीएफ-प्लस के तहत प्रदेश में 2.86 करोड़ बनाकर संतृप्त किया गया है। इसी तरह ठोस व तरल अपशिष्ट यानी घरों से निकलने वाला सूखा व गीला कूड़ा निस्तारण की गांवों में बड़ी समस्या है जिसका प्रबंधन अभियान में शामिल है।



- गांवों में दिखेगी सफाई, एडीओ पंचायत किए गए प्रशिक्षित

| | |
|---|---|
| कुल ग्राम पंचायत - 57,754 | कुल गांव - 96,098 |
| 2022-23 में मॉडल बने : 7075 | 2023-24 का लक्ष्य : 43,256 |

### अपशिष्ट प्रबंधन से हो रही पंचायत की आमदनी श्रावस्ती में 16 लाख रुपये की बेची वर्मी कंपोस्ट

गोशाला का गोबर व घरों से निकलने वाली सब्जी व अन्य खाद्य पदार्थों के अपशिष्ट एकत्र कर वर्मी कंपोस्ट यानी खाद बनाकर बेची जाएगी। इससे जो रुपये प्राप्त होंगे वह ग्राम पंचायत की आय होगी। इसी तरह प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट में प्लास्टिक अपशिष्ट का निस्तारण कर उसके दाने बनाकर कंपनियों को सीमेंट व सड़क निर्माण के लिए बिक्री किए जाएंगे। पिछले वर्ष श्रावस्ती के थाना इकौना की ग्राम पंचायत टंडवा महंत ने 16 लाख रुपये की वर्मी कंपोस्ट खाद बनाकर बेची है। वहीं, वाराणसी और सोनभद्र की सीमेंट फैक्ट्रियां प्लास्टिक अपशिष्ट के दाने खरीदने लगी हैं। सड़क, भवन व अन्य निर्माण के लिए टिकाऊ है।



## आज का मुकाबला

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
बनाम
चेन्नई सुपरकिंग्स
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप


| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 13 | 22 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 12 | 18 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 13 | 661 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 13 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 11 | 533 |

# आरसीबी-सीएसके की टक्कर में बारिश की आशंका

बेंगलुरु, एजेंसी



लगातार पांच जीत दर्ज कर चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू आईपीएल प्लेआफ में चौथी टीम के निर्धारण के लिए शनिवार को यहां करो या मरो के मुकाबले में पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के सामने होंगी लेकिन इस मैच पर मौसम की गाज गिरने की आशंका है। बता दें कि आरसीबी को 18 रन से या दिए गए लक्ष्य को 11 गेंद शेष रहते पाना होगा। तभी प्लेआफ में जगह बना पाएगी।

हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस का मैच बारिश में धुलने के कारण अब कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बाद सनराइजर्स प्लेआफ में पहुंच गई है। अब सिर्फ एक स्थान के लिए रस्साकशी है और दो टीमें सीएसके तथा आरसीबी दौड़ में हैं। बेहतर रनरेट और अधिक अंक (13 अंक और 0.528 रनरेट) होने से चेन्नई का दावा मजबूत है। इस मैदान पर वह आठ मैचों में आरसीबी से एक ही बार हारी है। वहीं आरसीबी के 12 अंक है और उसका नेट रनरेट 0.387 है। मौसम विभाग ने कल बारिश की भविष्यवाणी की है। अगर मैच नहीं हो पाता है तो चेन्नई प्लेआफ में पहुंच जाएगी। वहीं आरसीबी को कम से कम 18 रन से या 11 गेंद बाकी रहते जीत दर्ज करनी होगी। आरसीबी इस समय सबसे शानदार फॉर्म में हैं। छह मैचों की हार का सिलसिला तोड़ने के बाद उसने लगातार पांच जीत दर्ज की है।

आरेंज कैपधारी विराट कोहली जबर्दस्त फॉर्म में हैं और पिछले पांच में से तीन मैचों में अर्धशतक जड़ चुके हैं। कप्तान फाफ डु प्लेसी से अच्छी पारी की उम्मीद होगी जो पिछले दो मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके। मध्यक्रम में रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन अच्छा खेल रहे हैं। महिपाल लोमरोर और दिनेश कार्तिक भी बल्लेबाजों की ऐशगाह चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच का फायदा उठाना चाहेंगे।

### विश्व क्वालीफायर से पहले कोरिया जाएंगी दीपिका



**नई दिल्ली।** भारत की अनुभवी तीरंदाज दीपिका कुमारी अगले महीने तुर्किये के अंताल्या में होने वाले आखिरी ओलंपिक विश्व क्वालीफाइंग टूर्नामेंट से पहले दक्षिण कोरिया में अभ्यास करेंगी। पिछले महीने शंघाई में विश्व कप में रजत पदक जीतने के बाद दीपिका को टारगेट टॉप्स में फिर से शामिल किया गया है। वह भारतीय महिला टीम का हिस्सा है जो पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने का प्रयास करेगी। वह 13 दिन तक किम तीरंदाजी स्कूल में अभ्यास करेंगी और 14 जून से अंताल्या में होने वाले क्वालीफायर के लिए रवाना होंगी। टॉप्स के तहत मंत्रालय उनके हवाई किराये, रहने खाने, अभ्यास और स्थानीय आवागमन का खर्च उठाएगा। एमओसी ने तीरंदाजी पुरूष और महिला टीमों को फिजियोथेरेपी उपकरण खरीदने के लिए भी वित्तीय सहायता मंजूर की है।

# संन्यास की घोषणा से पहले विराट को सब बताया : छेत्री

बेंगलुरु, एजेंसी



भारतीय कप्तान सुनील छेत्री जब फुटबॉल से विदा लेने के अपने फैसले के बारे में घोषणा करने की सोच रहे थे तो उन्हें बखूबी पता था कि ऐसा एक इंसान है जो उनकी स्थिति को समझेगा और उनके दोस्त विराट कोहली ने भी उन्हें निराश नहीं किया।

भारत के लिये सर्वाधिक 150 मैच खेलकर सबसे ज्यादा 94 गोल कर चुके छेत्री ने बृहस्पतिवार को ऐलान किया कि वह कोलकाता में छह जून को कुवैत के खिलाफ मैच के बाद संन्यास लेंगे। छेत्री ने कहा कि यह फैसला उन्होंने अंतर्मन की आवाज पर लिया है। उन्होंने इसकी सार्वजनिक घोषणा करने से पहले कोहली को इसके बारे में बताया। छेत्री ने भुवनेश्वर से कहा कि मैने फैसला लेने से पहले विराट कोहली से बात की। वह मेरे काफी करीब है, मैने उससे बात की क्योंकि वह इसे समझ सकता था। इससे पहले शुक्रवार को कोहली ने आईपीएल में अपनी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के एक्स पेज पर शॉर्ट वीडियो इंटरव्यू में कहा छेत्री महान खिलाड़ी है। उसने मुझे मैसेज करके बताया था कि वह संन्यास लेने जा रहा है। मुझे लगता है कि वह इस फैसले से संतोष महसूस कर रहा है।

## खेल डायरी

### शारजाह मास्टर्स शतरंज में निकोलस से हारे अर्जुन



**शारजाह।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी शारजाह मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में यूनान के निकोल थियोडोरोउ से हार गए। उन्होंने हालांकि तीसरे दौर में स्विटजरलैंड के निकोलाइ काचेरावा को हराया और लाइव रेटिंग में आठवें स्थान पर बने हुए हैं। भारतीय दल के लिए यह आसान दिन नहीं था। अरविंद चितांबरम सबसे पसंदीदा खिलाड़ी थे। अरविंद ने अजरबैजान के मुरादली महम्मद को हराकर अग्रणी समूह में एकमात्र भारतीय बने।

### ब्राजील में होगा 2027 फीफा महिला फुटबॉल विश्व कप

**बैंकॉक।** ब्राजील में 2027 महिला फुटबॉल विश्व कप होगा चूंकि फीफा के पूर्णकालिक सदस्यों ने बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी के संयुक्त प्रस्ताव पर दक्षिण अमेरिकी देश को तरजीह दी है। फीफा कांग्रेस ने ब्राजील के पक्ष में 119 वोट दिये जबकि संयुक्त यूरोपीय बोली को 78 वोट मिले। अमेरिका और मैक्सिको ने संयुक्त प्रस्ताव पिछले महीने वापिस ले लिया था जबकि दक्षिण अफ्रीका ने नवंबर में अपनी दावेदारी वापिस ले ली थी। पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप दक्षिण अमेरिका में होगा। टूर्नामेंट पहली बार 1991 में खेला गया था।

### पैरा धावक जैक्स ने पुरुषों की पांच हजार मीटर टी11 विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

**कोबे।** ब्राजील के पैरा एथलीट येल्तसिन जैक्स ने शुक्रवार को पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की पांच हजार मीटर टी11 फाइनल में नए विश्व रिकॉर्ड के साथ जीत दर्ज की। आज यहां मध्य जापान के बंदरगाह शहर कोबे के यूनिवर्सिएड मेमोरियल स्टेडियम में 32 वर्षीय दृष्टिबाधित एथलीट जैक्स ने 14 मिनट 53.97 सेकंड का समय के साथ विश्व रिकार्ड बनाया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 15:12.37 था। उन्होंने वर्ष 2021 में टोक्यो पैरालिंपिक खेलों में पुरुषों की पांच हजार मीटर टी11 फाइनल और पुरुषों की 1,500 मीटर टी11 का स्वर्ण पदक जीता था।

### पैरा एथलीट कैल्कागिन ने पुरुषों की 100 मीटर में बनाया विश्व रिकॉर्ड

**कोबे।** इटली के पैरा एथलीट कार्लो फैबियो मार्सेलो कैल्कागिन ने शुक्रवार को पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप 2024 में पुरुषों की 100 मीटर टी72 के फाइनल में नए विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। जापान के शहर कोबे में पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप के 11वें संस्करण के पहले दिन फ्रेम-रनिंग एथलीट कैल्कागिन ने 15.39 सेकंड का समय दर्ज करते हुए मार्च में बनाए गए 15.80 सेकेंड के अपने विश्व रिकॉर्ड को तोड़ दिया। ब्राजील के विनीसियस मार्क्स क्राइगर क्विंटिनोबरा और लिथुआनिया के डेविडास पोडोबाजेवास ने टी72-श्रेणी प्रतियोगिता में क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते।


### फिक्सिंग में कप्तान और दो अन्य खिलाड़ी गिरफ्तार



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई पेशेवर फुटबॉल में शुक्रवार को लीग क्लब मैकार्थर एफसी के कप्तान द्वारा दो युवा साथी खिलाड़ियों को जानबूझकर पीला कार्ड हासिल करने के लिए 10,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की राशि देने के आरोपों के बाद तहलका मच गया। इसमें मैकार्थर एफसी के कप्तान उलीसेस डाविला तथा साथी खिलाड़ी कीरिन बाकुस और क्लेटन लुईस को मैच फिक्सिंग में कथित लिप्तता के कारण गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि जीतने के लिए सैकड़ों हजार डॉलर की राशि दी गई। शुक्रवार को सभी तीनों खिलाड़ियों को आधिकारिक रूप से आरोपित किया गया और उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। डाविला 24 जून को अदालत में पेश होंगे। जांचकर्ताओं का आरोप है कि 24 नवंबर और नौ दिसंबर को खेले गए मैच के दौरान पीले कार्ड के लिए छेड़छाड़ की गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि 20 अप्रैल और चार मई को मैच के दौरान भी इसी तरह के प्रयास किए गए जो सफल नहीं हो सके।

# निकोलस ने लखनऊ को पहुंचाया 200 पार

## पूरन ने खेली तेज-तर्रार अर्धशतकीय पारी, तुषारा और पीयूष चावला ने झटके तीन-तीन विकेट







पूरन का विकेट लेने के बाद साथियों के साथ जश्न मनाते तुषारा। ● एजेंसी

मुंबई, एजेंसी

निकोलस पूरन (75) और कप्तान के एल राहुल (55) रनों की शानदार पारियों के दम पर लखनऊ सुपर जायंट्स ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 67वें मैच में मुंबई इंडियंस को दिया 215 रनों का लक्ष्य दिया है।

वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में देवदत्त पड़िक्कल (शून्य) का विकेट गवां दिया। उसके बाद कप्तान केएल राहुल और मार्कस स्टॉयनिस ने पारी को संभालने का प्रयास किया।

छठें ओवर में मार्कस स्टॉयनिस (28) रन पर आउट हुये। उसके बाद दीपक हुड्डा (11), अरशद खान (शून्य) बनाकर आउट हुये। कप्तान के एल राहुल ने 41 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाते हुये 55 रन बनाये। निकोलस पूरन ने 29 गेंदों में पांच चौके और आठ छक्के लगाते हुए (75) रनों की तूफानी पारी खेली। आयुष बदोनी (22) और क्रुणाल पंड्या (17) रन बनाकर आउट हुये। लखनऊ सुपर जायंट्स ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 214 रनों का स्कोर खड़ा किया। मुंबई इंडियंस की ओर से नुवान तुषारा और पीयूष चावला ने तीन-तीन विकेट लिए।

**55** रनों की पारी लखनऊ सुपरजाइंटस के कप्तान केएल राहुल के बल्ले से निकली, अंतिम ओवरों में आयुष बडोनी ने बनाए नाबाद 9 गेंदों में 22 रन

**लखनऊ 214/6** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 11

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| केएल राहुल कैच तुषारा बो पीयूष चावला | 55 | 41 | 3/3 |
| देवदत्त पड्डिकल पगबाधा नुवान तुषारा | 0 | 0 | 0/0 |
| मार्कस स्टोयनिस पगबाधा पीयूष चावला | 28 | 22 | 5/0 |
| दीपक हुड्डा कैच निहाल बो पीयूष चावला | 11 | 9 | 1/0 |
| निकोलस पूरन कैच सूर्यकुमार बो तुषारा | 75 | 29 | 5/8 |
| अशरद खान कैच निहाल बो तुषारा | 0 | 1 | 0/0 |
| आयुष बडोनी नाबाद | 22 | 9 | 1/2 |
| क्रुणाल पांड्या नाबाद | 12 | 7 | 1/1 |

**गेंदबाजी :** तुषारा 4-0-28-3, अर्जुन 2.2-0-22-0, कम्बोज 3-0-48-0, चावला 4-0-29-3, निहाल वढेरा 2-0-13-0, हार्दिक 2-0-27-0, नमन 0.4-0-17-0, शेफर्ड 2-0-30-0

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 13 | 9 | 3 | 19 | 1 | +1.428 |
| राजस्थान (क्वा) | 13 | 8 | 5 | 16 | 0 | +0.273 |
| हैदराबाद (क्वा) | 13 | 7 | 5 | 15 | 1 | +0.406 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 | 0 | +0.528 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| बेंगलुरु | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | +0.387 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | -0.787 |
| गुजरात (बा) | 14 | 5 | 7 | 12 | 2 | -1.063 |
| पंजाब (बा) | 13 | 5 | 8 | 10 | 0 | -0.347 |
| मुंबई (बा) | 13 | 4 | 9 | 8 | 0 | -0.271 |

# हमें मानसिक शांति की जरूरत : महिला पहलवान

नई दिल्ली, एजेंसी



पेरिस ओलंपिक की कोटा विजेता महिला पहलवानों ने शुक्रवार को राष्ट्रीय महासंघ से चयन ट्रायल आयोजित नहीं करने का अनुरोध करते हुए कहा कि अब से वे जो भी कदम उठाएंगें और जो कुछ भी करेंगे उसका असर ओलंपिक में भारत की पदक संभावनाओं पर पड़ेगा।

सीनियर विश्व चैंपियनशिप 2021 के फाइनल में पहुंचने वाली भारत की पहली महिला पहलवान अंशु मलिक ने कहा कि खेलों की तैयारी के लिए अब उन्हें केवल मानसिक शांति की जरूरत है। अंशु को अगर पेरिस जाने का मौका मिलता है तो यह इन खेलों में इस 22 साल की खिलाड़ी के लिए यह दूसरा मौका होगा। उन्होंने पिछले ओलंपिक में 17 साल की उम्र में महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल करके आश्चर्यचकित किया था, लेकिन बड़े स्तर के अनुभव की कमी के कारण वह पहले दौर में ही बाहर हो गई थी। तोक्यो ओलंपिक के बाद हालांकि इस आक्रामक पहलवान ने अपने खेल में काफी सुधार किया। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में ऐतिहासिक विश्व रजत जीतने के बाद एशियाई चैंपियनशिप में चार पदक जीते हैं।

वह पिछले साल एशियाई चैंपियनशिप के दौरान लगी घुटने में चोट के कारण एशियाई खेलों में भाग नहीं ले पाई थीं। अंशु को डर है कि खेलों के इतने करीब उनके शरीर पर दबाव डालने से उनकी तैयारी प्रभावित हो सकती है। तोक्यो में अभ्यास कर रही अंशु ने कहा हमें अपने हर छोटे से छोटे काम में बहुत, बहुत सावधान रहना होगा। हम यहां से अपने हर एक कदम में सतर्कता बरत रहे हैं। मैंने हाल ही में कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया है, अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं, राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं, ट्रायल्स और फिर क्वालीफायर, इसलिए मुझे ट्रायल के माध्यम से फिटनेस का आकलन करने की आवश्यकता नहीं है।

## ओलंपिक में मुक्केबाजी कोटा गंवा सकता है भारत, वाडा ने परवीन को किया निलंबित



**नई दिल्ली।** पिछले 12 महीने में तीन बार अपना ठिकाना (वेयरअबाउट) नहीं बताने के कारण विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज परवीन हुड्डा को विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) ने निलंबित कर दिया है जिससे वह पेरिस ओलंपिक का कोटा भी गंवा सकती है।

पिछले साल एशियाई खेलों में महिलाओं के 57 किलोवर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली परवीन ने अप्रैल 2022 से मार्च 2023 के बीच अपने ठिकाने की जानकारी नहीं दी है जो वाडा नियमों के तहत अनिवार्य है। परवीन के कोच सुधीर हुड्डा ने कहा उस पर वाडा ने डेढ साल का प्रतिबंध लगाया है जो इस महीने से शुरू होगा और नवंबर 2025 तक चलेगा।

## अभी मेरे रिकॉर्ड पर कोई खतरा नहीं : बोल्ट



**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे तेज फर्राटा धावक उसेन बोल्ट आठ साल के बाद फिर से ओलंपिक में होंगे लेकिन प्रतिभागियों को चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि वह पेरिस में सिर्फ उन्हें खेलते हुए देखने के लिए मौजूद होंगे।

न्यूयॉर्क से फोन पर दिये साक्षात्कार में बोल्ट ने संन्यास के बाद फिर से प्रतिस्पर्धा करने की इच्छा और निकट भविष्य में भारत का दौरा करने की इच्छा के बारे में बातें कीं। बर्लिन में 2009 विश्व चैंपियनशिप में 100 मीटर में उनका 9.58 सेकेंड और 200 मीटर में 19.19 सेकेंड का रिकॉर्ड कायम है। बोल्ट ने कहा मुझे नहीं लगता कि इस रिकॉर्ड को कोई खतरा है। इस समय नहीं है। मुझे लगता है कि यह लंबे समय तक रहेगा।


## बॉलीवुड हलचल

### रॉकस्टार का सीक्वल बनाना चाहते हैं इम्तियाज अली



**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने-माने फिल्मकार इम्तियाज अली अपनी सुपरहिट फिल्म रॉकस्टार का सीक्वल बनाना चाहते हैं। वर्ष 2011 में प्रदर्शित इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी फिल्म सुपरहिट रॉकस्टार में रणबीर कपूर और नरगिस फाखरी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इम्तियाज अली, रॉकस्टार का सीक्वल बनाना चाहते हैं। हाल ही में डिजिटल प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स की तरफ से इम्तियाज अली के साथ संगीतकार ए आर रहमान गीतकार इरशाद कामिल और गायक मोहित चौहान की बातचीत का एक वीडियो जारी किया गया। इसमें चारों एक साथ की गई अपनी फिल्मों और गानों पर बातें करते हैं। एआर रहमान इम्तियाज से पूछते हैं कि क्या हम राकस्टार 2 बना रहे हैं? इस पर इम्तियाज कहते हैं, हमारे पास इस बारे में बताने के लिए म्यूजिकली कुछ तो होना ही चाहिए। एआर रहमान कहानी क्राउडसोर्स करने का सुझाव इम्तियाज अली को देते हैं। रहमान कहते हैं, हमें इसे जनता पर छोड़ देना चाहिए। इस फिल्म के लिए क्राउडसोर्स करते हैं। भविष्य आप कभी नहीं जानते हैं। मेरा मतलब है कि आप क्राउडसोर्स के माध्यम से लाखों कहानियां पा सकते हैं। इम्तियाज अली कहते हैं कि उम्मीद है कि जल्दी ही कुछ न कुछ आएगी।

### पश्मीना रोशन की फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' का टीजर रिलीज





**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन की चचेरी बहन पश्मीना रोशन की आने वाली फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' का टीजर रिलीज हो गया है। पश्मीना रौशन फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में पश्मीना रोशन के अलावा रोहित शराफ, जिबरान खान और नैला ग्रेवाल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'इश्क विश्क रिबाउंड' फिल्म एक रोमांटिक ड्रामा है। 'इश्क विश्क रिबाउंड' वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म इश्व विश्क का सीक्वल है। इस फिल्म में शाहिद कपूर के साथ अमृता राव मुख्य भूमिका में थीं। शाहिद और अमृता राव की यह पहली फिल्म थी।

### धड़कन का सीक्वल चाहते हैं धर्मेश

**मुंबई।** बॉलीवुड निर्देशक धर्मेश दर्शन अपनी सुपरहिट फिल्म धड़कन का सीक्वल बनाना चाहते हैं। धर्मेश दर्शन के निर्देशन में बनी वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म धड़कन में अक्षय कुमार, शिल्पा शेट्टी, सुनील शेट्टी और महिमा चौधरी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। धड़कन बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई, साथ ही फिल्म के सभी गाने चार्ट बस्टर साबित हुए। धर्मेश दर्शन ने बताया मैं धड़कन का सीक्वल बनाने पर विचार कर रहा हूं, लेकिन ऐसा हो भी सकता है और नहीं भी।

**टेक्सास, फ्लोरिडा, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो में 16 अभ्यास मैच खेलेंगी 17 टीमें**

# टी-20 विश्वकप के अभ्यास मैच कार्यक्रम जारी

दुबई, एजेंसी



आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2024 के लिए अभ्यास मैच 27 मई से एक जून तक अमेरिका, त्रिनिदाद और टोबैगो में आयोजित किए जाएंगे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप के लिए अभ्यास मैच के कार्यक्रम की घोषणा की।

उन्होंने बताया कि इस विश्वकप से पहले कुल 17 टीमें टेक्सास में ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, फ्लोरिडा में ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, क्वींस पार्क ओवल और त्रिनिदाद और टोबैगो में ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में 16 अभ्यास मैच खेलेंगी। इसमें दक्षिण अफ्रीका भी शामिल है। भारत एक जून को अपना अभ्यास मैच बंगलादेश के साथ खेलेगा। वहीं पाकिस्तान, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड अभ्यास मैच नहीं खेल रहे है। सभी अभ्यास मैच प्रति पक्ष 20-20 ओवरों के होंगे। इसमें टीमों को अपने 15-15 खिलाड़ियों वाले दल के सभी सदस्यों को मैदान में उतारने की अनुमति मिलेगी। आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2024 अभ्यास मैच का कार्यक्रम इस प्रकार है।

### बांग्लादेश से 1 जून को टी20 विश्व कप अभ्यास मैच खेलेगा भारत

**दुबई।** भारतीय टीम एक जून को अमेरिका में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 विश्व कप का अभ्यास मैच खेलेगी। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने शुक्रवार को यह ऐलान किया। मैच का आयोजन स्थल और समय अभी तय नहीं किया है। विश्व कप में भाग ले रही 20 टीमों में से 17 27 मई से एक जून तक अमेरिका और त्रिनिदाद एवं टोबैगो में अभ्यास मैच खेलेंगी। दक्षिण अफ्रीका टीम 29 मई को फ्लोरिडा में टीम के भीतर ही अभ्यास मैच खेलेगी। गत चैंपियन इंग्लैंड और उपविजेता पाकिस्तान के अलावा सेमीफाइनल खेलने वाली न्यूजीलैंड कोई अभ्यास मैच नहीं खेलेंगी। पाकिस्तान और इंग्लैंड 22 मई से इंग्लैंड में चार मैचों की द्विपक्षीय शृंखला खेल रहे हैं।

### 27 से 31 मई तक अभ्यास सत्र में खुद को परखेंगी विश्व की टीमें

**27 मई :** कनाडा बनाम नेपाल, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास 10:30 बजे। ओमान बनाम पापुआ न्यू गिनी, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो, 15:00 बजे नामीबिया बनाम युगांडा, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो 19:00 बजे।

**28 मई :** श्रीलंका बनाम नीदरलैंड, ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, ब्रोवार्ड काउंटी, फ्लोरिडा, 10:30 बजे। बंगलादेश बनाम अमेरिका, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास 10:30 बजे। ऑस्ट्रेलिया बनाम नामीबिया, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो 19:00 बजे।

**29 मई :** दक्षिण अफ्रीका इंट्रा-स्क्वाड, ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, ब्रोवार्ड काउंटी, फ्लोरिडा 10:30 बजे अफगानिस्तान बनाम ओमान, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो 13:00 बजे।

**30 मई :** नेपाल बनाम अमेरिका, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास 10:30 बजे। स्कॉटलैंड बनाम युगांडा, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो, 10:30 बजे। नीदरलैंड बनाम कनाडा, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास 15:00 बजे। नामीबिया बनाम पापुआ न्यू गिनी, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो, 15:00 बजे। वेस्ट इंडीज बनाम ऑस्ट्रेलिया, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो 19:00 बजे।

**31 मई :** आयरलैंड बनाम श्रीलंका, ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, ब्रोवार्ड काउंटी, फ्लोरिडा, 10:30 बजे। स्कॉटलैंड बनाम अफगानिस्तान, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो 10:30 बजे। एक जून को : बंगलादेश बनाम भारत, स्थान टीबीसी अमेरिका।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।


# लखीमपुर डिपो: एक डिपो-एक स्टापेज, किराया- दूरी अलग अलग

- सफर के दौरान एक यात्री ने पकड़ी जिम्मेदारों की लापरवाही
- एआरएम बोले मामले की जांच कराकर समान रहेगा किराया

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



रोडवेज बस में मशीन से टिकट बनाकर यात्री को देता परिचालक।




बसों से जारी अलग अलग दूरी व किराए का टिकट।

**अमृत विचार:** लखीमपुर डिपो की बसों में यात्रियों से एक स्टापेज के लिए अलग-अलग किराया वसूला जा रहा है। एक बस में नेपालापुर के लिए 67 रुपये यात्रियों से लिए जा रहे हैं तो दूसरी में नेपालापुर तक के लिए 66 रुपये का टिकट दिया जा रहा है। हालांकि जिन दोनो बसों से टिकट जारी किए गए हैं उन पर नेपालापुर की दूरी भी अलग अलग अंकित है। जिम्मेदार बताते किराए में भिन्नता की वजह दूरी का अलग अलग होना है। हालांकि एआरएम ने मामला दिखवाकर दूरी और किराया समान कराने की बात कही है।

लखीमपुर से नेपालापुर की दूरी गूगल मैप के मुताबिक 46 किलोमीटर है। जबकि लखीमपुर डिपो की कुछ टिकट मशीनों में यह दूरी 46 तो कुछ में 47 किलोमीटर फीड। इसके मुताबिक ही टिकट मशीने टिकट जारी करती है। ऐसे में जिस मशीन में 46 किलोमीटर की दूरी दर्ज है उससे 66 रुपये का टिकट जारी हो रहा है और जिसमें दूरी 47 किलोमीटर फीड है उस मशीन से टिकट 67 रुपये का निकल रहा है। टिकट मशीनों की इस गड़बड़ी को बृहस्पतिवार को नेपालापुर जा रहे एक यात्री ने पकड़ा है। एक डिपो की दो बसों में एक स्टापेज के लिए अलग अलग किराया लिया जाना मुसाफिरों में चर्चा का विषय बन गया है। वहीं रोडवेज प्रशासन का कहना है कि किराए में भिन्नता का कारण टिकट मशीनों में दूरी का अलग अलग होना है।

### यात्रियों को रोजाना लग रही चपत

लखीमपुर डिपो की बसों से रोजाना करीब 10 से 11 हजार मुसाफिर यात्रा करते हैं। इसमें सबसे ज्यादा यात्री लखीमपुर लखनऊ रूट के होते हैं। हालांकि नेपालापुर के यात्रियों की संख्या बेहद कम रहती है, लेकिन हर बस में चार पांच मुसाफिर जरूर होते हैं। इसके मुताबिक लखीमपुर डिपो की बसों से रोजाना 200 से अधिक यात्री नेपालापुर का सफर करते हैं। एक रूपये का अंतर होने से तमाम यात्रियों को हर माह लखीमपुर डिपो की बसों में सफर करने से दो से ढ़ाई हजार की चपत लग रही है।

### बस से जारी टिकट

| बस संख्या | दूरी | किराया |
|---|---|---|
| यूपी 31 एटी 5360 | 47 | 67 |
| यूपी 31बीटी0995 | 46 | 66 |



एक स्टापेज की दूरी व किराया अलग-अलग होना समझ से परे है, क्योंकि स्टापेज तय होने पर ही उसकी दूरी के मुताबिक किराया निर्धारित कर टिकट मशीन में फीड होता है। इस मामले को दिखवाकर असमानता को ठीक कराकर दूरी और किराए में समानता कराई जाएगी।
**-मुकेश मेहरोत्रा, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक लखीमपुर डिपो**

# जिला अस्पताल में सुविधाएं ठप, मरीजों को महज कागजों पर मिल रहा उपचार

## पर्चा काउंटर से लेकर ओपीडी परिसर में मात्र पड़ी हैं तीन सीटर 13 बेन्च

- कुर्सियों के अभाव में जमीन में बैठने से लेकर थक कर वहीं पर लेट जा रहे मरीज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



दवा वितरण काउंटर के बाहर लगी लंबी लाइन और थक कर बैठे मरीज



कुर्सियां न होने से अस्पताल में जमीन पर बैठे मरीज और उनके तीमारदार।

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधाएं सिर्फ कागजों पर मुहैया हो रही है। हकीकत में इलाज के लिए अस्पताल पहुंचने पर मरीजों को राहत मिलने की बजाय दर्द झेलना पड़ता है। इससे मरीजों को लेकर आए तीमारदार तक परेशान होते हैं। आलम यह कि जिला अस्पताल में मरीज और उनके तीमारदारों के लिए बैठने तक के पर्याप्त इंतजाम नहीं है। ऐसे में बीमारी से परेशान मरीज से लेकर उनके तीमारदार जमीन पर बैठने से लेकर परेशान होकर वहीं पर लेट जाने के मजबूर हो रहे हैं। वहीं विभागीय लोग एक दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर अपना पल्ला झाड़ ले रहे हैं।

जिला अस्पताल में औसतन रोजाना 1200 से 1300 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इसके लिए पर्चा काउंटर से लेकर ओपीडी कक्ष व दवा वितरण कक्ष के सामने मरीजों की लंबी लाइन लगती है। ऐसे में पर्चा बनवाने से लेकर डॉक्टर को दिखाने और दवा पाने में एक मरीज को दो से ढ़ाई घंटे का समय लगता है। इस कारण मरीज और साथ तीमारदार खड़े रहने के लिए मजबूर होते हैं। इसकी वजह पर्चा काउंटर के सामने तीन सीटर दो बेंच और ओपीडी कक्ष में तीन सीटर दस बेंच का होना है, जो मरीजों के लिए ऊंट के मुंह में जीरा वाली कहावत को प्रदर्शित करती है। बीमारी की वजह से देर तक खड़े रहने और बैठने में असमर्थ मरीज पहले तो वहीं पर बैठ जाते हैं और फिर परेशान होकर जमीन पर लेट जाते हैं। इस तरह के नजारे आए दिन जिला अस्पताल में दिखाई देता है। मगर, मरीजों को इस समस्या से निजात दिलाने के मामले में विभागीय लोग एक दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर अपना पल्ला झाड़ ले रहे हैं।

### रोजाना हो रही दो हजार की कमाई

जिला अस्पताल को पर्चा काउंटर से लेकर ऑपरेशन आदि के शुल्क से रोजाना करीब दो हजार की आमदनी हो रही है। मगर, इसके बावजूद मरीजों को सुविधाएं मुहैया कराने के मामले में जिम्मेदार रूचि नहीं ले रहे हैं। इसकी वजह जिला अस्पताल का मेडिकल कॉलेज के अधीन होना और उसका सर्वेसर्वा प्रधानाचार्य का होना बताया जाता है।

"मरीजों को अस्पताल आकर किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। यदि जिला अस्पताल में मरीजों के बैठने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं तो सीएमएस को इसके लिए डिमांड भेजनी चाहिए, जिससे बेंच आदि की खरीदारी कर वहां डलवाया जा सके। **-देश दीपक आर्य,** प्रधानाचार्य, स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज लखीमपुर।"

# विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत, हत्या का आरोप



घटनास्थल पर लगी भीड़ व जांच करती पुलिस। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- दो दिन पहले मायके से विदा कराकर लाया था पति
- ससुर पर फ्रिज साथ लेकर न आने पर धमकी देने का आरोप

**भानपुर, अमृत विचार:** थाना भीरा क्षेत्र में गुरुवार की देर शाम एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दो दिन पहले ही पति उसे विदा कराकर मायके से लाया था। शव पर चोट के निशान देखे जाने से मायके वालों ने पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना भीरा क्षेत्र के गांव बस्तोली निवासी संगीता देवी (23) की शादी एक साल पहले इसी थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत जगदेवपुर के मजरा जगन पुरवा निवासी विकास के साथ हुई थी। गुरुवार की देर शाम संगीता की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सूचना पाकर मायके वाले भी मौके पर पहुंच गए। मृतका की मां कांता देवी ने बताया की शादी में उन्होंने पुत्री को दहेज में बाइक सहित कई अन्य उपहार दिए थे। पुत्री के ससुर फ्रिज की मांग कर रहे थे। उन्होंने आर्थिक स्थिति ठीक न होने की बात कहकर कुछ दिनों में मांग पूरी करने का आश्वासन भी दिया था। इसी बीच उनकी (मां) की तबियत बिगड़ गई। इस पर चार दिन पहले संगीता देवी अपनी मां को देखने मायके गई थी। बुधवार को पति विकास उसे विदा कराने ससुराल पहुंचा था। मृतका की मां का आरोप है की दोपहर में पुत्री के ससुर ने मोबाइल पर कॉल कर फ्रिज लेकर आने की चेतावनी दी थी। फ्रिज न लाने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। पति विकास उसकी पुत्री को विदा कराकर ले आया। गुरुवार की दोपहर बाद में उन्हें सूचना दी गई कि उसकी पुत्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# निजी स्कूलों में निःशुल्क पढ़ेंगे गरीबों के बच्चे

- तीसरे चरण की लॉटरी प्रक्रिया में 227 बच्चे चयनित
- 549 अभिभावकों ने आरटीई के तहत किया था आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिले के महंगे स्कूलों में सामान्य परिवारों के 277 बच्चे मुफ्त में पढ़ेगें। इनकी कॉपी किताबों से लेकर बस्ते तक का सारा खर्च सरकार उठाएगी। बृहस्पतिवार को निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत तीसरे चरण की लॉटरी में इन बच्चों का चयन हुआ है। आरटीई के तहत छह से 14 साल तक के गरीब घर के बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। इसके तहत गरीब घर के बच्चों के लिए निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित कर दी गई हैं। बृहस्पतिवार को शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए तीसरे चरण की लॉटरी निकाली गई। तीसरे चरण के लिए 549 अभिभावकों ने अपने बच्चों को निजी स्कूलों में फ्री पढ़ाने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। सत्यापन में 286 बच्चे पात्र मिले, जिसमें से 227 बच्चों के नाम तय हुए है। जबकि 59 बच्चे चयनित नहीं हो सके हैं। अब सामान्य परिवार के 227 बच्चे शहर के निजी और महंगे अंग्रेजी और हिंदी माध्यम के स्कूलों में मुफ्त पढ़ाई करेगें। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि संबंधित स्कूलों को पत्र भेजकर बच्चों का नामांकन कराने की प्रकिया पूरी कराई जा रही है। चौथे चरण के लिए एक जून से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी।

| | |
|---|---|
| तीसरे चरण में चयनित बच्चे | -227 |
| गैर चयनित बच्चे | -59 |
| ऑन लाइन कुल आवदेन | -549 |
| सत्यापन में अपात्र मिले | - 263 |
| चौथे चरण के लिए ऑन लाइन आवेदन- एक जून से 20 जून तक | |
| आवदेनों का सत्यापन-21 जून से 27 जून | |
| लॉटरी निकलेगी | -28 जून |
| चयनित बच्चों के प्रवेश कराने की तिथि- सात जुलाई | |

## उड़ीसा से भटक कर आई महिला, परिवार के सुपुर्द

**लखीमपुर खीरी अमृत विचार:** उड़ीसा राज्य से भटकर जिले में आई महिला को वन स्टाप सेंटर के लोगों ने शुक्रवार को परिवार के सुपुर्द कर दिया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय निगम ने बताया कि सात मई को एक महिला कस्बा खीरी के पास संदिग्ध अवस्था में मिली थी, जिसे वन स्टॉप सेंटर में आश्रय दिलाया गया था। सामान्य स्थिति में आने पर महिला ने बासनती पात्रा और निवासी उड़ीसा राज्य के जिला झंझारपुर के गांव भद्र का होना बताया। महिला ने बताया कि वह पिछले चार माह से परिवार से अलग होकर भटक रही है। वन स्टॉप सेंटर की विजेता गुप्ता ने बताया कि महिला के बताए गए पते पर संपर्क कर उसकी पुत्री झुन्नु महालीक को जानकारी दी गई। पुत्री झुन्नू ने बताया कि मां बासनती जगन्नाथ पुरी दर्शन के लिए गई थी, लेकिन भटक कर लखीमपुर खीरी पहुंच गई। पीड़िता के पति प्राण बंधुपत्र ने बताया कि मानसिक अवस्था सही न होने की वजह से वह लापता हो गई थी। शुक्रवार को घरवालों के वन स्टॉप सेंटर पहुंचने पर जांच पड़ताल के बाद महिला को उसके पुत्र जितेंद्र महालिक व पुत्री झुन्नु महालीक के सुपुर्द कर दिया गया।

# छेड़छाड़ मामले में चौथे दिन केस दर्ज

- मतदान के दिन हुई थी घटना, घर पर अकेली थी किशोरी, विरोध पर फाड़े थे कपड़े

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** महिला अपराधों को लेकर पुलिस संजीदा नहीं है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कार्रवाई करने के बजाय इन गंभीर मामलों को भी आपसी तौर पर निपटाने की कोशिश करती है। ऐसा ही मामला थाना सिंगाही क्षेत्र का सामने आया है। घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़ करने और विरोध करने पर उसके कपड़े फाड़े जाने के मामले में पुलिस ने चौथे दिन आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महिला अपराधों को लेकर काफी सख्त हैं। डीजीपी से लेकर एसपी स्तर से भी महिला अपराधों की तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई के आदेश दिए जाते हैं, लेकिन पिछले कई महीनों से यह आदेश थानों पर कोई मायने नहीं रखते हैं। ताजा मामला थाना सिंगाही क्षेत्र का है। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में लखीमपुर खीरी में 13 मई को मतदान हो रहा था। एक मोहल्ले की 16 वर्षीय किशोरी के माता-पिता वोट डालने बूथ पर गए थे। किशोरी घर पर किशोरी अकेली थी। मोहल्ले का ही अमित दोपहर करीब 12 बजे किशोरी के घर पर पहुंचा। उसने किशोरी को अकेला पाकर दबोच लिया और छेड़छाड़ करने लगा। किशोरी के पिता ने बताया कि जब पुत्री ने विरोध किया तो अमित ने उसके कपड़े फाड़ दिए। शोर शराबा होने पर आरोपी धमकी देकर मौके से भागा गया। घटना के बाद उसकी पुत्री काफी डर सहम गई। वह जब वोट डालकर घर वापस पहुंचे तो पुत्री ने पूरी घटना बताई। इस पर वह पीड़ित बेटी को लेकर थाने गए और पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की बात कहते हुए तहरीर तो ले ली, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इधर आरोपी पक्ष उन पर समझौते का दबाव बनाने लगा, लेकिन उन्होंने समझौता करने से इंकार कर दिया। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर चौथे दिन 16 अप्रैल की दोपहर एक बजे आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज की है।

### नहीं उठता इंस्पेक्टर का सीयूजी और निजी मोबाइल नंबर

**लखीमपुर खीरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त आदेश हैं कि अधिकारी और कर्मचारी सीयूजी नंबर पर आने वाली हर कॉल को रिसीव करेंगे और तत्काल कार्रवाई करते हुए पीड़ित पक्ष की बात सुनकर विधिक कार्रवाई करेंगे, लेकिन सिंगाही प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया का सीयूजी नंबर अक्सर कवरेज क्षेत्र से बाहर रहता है। उनका निजी मोबाइल नंबर भी नहीं उठता है। इससे लोगों को घटना की सूचना देने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। इसके पीछे पुलिस का तर्क है कि क्षेत्र में बीएसएनएल का सिंगल ठीक ढंग से काम नहीं करते हैं, लेकिन क्षेत्रीय लोग पुलिस अफसरों के इस दावे को सिरे से खारिज करते हैं।

# कुकरा के बाजार में दो साल से वाटर टैंक बंद, पानी को तरसे लोग

संवाददाता, कुकरा खीरी।



कसबे में बनी जल निगम की टंकी।




जिला पंचायत का वाटर कूलर बंद पड़ा।



पुलिस चौकी के पास ठप पड़ा वाटर कूलर।

**अमृत विचार:** वृहद ग्राम पंचायत कुकरा के मेन चौराहे के समीप बनी जल निगम की टंकी व संविलयन विद्यालय के गेट पर लगा वाटर कूलर, कस्बा की बाजार में लगा वाटर कूलर दो वर्षों से बंद हैं, जिससे कस्बा के वाशिंदों को शुद्ध पेयजल का लाभ नहीं मिल रहा है। दो वर्ष बाद भी जल निगम के किसी अधिकारी ने इस ओर मुड़कर नहीं देखा। जिससे लोग स्वच्छ पेयजल को तरस रहे हैं।

सरकार के सख्त निर्देशों के बावजूद भी कुकरा के बासिंदे बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। जेठ माह की कड़ी धूप की तपिश, तेज हवाओं के गर्म लू के झोंकों की जद में आकर जहां नौनिहाल, बच्चे, बुजुर्ग डायरिया का शिकार हो रहे हैं। जल निगम ने ठंडा पेयजल मुहैया कराने के लिए कस्बा कुकरा में करोड़ों रुपयों की लागत से टंकी का निर्माण कराया था। कस्बा के बाशिंदों के मकानों में जलापूर्ति की व्यवस्था को जन जन तक पहुंचाने के लिए कनेक्शन कर पाइप लाइन तक बिछा रखी हैं। किंतु टंकी से जलापूर्ति न होने पर कस्बा वासियों को स्वच्छ पेयजल का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

पलिया विधायक रोमी साहनी ने छात्रों को ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के लिए कस्बा के संविलियन विद्यालय, पुलिस चौकी के गेट पर वाटर कूलर लगवाया था। जिला पंचायत ने कस्बा की मेन बाजार में इंडियन इलाहाबाद बैंक तथा शाही मस्जिद के गेट पर ठंडा पानी जन मानस को उपलब्ध कराने के लिए वाटर कूलर लगवाया, लेकिन कस्बा कुकरा की जनता का दुर्भाग्य कहें या अधिकारियों की लापरवाही, कि बेतहाशा गर्मी के मौसम में भी टंकी करीब दो वर्षों से बंद पड़ी है। कस्बा के कनेक्शन धारकों ने खंड विकास अधिकारी बांकेगंज से मिलकर बंद पड़े दोनों वाटर कूलर सही कराकर जलापूर्ति व्यवस्था सुचारू कराने की मांग की है। बीडीसी संघ के अध्यक्ष इखलाक अंसारी, परवेज, लईक, आदिल, अरबाज, हसनैन खान, इजलास, रुजहान, खालिद मुस्तकीम, गुफरान, वसीउल्ला, आसिफ आदि ने कुकरा में खराब पड़ी जल निगम की टंकी, संविलयन विद्यालय के गेट पर तथा बाजार में बन्द पड़े वाटर कूलर को तत्काल चालू कराने के लिए कई बार प्रधान रहनुमा चौधरी, बीडीओ बांकेगंज, पलिया विधायक रोमी साहनी आदि को पत्र सौंपकर की, लेकिन किसी ने मुड़कर नहीं देखा, जिससे लोगों में रोष है।

### शीघ्र ही सुचारू की जाएगी जलापूर्ति व्यवस्था



रोमी साहनी विधायक।

पलिया विधायक रोमी साहनी ने बताया कि कस्बा कुकरा में भव्य पेयजल टंकी से जलापूर्ति काफी समय से ठप है। संविलियन विद्यालय के मेन गेट पर लगाया गया वाटर कूलर तथा कस्बा की बाजार में जिला पंचायत द्वारा लगवाया गया वाटर कूलर दोनों काफी समय से बंद हैं। यह उनकी जानकारी में है। कुकरा की जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए जल निगम के अधिकारी, डीएम खीरी से मिलकर पेयजल व्यवस्था को सुचारू रूप से चलवाने की व्यवस्था की जाएगी।

कस्बा के वाशिंदों को लगभग दो वर्ष से स्वच्छ पेयजल जल' निगम की टंकी द्वारा मुहैया नहीं कराया गया है। ग्रामीणों की समस्या को मद्देनजर रखते हुए ग्राम पंचायत की खुली बैठक में प्रस्ताव पारित करके खंड विकास कार्यालय बांकेगंज के माध्यम से जल निगम के आला अधिकारियों को प्रस्ताव भेज दिया है।
**-अशोक कुमार राणा, ग्राम पंचायत अधिकारी, कुकरा।**

## सार-संक्षेप

### विद्यार्थियों को दिलाई गई साफ-सफाई की शपथ



गोला के गांधी विद्यालय में शपथ दिलाते पालिकाध्यक्ष। अमृत विचार

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** संचारी रोग अभियान के अंतर्गत गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने विद्यार्थियों को साफ सफाई की शपथ दिलाई। विद्यालय के बच्चों ने शपथ ली कि हम व्यक्तिगत साफ-सफाई, घर की साफ-सफाई का ध्यान रखेंगे। अपने गांव-मोहल्ले का वातावरण स्वच्छ रखेंगे। घर में आसपास गंदगी एकत्र नहीं होने देंगे। पौधारोपण अभियान में अपनी सार्थक भूमिका निभाएंगे। यदि कोई व्यक्ति संचारी रोगों इन्फ्लूएंजा, खसरा, क्षयरोग, मैनिनजाइटिस, चेचक, छोटी माता, डेंगू ज्वर आदि से पीड़ित मिलता है तो यथाशीघ्र उसे अस्पताल जाने हेतु प्रेरित करेंगे। प्रधानाचार्य डॉ सौरभ दीक्षित, सत्रोहन मिश्र, रविन्द्र कटियार, रामसनेही, डॉ राजेश कुमार, आमिर हुसैन, तेजराम गंगवार, दुर्गेश कुमार, पुष्पेन्द्र नाथ, श्रीश गुप्त, लिपिक राजेश कुमार सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### एससीडीआई ने कई ग्रामों में पहुंच किया गन्ने का निरीक्षण

**संवाददाता, पलिया, अमृत विचार :** ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मिथलेश कुमार पांडेय ने थारू जनजाति क्षेत्र के ग्राम बरबटा एवं गोबरौला में गन्ना सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण किया। किसानों से सर्वे एसएमएस .व कार्य के बारे में जानकारी ली। चीनी मिल के वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक गन्ना राजीव तोमर ने कृषकों को बताया कि तापमान अधिक है। इसलिये समय-समय पर सिंचाई एवं गुड़ाई का विशेष ध्यान रखें। ताकि नमी संचित रहे।

### घर में घुसकर पत्नी, सास, ससुर को पीटा, घायल

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** एक युवक ने घर में घुसकर मायके में मौजूद अपनी पत्नी, उसकी मां और पिता की जमकर पिटाई कर दी। आरोप है कि लोहे की रॉड से प्रहार कर किया, इससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। शहर के मोहल्ला शिवपुरी निवासी ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री रुची गुप्ता का विवाह मोहल्ले के ही अमित गुप्ता के साथ 11 साल पहले किया था। आरोप है कि अमित गुप्ता के किसी अन्य महिला से संबंध हैं। इस वजह से अमित उसकी पुत्री के साथ आए दिन मारपीट करता है। घर से महीनों गायब रहता है। इस वजह से पुत्री अधिकतर अपने मायके में ही रहती है। 15 मई 24 को करीब 20 दिन बाद अचानक उनके घर घुस आया और उनकी पुत्री के साथ मारपीट करने लगा। उन्होंने अपनी पत्नी के साथ पुत्री को बचाने की कोशिश की तो अमित ने लोहे की राड सिर पर मार दी, जिससे उनका और उनकी पत्नी का सिर फट गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है।

### चोरी की बाइक बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

**खीरी टाउन, अमृत विचार :** थाना खीरी पुलिस ने मोहल्ला श्यामलालपुरवा से चोरी हुई बाइक बरामद कर मोहल्ला बुखारी टोला निवासी जावेद, शेखसराय निवासी सद्दाम उर्फ शराफत और श्यामलाल पुरवा निवासी रहीश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान भेजा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी सद्दाम उर्फ शराफत शातिर बाइक चोर है। उसके खिलाफ कोतवाली सदर और थाना खीरी पर पांच मामले दर्ज हैं।

### राहगीरों को शीतल जल पिला रहे स्काउट-गाइड



कस्ता चौराहे पर ठंडा पानी पिलाते स्काउट गाइड। अमृत विचार

**संवाददाता, मितौली, अमृत विचार :** चिलचिलाती धूप में बेहाल राहगीरों को जिला पंचायत इंटर कॉलेज के स्काउट-गाइड ने शुक्रवार को कस्बा कस्ता में राहगीरों को शीतल जल पिलाया। स्काउट गाइड शिक्षक लक्ष्मी शंकर अग्निहोत्री ने बताया कि 16 से 20 मई तक स्काउट गाइड यात्रियों को शीतल जल पिलाने का अभियान चलाया है। वह खुद इस मौके पर मौजूद रहकर लोगों की सेवा कर रहे हैं। मुख्य उद्देश्य बच्चों में सेवा भाव जागृत करना है।

### छात्राओं को सिखाया स्ट्रेचर बनाना

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** महिला क्लब समिति ने शुक्रवार को कस्तूरबा सभागार में इंडियन रेडक्रॉस के सहयोग से आकस्मिक स्थितियों में जीवन और स्वास्थ्य विषय पर गांधी बालोद्यान स्कूल की छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। रेडक्रास की सचिव आरती श्रीवास्तव ने बेहोशी, गले में कुछ फंसने, दिल की धड़कन अचानक बढ़ जाने के उपचार के घरेलू तरीके बताए। गंभीर रोगियों के लिए स्ट्रेचर बनाना सिखाया। वरिष्ठ सदस्य सुमित्रा यादव, क्लब अध्यक्ष रत्ना मिश्रा, प्रधानाचार्य हेमलता सहित मधु ढींढा, पारुल श्रीवास्तव, ममता मौर्य, लता द्विवेदी एवं नूपुर महेंद्रा उपस्थित रहीं।

### अधिवक्ताओं ने नवांगतुक सिविल जज का किया स्वागत



सिविल जज को स्मृति चिन्ह भेंट करते अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

**संवाददाता, निघासन, अमृत विचार :** शुक्रवार को तहसील अधिकता संघ निघासन के अधिवक्ताओं ने नवागंतुक सिविल जज दिवांसु सैनी का स्वागत किया। अधिवक्ता संघ वरिष्ठ वकील ध्रुव कुमार सिंह, अध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव, मंत्री उमाकांत जायसवाल ने स्मृति चिन्ह भेट किया। संघ के वरिष्ठ सदस्य सुबोध कुमार पांडेय ने स्मृति चिह्न भेट कर स्वागत किया। वीपी रुहेला, मेजर सिंह, रमेश शर्मा ने माल्यार्पण किया। इसके बाद अधिवक्ताओं का परिचय कराया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता सुबोध पांडेय ने कहा कि निघासन के अधिवक्ता अभी सिविल और फौजदारी में नए हैं। उनका सहयोग करने की जरूरत है। सिविल जज दिवांसु सैनी ने कहा उनकी तरफ से वकीलों का सहयोग किया जायेगा। वकील भी न्यायालय का सहयोग करें, जिससे जल्द ही मुकदमों का निस्तारण किया जा सके। इस दौरान बच्चा लाल तिवारी, अख्तर अली, लव कुमार तिवारी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### मधुमेह निवारण शिविर का शुभारंभ

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** भारतीय योग संस्थान की ओर से शुक्रवार से 21 मई मधुमेह निवारण शिविर का आयोजन काशीनगर के नेशनल पब्लिक स्कूल में किया जा रहा है। पहले दिन जिला मंत्री शिवराम वर्मा ने मधुमेह निवारण में सहभागी सूक्ष्म क्रियाएं, ओम ध्वनि, गायत्री मंत्र, समस्त आसन एवं आदित्य वर्मा ने नेत्र सुरक्षा क्रियाएं, सुशीला सिंह ने प्राणायाम, ध्यान का अभ्यास कराया। जिला प्रधान रमेश कुमार वर्मा ने मधुमेह रोग का अर्थ व लक्षण और बचाव के बारे में जानकारी दी। अनामिका वैश्य, रामदीन राठौर, विनोद कुमार गुप्ता, रामपाल कनौजिया, मीरा जायसवाल, संतोष दिक्षित सहित 45 प्रतिभागी शामिल हुए।

### शिविर में 191 पशुओं का उपचार

**संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार :** एसएसबी 39 वीं बटालियन ने समवाय कीरतपुर के कार्यक्षेत्र में पशु चिकित्सा शिविर लगाया। शिविर में एसएसबी की डॉ शालिनी परिहार ने पशुओं का परीक्षण कर पशुपालकों को निशुल्क दवा वितरित की।

### यज्ञ भूमि पूजन व ध्वज स्थापन किया

**संवाददाता, निघासन, अमृत विचार :** सिंगाही रोड पर सरयू तट के किनारे मोटेश्वर बाबा स्थान पर 31 मई से छह जून तक यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को पंडित रामकिशोर शास्त्री ने यज्ञ भूमि पूजन व ध्वज स्थापन कराया। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख अमनदीप सिंह, अभिषेक दीक्षित, अशोक तिवारी, उत्तम मिश्र, अजय गुप्त, लक्ष्मीचंद्र गुप्त, रमेशचंद्र तिवारी, मोनू दीक्षित, प्रदीप गुप्ता, प्रमोद निषाद आदि मौजूद रहे।

# दिव्यांग लवली को मिला अदाणी फाउंडेशन का सहारा

- इलाज-पढ़ाई का लिया जिम्मा, जानकारी पर बुजुर्ग बाबा और दादी बेहद खुश

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


बाबा और दादी के साथ दिव्यांग लवली। अमृत विचार

**अमृत विचारः** आठ साल की दिव्यांग लवली को अदाणी फाउंडेशन का सहारा मिल गया है। अब फाउंडेशन न सिर्फ लवली का समुचित इलाज कराएगा, बल्कि उसकी पढ़ाई की जिम्मेदार भी ले ली है। इससे लवली बेहद खुश है और वह कहती है कि अब वह ठीक होकर अन्य बच्चों की तरह गेंद खेलने लगेगी।

गोला गोकर्णनाथ तहसील के दूरदराज के गांव कंधरापुर की मासूम लवली की कहानी बेहद दर्द भरी है। वह महज सात महीने की थी, तभी उसकी मां किस्मती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पिता धर्मवीर कुछ महीने बाद ही दूसरी शादी कर घर से अलग रहने लगा। लवली को उसके 65 वर्षीय बाबा ओमप्रकाश सिंह और दादी उर्मिला ने पाला पोसा, लेकिन वह कभी अपने पैरों पर ठीक से नहीं खड़ी हो पाई। वजह है कि लवली का जन्म से ही बायां हाथ और पैर टेढ़ा है, जिसके चलते उसे चलने-फिरने में परेशानी होती है। लवली के बाबा-दादी ने उसका काफी इलाज कराया, लेकिन वह ठीक नहीं हो सकी। लवली तीन साल की हुई तो गांव के सरकारी स्कूल में दाखिला भी करा दिया। अब वह पांचवी कक्षा की छात्रा है और पढ़ाई में खूब मन लगाती है। बाबा ओमप्रकाश सिंह कहते हैं उनकी मंशा पोती को पढ़ा लिखाकर बड़ा अफसर बनाने की है। इधर, फेसबुक पर लवली की दिव्यांगता का एक वीडियो और उसकी मार्मिक कहानी वायरल हुई, जिसे उद्योग जगत की शख्सियत गौतम अदाणी ने देखा और वह द्रवित हो गए। उन्होंने लवली के इलाज और पढ़ाई का जिम्मा लेने की ठान ली। इस अदाणी फाउंडेशन ने गांव आकर उसके बाबा-दादी से मिला और उन्हें पूरी जानकारी दी। लवली के बाबा-दादी यह जानकार बहुत खुश हैं।

### भगवान ने सुन ली दिल की आवाज, सब अच्छा होगा

लवली के बुजुर्ग बाबा ओमप्रकाश सिंह कहते हैं कि वह पोती को देख देखकर रोते थे। क्योंकि चाहकर भी उसे ठीक नहीं करा पा रहे थे। वह बच्चों के साथ स्कूल जाती तो उनके जैसा नहीं चल पाती थी। भगवान से यही प्रार्थना करता था कि मेरी लवली ठीक हो जाए। अब दिल की आवाज भगवान ने सुन ली है। उसकी मदद के लिए फरिश्ता आ गया है। अब लवली भी अन्य बच्चों के साथ दौड़-भाग कर सकेगी। खेलेगी और कूदेगी। वह एक दिन अफसर बनकर आएगी। लवली की दादी भी बहुत खुश हैं।

### गौतम अडाणी ने ट्विट कर कहा- बेटी का बचपन यूं छिन जाना दुखद




गौतम अदाणी ने एक्स पर कहा, "एक बेटी का बचपन यूं छिन जाना दुखद है! छोटी-सी उम्र में लवली और उसके दादा-दादी का संघर्ष बताता है कि एक आम भारतीय परिवार कभी हार नहीं मानता। अदाणी फाउंडेशन यह सुनिश्चित करेगा की लवली को बेहतर इलाज मिले और वो भी बाकी बच्चों के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ सके। हम सब लवली के साथ हैं।"

**जांच और चेकअप के लिए लखनऊ रवाना :** अदाणी फाउंडेशन की टीम ने कंधरापुर पहुंचकर अपने साथ लवली और उसके बाबा-दारी को शुक्रवार को लखनऊ लेकर रवाना हो गई है। बाबा ओमप्रकाश सिंह ने मोबाइल पर अमृत विचार को बताया कि वह लखनऊ जा रहे हैं, जहां लवली की जांच और चेकअप के साथ ही इलाज शुरू हो जाएगा।

# गोंडा, सिद्धार्थनगर और कुशीनगर में मतदान संपन्न कराएगी खीरी पुलिस

## पांचवें, छठे और सातवें चरण के लिए इंस्पेक्टर समेत 2805 पुलिसकर्मी रवाना


पुलिस लाइन में ब्रीफ करते एसपी गणेश प्रसाद साहा व एएसपी नैपाल सिंह।


ब्रीफिंग में मौजूद पुलिस बल। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के पांचवें, छठे और सातवें चरण में होने वाले मतदान में खीरी पुलिस के जवानों की शांति व्यवस्था ड्यूटी लगाई गई है। यह जवान गोंडा, सिद्धार्थनगर व कुशीनगर में होने वाले चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराएंगे। एसपी ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में 4 निरीक्षकों, 157 उप निरीक्षकों और 2805 हेड कांस्टेबल व कांस्टेबलों को चुनाव आचार संहिता का पाठ पढ़ाया और हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया।

लोकसभा चुनाव का पांचवें चरण के लिए 20 मई को लखनऊ, मोहनलालगंज, रायबरेली, अमेठी, जालौन झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा में 20 मई को मतदान होना है। छठे चरण में 25 मई को सुल्तानपुर, फूलपुर, प्रतापगढ़, इलाहाबाद, आंबेडकर नगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछली शहर भदोही, सातवें चरण में महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और राबर्टसगंज में एक जून को मतदान होगा। पांचवें, छठे और सातवें चरण में संपन्न होने वाले जनपद गोंडा, सिद्धार्थनगर और कुशीनगर में होने वाले मतदान में खीरी पुलिस की शांति व्यवस्था ड्यूटी लगाई गई है। पंचम चरण में 01 निरीक्षक, 63 उपनिरीक्षक, 956 हेड कांस्टेबल/ कांस्टेबल (सशस्त्र) व 94 हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल (निःशस्त्र) व छठे चरण में 01 निरीक्षक 51 उपनिरीक्षक 948 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल (सशस्त्र) व सातवें चरण में 01 निरीक्षक, 43 उपनिरीक्षक, 646 हेड कांस्टेबल/ कांस्टेबल (सशस्त्र) को लगाया गया है। शुक्रवार को एसपी गणेश प्रसाद साहा ने चुनावी ड्यूटी में लगे जवानों को रवाना करने से पहले पुलिस लाइन में ब्रीफिंग की। एसपी ने चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश बताए। उन्होंने कहा कि अनुशासन में रहकर अपनी ड्यूटी को पूरी निष्ठा के साथ करें। अत्यधिक गर्मी के मौसम के कारण अधिक से अधिक तरल व पौष्टिक आहार लेकर अपने आप को स्वस्थ रखें। पुलिसकर्मियों को फल व पानी की बॉटल वितरित कराई। इस दौरान एएसपी (पश्चिमी) नैपाल सिंह, सीओ धौरहरा, चुनाव सेल प्रभारी शिवाजी दुबे आदि मौजूद रहे।

# महिला ने शादी रचाकर ठग लिए रुपए व जेवर

- लखनऊ की महिला बनकर फेसबुक से की थी दोस्ती
- कोर्ट के आदेश पर महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** फेसबुक के जरिए दोस्ती कर एक महिला ने नाम और पता बदलकर युवक से शादी रचाई। बाद में लखनऊ में प्लाट लेने के बहाने उससे 3.50 लाख रुपये और लाखों रुपये के जेवर ठग लिए। सदर कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पीड़ित की तरफ से महिला के खिलाफ धोखाधड़ी व धमकी की रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना फूलबेहड़ के गांव सिसौरा निवासी योगेश्वर दयाल त्रिवेदी उर्फ नमन ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि वर्ष 2021 में फेसबुक के माध्यम से उसकी सीमा मिश्रा निवासी लखनऊ नाम की महिला परिचय हुआ, जबकि महिला का वास्तविक नाम स्वाती उर्फ शशिबाला था। वह शहर के मोहल्ला बहादुर नगर की रहने वाली थी। उसके पति की मौत हो चुकी है। वह पति की मौत के बाद पेंशन भी ले रही है। उसका पुत्र मृतक आश्रित कोटे में सेवायोजन में है। उसके एक पुत्री भी है।

आरोप है कि इन तथ्यों को छुपाते हुए महिला ने खुद को अविवाहित बताया और उनके सामने विवाह का प्रस्ताव रखा। वह महिला के झांसे में आ गए और 05 फरवरी 2022 को जंगली नाथ मंदिर मौजमाबाद थाना फूलबेहड़ में उसके साथ शादी कर ली और पत्नी बनकर रहने लगी। कथित पत्नी स्वाती उर्फ शशिबाला ने लखनऊ में मकान खरीदने के नाम पर धीरे धीरे करीब 03 लाख 50 हजार रूपया नकद ठग लिए। सोने की चेन, अंगूठी, पायल, झुमकी, व मंगलसूत्र आदि बनवाया। कीमती कपड़े लिए और बिना बताए चली गई। इस बात की जानकारी जब हुई तो वह पता लगाते हुए 30 दिसंबर 23 की दोपहर तीन बजे स्वाती उर्फ शशिबाला की ससुराल मोहल्ला बहादुर नगर पहुंचे और उससे रुपये व जेवर मांगे तो महिला ने उन्हें काफी डराया धमकाया। झूठे मुकदमें में फंसा देने की धमकी दी। कोर्ट के आदेश पर सदर कोतवाली पुलिस ने कथित स्वाती उर्फ शशिबाला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# पूर्व प्रधान पर हुए जानलेवा हमले में मुकदमा दर्ज

संवाददाता, बेहजम

**अमृत विचारः** थाना नीमगांव क्षेत्र में मतदान के दिन वोट डालकर मतदान केंद्र से बाहर निकले पूर्व प्रधान पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने गांव के ही पूर्व प्रधान और उनके चार बेटों के खिलाफ जानलेवा हमला, बलवा समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

बता दें कि थाना नीमगांव के गांव नगरा निवासी पूर्व प्रधान राजकुमार उर्फ राजू जायसवाल और गांव के ही पूर्व प्रधान त्रिभुवन उर्फ बंटी के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही है। 13 मई की दोपहर राजकुमार वोट डालने गांव के ही उच्च प्राथमिक विद्यालय नगरा गए थे। जैसे वह पोलिंग बूथ से वोट डालकर घर जाने के लिए निकले। पहले से स्कूल के बगल में ही घात लगाए बैठे पूर्व पूर्व प्रधान त्रिभुवन उर्फ बंटू, उनके बेटे रोहित, मोहित, सौरव, गौरव ने उन पर लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला बोल दिया। इससे राजकुमार उर्फ राजू जायसवाल गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने किसी तरह से पोलिंग बूथ में जाकर अपनी जान बचाई थी। घायल पूर्व प्रधान को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनका उपचार चल रहा है। घायल पूर्व प्रधान के भाई विजय कुमार जायसवाल की तहरीर पर थाना नीमगांव पुलिस ने चौथे दिन पांचों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थानाध्यक्ष श्रद्धा सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों को गिरफ्तार कर जल्द ही चालान भेजा जाएगा।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में चिल्ड्रेंस एकेडमी की टीम विजयी

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ


गोला में विजेता टीम को ट्रॉफी देते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचारः** विद्यालय संस्थापक स्वर्गीय अरविन्द गिरि की स्मृति में श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी लक्ष्मण जती में हुए द्वितीय इंटर स्कूल क्रिकेट चैम्पियनशिप टूर्नामेंट के चौथे और अंतिम दिन का फाइनल मैच चिल्ड्रेंस एकेडमी की टीम ने जीत लिया। मुख्य अतिथि ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी, नकद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया।

क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच के मुख्य अतिथि जनार्दन गिरि, विशिष्ट अतिथि मधुसूदन गिरि, धर्मेन्द्र गिरि मोंटी और प्रधानाचार्य मुदित शाह ने स्वर्गीय अरविंद गिरि के चित्र पर दीप प्रज्जवलन और पुष्पार्चन कर शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि जनार्दन गिरि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच शुरू कराया। टॉस जीतकर एसआरजीएम ए की टीम ने पहलें बैटिंग करने का निर्णय लिया। सीए गोला की टीम ने ताबड़तोड़ बैटिंग करते हुये निर्धारित 10 ओवरों में 111 रन बनाये और अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम के सम्मुख 112 रनों की टीम का लक्ष्य रखा। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए एसआरजीएम ए की टीम निर्धारित 10 ओवरों में कुल 73 रन बना सकी। इस प्रकार चिल्ड्रेंस एकेडमी गोला की टीम ने टूर्नामेंट का फाइनल मैच जीतकर चैम्पियन्स ट्राफी अपने नाम की। अम्पायर की भूमिका शिक्षक सोनू और दुष्यंत ने निभायी। सीए गोला के खिलाड़ी अनमोल सर्वाधिक रन लेकर मैन आफ द मैच रहे। पूरे टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले एसआरजीएम ए के खिलाड़ी आनंद मैन आफ द टूर्नामेंट चुने गये। फाइनल मैच की विजेता चिल्ड्रेंस एकेडमी की टीम को मुख्य अतिथि ने ट्रॉफी तथा प्रत्येक सदस्य को मेडल तथा उपहार देकर सम्मानित किया। उप विजेता टीम के सदस्यों को भी रनर ट्रॉफी तथा प्रत्येक सदस्य को मेडल देकर सम्मानित किया गया। दीपक हालन ने विजेता टीम को 3100 रुपये तथा उपविजेता टीम को 2100 रुपये देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रधानाचार्य मुदित शाह, विद्यालय निदेशक मोहित पुरी ने अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। प्रबंध निदेशक अमन गिरि विधायक ने दूरभाष पर विजेता तथा उपविजेता टीम को बधाई संदेश देकर क्रिकेट जगत में क्षेत्रीय प्रतिभाओं के निखार हेतु जारी रखने का दृढ़ निश्चय व्यक्त किया। टूर्नामेंट में ख्याति प्राप्त खिलाड़ी विश्वनाथ सिंह, सरस्वती विद्या निकेतन के प्रधानाचार्य महेन्द्र त्रिपाठी, महेन्द्र पाठक, अनुभव गुप्ता, अजयकृष्ण आनंद, केके शुक्ल, कमाल अहमद, निधि सिंह, संगम गुप्ता आदि रहे।

## पूर्व आर्मी जवान के घर का ताला तोड़कर नकदी समेत डेढ़ लाख के जेवर चोरी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला शिव कॉलोनी के एक घर का चोरों ने ताला तोड़ दिया। उसमें रखी 20 हजार रुपये की नकदी और करीब डेढ़ लाख रुपये के जेवर चोरी कर ले गए। मकान मालिक जब घर वापस लौटे तो घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। शहर के मोहल्ला शिव कॉलोनी निवासी अनुराग सिंह ने बताया कि वह आर्मी से रिटायर हैं। अपने भाई कुलराज सिंह तोमर व मुनिराज सिंह तोमर भी आर्मी में जवान हैं। तीनों भाई मोहल्ला शिव कालोनी में मकान में रहते हैं। वह मकान मे ताला लगा कर 12 मई को वोट डालने के लिए पैतृक गांव थाना फरधान के गांव परसेहरा बुजुर्ग गए थे। 14 जून की शाम जब घर वापस आए तो देखा मकान के दरवाजों पर पड़ा ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर कमरों में रखा सारा सामान बिखरा पड़ा था। उनमें रखा एक हार 15 ग्राम सोने का, 3 जोड़ी पायल चांदी की, कमरबंद चांदी व 20 हजार रुपये की नगदी गायब थी। उन्होंने घटना की सूचना सदर कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। शहर कोतवाल अंबर सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# जिलाधिकारी के समझाने पर मान गए शिक्षक आसिफ

- सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो कर किया था अंतिम नमस्कार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** पलिया ब्लाक के गांव अतरिया के संविलियन विद्यालय के शिक्षक का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद जिला प्रशासन तक सकते में आ गया। शुक्रवार को डीएम ने शिक्षक को बुलाकर समझाया। इस पर शिक्षक फिर से स्कूल जाने के लिए तैयार हो गए हैं।

पलिया ब्लॉक के संविलियन विद्यालय अतरिया के इंचार्ज प्रधानाध्यापक मोहम्मद आसिफ अली अंसारी का बृहस्पतिवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वह बीएसए पर अपमानित करने का आरोप लगाकर फूट फूट कर रो रहे थे। बीएसए पर शिक्षक की गरिमा को तार तार करने की दास्तां बयां कर शिक्षक आसिफ अली अंसारी ने छात्रों और साथी शिक्षकों को पुनः मुंह न दिखाकर अंतिम नमस्कार तक कर लिया था। शिक्षकों की एकजुटता को लेकर बेसिक विभाग में ही नहीं बल्कि जिला प्रशासन में भी खलबली मच गई। डीएम ने शिक्षक को कार्यालय पर बुलाकर समझाया और फिर स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया। शिक्षक आसिफ अली अंसारी ने बताया कि डीएम के समझाने और सपोर्ट करने की वजह से हमें किसी से शिकायत नहीं है।

## बीएसए प्रधानाध्यापक विवाद को लेकर शिक्षकों ने की बैठक

**संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला उपाध्यक्ष कौशल किशोर प्रजापति की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक हुई। जिला उपाध्यक्ष ने संविलियन विद्यालय अतरिया के इंचार्ज प्रधानाध्यापक मोहम्मद आसिफ अली अंसारी को फोन पर उनसे बात की और हर संभव मदद करने का ऐलान किया। कौशल किशोर प्रजापति ने बताया कि इंचार्ज प्रधानाध्यापक के मुताबिक उनकी डीएम से बात हुई है, जिससे वह पूरी तरह संतुष्ट हैं। शिक्षक की गरिमा को ठेस पहुंचने पर खेद व्यक्त कर बात खत्म करने को कहा है। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष अमित त्रिवेदी, महामंत्री ताहिर अली, शिक्षक दिलीप कुमार, इंद्रपाल सिंह, धीरज राठी, सोमेश मिश्रा, आशीष मिश्रा, कमलेश तिवारी, केसर नाथ, विजय मौर्य आदि मौजूद रहे।

## एआरएम पर कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** गोला से लखीमपुर रोडवेज की बस से दैनिक यात्रा करने वाले एक यात्री ने रोडवेज के परिचालक पर किराये में अधिक पैसे वसूलने, लखीमपुर डिपो तक बस न ले जाने की शिकायत करने के वावजूद एआरएम द्वारा परिचालक पर कार्रवाई न किए जाने से कोर्ट के आदेश पर एआरएम पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज हुई है। नगर के मोहल्ला गजेन्द्रपुरी निवासी प्रमोद कुमार पांडे पुत्र स्वामी दयाल पांडे ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह प्रतिदिन गोला से लखीमपुर प्राइवेट नौकरी करने रोडवेज बस से जाता है। गोला डिपो की बस लखीमपुर होते हुए लखनऊ और कानपुर जाती हैं, लखीमपुर की दूरी 39 किलोमीटर है। लखीमपुर जाने वाले यात्री किराया 54 रुपये देते हैं तथा गोला डिपो मोटर मालिकों को 39 किमी के हिसाब से किराये का भुगतान किया जाता है। लेकिन सिर्फ तीन बसे ही लखीमपुर डिपो तक जाती हैं। शेष 22 बसें एलआरपी चौराहे पर यात्रियों को उतार कर लखनऊ चली जाती है। जिससे सभी बसे पांच किलोमीटर कम चलती हैं।






## सार-संक्षेप

### स्मृति डिग्री कॉलेज के 16 छात्रों का रोजगार के लिए चयन

**भीरा, अमृत विचार :** स्मृति पीजी कॉलेज में जेनेवा क्रॉप साइंस प्राइवेट लिमिटेड आगरा द्वारा कैंपस प्लेसमेंट किया गया जिसमें कॉलेज के अंतिम वर्ष के 33 छात्रों ने भाग लिया। इस प्लेसमेंट में कमेटी के पदाधिकारी प्रशांत कुमार एवं रवि कुमार भारद्वाज ने 16 छात्रों को चयनित कर उन्हें रोजगार के अवसर दिए। कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर बी डी शुक्ला ने बताया यह इस कॉलेज का अब तक का 11 वां कैंपस प्लेसमेंट है।

### जंगली सुअर के मांस सहित चार गिरफ्तार

**निघासन, अमृत विचार :** दक्षिण रेंज लुधौरी वन क्षेत्राधिकारी गजेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि वन विभाग की टीम ने गुरुवार शाम मुखबिर की सूचना पर बैलहा ग्राम पंचायत के मटेहिया निवासी राम प्रसाद पुत्र चंद्रभाल व छत्रपाल पुत्र चंद्रभाल के घर छापा मारा। इस दौरान टीम ने दोनों के घर से जंगली सुअर का कच्चा मांस बरामद किया है। वहीं अनिल पुत्र इतवारी निवासी अदलाबाद व संजय कुमार पुत्र रमाशंकर निवासी बिनौरा को पका मांस खाते हुए गिरफ्तार किया गया। चारों आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने मटैहिया जंगल में सुअर का शिकार किया था। चारों आरोपियों के खिलाफ वन्य जीव जंतु अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

### घाघरा नदी में डूबे युवक का चौथे दिन बरामद हुआ शव

**संवाददाता, खमरिया, अमृत विचार :** थाना ईसानगर क्षेत्र के मिर्जापुर गांव के निकट स्थित घाघरा नदी के पानी में लापता हुए युवक का शव चौथे गिन फ्लड पीएसी ने तलाश के दौरान घाघरा नदी से बरामद कर लिया। शव मिलते ही मृतक के परिवार में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बता दें कि मंगलवार को कस्बा ईसानगर निवासी चांद सलमानी(20) पुत्र मैलू सलमानी, शादाब (20) पुत्र मरगूब सलमानी, नसरूद्दीन (18) पुत्र अली अहमद व वजहुद्दीन (17)पुत्र मोहियुद्दीन मिर्जापुर गांव के पास घाघरा नदी के किनारे मैदान में किक्रेट मैच खेलने गये थे। खेलने के बाद चारों युवक नदी में नहाने के लिए पानी में उतर गए। बहाव तेज होने के कारण चारों बहने लगे। शादाब, नसरूद्दीन व वजहुद्दीन तो किसी प्रकार जान बचाकर नदी से बाहर निकल आए थे, लेकिन चांद लापता हो गया था। शुक्रवार की दोपहर फ्लड पीएसी चांद की तलाश कर रही थी। इसी बीच फुसही गौढी गांव के निकट मछुआरों ने झाड़ियों के बीच पानी में शव फंसा देखा तो इसकी सूचना परिवार वालों और पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस और फ्लड पीएसी के जवानों ने कड़ी मशक्कत कर शव बाहर निकाला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### शारदा नहर में मिला अज्ञात युवक का शव

**पसगवां, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम कुतुबापुर के पास शारदा नहर में एक अज्ञात युवक का शव मिला है। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 32 वर्ष की है। मृतक नीले रंग की पैंट और हल्के आसमानी रंग की शर्ट पहने हुए था। पुलिस ने शव को नहर से निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, लेकिन शव की अभी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस शिनाख्त कराने की कोशिश कर रही है।

### घूस मांगने का वीडियो बनाने पर रात भर चौकी में बिठाया

**निघासन, अमृत विचार :** ढखेरवा चौकी क्षेत्र के गांव राजूपुरवा मजरा दुलही के बुजुर्ग दंपति ने चौकी इंचार्ज पर घूस मांगने और बेटे द्वारा वीडियो बनाए जाने पर उसे रात भर चौकी पर बिठाने, सादे कागज पर हस्ताक्षर बनवा लेने और कागज होने के बाद भी ट्रैक्टर सीज करने का आरोप लगाते हुए एसपी से कार्रवाई की मांग की है। मामला चर्चा का केन्द्र बना है। गांव निवासी लवजीत कौर पत्नी दलजीत सिंह ने बताया कि पिछले माह अप्रैल में जमीनी विवाद के चलते दीदार सिंह, सेवा सिंह, दर्शन सिंह आदि विपक्षियों से विवाद हो गया था। इन लोगों ने घर में घुसकर मुझे व मेरे पति दलजीत सिंह को मारा पीटा था। घर से ट्रैक्टर हैरों लेकर चले गए। इस मामले में पढ़ुआ थाना में शिकायत भी की, जिसमे मुकदमा दर्ज करके विपक्षियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जिसके बाद आठ मई को ढखेरवा चौकी इंचार्ज गौरव सिंह ने ट्रैक्टर को सुपुर्द करने के लिए बेटे गुलजार सिंह को चौकी पर बुलाया था। चौकी पहुंचने पर चौकी इंचार्ज ने ट्रैक्टर सुपुर्दगी में देने और कुछ पैसों की डिमांड की। बेटे ने इस बात की वीडियो बनाने की कोशिश की। जिससे नाराज चौकी इंचार्ज ने बेटे का मोबाइल छीन लिया और चौकी में रात भर बिठाए रखा। अगले दिन सुबह जब चौकी पहुंचे तो सादे कागजों पर हस्ताक्षर कराने के बाद बेटे को छोड़ दिया। ट्रैक्टर के कागज होने के बाद भी उसे सीज कर दिया। इस बाबत सीओ प्रवीण यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। उन्हें मामले की जांच मिलेगी तो दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपना नाम PAUL RAJU से बदलकर P.P. RAJU रख लिया। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-J.R. PONNAIYAN, 25, S.T THERESA SCHOOL SECTOR, 1 JAL VAYU VÍHAR FIRANGI KHERA LUCKNOW (U.P)-226002

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **राजरानी पत्नी राज कुमार, निवासी– ग्राम– कमुवा, थाना– रामपुर कला परगना व तहसील बिसवां जिला– सीतापुर** मेरे पति राजकुमार जुआ, शराब व आवारा किस्म की औरतों के चक्कर में कही भटक रहा है तथा अपने पिता की सम्पूर्ण भूमि को विक्रय कर दिया है मेरे पास स्व0 आर्जित सम्पत्ति है जिससे मेरे पति राजकुमार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं है अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मै अपने पति को अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंनें अपने पुत्र हरिओम सिंह के गलत आचरणों से दु:खी होकर उससे सभी प्रकार से संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल–अचल संपत्तियों से भी बेदखल कर दिया है अब वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। उससे मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। – **विश्राम सिंह पुत्र डल्ला सिंह, निवासी– मोहल्ला– आनन्दीदास थाना व जिला – कन्नौज**

**Notice**

I, Safia Firdous wife of Firdous Alam, resident of Plot No. 76, Road No. 5, Emerald Gulistan, Jajmau, Kanpur Nagar-208010.My name in my passport number is J2876385. J.T.Chhachhand is written. However, I am keeping my name as Safia Firdous which is Aadhar card number 8823 3709 so in my passport my name should be recorded as Safia Firdous instead of Safia Tarannum. Safia Tarannum and Safia Firdaus are the names of the same person.

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**

**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

**जी.एन.एम.**

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

**ए.एन.एम.**

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# हत्या में दोषी पत्नी और उसके दो भाइयों को आजीवन कारावास

## मायके से पत्नी को लिवाने गए पति की कहासुनी के बाद कर दी गई थी हत्या

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** पत्नी को मायके से विदा कराने गए पति की कहासुनी के बाद उसकी पत्नी ने अपने दो भाइयों के साथ मिलकर धारदार हथियार से हमलाकर हत्या कर दी थी। मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट ने तीनों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास के आदेश के साथ जुर्माना भी लगाया है।

बता दें कि हसनगंज कोतवाली अंतर्गत शिवपुरी गांव निवासी महेंद्र की शादी हसेंवा गांव निवासी मैकू की बेटी निशा से हुई थी। महेंद्र की मां उमा देवी पत्नी स्व. हरभजन ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 10 नवंबर-2011 को बेटा अपनी पत्नी को विदा कराने ससुराल गया था। घरेलू बातों को लेकर वहां कहासुनी हो गई थी। इस पर बहू निशा ने अपने भाई रामबाबू व करन के साथ मिलकर बेटे के गर्दन पर धारदार हथियार से वार कर दिया था। इसमें गंभीर घायल महेंद्र को इलाज के भर्ती कराया गया था। लेकिन, कुछ देर बाद उसकी



● तीनों दोषियों पर 10-10 हजार रुपये अर्थदंड भी, अदा न करने पर भुगतनी होगी अतिरिक्त सजा

मौत हो गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर तीनों को 12 नवंबर को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। तत्कालीन एसआई महेश चंद्र ने जांच के बाद साक्ष्य एकत्र 19 दिसंबर-2021 को कोर्ट में आरोपियों के विरुद्ध चार्जशीट पेश की थी। शुक्रवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। एडीजे-1 मो. असलम सिद्दिकी ने शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार की दलील व साक्ष्य के आधार पर तीनों को हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास के साथ 10-10 हजार रुपए जुर्माने के भी आदेश दिये।

## दहेज हत्या में पति को उम्रकैद सास-ससुर को सात साल सजा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** असीवान थानाक्षेत्र में दहेज हत्या के एक मुकदमे में फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दोषी पति को आजीवन कारावास के साथ सह आरोपी सास व ससुर को सात-सात साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने सभी पर आठ-आठ हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

कानपुर के स्वरूप नगर थाना अंतर्गत आर्यनगर निवासी अनूप पुत्र अशोक कुमार ने तत्कालीन एसपी को प्रार्थनापत्र में बताया था कि उसने अपनी बहन ज्योति की शादी 28 फरवरी 2016 को आसीवन थाना क्षेत्र के वीरुगढ़ी गांव निवासी अभिदेव सेन पुत्र झब्बूलाल से की थी। शादी के बाद से ही बहन की ससुराल वाले एक लाख रुपए और बाइक की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर 11 सितंबर-2017 को बहनोई अभिदेव सेन, ससुर झब्बूलाल, सास मुन्नी देवी, देवर हरिश्चंद्र व कुलदीप और ननद गोल्डी ने बहन से मारपीट की और उसे बहन के बीमार होने पर अस्पताल ले जाने की सूचना दी थी। इसके कुछ देर बाद बहनोई के चचेरे भाई प्रदीप ने बहन की मौत होने की सूचना दी। वह जब मौके पर पहुंचा तो बहन के मुंह से खून निकल रहा था। आसीवन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना तत्कालीन सीओ अंबरीश सिंह भदौरिया ने की थी। शुक्रवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में पूरी हुई। इसमें शासकीय अधिवक्ता दीपक मिश्रा की दलीलों के आधार पर एडीजे रवि प्रकाश साहू ने पति अभिदेव सेन को आजीवन कारावास और सास मुन्नी देवी व ससुर झब्बूलाल को सात-सात की सजा सुनाई।

## पुलिस ने मगरवारा से बरामद की लड़की

**बिछिया, उन्नाव।** दही थानाक्षेत्र के सरांय कटियान गांव निवासी एक युवती को 11 मई की शाम सदर कोतवाली क्षेत्र के छह लोग घर से उठा ले गए थे। पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की थी। गुरुवार रात पुलिस ने सदर कोतवाली क्षेत्र के मगरवारा में आरोपी युवक के रिश्तेदार के घर से लड़की को बरामद कर लिया है।

दही थानाक्षेत्र के सरांय कटियान निवासी मुकेश पुत्र स्व. इन्द्रपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर में बताया था कि 11 मई की शाम पांच बजे वह उसकी पत्नी व बेटा सचिन उसकी बड़ी बेटी दीप्ति को उन्नाव शहर इलाज के लिये ले गये थे। घर लौटने पर पड़ोसियों ने बताया था कि सदर कोतवाली क्षेत्र के भूरी देवी निवासी विवेक व उसका भाई अभिषेक अपने चार अज्ञात दोस्तों के साथ आया और असहलों के दम पर घर में जबरन घुसकर उसकी बेटी का अपहरण कर ले गया। इसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर खोज शुरू की थी। इसके बाद पुलिस ने गुरुवार शाम सदर कोतवाली क्षेत्र के मगरवारा से लड़की को बरामद कर लिया। लड़की ने पुलिस को बताया कि उसने कोर्ट में शादी कर ली है। एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि लड़की के बयान कराने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## केबिल डालने के दौरान नौ घंटे बिजली गुल

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर में अंबिकापुरम मोहल्ले में जर्जर एबीसी लाइन से विद्युत आपूर्ति होने के कारण रोजाना आपूर्ति के दौरान तार टूटने रहे थे। जिसे देखते हुये शुक्रवार को कार्यदायी संस्था ने मोहल्ले में नई एबीसी केबल डालने का काम शुरू कराया। इस दौरान सुबह से शाम तक बिजली गुल रही। बिजली न आने पर गर्मी में चार सौ से अधिक उपभोक्ता परेशान हो गये।

नगर के अंबिकापुरम में शुक्रवार को नई एबीसी केबल डालने के लिये कार्यदायी संस्था पहुंची। जहां मोहल्ले में लगे 250 केवीए और 100 केवीए के ट्रांसफार्मर से आपूर्ति बंद की गई। जिसके बाद विभाग के कर्मियों ने सुबह नौ बजे से कार्य शुरू किया।

इस दौरान पुराने जर्जर एबीसी लाइन का तार खंभों से उतारा गया। जिसके बाद नई एबीसी केबिल डाली गई। सुबह से शाम तक कार्य होने के कारण चार सौ घरों की बिजली गुल रही। दोपहर के समय बिजली न आने पर गर्मी में लोग बिलबिला उठे। वहीं घरों में लगे इनवर्टर भी धड़ाम हो गये। शाम करीब छह बजे कार्य समाप्त होने के बाद क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति चालू हो सकी। जिसके बाद उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।



अंबिकापुरम में केबिल डालने का काम करते बिजलीकर्मी। अमृत विचार

### ओएफसी केबिल कटी, चार घंटे बंद रही ब्रॉडबैंड सेवा

**शुक्लागंज, उन्नाव।** शुक्रवार को बिजली विभाग अंबिकापुरम में नई एबीसी केबिल डाल रहा था, इस दौरान पोल से गुजरी बीएसएनएल की ओएफसी केबिल काट दी। जिससे नगर की ब्राडबैंड सेवाएं धड़ाम हो गई। जानकारी पहुंचे कर्मियों ने मरम्मत कार्य किया। इस दौरान चार घंटे तक इंटरनेट बंद रहा। अंबिका पुरम में बिजली विभाग की ओर से शुक्रवार दोपहर नई एबीसी केबिल डालने का कार्य कराया जा रहा था, इस दौरान पोल से गुजरी सभी केबिलों को बिजली कर्मियों ने काट दिया। जिससे बीएसएनएल की ओएफसी केबिल भी कट गई। काफी देर तक इंटरनेल का लिंक न आने पर उपभोक्ताओं ने विभाग को जानकारी दी। जिस पर बीएसएनएल कर्मियों ने पेट्रोलिंग शुरू की। जहां अंबिकापुरम में तार कटा मिला। विभाग के जेई मनमोहन श्रीवास्तव की निगरानी में रूद्र प्रताप, अभय सिंह ने कटी केबिल दुरस्त करने का काम किया। इस दौरान दोपहर बारह बजे से चार बजे के बीच ब्राडबैंड में सर्वर का लिंक न आने के कारण कैफे संचालक, घरेलु उपभोक्ता समेत कई बैंकों का काम प्रभावित रहा।



ओएफसी केबिल की मरम्मत करते कर्मी।

## प्रतिबंधित वाहन से ढोई जा रहीं सवारियां

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** ट्रैक्टर, पिकअप, लोडर से सवारियां ढोने पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद धड़ल्ले से खचाखच भरकर सवारियां ढोई जा रही है। देखने के बाद भी जिम्मेदार मुंह फेर लेते हैं। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। शुक्रवार को बैराज मार्ग पर एक लोडर में महिला और बच्चे बैठे हुये तेजी से जाते दिखाई पड़े लेकिन गंगाघाट पुलिस की उन पर नजर नहीं पड़ी।

पूर्व में कई बड़े हादसे हो गये हैं। जिस पर पिकअप और ट्रैक्टर में सवारियां बैठाने पर शासन स्तर पर रोक लगा दी गई है। समय बीतने के बाद जिम्मेदार भूल गये।

इस वक्त रोज गंगाघाट क्षेत्र के बैराज मार्ग, शुक्लागंज उन्नाव मार्ग व हाइवे स्थित जाजमऊ से अंतिम संस्कार करने जाने वाले ट्रैक्टर व लोडर से खचाखच सवारियां बैठाकर लोग निकल रहे हैं, फिर भी पुलिस किसी को भी नहीं रोकती है। वहीं अंतिम संस्कार करने के लिये ट्रैक्टर में भरकर सवारियां भी निकलती रहीं।

शुक्रवार को एक लोडर में तमाम महिलाएं गंगाघाट बैराज के रास्ते से उन्नाव की ओर जा रही थी, जिसमें उनके बैठने की जगह न होने पर तमाम महिलाएं खड़ी थी। जरा सा चूकने में ऐसे में कभी भी कोई हादसा हो सकता है।

इस बावत कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि प्रतिबंधित वाहनों में सवारियां बैठी मिलने पर उनके चालान किये जा रहे हैं। ऐसे वाहनों पर बराबर नजर भी रखी जा रही है।



बैराज मार्ग पर लोडर से भरकर जातीं सवारियां। अमृत विचार

## अवैध कब्जा रुकवाने की प्रशासन से मांग

**बांगरमऊ, उन्नाव।** दबंगों द्वारा पुस्तैनी नाली को जबरन बंद कर अवैध कब्जा किया जा रहा है। पीड़ित ने आनलाइन शिकायत कर अवैध कब्जा रुकवाने की मांग की।

कोतवाली क्षेत्र के गांव नसीरपुर भिक्खन निवासी कमलेश चंद्र पुत्र अवधेश कटियार ने की गई शिकायत में कहा कि उसके घर से पानी के निकास हेतु पुस्तैनी नाली बनी हुई है। सार्वजनिक नाली पर गांव के दबंग लोग जबरन कब्जा कर निर्माण करा रहे हैं। इस संबंध में शिकायती पत्र देने के बाद स्थानीय पुलिस व राजस्व टीम द्वारा कब्जे को अवैध करार देकर निर्माण रोकने की चेतावनी दी गई। लेकिन दबंगों द्वारा निर्माण बंद नहीं कराया गया है। पीड़ित ने कोर्ट की शरण लेने के बाद आनलाइन शिकायती पत्र देकर जिला प्रशासन से अवैध निर्माण रुकवाने की मांग की है।

## हाईवे पर लोडर खराब होने से लगा जाम

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** शुक्रवार सुबह नवीन पुल के संकरे रास्ते के चलते पीक ऑवर में जाम लगा रहा। जिससे कानपुर आने जाने वाले वाहन सवारों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी। इस दौरान दो घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। वहीं हाइवे पर शाम के समय पुराने पुल पर लोडर खराब होने के कारण एक घंटे तक जाम लगा रहा।

सुबह करीब साढ़े नौ बजे नवीन पुल पर वाहनों का भार बढ़ने और पुल के संकरे रास्ते के कारण जाम लगना शुरू हो गया। इसी बीच कानपुर और शुक्लागंज की ओर से आई ई बसों ने जाम और पेंचीदा कर दिया। शुक्लागंज से कानपुर ड्यूटी जाने वाले लोग जाम में फंस गये। मौजूद यातायात और स्थानीय पुलिस जाम हटवाने के लिये जूझती रही। इस दौरान करीब ग्यारह बजे तक जाम लगा रहा। जिससे तेज धूप में लोग बिलबिला उठे। इसी तरह दोपहर और शाम को भी नवीन पुल पर जाम लगने से लोग परेशान रहे। वहीं दोपहर में सरैयां क्रासिंग पर भी कुछ देर के लिये जाम लगा रहा।



नवीन पुल के रास्ते पर जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

### लोडर खराब होने से हाइवे जाम

■ शुक्रवार शाम पांच बजे एक लोडर उन्नाव से कानपुर जा रहा था तभी, हाइवे स्थित जाजमऊ पुराने पुल पर लोडर खराब हो गया। बीच सड़क पर लोडर खड़ा होने के कारण मार्ग संकरा हो गया और बड़े वाहन निकल नहीं सके। जिससे कुछ ही देर में पुल से लेकर त्रिभुवन खेड़ा तक लंबा जाम लग गया। जाम को देख पहुंची जाजमऊ पुलिस ने लोडर को किनारे करवाया। जिसके बाद वाहन रेंगना शुरू हो सके। इस दौरान छह बजे तक हाइवे पर जाम लगा रहा। जिससे लंबी दूरी की बसों के अलावा तमाम वीआईपी फंसे रहे।

### सर्विस लेन पर पहुंचे हैवी वाहन, लगा जाम

**बिछिया।** बनी कस्बे में बन रहे एलीवेटेड एक्सप्रेस-वे निर्माण के चलते अक्टूबर से दही चौकी पुरवा मोड़ पर रूट डायवर्ट किया गया था। इसके बाद आएदिन जाम लगने से डीएम ने सर्विस रोड बनवाकर उस पर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी और एक सिपाही तैनात कर दिया। गुरुवार देररात सर्विस रोड पर सिपाही तैनात न होने से भारी वाहन सर्विस रोड पर पहुंच गए और चार किमी लंबा जाम लग गया। ट्रैफिक पुलिस कर्मी रूट डायवर्जन क्षेत्र में लगी ड्यूटी छोड़कर चालकों को ट्रक की आड़ में लेकर सेटिंग करते रहे। जिससे जाम और लंबा हो गया। गुरुवार रात दो बजे लगा जाम शुक्रवार सुबह आठ बजे सामान्य हो सका।

## अधेड़ ने जहरीला पदार्थ निगलकर दे दी जान

संवाददाता औरास उन्नाव

**अमृत विचार।** औरास थानाक्षेत्र गहा खेड़ा निवासी एक अधेड़ ने पारिवारिक विवाद के बाद जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी लाए जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है



चंद्रिका पासी।

मिर्जापुर अजिगांव गांव के मजरा गहा खेड़ा निवासी चंद्रिका पासी (50) पुत्र स्व. नोखे ने पारिवारिक कहासुनी के बाद घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। उल्टियां शुरू होने पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई। वह उसे निजी साधन से सीएचसी औरास लाए। जहां जांच के बाद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर मिलते परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दिवंगत अधेड़ के दो बेटे व तीन बेटियां हैं इनमें से दो बेटियो की शादी हो चुकी है। बेटी पायल व पत्नी चंदाना का रो-रोकर बुरा हाल है।

## एक सप्ताह बाद शुरू हो सकी एक दर्जन गांवों की जलापूर्ति

अमृत विचार प्रभाव

संवाददाता, शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** पोनी गांव में बनी पानी की टंकी से आस पास के गांवों को जलापूर्ति होती है। कई दिनों से एक दर्जन से अधिक गांवों को पानी नहीं पहुंच रहा है। जिससे ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। ग्रामीणों की इस समस्या को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। जिस पर विभाग ने पोनी टंकी के पास लगे वॉल्व को खोला और क्षेत्र की जलापूर्ति चालू करा दी।

पोनी गांव में बनी पानी की टंकी से लखापुर, रमचरामऊ, पपरिया, रामगंज, लोहारन खेड़ा, लोचन खेड़ा, डकारी, कुटेवा, त्रिभुवन खेड़ा समेत एक दर्जन से अधिक गावों को जलापूर्ति होती है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया था कि जलकल कर्मियों ने आपसी विवाद के चलते टंकी को जाने वाला वॉल्व बंद कर दिया है।



● अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था समाचार

जिससे टंकी में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। ऐसे में भीषण गर्मी में हम लोगों को पानी की किल्लत झेलनी पड़ रही है। इस समस्या को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। जिसका जलकल विभाग ने संज्ञान लेकर जिम्मेदारों को वॉल्व खोलने के निर्देश दिये। गुरुवार को वॉल्व हटाया गया। इसके बाद एक दर्जन से अधिक मोहल्लों की जलापूर्ति चालू हो सकी। जलापूर्ति चालू होने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

## पालिका ने कराया एंटी लार्वा का छिड़काव

**शुक्लागंज।** मच्छरों की भरमार को देखते हुये नगर पालिका गंगाघाट की ओर से वार्डों में एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जा रहा है। जहां शुक्रवार को भी कई मोहल्लों में छिड़काव कराया गया।

पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर शुक्रवार को पालिका कर्मियों ने क्षेत्र के कई वार्डों में पहुंचे। जहां पालिका कर्मियों ने नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव किया। जिससे मच्छरों के लार्वा न पनप सके। इस बावत ईओ ने बताया कि वेक्टर जनित रोगों से बचाव के लिये बराबर वार्डों में एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जा रहा है। फागिंग भी कराई जाएगी।

## सार-संक्षेप

### घर के बाहर भैंस जाने पर बहन-भाई व मां को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**फतेहपुर चौरासी।** थानाक्षेत्र के गांव महमदपुर निवासी बदलू पुत्र रामबक्स ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 12 मई की देररात उनके खूंटे में बंधी भैंस रस्सी तोड़कर छूट गई। जिसके बाद घूमते हुए वह पड़ोसी के दरवाजे पहुंच गई। जिससे पड़ोसी भैंस की लाठी-डंडों से पिटाई कर रहे थे। तभी वह वहां पहुंचा तो उसने इसका विरोध किया। जिससे नाराज विरोधी ने भैंस को छोड़कर लाठी-डंडा लेकर उसे दौड़ा लिया। इस दौरान वह जान बचाकर भागा और अपने घर में घुस गया। किंतु विरोधी उसके घर पहुंचे और घर के बाहर सो रहे उसके बेटे रमन, बेटे चांदनी व पत्नी उर्मिला की लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी। इसमें उन्हें गंभीर चोटें आ गईं। घटना के बाद तीनों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहा से उन्हें रेफर कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बृजेंद्र व राघवेंद्र पुत्र लाल बहादुर, दीपक पुत्र जयसिंह के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

### डंपर की टक्कर के बाद दो हिस्सों में बंटी ट्रैक्टर-ट्रॉली

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र में बिल्हौर मार्ग पर चालक ट्रैक्टर-ट्राली में तरबूज लादकर कन्नौज से बिक्री करने बांगरमऊ के कृषि उत्पादन मंडी यार्ड आया था। वह तरबूज बेचकर वापस कन्नौज जा रहा था। तभी शुक्रवार शाम बिल्हौर मार्ग स्थित पंच पीर बाबा की मजार के सामने सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर दो टुकड़ों में बंट गया। गनीमत रही कि चालक उछलकर दूर फुटपाथ पर जा गिरा और बाल-बाल बच गया। टक्कर मारने के बाद चालक डंपर लेकर भाग निकला।

सतर्कता

आरपीएफ और जीआरपी रही मुस्तैद, एलआईयू और खुफिया विभाग पल-पल की लेते रहे खबर

## पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के निकलने को लेकर अलर्ट रही रेलवे पुलिस

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को शुक्रवार को दिल्ली से अयोध्या प्रभु श्रीराम के दर्शन करने के लिये परिवार के साथ जा रहे थे। जिसे देखते हुए गंगाघाट उन्नाव समेत तमाम रेलवे स्टेशनों पर सुबह से ही आरपीएफ और जीआरपी मुस्तैद हो गयी। इसके साथ ही गंगा नदी पर बने रेलवे पुल पर सुरक्षा व्यवस्था तैनात रही। सुबह के समय भारत के पूर्व राष्ट्रपति वंदे भारत ट्रेन से लखनऊ की ओर रवाना हो गये। इसके बाद मातहतों ने राहत की सांस ली।

भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को वंदे भारत एक्सप्रेस से नई दिल्ली से अयोध्या कैंट प्रभु श्री राम के दर्शन के लिये जाना था। जिसको लेकर प्रोटोकॉल जारी हुआ। पूर्व राष्ट्रपति की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शुक्रवार सुबह से ही रेलवे पुल से लेकर उन्नाव तक जगह-जगह आरपीएफ और जीआरपी मौजूद रही।

तेज धूप होने के बावजूद पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था के लिए डटे रहें। सुबह 11:11 बजे वंदे भारत एक्सप्रेस गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर पहुंची, जिसे रनथ्रू गुजरा गया। ट्रेन के गुजरने के बाद सुरक्षा व्यवस्था में तैनात आरपीएफ और जीआरपी ने राहत की सांस ली। इस दौरान स्टेशन पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।



गंगाघाट रेलवे स्टेशन से गुजरती वंदेभारत, मौजूद पुलिस।



ट्रॉली में बैठकर ट्रैक की हकीकत देखते इंजीनियर।

### रोकी गई झांसी पैसेंजर, निकाली वंदे भारत

■ लखनऊ से कानपुर जा रही झांसी पैसेंजर ट्रेन को 10 :25 बजे गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया। वीआईपी ट्रेन गुजरने का संकेत मिलते ही महकमा अलर्ट हो गया। 11 :11 बजे पर गंगाघाट रेलवे स्टेशन से ट्रेन मगरवारा उन्नाव स्टेशन के लिए रवाना हुयी। उसके बाद झांसी पैसेंजर ट्रेन को रवाना किया गया। इस दौरान पैसेंजर ट्रेन के यात्री परेशान हो गये।

### अभियंताओं ने रेलवे ट्रैक का किया निरीक्षण

**शुक्लागंज, उन्नाव।** कानपुर लखनऊ रेल रूट पर हाई स्पीड की ट्रेनें चलाई जानी है। जिसे देखते हुये विभाग पिछले कई दिनों से ट्रैक के मरम्मतीकरण का काम करा रहा है। शुक्रवार को रेल पथ विभाग के इंजीनियरों ने ट्राली में बैठकर ट्रैक की हकीकत देखी। जहां खामियां मिली उन स्थानों को चिन्हित किया गया। शुक्रवार सुबह रेलपथ विभाग के इंजीनियर गंगाघाट पहुंचे। जहां पहले कानपुर लखनऊ रेल रूट स्थित रेलवे पुल पर ट्रैक की हकीकत देखी। इस दौरान ट्राली से पुल के ट्रैक का निरीक्षण किया। जहां भी खामियां मिली उन्हें चिन्हित किया गया। इसके साथ ही लखनऊ कानपुर रेल रूट स्थित अप लाइन का भी निरीक्षण किया। कई जगह खामियां मिलने पर उन्हें चिन्हित किया गया। संबंधित कर्मचारियों को मरम्मत करने के निर्देश दिये गये। वहीं कुछ स्थानों पर नट बोल्ट ढीले और पैंड्रोल क्लिपें गायब मिली। उन्हें तुरंत लगवाया गया।

### एलआईयू, खुफिया विभाग लेता रहा इनपुट

■ पूर्व राष्ट्रपति के आगमन को लेकर पहले से एलआईयू और खुफिया विभाग की टीम वीआईपी को सकुशल निकालने के लिए अपना इनपुट्स लेते रहे। सुरक्षा की ओर से मुख्यालय की ओर से अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किये गये थे। ट्रेन के गुजरने के बाद विभागीय अफसर ने मुख्यालय को कुशलता से ट्रेन के गुजरने की जानकारी दी।

## दबंग महिला मोहल्ले में बेच रही गांजा, शिकायत

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

● क्षेत्रीय लोगों ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा, गंगाघाट कोतवाली के आरपी नगर का मामला

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आरपी नगर में एक महिला खुलेआम गांजा बेच रही है। क्षेत्रीय लोगों के विरोध करने पर मारपीट करने पर आमादा होने के साथ ही धमकी दे रही है। जिससे परेशान होकर क्षेत्रीय लोगों ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

मरहला चौराहा स्थित आरपी नगर निवासी रेनू गुप्ता ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजते हुए बताया कि मोहल्ले में रहने वाली एक दबंग महिला खुलेआम गांजा बेच रही है। कई बार इसका विरोध किया तो दबंग महिला ने अपने कुछ साथियों के साथ गाली गलौज कर उसे मारा पीटा और परिवार को भी जान से मारने की धमकी दी है। उन्होंने बताया कि महिला से पूरा मोहल्ला परेशान है। यहां तक कि कई बार कार्यवाही को लेकर गंगाघाट पुलिस और डॉयल पुलिस को भी सूचना दी गई लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। महिला बराबर उसे और उसके परिवार को धमकी दे रही है। रेनू ने सीएम को पत्र भेजकर शिकायत करते हुये कार्रवाई की मांग की है।



# जिम्मेदारों की उदासीनता का शिकार हुए रोपे गए पौधे

## जिले के प्रभारी मंत्री के नेतृत्व में सदर तहसील परिसर में हुआ था पौधारोपण, देखरेख के अभाव में सूख गए

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** बीते वर्ष मानसूनी सीजन में समारोह आयोजित कर सदर तहसील परिसर में रोपे गए लगभग सभी पौधे नष्ट हो चुके हैं। हालांकि, तत्कालीन डीएम अपूर्वा दुबे व सीडीओ ऋषिराज ने यहा लगने वाले पौधों को संरक्षण देने के लिहाज से स्थल चयन किया था। लेकिन, पौधों के प्रति न तो अधिकारी और न ही जनप्रतिनिधि संवेदनशील रहे। इससे पानी की उपलब्धता के बावजूद देखरेख के अभाव में ब्लाक नंबर-एक को छोड़कर ज्यादातर पौधों का अस्तित्व समाप्त हो चुका है।

शासन के निर्देश पर पर्यावरण संरक्षण के लिए सदर तहसील परिसर में जिले के प्रभारी व परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की मौजूदगी में वृहद पौधरोपण हुआ था। मुख्य अतिथि सहित जिला पंचायत अध्यक्ष, सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी नाम की पट्टिका वाले स्थान पर अलग-अलग पौध रोपित किए थे। सदर तहसील में पहले से बाउंड्रीवाल होने के बावजूद अफसरों ने पौधों को नष्ट होने से बचाने के लिए संबंधित भूभाग पर कटीले तारों की बाड़ भी लगवाई थी। साथ ही पौधों को पानी देने के लिए यहां ओवरहेड टैंक सहित नलकूप भी स्थापित है। इसके बाद भी यहां लगाए गए तमाम पौधे अधिकारियों की उदासीनता की भेंट चढ़ गए। हालांकि, पौधरोपण के बाद अफसरों ने देखरेख के लिए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की तैनाती का दावा किया था। इसके बाद भी न तो पौधों को लगातार पानी दिया गया और न ही किसी ने नष्ट होने वाले पौधों की जगह नए पौधे लगवाने की जहमत उठाई। इससे संबंधित स्थान सूखा पड़ा है और तपती दोपहर में यहां धूल उड़ती रहती है। संबंधित पौधे वन विभाग ने उपलब्ध कराए थे। लेकिन, पौधरोपण प्रशासनिक स्तर से कराया गया था। इसलिए पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी प्रशासनिक अफसरों की थी। इसीलिए पौधरोपण से पहले सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र पंचायत ने चयनित स्थल पर मनरेगा के माध्यम से पौध रोपण के लिए गड्ढे भी खुदवाए गए थे।



सदर तहसील परिसर स्थित वाटिका में सूखे खड़े पौधे के डंठल। अमृत विचार



वाटिका के ब्लाक में जीवित बचे कुछ पौधे। अमृत विचार

● सुरक्षा इंतजाम व पानी की भी थी व्यवस्था



वाटिका गेट पर लगा जंग युक्त ताला।

### रिपोर्ट के आधार पर बदले जाएंगे पौधेः एसडीएम

एसडीएम सदर प्रज्ञा पांडेय ने बताया कि उन्होंने कुछ माह पहले ही कार्यभार ग्रहण किया है। इसके बावजूद वन विभाग से रिपोर्ट मांगी गई है। जिसके आधार पर आवश्यतानुसार नए पौधे लगवाए जाएंगे। साथ ही लगने वाले पौधों को संरक्षित भी किया जाएगा।

### जंग लगा ताला कर रहा 'चुगली'

वाटिका स्थल पर कटीली बाड़ के साथ लगवाए गए गेट पर लगा ताला पौधों की देखरेख के प्रति बरती जा रही उदासीनता साबित कर रहा है। ताले पर लगी जंग बताती है कि लंबे समय से ताला खोलकर किसी ने अंदर जाने की जहमत नहीं उठाई है। इसीलिए पानी न मिलने से जहां अधिकांश पौधे सूख चुके हैं। वहीं एक नंबर ब्लाक में लगे हरे दिख रहे पौधों के इस भीषण गर्मी में सूखने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

# शादी में गए युवक की छत से गिर कर हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

● आसीवन थानाक्षेत्र के झाऊखेड़ा में शादी में आया था युवक

**अमृत विचार।** आसीवन थानाक्षेत्र के झाऊखेड़ा में शादी में आया युवक सोते समय छत से नीचे गिर गया। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

औरास थानाक्षेत्र के नेवाती खेड़ा सिंधूर गांव निवासी विंदेश्वर (45) पुत्र स्व. पूरन खेती कर परिवार का खर्च चलाता था। गुरुवार को आसीवन थानाक्षेत्र के झाऊखेड़ा गांव निवासी भाई महावीर की बेटी शांति की शादी थी। इसमें शामिल होने वह परिवार सहित गया था। वैवाहिक कार्यक्रम चल रहे थे तभी विंदेश्वर छत पर सोने गया था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह नीचे गिरकर गंभीर घायल हो गया। शोर सुन लोग दौड़े और उसे घायल हालत में पास के सरकारी अस्पताल लाए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर मिलते परिजनों में कोहराम मच गया। मंगल गीतों की जगह चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया और शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द किया। दिवंगत युवक तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। भाई राम अवतार, शिवपाल सहित पत्नी भगवान देई रो-रोकर बेहाल रही। उसके दो बेटे हरी किशन, श्रीकिशन और बेटी रजनी व काजल हैं।



विंदेश्वर।

# बढ़ते तापमान के चलते सीएचसी में बढ़ रही मरीजों की संख्या

संवाददाता हसनगंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी और उमस भरी गर्मी के कारण लोग मौसमी बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। गर्मी बढ़ने के साथ डायरिया व दस्त के मरीजों में इजाफा हो रहा है। इसके चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसनगंज में दर्जनों डायरिया के मरीज पहुंच रहे हैं।

बता दें कि बीते एक सप्ताह में सीएचसी में एक दर्जन से अधिक डायरिया के मरीजों का इलाज किया गया। इसके अलावा डायरिया, दस्त, श्वांस व बुखार के सैकड़ों मरीज भी इलाज कराने पहुंच रहे हैं। इन मरीजों को आवश्यक स्लाइन व दवाइयां देकर घर भेजा जा रहा है। गंभीर मरीजों को अस्पताल में भर्ती कर उनका इलाज किया जा रहा है। अभी तक हीट वेव से पीड़ित कोई मरीज अस्पताल नहीं पहुंचा है। हीट वेव के लिए अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड बनाया गया है। जिसमें मरीज को सभी प्रकार की सुविधाएं दी जा रही हैं। सीएचसी प्रभारी डा. प्रमोद ने बताया कि बढ़ते तापमान को देखते हुए अस्पताल में दो बेड का इमरजेंसी वार्ड बनाया गया है। जिसमें सभी प्रकार की सुविधाएं दी गई हैं।



अस्पताल में भर्ती मरीज को देखते डाक्टर। अमृत विचार

● उमस भरी गर्मी को देखते हुए अस्पताल में बनाया गया दो बेड का इमरजेंसी वार्ड

# पुलिस जांच में फर्जी निकली लूट की घटना

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

● कहा, पहली पत्नी से विवाद के चलते दी थी झूठी सूचना

**अमृत विचार।** औरास थानाक्षेत्र के पंचमखेड़ा में हुई 9.50 लाख की लूट का मामला पुलिस की जांच में फर्जी पाया गया। पहली पत्नी से लेनदेन के विवाद और एक-दूसरे पर दर्ज रिपोर्ट के कारण युवक ने पुलिस को लूट की भ्रामक सूचना देकर गुमराह करने का प्रयास किया था।

बता दें कि औरास थानाक्षेत्र के गांव नीभा खेड़ा निवासी बलबीर बहादुर ने गुरुवार देरशाम थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि 16 मई को उसने अपनी जमीन 9.50 लाख में बेची थी। वह रुपए लेकर लौट रहा था। तभी गुरुवार देरशाम पौने आठ बजे जैसे ही वह थानाक्षेत्र के अटिया व पंचम खेड़ा गांव के पास पहुंचा तो लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के नीचे वहां खड़े बाइक सवार तीन लोगों ने तमंचे की नोक पर बाइक की डिग्गी में रखे रुपए लूट लिये और फरार हो गए। लूट की सूचना पर पुलिस के हाथपांव फूल गए। एसओ फोर्स के साथ पहुंची और जांच की तो मामला संदिग्ध मिला। तहरीर में तीन लोगों को नामजद किए जाने से पुलिस का शक यकीन में बदल गया। सीओ बांगरमऊ अरविंद चौरसिया ने बताया कि बलवीर प्रापर्टी का काम करता है। उसका अपनी दूसरी पत्नी रीतू सेअलगाव हो गया है और दोनों ने एक-दूसरे के विरुद्ध रिपोर्ट भी दर्ज करा रखी है।

# 'शिक्षक शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाएं'



नवनिर्मित बाउंड्री वाल का लोकार्पण करते सेवानिवृत्त शिक्षक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

● प्राथमिक विद्यालय दुबेपुर में बनाई गई बाउंड्रीवाल

**अमृत विचार।** सुमेरपुर ब्लाक क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय दुबेपुर में बनाई गई बाउंड्रीवाल का सेवानिवृत्त न्याय पंचायत प्रभारी संकठा प्रसाद ने लोकार्पण किया। इससे पहले बीईओ अखिलेश वर्मा व उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष विनोद सिंह ने मुख्य अतिथि का सम्मान किया।

लोकार्पण समारोह में बीईओ ने कहा कि हर विद्यालय को शासन स्तर से तय सभी 19 पैरामीटर से संतृप्त कराया जा रहा है। उन्होंने परिषदीय विद्यालयों को सुविधा सम्पन्न बनाने के साथ शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने में शिक्षकों से सहयोग की अपील की। वहीं ब्लाक अध्यक्ष ने दावा किया कि शिक्षक-शिक्षिकाएं लगातार गुणवत्तापूर्ण अध्यापन कार्य करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भौतिक वातावरण में सुधार होने से निश्चित तौर पर बच्चों व अभिभावक आकर्षित होकर निजी विद्यालयों के बजाए परिषदीय स्कूलों को तवज्जो देंगे। शिक्षक मनोज पटेल ने आए शिक्षकों का स्वागत जताते हुए आभार जताया। संचालन आनंद त्रिपाठी ने किया।

# नाबालिग को तमंचा दिखाकर दी जान से मारने की धमकी

संवाददाता नवाबगंज, उन्नाव

● पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर एसपी से लगाई गुहार

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के खड़ेहरा गांव निवासी बेचेलाल पुत्र कुन्हु रैदास ने एसपी को दिये शिकायती पत्र में बताया कि बीती 11 मई को उसका नाबालिक बेटा रजनीश के सिर पर गांव के एक युवक ने तमंचा लगाकर घर से पैसे लाने की बात कही। पैसा न लाने पर जान से मारने की धमकी दी। बेटे ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। गुरुवार शाम आरोपी अपने परिवार वालों के साथ उसके घर पहुंचा और जाति सूचक गालियां देते हुए मारपीट की। आरोप है कि पीड़ित के बेटे को वे लोग तमंचा लगाकर अपने साथ ले जाने लगे और दो लाख रुपये की मांग की। पैसे न देने पर युवक की लाश नहर में मिलने की धमकी भी दी। इसके बाद पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। शुक्रवार को उसने एसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। उधर, शुक्रवार को आरोपी की तमंचा के साथ एक फोटो शोसल मीडिया पर वायरल हो गई। इसके बाद पुलिस ने वायरल फोटो को संज्ञान में लेते हुए तत्परता दिखाते हुए युवक को हिरासत में ले लिया। इसे लेकर कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली थी। कार्रवाई करते हुए युवक की पहचान कर हिरासत में ले लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के दौरान जो भी तथ्य निकलकर सामने आएंगे उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# फांसी लगाकर अधेड़ ने दी जान

**उन्नाव।** बीमार पत्नी के इलाज के बाद से आर्थिक तंगी से ऊबे अधेड़ ने रस्सी के फंदे से पेड़ पर लटक कर जान दे दी। उसका शव लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द किया। अचलगंज थानाक्षेत्र के शिवदीन खेड़ा निवासी मुरारी (59) मजदूरी करता था। भाई रामचंद्र ने बताया कि उसकी पत्नी मालती काफी समय से बीमार थी। मार्च में उसका पेट का आपरेशन हुआ था। इलाज में काफी खर्च होने से मुरारी इन दिनों आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। इससे वह परेशान था। शुक्रवार को गांव के बाहर शंकर दुबे के बाग में रस्सी के फंदे पेड़ पर फांसी लगा ली। ग्रामीणों ने उसे लटका देख परिजनों को सूचना दी। घर वाले पहुंचे और शव देख र बेहाल हो गए। जांच बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है।

# अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध फिर भी नहीं हो रही जांचें

संवाददाता नवाबगंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित नवाबगंज सीएचसी में अल्ट्रासाउन्ड मशीन उपलब्ध होने और चिकित्सक की तैनाती के बाद भी मरीजों को बाहर से आल्ट्रासाउन्ड कराने को मजबूर होना पड़ रहा है। जिससे सीएचसी पहुंच रहे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि सीएचसी में तैनात चिकित्सकों द्वारा निजी संस्थान को लाभ पहुंचाने की मंशा से ऐसा किया जा रहा है।

बता दें कि नवाबगंज सीएचसी में अल्ट्रासाऊन्ड मशीन उपलब्ध है और यहां एक चिकित्सक देवेंद्र कुमार की तैनाती भी है। लेकिन, उन्हें अन्य अस्पताल से अटैच कर दिया गया है। जिससे यहां मरीजों के अल्ट्रासाउन्ड नहीं हो पा रहे हैं और गांव से आने वाले मरीजों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। जो मरीज आते हैं उन्हें बाहर से अल्ट्रासाउन्ड कराने के लिये लिख दिया जाता है। निजी जांच केंद्रों में मरीजों से जांच के नाम पर जमकर लूट की जा रही है। इस संबध में चिकित्साधीक्षक डा. राजेश कुमार ने बताया कि चिकित्सक जिला अस्पताल में अटैच है जिससे अल्ट्रासाउन्ड नहीं हो पा रहे हैं। इसके चलते शासन स्तर से निर्धारित किया गया है कि माह की 1, 9, 16 व 24 तारीख को हाई प्रेग्नेन्शी दिवस के दिनों में बाहर से अल्ट्रासाउन्ड कराये जाते हैं। जिसके लिये सीएमओ कार्यालय से नवाबगंज का एक सेन्टर निर्धारित है। जिसमें असोहा से भी मरीज आते हैं। बाकी दिन लोग बाहर से अल्ट्रासाउंड कराकर लाते हैं। यहां पर इन दिवसो में होने वाले अल्ट्रासाउन्ड का पैसा शासन स्तर से दिया जाता है। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि सीएचसी में अल्ट्रासाउंड जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है और कमीशन के चलते चिकित्सक मरीजों को निजी जांच केंद्रों पर भेज रहे हैं। जिससे मरीज निजी केंद्रों पर जांच कराने को मजबूर हैं।





सीएचसी नवाबगंज। अमृत विचार

● मरीजों का आरोपः निजी जांच केंद्रों को लाभ पहुंचाने के चलते नहीं करते जांच

# मतगणना स्थल के गेट तक जा सकेंगे प्रत्याशी, प्रतिनिधि

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● स्क्रीन देखकर कर सकेंगे ईवीएम स्ट्रांग रूम की निगरानी

**अमृत विचार।** मतदान तिथि के बाद अब जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने सभी प्रत्याशियों या उनके दो-दो प्रतिनिधियों को ईवीएम स्ट्रांग रूम की निगरानी का आदेश जारी किया है। हालांकि प्रत्याशी व उनके प्रतिनिधि प्रशासन द्वारा तय लिमिट मतगणना स्थल के मुख्य द्वार के अंदर जाकर वहां लगी स्क्रीन पर विधानसभावार रखी गईं ईवीएम पर नजर रख सकेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रेक्षक बाबू ए की देखरेख में लोकसभा निर्वाचन में इस्तेमाल की गईं ईवीएम को मतगणना स्थल में सुरक्षित रखवाया है। परिसर सीआरपीएफ की कड़ी सुरक्षा हैं, जहां अनाधिकृत प्रवेश करना किसी के लिए संभव नहीं है। प्रत्याशी व उनके प्रतिनिधि अभी तक गेट पर लगी स्क्रीन देख सकते थे। गुरुवार को डीईओ ने आदेश जारी करते हुए उन्हें मतगणना स्थल के अंदर प्रवेश की अनुमति दी है, लेकिन वह गेट के अंदर प्रवेश कर स्क्रीन पर जिले के छह अलग-अलग कक्षों में विभिन्न विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम पर निगरानी रख सकेंगे। कहा कि अधिकृत किए जा रहे प्रत्याशी या उनके प्रतिनिधियों को इस दौरान तय सीमा से आगे प्रवेश की स्वीकृति नहीं होगी। आदेश में गेट के अंदर रहने की समयावधि का उल्लेख नहीं है, सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन विधि टीम में शामिल अधिवक्ता हृदय प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि आदेश को देखते हुए प्रत्याशी व उनके प्रतिनिधि सुविधानुसार 24 घंटे भी तय स्थान पर रह सकते हैं।

कैसे निखरेगी प्रतिभा | 300 खिलाड़ियों का भविष्य दांव पर, डीसीए से मांगा गया ट्रायल तिथियों के लिए यूपीसीए का प्रमाण

# ग्राउंड बुकिंग को लेकर डीएसओ ने दिखाया 'अंगूठा'

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** यूपीसीए से संबद्ध जिला क्रिकेट एसोसिएशन (डीसीए) द्वारा ग्राउंड न मिलने से विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों के ट्रायल मैच कराना संभव नहीं हो पा रहा है। डीसीए सचिव ने बताया कि जिला क्रीड़ा अधिकारी (डीएसओ) डीसीए को यूपीसीए की ओर से तिथियां तय करने का प्रमाण मांगती हैं। आरोप है कि वे अपने करीबियों को मनमाने ढंग से ग्राउंड आवंटित कर देतीं हैं।

डीसीए सचिव पीके मिश्र ने बताया कि यूपीसीए के निर्देश पर छह अप्रैल से अंडर-14, अंडर-15, अंडर-16, अंडर-19, अंडर-23, सीनियर बालक व बालिकाओं की जिला स्तरीय ट्रायल प्रतियोगिता कराने के लिए जिला खेल कार्यालय को पत्र लिखते हुए ग्राउंड उपलब्ध कराने की मांग की गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि डीएसओ लगातार ग्राउंड बुक करने में हीलाहवाली करतीं रहीं। बताया कि डीसीए ने ट्रायल के लिए 17, 18, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 27, 28, 29, 30 व 31 मई के लिए ग्राउंड बुक कराने का अनुरोध किया था। विभागीय अधिकारी ने ग्राउंड बुक करने के बजाए यूपीसीए से जिला स्तरीय ट्रायल कराने की अनुमति उपलब्ध कराने की बाध्यता बता दी। बारिश के मौसम में पं. दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम में हर समय जलभराव रहता है, जिससे क्रिकेट कराना संभव नहीं रहता। डीएसओ ने 16 मई को डीसीए को पत्र जारी कर 20, 25, 28 व 30 मई को ग्राउंड उपलब्ध होने की जानकारी दी है। उन्होंने ट्रायल के लिए निर्धारित अन्य तिथियों पर स्टेडियम ग्राउंड बुक होने का दावा किया है। डीसीए सचिव ने दावा किया कि ग्राउंड की अनुपलब्धता से ट्रायल न हो पाने पर क्रिकेट में रुचि रखने वाले करीब 300 खिलाड़ियों का भविष्य अधर में रह जाएगा। क्योंकि, बारिश में ट्रायल संभव नहीं होगा। नाराजगी जताई कि यूपीसीए से संबद्धता के बाद भी डीसीए को ग्राउंड न देना विभागीय अधिकारी के तानाशाहीपूर्ण रवैये को साबित करता है।





पं. दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम।

### सबसे अधिक आय कराता है डीसीए

डीसीए सचिव ने दावा किया कि बीते वित्तीय वर्ष में एसोसिएशन ने ग्राउंड उपयोग करने के एवज में जिला खेल कार्यालय को 43,675 रुपए शुल्क अदा किया था। इसी तरह पूर्व के वर्षों में भी एसोसिएशन खेल विभाग की आमदनी का बड़ा जरिया रहा है। साथ ही यूपीसीए की संबद्धता के मद्देनजर ग्राउंड बुक कराने का पहला अधिकार डीसीए का ही बनना चाहिए।

### ग्राउंड बुक कराने वालों से जताई अनभिज्ञता

डीएसओ कल्पना कमल ने बुक होने की वजह से डीसीए को ग्राउंड न देने पाने की बात स्वीकार की। लेकिन वे बुकिंग कराने वाली खेल संस्था या व्यक्ति का नाम नहीं बता सकीं। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को कार्यालय बंद हो चुका है। लेकिन, शनिवार को कार्यालय पहुंचने पर रिकार्ड देखकर ही बताया जा सकता है। डीएसओ ने दावा किया कि वह भेदभाव रहित दायित्व निर्वहन कर रही हैं।

# युवक ने प्रेम-प्रसंग को लेकर किया आत्महत्या का प्रयास

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● कानपुर के शास्त्रीनगर मोहल्ले का निवासी है युवक

**अमृत विचार।** प्रेम-प्रसंग को लेकर क्षुब्ध कानपुर महानगर के युवक यहां ट्रेन को आते देख रेल पटरियों के बीच लेट गया। हालांकि उसके शरीर पर कहीं कोई खरोंच तक नहीं आई। आसपास मौजूद लोगों ने उसे पकड़कर जानकारी पाकर पहुंचे जीआरपी जवानों को सौंप दिया। जीआरपी ने युवक को कोतवाली पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया है, जहां परिजनों के पहुंचने का इंतजार किया जा रहा है।

लोकनगर रेलवे क्रासिंग के पास दोपहर बाद गुड्स ट्रेन को आते देख युवक ऋषभ सिंह पुत्र लालमन सिंह निवासी शास्त्री नगर कानपुर महानगर पटरियों के बीच लेट गया। चालक ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकता इससे पहले गुड्स ट्रेन के तीन-चार वैगन उसके ऊपर से गुजर गए। यह नजारा देखने वाले मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों की सांसे थमी रहीं। उन्होंने ट्रेन रुकते ही पास पहुंचकर युवक से बाहर निकलने को कहा। इस पर युवक कुछ ही पलों में बाहर आ गया। इस बीच किसी ने फोन कर इसकी जानकारी जीआरपी को दे दी थी। इसलिए जीआरपी जवान मौके पर पहुंच गए। इसलिए प्रत्यक्षदर्शियों ने युवक को सिपाहियों को सौंप दिया। युवक को जीआरपी जवान थाने लेकर पहुंचे और मामला उनकी सीमा क्षेत्र से बाहर का होने की वजह से कोतवाली पुलिस को सूचना दिया। इस पर कोतवाली पुलिस ने जीआरपी थाना पहुंच युवक को सुपुर्दगी में ले लिया। कोतवाली पुलिस ने परिवार के लोगों को बुलाया है। पुलिस के मुताबिक युवक ने प्रेम प्रसंग को लेकर जान देने का प्रयास करने की बात स्वीकार की है।

## सार-संक्षेप

### अनियंत्रित बाइक विद्युत पोल से टकराई, दो घायल

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव कालीखेड़ा के मजरे कसरौर निवासी संतोष (35) पुत्र पुत्तीलाल पड़ोसी आशिक (20) पुत्र कमलेश के साथ बाइक से पुरवा जा रहा था। तभी फतेहगंज गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गयी। जिसमें दोनों गंभीर घायल हो गये। दोनों को परिजन सीएचसी लाये। जहां संतोष की हालत गम्भीर देख डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### संक्रमण की बात सार्वजनिक करने पर हटाई गई वार्ड आया

**उन्नाव।** जिला महिला चिकित्सालय में एचआईवी संक्रमित प्रसूता की जानकारी लेबर रूम में तैनात वार्ड आया ने उसके परिजनों को दे दी। इस पर परिजनों ने उससे दूरी बना ली। प्रसूता ने इसकी शिकायत सीएमएस से की। सीएमएस ने फटकार लगाते हुए आया को 15 दिन के लिए वार्ड से हटा दिया। बता दें कि एक एचआईवी संक्रमित महिला का शुक्रवार को जिला महिला अस्पताल में सुरक्षित प्रसव कराया गया। इसके बाद सुबह उसे वार्ड में भर्ती किया गया। वार्ड आया ने यह बात उसके परिजनों को बता दी। जबकि प्रसूता ने संक्रमण की बात अपने परिजनों को नहीं बताई थी। इसके बाद प्रसूता रोते हुए सीएमएस कक्ष पहुंची। यहां उसने सीएमएस से शिकायत की। इसपर महिला अस्पताल के सीएमएस डा. अरविंद आनंद ने आया से स्पष्टीकरण तलब किया और उसे 15 दिन के लिए पद से हटा दिया। सीएमएस ने आया को इस कृत्य के लिए कड़ी फटकार लगाई। जिले के एचआईवी मामलों के नोडल अधिकारी डा .तौसीफ रिजवी के मुताबिक एचआईवी प्रोटेक्शन एक्ट के तहत यदि कोई अपने संक्रमण की जानकारी अपने परिजनों को नहीं देना चाहता है तो इसे गोपनीय रखा जाता है।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की 20वीं पुण्यतिथि मनाई

**औरास।** नगर पंचायत औरास क्षेत्र के राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के पास स्थित कस्बा औरास निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. भोलानाथ की समाधि स्थल पर 20वीं पुण्यतिथि मनाई गयी। इस दौरान सेनानी के परिजनों मे आदित्य शर्मा, प्रेमशंकर, विपिन व आयुष आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### महुआ टोला के सभासद ने दिया इस्तीफा

**शाहाबाद, हरदोई।** महुआ टोला वार्ड के सभासद शुएब खां ने अपनी बीमारी एवं कार्य व्यस्तता का हवाला देकर अपना इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा सभासद शुएब खां ने डीएम मंगला प्रसाद सिंह को सौंपा है। शुएब ने बताया है कि वह बीमार हैं और उनका दिल्ली से इलाज चल रहा है। शुएब खां के इस्तीफा देने के बाद महुआ टोला वार्ड में चुनाव होने की संभावनाएं बढ़ गई हैं।

### दो लोगों पर मारपीट का आरोप, तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली के मोहल्ला खेड़ा बीबीजई में हुई मारपीट में दो लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई।दूसरे पक्ष के प्रार्थना पत्र पर भी तीन के विरुद्ध रिपोर्ट लिखी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर के खेड़ा बीबीजई निवासी विनोद मिश्रा ने बताया खेड़ा तिराहा स्थित सागर ताल पर वह भैंस चरा रहा था। तभी किसी की गाय सागर ताल में पानी पीने चली गई। इसी बात पर मोहल्ले के रविंद्र उसे गाली गलौज करने लगा। मना करने पर रवींद्र ने टेनी के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। घटना में वह खुद और पुत्र शिवम घायल हुए हैं। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया दोनो पक्षों में मारपीट हुई है दोनों तरफ से प्रार्थना पत्र के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### युवक ने गांव के बाहर जाकर की आत्महत्या

**हरदोई।** मेहनत-मज़दूरी करने वाले युवक ने गुरुवार की शाम को गांव के बाहर पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुरसा थाने के खुटेहना निवासी अर्जुन के बड़े बेटे अभिषेक (20) ने गुरुवार को गांव के बाहर नाले के किनारे पेड़ पर रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अभिषेक ने प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाई की और उसके बाद पिता का खेती में सहयोग करता था।

# बाइक सवार दो भाइयों की डंपर से कुचलकर मौत

## सण्डीला इंडस्ट्रियल स्टेट स्थित बियर फैक्ट्री से काम कर गुरुवार रात लौट रहे थे घर

संवाददाता, सण्डीला, हरदोई




**अमृत विचार।** इंडस्ट्रियल स्टेट की बियर फैक्ट्री में काम करने के बाद वापस घर लौट रहे दो चचेरे भाइयों को डंपर ने टक्कर मारने के बाद कुचल दिया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने लखनऊ के एक निजी हास्पिटल में इलाज के दौरान शुक्रवार सुबह दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार सण्डीला कोतवाली के आबिद खेड़ा निवासी नीरज (33) और सचिन (22) आपस में चचेरे भाई थे। दोनों सण्डीला इंडस्ट्रियल स्टेट की बियर फैक्ट्री में काम करते थे। गुरुवार रात में छुट्टी के बाद दोनों बाइक से वापस घर जा रहे थे। इमलिया बाग वाले बाई-पास पर नगर पालिका परिषद की गौशाला के पास तेज़ रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मारते हुए दोनों को कुचल दिया। हादसे में सचिन की वहीं पर मौत हो गई, जबकि नीरज को लखनऊ के एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां शुक्रवार की सुबह उसने भी दम तोड़ दिया। हादसे की खबर सुनते ही आबिद खेड़ा गांव में अफरा-तफरी मच गई। एक साथ दोनों की इस तरह हुई मौत से उसके घर वालों में कोहराम मच गया। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

### चचेरे भाई होने के साथ गहरे दोस्त भी थे दोनों

नीरज और सचिन घर से साथ-साथ फैक्ट्री जाते थे और साथ-साथ वहां से वापस आते थे। वैसे वे दोनों आपस में चचेरे भाई तो थे, लेकिन उनके बीच काफी गहरी दोस्ती थी। लोग उन्हे भाई कम और दोस्त ज्यादा समझते थे। नीरज बड़ा था और उसकी शादी भी हो चुकी थी। उसके दो बेटे व एक बेटी है। जबकि सचिन दो सगे भाई थे, उसकी एक बहन है। सचिन की शादी नहीं हुई थी।

### सो रहे बुजुर्ग पर ड्राइवर ने चढ़ाया ट्रक, मौत

**सण्डीला, हरदोई, अमृत विचार।** ड्राइवर अपना ट्रक लखनऊ-पलिया हाई-वे के किनारे घर के सामने सो रहे बुज़ुर्ग के ऊपर चढ़ाता हुआ निकल गया,जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई। हादसा होने क बाद मौके पर मौजूद लोगों ने ट्रक चालक को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह भाग निकला। सण्डीला कोतवाली के तिलोईंया कला निवासी 60 वर्षीय अशरफी लाल गुरुवार की रात अपने घर के सामने लखनऊ-पलिया हाई-वे किनारे सो रहा था, उसी बीच करीब 11:30 बजे तेज़ रफ्तार ट्रक उसे रौंदते हुए निकल गया। हादसे के वक्त वहां जाग रहे लोगों के शोर करने पर तमाम लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकले और ट्रक को पकड़ने के लिए उसके पीछे दौड़ पड़े, लेकिन उन्ही के सामने धूल उड़ाता हुआ वहां से भाग निकला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए इस बारे में पूछताछ की। उसने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए हादसे की जांच शुरु कर दी है।



### मंडी में पहुंच जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने परखी मतगणना की तैयारियां

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मण्डी परिसर का भ्रमण किया। उन्होंने परिसर मे सुरक्षा व्यवस्था को देखा। उन्होंने कहा कि राजनैतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियों को बैठने के लिए उचित व्यवस्था की जायें। परिसर में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था की जायें। परिसर मे आने जाने वालों की वीडियोग्राफी करायी जायें। अनाधिकृत व्यक्तियों को परिसर मे प्रवेश न करने दिया जायें। इस अवसर पर एसडीएम राकेश सिंह व जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## विधायक अलका अर्कवंशी ने जताया वोटरों का आभार

संवाददाता, संडीला, हरदोई

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा संडीला की विधायक अलका सिंह अर्कवंशी ने जनपद में लोकसभा के चौथे चरण के मतदान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मिश्रिख लोकसभा क्षेत्रों में हुए मतदान में जिस प्रकार से जनता जनार्दन ने आगे बढ़कर मतदान में भाग लिया है, उसके चलते मतदान लगभग 56.52 प्रतिशत के आसपास पहुंच गया है।

मतदाताओं के इस उत्साह के लिए मैं सभी मतदाताओं का हार्दिक अभिनंदन करती हूं, उन्हें बधाई देती हूं। कहा कि आज इस लोकतंत्र के महापर्व में संडीला विधानसभा के नागरिकों, हमारे मतदाता भाई-बहनों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हमारी माता-बहनों, युवाओं और 18-19 वर्ष के नव मतदाताओं ने भी मतदान में बढ़चढ़कर भाग लिया है। जिसमें नगर संडीला, भरावन, अतरौली, मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में शांतिपूर्वक और सुव्यवस्थित मतदान के लिए मैं सभी मतदाताओं, विधान सभा संडीला के नागरिकों को बधाई और धन्यवाद देती हूं। इसके साथ ही प्रदेश के प्रशासन और चुनाव आयोग को भी धन्यवाद देती हूं। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी अभिनंदन करती हूं, जिन्हें एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए देश-प्रदेश की जनता ने बढ़चढ कर मतदान किया है। जनता का एक वोट देश के लोकतंत्र को मजबूत करने का कार्य करता है।

# डीएम से लू के बचाव के लिए जनता से की अपील

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार 20 मई तक जनपद में हीट वेब (येलो अलर्ट) की संभावना है। इसे लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने एडवाइजरी जारी कर लू से बचाव के उपाय, लक्षण व उपचार आदि के बारे में बताया है। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने अपील करते हुए कहा है कि जनसामान्य लू से बचाव को लेकर बताये उपायों को अमल में लायें और बचाव करें।

अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी दैवीय आपदा प्रियंका सिंह ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार 18 से 20 मई तक हीट वेव चलने की संभावना है। ऐसे में हीटवेब(लू) से बचाव के लिए आवश्यक एहतियातें बरती जायें तथा सुरक्षात्मक उपायों को अपनाया जाये।


धूप से बचाव कर जाती युवतियां।

आपदा विशेषज्ञ ज्ञानदीप शर्मा ने बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि गर्मी हवाओं से बचने के लिए खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एलुमिनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढककर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाजों पर, जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएं आतीं हैं, काले परदे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सजग रहें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। बच्चों तथा पालतू जानवरों को कभी भी बन्द वाहन में अकेला न छोड़ें। जहां तक सम्भव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के ताप से बचें। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें। संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। मादक पेय पदार्थों का सेवन न करें। घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढककर रखें। उन्होंने बचाव के बारे में बताते हुए कहा कि नशीले पदार्थों, शराब अथवा अल्कोहल से बचें। उच्च प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें तथा बासी भोजन कतई न इस्तेमाल करें इसके साथ ही संतुलित व हल्का आहार लें। दोपहर के समय यदि बहुत आवश्यक हो तभी घर से धूप में बाहर निकलें अन्यथा धूप में जाने से बचें और यदि जाना ही पड़े तो सिर को जरूर ढकें। घर में पेय पदार्थ जैसे लस्सी, छांछ, मट्ठा, बेल का शर्बत, नमक चीनी का घोल, नीबू पानी या आम का पना इत्यादि का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि अभी आगे गर्मी का प्रकोप और बढ़ेगा इसलिए गर्मी से बचाव के लिए विभिन्न उपायों को अपनाना चाहिए। गर्मी में शरीर के द्रव्य बॉडी फ्लूड सूखने लगते हैं। शरीर में पानी, नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा ज्यादा रहता है। शराब की लत, ह्रदय रोग,, पुरानी बीमारी, मोटापा, पार्किंसंस रोग, अधिक उम्र, अनियंत्रित मधुमेह वाले व्यक्तियों को लू से विशेष बचाव करने की जरूरत है। इसके अलावा डॉययूरेटिक, एंटीस्टिमिनक, मानसिक रोग की औषधि का उपयोग करने वाले व्यक्ति भी लू से सावधान रहें। लू के लक्षणों मे गर्म, लाल, शुष्क त्वचा का होना, पसीना न आना, तेज पल्स होना, उल्टे श्वास गति में तेजी, व्यवहार में परिवर्तन, भ्रम की स्थिति, सिरदर्द, मिचली, थकान और कमजोरी का होना या चक्कर आना, मूत्र न होना अथवा इसमें कमी आदि मुख्य लक्षण हैं। इन लक्षणों के चलते मनुष्यों के शरीर के उच्च तापमान से आंतरिक अंगों, विशेष रूप से मस्तिष्क को नुकसान पहुंचता है। इससे शरीर में उच्च रक्तचाप उत्पन्न हो जाता है।

# कृषि फार्म में जलाई गई पराली, लोग हुए परेशान

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश शासन की लाख सख्ती के बाद भी जनपद में पर्यावरण के साथ लगातार जिम्मेदार खिलवाड़ कर रहे हैं। कहीं अस्पताल के निकट कूड़े के ढेर में आग लगा दी जाती है तो कहीं पराली को जला दिया जाता है। हरदोई शहर के बीचो-बीच कृषि फार्म में फसल कटने के बाद पराली में आग लगा दी गई जिसके बाद आस पास के लोगों को धुंए से काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पराली की आग से कृषि फार्म के पास बनी एक दुकान को भी नुकसान पहुंचा। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि हर 6 महीने में कृषि फार्म में इस तरह का मामला देखने को मिलता है। कई बार जिला प्रशासन से इस विषय पर शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई या कार्रवाई नहीं हुई


कृषि फार्म में पराली की आग बुझाते दमकलकर्मी। अमृत विचार

शहर की आवास विकास कॉलोनी शहर का पॉश इलाका है। यहां स्थित कृषि फार्म में गेहूं, चावल आदि की फसल उगाई जाती है। फसल काटने के बाद शुक्रवार को खेत में बची पराली में किसी व्यक्ति द्वारा आग लगा दी गई। आग धीरे-धीरे पूरे खेत में फैलती चली गई। खेत में पराली में लगी आग से आसपास के रहने वाले लोगों को सांस लेने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कहा कि आवास विकास में कई लोग सांस के मरीज हैं ऐसे में इन मरीजों को सबसे ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्रीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने पराली में लगी आग बुझाई। फिलहाल कृषि फार्म में यह आग किसने लगाई इसकी जानकारी नहीं हो सकी है।

कुछ लोगों ने जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह से भी फोन पर शिकायत की। साथ ही दमकल विभाग को भी सूचना दी। जिलाधिकारी की ओर से इस बाबत कोई भी ठोस कार्रवाई की बात नहीं कही गई है।

## रंजिश को लेकर दबंगों ने लाठी डंडों से पीटकर किया घायल

संवाददाता, टोडरपुर, हरदोई

**अमृत विचार।** पुरानी रंजिश में दबंगों ने घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से जमकर पीटा। लहूलुहान पीड़ित ने क्षेत्राधिकारी से मिलकर तहरीर दी है और न्याय की गुहार लगाई है।

मझिला थाना क्षेत्र के तारागांव निवासी छोटे लाल आरोप लगाया कि तालाब के पट्टे की भूमि की पुरानी रंजिश को लेकर प्रधान प्रतिनिधि उसके साथ गाली गलौज करते रहते हैं। पिछले दिनों गांव में चोरी की शिकायत संबंधित थाने पर की गई थी, जिसको लेकर इन दबंगों अमरसिंह, उदयवीर, श्यामसुंदर, जगरूप तथा जगदीश ने हमारा नाम लेकर गाली गलौज किया। लाठी डंडे लेकर एक साथ हमारे घर में घुस पड़े और घर में मारपीट करने लगे, जिससे हमारे परिवार के पांच सदस्य चोटिल हो गए। यह घटना 16 मई की शाम की है। पीड़ित के परिवार के लोगों का चिकित्सीय परीक्षण कराने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टोडरपुर ले जाया गया, जहां पर तीन लोगों को गम्भीर चोटें आई हैं। मझिला थाना प्रभारी सुब्रत नारायण मिश्र ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

## सार-संक्षेप


खिलाड़ी को पुरस्कृत करते आयोजक। अमृत विचार

### शहाबुद्दीनपुर ने सांडी को 44 रनों से हराया

**हरदोई, अमृत विचार।** ब्लॉक सांडी रौरा गांव में चल रहे पांडे क्रिकेट टूर्नामेंट के शुक्रवार को अंतिम लीग मैच शहाबुद्दीन पुर और सांडी के बीच मुकाबला खेला गया। सांडी टीम के कप्तान आकाश तिवारी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। शहाबुद्दीनपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 14.1 ओवरों में कुल 116 रन बनाए। टीम की ओर से छोटू 25 रन अनिकेत मे 22 रन और सूरज ने 20 रनों का योगदान दिया। सांडी टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए रोहित ने शानदार पांच विकेट चटकाए। 117 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सांडी की टीम 11.3 ओवर में कुल 72 रनों पर आल आउट हो गई। शहाबुद्दीनपुर टीम के गेंदबाज सचिन ने एक ही ओवर में 3 विकेट और पठान ने 2 विकेट चटकाए। सचिन को शानदार गेंदबाजी के लिए मैन आफ द मैच घोषित किया गया।

### नशेड़ी युवक ने पड़ोसी युवक को पेट में मारा चाकू

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के मोहल्ला बिरहाना में नशेड़ी युवक ने पड़ोसी को चाकू मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल युवक को पाली के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां उसका उपचार किया गया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर घायल का मेडिकल परीक्षण भी कराया है। पाली कस्बे के मोहल्ला बिरहाना निवासी मिथुन कश्यप ने बताया कि गुरुवार शाम वह अपने दरवाजे के सामने खड़ा था, तभी पड़ोसी रक्षपाल कश्यप आया और उसे गाली-गलौज करते हुए उसके पेट में चाकू मार दिया। जिससे वह घायल हो गया, शोरगुल सुनकर आसपास के लोगों के आ जाने से आरोपी भाग गया। घायल मिथुन को परिजनों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाली में भर्ती कराया। पीड़ित मिथुन ने बताया कि आरोपी रक्षपाल नशे का आदी है और आए दिन मोहल्ले में झगड़ा फसाद करता रहता है। वहीं मामले को लेकर पाली थाने के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

### दो बच्चों की मां लापता, गुमशुदगी दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के मोहल्ला वाजिद खेल निवासी पति ने अपनी 30 वर्षीय दो बच्चों की मां के लापता होने की लिखित सूचना पुलिस को दी है।पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू की है। नगर के मोहल्ला वाजिद खेल निवासी संदीप पुत्र हरी चरन लाल ने बताया कि उसका विवाह दस वर्ष पूर्व लखीमपुर जनपद के थाना मैगलगंज के ग्राम डंडौरा निवासी महेंद्र की पुत्री प्रीती के साथ हुआ था।उसके एक सात वर्ष का पुत्र और 4 वर्ष की पुत्री है।15 मई को सुबह 4 बजे किसी काम से कहीं चली गई है। वह अपने साथ 4 वर्ष की पुत्री को भी ले गई है। उसने पत्नी के मायके और अन्य रिश्तेदारों में पूछताछ की लेकिन कोई पता नहीं चल सका। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया पीड़ित के प्रार्थना पत्र के आधार पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने महिला की तलाश शुरू कर दी है।

### सरकारी कार्य में बाधा डालने व मारपीट में केस दर्ज

**बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्रीय वन दरोगा द्वारा गश्त के दौरान बेनीगंज कोतवाली के महादेवपुरवा में संचालित अवैध भट्ठियों की जांच करने के दौरान भट्ठी मालिक द्वारा की गई मारपीट व सरकारी कार्य मे बाधा उत्पन्न करने के सम्बन्ध मे क्षेत्रीय वन दरोगा द्वारा कोतवाली में तहरीर दर्ज कराई गई। बताते चलें कि क्षेत्रीय वन दरोगा सचिन कुमार सेक्शन रेंज कछौना ने बेनीगंज कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि शुक्रवार को गश्त के दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर ग्राम महादेवपुरवा मे संचालित अवैध भट्ठियों की जांच करने पर पता चला कि सभी कोयला भट्ठियां लवकुश कुमार पुत्र रामकुमार निवासी महादेवपुरवा के द्वारा संचालित की जा रही है, इस बाबत बात करने पर लवकुश कुमार व उनके साथियों द्वारा अभद्रता करते हुए मारपीट की गई और सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की गई, जिसकी जांच कर उपरोक्त सभी लोगों पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने की बात कही।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता ने पुलिस को लिखित तौर पर बताया कि उसका किसी पर कोई आरोप नहीं है। वह शव का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहता। जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पिता के सुपुर्द कर दिया। लोनार थाने के रामापुर छैया निवासी रामकिशन पुत्र रजनीश (18) ने शुक्रवार की सुबह मझिगवां निवासी नत्थू के खेत में पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रामकिशन ने कहा कि उसके बेटे ने आत्महत्या की है।

## आबादी में चलाए ईंट-पत्थर लहराए तमंचे और कुल्हाड़ी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शहर के मुन्ने मियां के अहाते में अराजकतत्वों ने मकान पर हमला बोलते हुए ईंट-पत्थर चलाए। तमंचे और कुल्हाड़ी लहराते हुए ज़िंदा दफन करने की धमकी देते हुए वहां खड़े ई-रिक्शे को तोड़ दिया। गुरुवार की काफी रात तक बवाल होता रहा,जिससे वहां के लोग दहशत के चलते सारी रात जागते रहे।

बताया गया है कि आए दिन लड़ाई-झगड़ा और दुकानदारों पर रंगदारी दिखाने वाले मन्नी, मुंशी, पहाड़ी, मुन्ना आदि ने शहर के मुन्ने मियां अहाते के एहतेशाम के घर पर हमला कर दिया। गली के अंदर ट-पत्थर चलाए गए और मन्नी हाथ में कुल्हाड़ी लिए लहराता हुआ ई-रिक्शे पर तोड़फोड़ कर रहा है। घटना का वीडियो वायरल हो रहा है।

### सड़क पर पलटा मौरंग लदा डंपर, घंटों लगा रहा जाम

**बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** नगर में सड़क के किनारे डंप की जा रही मौरंग उतारते समय अचानक डंपर पलट गया। जिसके बाद कई घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। नगर के मुख्य मार्ग पर मौरंग का कारोबार किया जाता है जिसके चलते शुक्रवार को नगर के सण्डीला रोड पर मौरंग उतार लहा डम्पर अचानक पलट गया, जिससे सड़क जाम हो गई, रास्ते में डंपर फसे होने के कारण नगर के मुख्य मार्ग पर दोनों तरफ वाहनों की लम्बी लम्बी कतारें लग गई, जिसमे एम्बुलेंस सहित अन्य साधन भी घण्टो फसे रहने से परेशान नजर आए।


शुक्रवार को बेनीगंज कस्बे में जाम में फंसे लोग राहगीर। अमृत विचार

**जागरूकता** | जनपद में मनाया गया उच्च रक्तचाप दिवस, विभिन्न स्थानों पर नि :शुल्क जांच कर लोगों को दुष्प्रभावों के बारे में दी गई जानकारी

# खराब जीवन शैली व शराब-सिगरेट के सेवन से होता है उच्च रक्तचाप

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर शुक्रवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर रक्तचाप की निःशुल्क जांच की गई। मरीजों को उच्च रक्तचाप (बीपी) या हाइपरटेंशन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी जानकारी दी गई। जिला अस्पताल सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर विश्व हाईपरटेंशन दिवस मनाया गया। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र पर आए लोगों की रक्तचाप की जांच की गई और इससे बचाव और नियंत्रण के उपाय बताए गए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रोहताश कुमार ने बताया कि वर्तमान में भागदौड़ की जिंदगी और खराब जीवन शैली के कारण लोग हाइपरटेंशन का शिकार हो रहे हैं। इसके साथ ही शराब और धूम्रपान का सेवन भी सोने पे सुहागा का काम करता है। हार्ट अटैक आने का मुख्य कारण हाइपरटेंशन है। हाइपरटेंशन में रक्त वाहिनियों में रक्त का दबाव बढ़ा हुआ होता है। दबाव जितना अधिक होगा ह्रदय को उतनी अधिक क्षमता से पंप करना पड़ेगा। इससे बचाव बहुत जरूरी है क्योंकि हाइपरटेंशन अन्य बीमारियों का भी कारण बनता है।


रक्तचाप की जांच करते चिकित्सक। अमृत विचार

आईएमए की तरफ से पटेल नर्सिंग होम धन्नूपुरवा में विशेषज्ञ डा. राहुल यादव, चरक अस्पताल ने निःशुल्क परामर्श दिया। इस मौके पर उच्च रक्तचाप के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक गोष्ठी व पोस्टर प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में जिले के प्रमुख बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सीके गुप्ता ने बताया कि उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) हमारे स्वास्थ्य और हमारी कार्य क्षमता पर असर डालने वाली एक गम्भीर स्वास्थ्य समस्या है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के अनुसार हिन्दुस्तान में 24 प्रतिशत पुरुष और 21 प्रतिशत महिलाएं इस समस्या से ग्रस्त हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं कि ब्लड प्रेशर बढ़ने को पहले उम्र बढ़ने के साथ होने वाली समस्या के तौर पर जाना जाता था, लेकिन अब कम उम्र के लोग भी इसके शिकार होते जा रहे है। डॉ सीके गुप्ता ने बताया कि क्रियाशील जीवन शैली को अपना कर, आहार में नमक की मात्रा कम कर, जीवन में तनाव कम कर के और नियमित जांच से उच्च रक्तचाप को नियंत्रित किया जा सकता है, जिससे हम दुनिया भर में पक्षाघात, ह्रदय रोग, और गुर्दे की बीमारी के जोखिम को कम कर सकते हैं।

### हाइपर टेंशन के लक्षण और और बचाव के तरीके

देश के हाइपरटेंशन के लक्षणों को बताते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि सिर दर्द, सांस फूलना, थकान, उल्टियाँ, भ्रम, पसीना आना, छाती में दर्द आदि हाईपरटेन्शन के लक्षण हैं। इन लक्षणों को पहचाने और जांच के लिए स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं। बिना चिकित्सक की सलाह के कोई दवा न लें, यह घातक साबित हो सकता है। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं। एल्कोहॉल और शराब से दूरी बनाएं। नियमित व्यायाम करें पैदल चलें, साइकिल चलाएं, व्यायाम करें और ध्यान लगाएं संतुलित और पौष्टिक भोजन करें, तला-भुना और कम से कम नमक का सेवन करें। सोने और जागने का समय नियमित करें, इसके साथ ही समय-समय पर रक्तचाप की जांच कराएं और चिकित्सक द्वारा दी गई दवाओं का नियमित रूप से सेवन करें अनावश्यक तनाव न लें।

### बीपी से बढ़ जाता है कई बीमारियों का खतरा

शहीद उद्यान स्थित कायाकल्पकेन्द्रम् में 'विश्व उच्च रक्तचाप दिवस' पर आयोजित कार्यक्रम में सीनियर नेचरोपैथ डॉ. राजेश मिश्र ने कहा कि उच्च रक्तचाप (हाई बीपी) से ह्रदय की बीमारी, स्ट्रोक और किडनी की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। कहा अप्राकृतिक जीवनशैली हाइपरटेंशन का मरीज बना सकती है। कहा कि अगर वजन बहुत ज्यादा है तो बीपी बढ़ सकता है। इसलिए वज़न को नियन्त्रित रखें। बताया किसी तरह का कोई व्यायाम न करने से ब्लड प्रेशर हाई होने की सम्भावना बढ़ जाती है। डॉ. मिश्र ने कहा कि जो लोग चीनी, चिकनाई और नमक अधिक खाते हैं, वे उच्च रक्तचाप के चंगुल में फंस सकते हैं। उन्होंने कहा कि चीनी छोड़ दें, चिकनाई और नमक का सेवन कम करें।

# अवैध रूप से संचालित हॉस्पिटल सीज

## एक साल से बिना पंजीकरण चल रहा था हॉस्पिटल, संचालक पर केस दर्ज

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई



सीज किया गया अवैध रूप से संचालित लाइफ केयर क्लिनिक हॉस्पिटल।

**अमृत विचार।** बासित नगर मार्ग पर गिगियानी मोहल्ले में अवैध रूप से चल रहे लाइफ केयर क्लिनिक अस्पताल को सीज कर दिया गया। हॉस्पिटल पिछले एक साल से बिना पंजीकरण के संचालित किया जा रहा था। स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों को इस अवैध अस्पताल संचालन के बारे में जानकारी थी, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कमीशन के चलते कार्रवाई नहीं हो रही थी।

नोडल अधिकारी एवं सीएचसी शाहाबाद अधीक्षक डॉ. प्रवीण दीक्षित ने गुरुवार की देर शाम अस्पताल पर छापेमारी करके कार्रवाई की है। डॉक्टर प्रवीण दीक्षित के अनुसार हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन नहीं था, इलाज के पर्चे पाए गए और बड़ी मात्रा में अस्पताल में दवाइयां मिलीं। इसी आधार पर अस्पताल को सीज कर संचालक विपिन वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। शाहाबाद नगर क्षेत्र में इस वक्त डेढ़ दर्जन से अधिक हॉस्पिटल एंड मेटरनिटी सेंटर संचालित है, जो झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा संचालित किये जा रहे हैं। क्वालिफाइड डॉक्टरों की डिग्रियों के साथ इन अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन कराया गया है। जिन डॉक्टरों के नाम से हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन हुआ वह डॉक्टर केवल अपना मासिक मानदेय लेते हैं। अस्पताल रजिस्ट्रेशन के नाम पर शायद ही इन डॉक्टरों का कभी हॉस्पिटल में आना-जाना होता हो। स्वास्थ्य विभाग को यह सारी जानकारी है। कई अस्पताल संचालकों ने यहां पर ओटी भी डाल रखी है, लेकिन उनके ऊपर स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी है। इन हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर का संचालन झोलाछाप के हाथ में है। अल्ट्रासाउंड से लेकर छोटे-मोटे ऑपरेशन तक किए जाते हैं।

### अधिकांश अस्पतालों के संचालक हैं इंटरमीडिएट

प्राइवेट हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर के अधिकांश संचालक हाई स्कूल और इंटरमीडिएट पास है। एक या दो साल तक कंपाउंड्री करने के बाद यह कंपाउंडर स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी से बड़े अस्पताल के संचालक बन जाते हैं। लेकिन सूत्रों के अनुसार कमीशन के चलते स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी इन अस्पताल संचालकों पर मेहरबान रहते हैं।



## गड्ढे युक्त सड़कों पर ठोकरें खाने को मजबूर हैं ग्रामीण व राहगीर

**टोडरपुर, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खंड टोडरपुर क्षेत्र के कई मार्ग जर्जर हालत का शिकार है, जहां सरकार कह रही है कि गड्ढे मुक्त सड़के हैं लेकिन यहां क्षेत्र में कई ग्राम पंचायतों की सड़के अभी जर्जर हालत में हैं। सिकंदरपुर बाजार से खेरिया मार्ग लगभग 2 किलोमीटर कई वर्षों से खड़ंजा जर्जर हालत में है, जिसके बीच में छोटी पुलिया पुरानी होने से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। ग्रामीण बाजार व रेलवे स्टेशन तक पहुंचने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है उमरौली से मसफना बिनन्हा संधिनावा तक लगभग 8 किमी. तक सड़कों पर गहरे गड्ढों से आमजन मानस परेशान है दो दो फिट के गहरे गड्ढों के चलते दो पहिया चौपहिया वाहनों को ही नहीं राहगीरों को पैदल चलने में भी कई दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है वहीं ग्राम पंचायत कोठिला से सुरजीपुर गांव तक लगभग 3 किलोमीटर जर्जर हालत में तब्दील हो गई वा कोठिला से कोडरा सरैया जाने वाला रोड लगभग 2 किलोमीटर के दायरे में है जो कि गड्ढों में तब्दील हो चुका है बीच में वर्षों से पुलिया टूट जाने से ग्रामीणों का निकलना पूरी तरीके से बंद हो चुका है। यहां के ग्रामीणों को लगभग 5 किलोमीटर का चक्कर लगाकर कोठिला गांव आना पड़ रहा है ऐसी ही कई ग्राम पंचायतें हैं जिनकी सड़के गड्ढों में तब्दील हो गई हैं।

## एक नजर

### ट्रेन से गिर कर घायल हुए युवक की अस्पताल में मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस ने बुधवार को जिस युवक को ककवाही रेलवे क्रासिंग से ज़ख्मी हालत में पड़े युवक को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार को तीसरे दिन उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। बताया गया है कि बुधवार को कोतवाली देहात पुलिस और आरपीएफ टीम ने ककवाही रेलवे क्रासिंग पर ज़ख्मी हालत में पड़े युवक को एम्बुलेंस-108 की मदद से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। युवक ने स्लेटी पैंट और सैंडो बनियान पहन रखी थी। उसकी कमर में ऑरेंज धागा बंधा हुआ था। हालांकि पुलिस ने काफी कोशिश, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी। उसी युवक की शुक्रवार की सुबह पांच बजे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस जांच कर रही है।

### पुलिस ने 120 मोबाइल फोन बरामद कर लोगों को सौंपे

**गोरखपुर।** गायब हुए मोबाइल पकार मोबाइल धारकों में खुशी क लहर दौड़ गई। सीसीटीएनएस कार्यालय में नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटर की मदद से गोरखपुर के विभिन्न थानो से 20 लाख 40 हजार 423 रुपए कीमत की 120 मोबाइल बरामद किया गया। मोबाइल गायब होने की सूचना प्रार्थना पत्र मोबाइल धारको ने पुलिस को दी थी। जिसके क्रम में सर्विस लॉन्च की मदद से लोगों का मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस लाइन व्हाइट हाउस सभागार में सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी कैंट अंशिका वर्मा ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी।

### सरकारी जमीन पर कब्जे की लेखपाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**हरदोई।** सरकारी जमीन पर कब्ज़ा करते हुए निर्माण कर सरकारी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने का केस दर्ज कराया गया है। लोनार पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। परगना बरवन ग्राम दौली के लेखपाल शैलेंद्र सिंह यादव ने लोनार पुलिस को दी तहरीर देते हुए कहा है कि दौली निवासी वेदराम ने गाटा संख्या 76 क्षेत्र 0 .288 सुरक्षित श्रेणी के खलिहान खाते की ज़मीन पर अवैध निर्माण कर रहा है। जबकि उसने निर्माण न कराने की बात कही थी, लेकिन फिर भी अवैध निर्माण करा कर सरकारी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। पुलिस ने लेखपाल की तहरीर पर केस दर्ज करते हुए जांच शुरु कर दी है।

# महिला को मारपीट कर घर से भगाया, सात पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** लाखों का दान-दहेज़ देने के बाद भी कलेवा में बुलेट, सोने की चेन और ससुर व देवरों के लिए अगूंठी की मांग करते हुए विदाई करने से इंकार कर दिया गया। बात बिगड़ती उससे पहले घर को टूटने से बचाने के लिए पंचायत जोड़ी गई, जिसमें दोनों पक्षों की राय पर समझौता हुआ, लेकिन ससुराल वालों ने उसे ठुकराते हुए बहू को मारा-पीटा और फिर घर से भगा दिया। पुलिस ने 7 लोगों के खिलाफ दहेज़ एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लोनार थाने के नस्यौली गोपाल निवासी वीरपाल सिंह ने पिछले साल 23 जून को पुत्री रुचि सिंह की शादी उसी थाने के बरवन निवासी रीतेश सिंह के साथ 10 लाख रुपये का दान-दहेज़ देकर की थी। रुचि सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि कलेवा में ही बुलेट मोटर साइकल, सोने की चेन और ससुर अवधेश सिंह व देवर छुन्नू सिंह और सुधीर सिंह के लिए सोने की अगूंठी मांगी गई। मांग पूरी होने पर ही बेटी की विदाई कराने की धमकी दी। उस बीच किसी तरह बात बनाकर विदाई तो हो गई, लेकिन ससुराल वाले रुचि को प्रताड़ित करने लगे। फिर उसके बाद 20 नवंबर को पंचायत में हुए फैसले के तहत 22 नवंबर को रुचि की विदाई हुई। 29 नवंबर को ससुराल वालों ने मारपीट कर रुचि को घर से भगा दिया। पुलिस ने रुचि की तहरीर पर पति रीतेश सिंह, ससुर अवधेश सिंह, सास बिट्टू उर्फ सुनीता, देवर छुन्नू सिंह, सुधीर सिंह, ननद रीना और छोटे भइया सिंह के खिलाफ दहेज़ एक्ट के तहत केस दर्ज करते हुए जांच शुरु कर दी है।

# पुलिस और भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प

संवाददाता, हरदोई


भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं को रोकती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बसपा पोलिंग एजेंट की हत्या के बाद से लगातार सियासी पारा चढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को गनीपुर में शांति पाठ और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें शामिल होने के लिए जा रहे भीम आर्मी प्रमुख सतपाल तंवर को पुलिस ने रास्ते में ही रोक लिया। इस दौरान भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ नोंकझोंक भी हुई। हंगामा कर रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने डंडे फटकार कर भगाया। इस दौरान कई एसएचओ और वहां की पुलिस के अलावा एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार काफी देर तक डटे रहे।

बताते चले कि 13 मई को लोकसभा चुनाव के दौरान बिलग्राम-मल्लावां विधानसभा के प्राथमिक विद्यालय ग़नीपुर के बूथ नंबर- 371 पर बसपा के पोलिंग एजेंट बने यदुनंदन की वहीं गांव में पीट-पीट कर हत्या हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में उसकी पत्नी की तहरीर पर प्रधान प्रतिनिधि सुमित उर्फ सुपिन शुक्ला, उसके भाई प्रवीण शुक्ला व राजीव शुक्ला आदि के खिलाफ केस दर्ज किया है। शुक्रवार को यदुनंदन के लिए शांति पाठ और श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने की जानकारी भीम आर्मी के चीफ सतपाल तंवर ने वीडियो जारी कर दी थी। किसी तरह के हंगामे से बचने के लिए पुलिस ने सतपाल को कार्यक्रम में शामिल होने से रोक दिया। पुलिस ने श्री तंवर को रहुला गांव के पास पहुंचते ही उन्हे वहीं रोक लिया। तमाम भीम आर्मी के कार्यकर्ता ग़नीपुर जाने के लिए अड़ गए, जिन्हे रोकने के लिए पुलिस जवानों को डंडे फटकारने पड़े। वहां सारे दिन पुलिस का कड़ा पहरा लगा रहा।

### हत्यारोपी की मदद में आई ब्राह्मण महासभा

ब्राह्मण महासभा ने ग़नीपुर के बसपा पोलिंग एजेंट यदुनंदन की हत्या में नामज़द किए गए सुपिन शुक्ला के बचाव में एसपी को ज्ञापन सौंपा है। कहा कि यदुनंदन के साथियों ने सुपिन को घेरकर उस पर गोली चलाई थी, जिससे सुपिन घायल हुआ और लखनऊ में उसका इलाज चल रहा है। महासभा के अनुराग द्विवेदी, नीरज अवस्थी और पारस दीक्षित ने कहा है कि अगर सुपिन के साथ न्याय नहीं हुआ तो महासभा सड़क पर उतर कर आमने-सामने की लड़ाई लड़ेगी

### मायावती ने यदुनंदन की पत्नी को बंधाया ढांढस

बसपा सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने मारे गए बसपा पोलिंग एजेंट यदुनंदन की पत्नी से फोन पर बात की और कहा कि वे अपने को अकेला न समझे। पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता कदम-कदम पर उनके साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ा है।

### चंद्रशेखर आज़ाद ने की 50 लाख मुआवजे की मांग

यदुनंदन की हत्या के मामले भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आज़ाद ने सरकार को ट्विट करते हुए यदुनंदन के परिजनों को 50 लाख रुपये मुआवजा और सरकारी नौकरी की मांग की है।

# गर्मी बढ़ते ही पिघल कर गिर रहा रस्सा तार

संवाददाता, हरदोई

**भ्रष्टाचार**

▶▶ गर्मियां शुरू होते ही खुली बिजली विभाग के घोटाले की पोल

**अमृत विचार।** गर्मियों में विद्युत की ज्यादा मांग को देखते हुए सरकार जिम्मेदार अधिकारियों को पहले ही समुचित व्यवस्था करने को निर्देश देती है। इसके लिए करोड़ों रुपये भी खर्च किए जाते हैं। इस बार भी जिले में एरियर बंच (रस्सा तार) गर्मियों से पहले डाला गया लेकिन वह इतना घटिया है कि लोड पड़ते ही पिघल कर गिर रहा है।

जिले में लगातार गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की मांग भी बढ़ रही है। गर्मियों में बिजली की मांग बढ़ने को ध्यान में रखते हुए सरकार ने करोड़ों रूपए जिले में विद्युत उपकरणों के सुधार व उच्चीकरण के लिए दिए थे। इसी कड़ी में जिले में एरियर बंच डाला गया था। खुले तारों को हटाकर डाला गया यह तार इतना घटिया डाला गया कि पहली गर्मी में ही यह लोड नहीं झेल पा रहा है। नतीजतन लोड पड़ने पर तार जगह-जगह पिघल कर गिर रहा है। इसको दुरुस्त करने में कर्मचारियों को दिन-रात मेहनत करनी पड़ रही है। गुरुवार-शुक्रवार की रात नगर के मोहल्ला लक्ष्मी पुरवा, विभूति नगर, राधा नगर, सराय थोक पश्चिमी, देविनपुरवा सहित कई मोहल्ले में बिजली की आवाजाही रात भर लगी रही।

तार डालने वाली निजी कंपनी ने निम्न क्षमता का तार डाल दिया इस कारण यह समस्या आ रही है। घटिया एरियर बंच पडने से जहां उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है वहीं सरकार को भी करोड़ों रुपए का चूना लगाया गया। इस संबंध में बात करने के लिए अधिशासी अभियंता को कई बार फोन किया गया लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई।

### पालिका अध्यक्ष ने अघोषित कटौती रोकने की मांग की

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** नगर पालिका अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने ऊर्जा मंत्री को लिखे पत्र में कहा कि कस्बे में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 12 बजे तक बिजली कटौती की जा रही है। भीषण गर्मी में की इस कटौती से नागरिकों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। अध्यक्ष ने ऊर्जा मंत्री से तत्काल विद्युत कटौती पर रोक लगाने की मांग की है, जिससे लोगों को इस भीषण गर्मी में कुछ राहत मिल सके।

# भागवत कथा को प्राप्त है अमर कथा का वरदान : कथा व्यास

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम दलेल नगर में श्रीमद भागवत महापुराण कथा का आयोजन 15 मई से चल रहा है। नैमिष धाम के नरदानंद आश्रम के श्री हनुमंत शरण बजरंगी जी महाराज के श्री मुख से कथा का श्रवण सुनकर भक्त गण भाव विभोर हो रहे है।

क्षेत्र के ग्राम दलेल नगर में 15 मई से प्रारंभ हुई भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास बजरंगी जी महाराज ने भक्तों को बताया भागवत कथा को ही अमर कथा का वरदान प्राप्त है। उन्होंने बताया एक बार पार्वती माता के बहुत अनुरोध पर शिव जी ने उन्हें अमर कथा सुनाई थी। कथा सुनाने से पहले शूक के अपरिपक्व घोंसले पर शिव जी का ध्यान नहीं गया। कथा सुनते सुनते माता पार्वती को नींद आ गई, पर शूक ने पूरी कथा सुनी और अमरत्व प्राप्त किया। कथा व्यास ने बताया कथा श्रवण के बीच में नींद आ जाना भी पूर्व जन्म के पाप के कारण होता है। मनुष्य को अपने जाने अंजाने पापों से मुक्ति पाने के लिए भागवत कथा का श्रवण जरूर करना चाहिए।

## सार-संक्षेप

### हरियाणा के नंबर का संदिग्ध वाहन बरामद

**भरखनी, पचदेवरा, हरदोई, अमृत विचार।** गांव में हरियाणा से आए वाहन में अवैध शस्त्र व मादक पदार्थ मिलने की सूचना पर गांव पहुंची पुलिस को वाहन तो मौके पर मिल गया, लेकिन उसे अन्य सफलता हाथ नहीं लग पाई। थाना प्रभारी रमेश चंद्र पांडेय ने बताया कि फोन से उन्हें सूचना मिली कि उबरीखेड़ा गांव में एक वाहन हरियाणा का आया है, जिसमें अवैध शराब व शस्त्र सप्लाई किए जाते थे। इस सूचना पर फोर्स मौके पर पहुंची। पुलिस के पहुंचने की सूचना मिलते ही गांव से कुछ लोग भाग खड़े हुए। पुलिस को वहां उक्त वाहन मिला। जिसकी तलाशी पर उसमें कुछ भी नहीं पाया गया। पुलिस वाहन को थाने ले आई। यह वाहन किसका है कहां से आया किस चीज में प्रयोग हो रहा था इसकी जानकारी पुलिस कर रही है। पुलिस को देखकर कौन लोग भागे इस पर भी पुलिस गहन मंथन कर रही है। फिलहाल हरियाणा नंबर की गाड़ी संदिग्ध हालात में मिलना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### हादसे में अधेड़ की मौत, 7 घंटे बाद शव की हुई शिनाख्त



**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** रास्ता चल रहे अधेड़ को एक तेज़ रफ्तार ट्रक ने ज़ोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस के सामने शव की शिनाख्त नही हो सकी, लेकिन शिनाख्त के लिए पुलिस की कोशिश जारी रही और फिर 7 घंटे बाद पता चला कि अधेड़ तेंदुआ गांव का था, और किसी काम से वहां गया हुआ था। शुक्रवार की सुबह तकरीबन 7 बजे एक 52 वर्षीय अधेड़ मल्लावां कस्बे में छोटे चौराहे पर एक गेस्ट हाउस के सामने से निकल रहा था, उसी बीच हाई-वे पर तेज़ रफ्तार में आ रहा ट्रक उसे ज़ोरदार टक्कर मारते हुए निकल गया। इस तरह से हादसे का शिकार अधेड़ की वहीं पर मौत हो गई। पता होते ही एसआई वीरेंद्र पासवान अपनी टीम के सआथ वहां पहुंचे, पहले तो उन्होंने शव की शिनाख्त के बारे में मौजूद लोगों से पूछताछ की, लेकिन किसी ने कुछ भी नहीं बताया, उसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसके बारे में इधर-उधर पूछताछ करने लगी। करीब 7 घंटे बाद तेंदुआ गांव के कुछ लोग कोतवाली पहुंचे और शव की शिनाख्त वहीं के नरसिंह पुत्र मंगली प्रसाद के रूप में की, उन्होंने पुलिस को बताया कि खेती-बाड़ी करने वाला नरसिंह किसी काम के सिलसिले में मल्लावां गया हुआ था। उधर इसका पता होते ही उसके घर में मौत का मातम बरपा हो गया।


गांव में नालियों में भरी गदंगी। अमृत विचार

### सफाई कर्मियों की नियुक्ति के बाद भी गंदगी का अंबार

**टोडरपुर, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खंड टोडरपुर क्षेत्र की ग्राम सभा गौरवा के मजरा मुकद्दरपुर गांव में नियुक्त सफाईकर्मी अपने कार्य के प्रति सचेत नहीं हो पा रहे हैं। गांव की हर गली व नाली कूड़े के अंबार से भरी पड़ी हैं। ग्रामीणों को साफ सफाई को लेकर बड़ी समस्या बनी हुई है। हर गांव में शासन द्वारा सफाई की व्यवस्था सुदृढ़ बनाने की नियत से ग्रामीणों के गांव में व्यवस्था की गई है। इन सफाई कर्मियों को शासन द्वारा वेतन हर महीने धनराशि निर्गत की जाती है। नियुक्ति होने के बाद भी सफाई के लिए क्रियाशील नहीं दिखलाई पड़े गंदगी का साम्राज्य गांव में घुसते ही दिखलाई पड़ने लगता है। गलियों व नालियों में कूड़े व घासफूस का ढेर आम बात हो गई है। सफाई न होने से ऐसे में लोगों को संक्रामक बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार उच्चाधिकारियों से कहा गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। यदाकदा जिन गांवों में प्रशासनिक अधिकारी पहुंचते है वहां गंदगी देखकर साफ सफाई के लिए जबानी आदेश देकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेते हैं। नतीजतन सफाई व्यवस्था ध्वस्त पड़ी हुई है।

### किशोर को खंभे में बांध कर की पिटाई, वीडियो हो रहा वायरल

**हरदोई।** सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में कुछ लोग एक किशोर को खंभे में बांध कर उसकी पिटाई कर रहें है। एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने बताया कि इस मामले में तहरीर लेते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दिखाई दे रहा है कि एक किशोर खंभे में बांध कर उसकी बेरहमी से पिटाई की जा रही है। किशोर ज़ोर-ज़ोर से चिल्ला रहा है, लेकिन पिटाई कर रहे हट्टे-कट्टे युवक के अलावा वहां बैठे दूसरे युवको को उस पर तनिक भी तरस नहीं आ रहा है। किशोर के ऊपर चोरी का आरोप लगा कर उसे इस तरह तालिबानी सज़ा दी जा रही है। एएसपी पूर्वी ने कहा कि वीडियो महेंद्र नगर का है। पीड़ित से तहरीर ली जा रही है, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके।

# मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

संवाददाता, कोथावां, हरदोई,


बिलखते मृतक के परिजन व युवक की फोटो (इनसेट में)।

**अमृत विचार।** चचेरे भाई की लड़की की शादी में पिकअप से टेन्ट का सामान उठाते समय गांव के ही एक व्यक्ति का विद्युत केबल टूट जाने को लेकर हुई मारपीट में घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। बताते चलें कि पप्पू निवासी ग्राम अल्लीपुर ने बेनीगंज कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि बीते अप्रैल माह में उनके चचेरे भाई अवधेश कश्यप की पुत्री की शादी में चचेरा भाई रंजीत कश्यप पिकअप से टेंट का सामान उठा रहा था, इसी बीच गांव निवासी सूरज व अंकुश यादव के घर का विद्युत केबल टूट गया। जिससे नाराज रंजीत व सूरज अंकुश सहित उनकी मां की पिटाई से रंजीत गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिनका इलाज कोथावां के एक प्राइवेट अस्पताल में चल रहा था, जिनकी लगभग एक महीने तक इलाज के दौरान मौत हो गई, रंजीत की मौत होने से परिवार में कोहराम मच गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय त्यागी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, रिपोर्ट आने पर कार्यवाही की जाएगी।

### मार्निंग वॉक पर निकले युवक की दुर्घटना में मौत

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** डुमरियागंज थाना क्षेत्र स्थित परसा चौराहा पर सुबह मार्निंग वॉक के लिए निकले युवक की वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। वाहन चालक मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। घटना की जानकारी होने पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए और इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर आई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के ग्राम सेखुइया निवासी रंजीत गौतम (43) शुक्रवार को अपने घर से भोर में मार्निंग वॉक के लिए निकले थे।

**आयोजन** — अल्पसंख्यकों की वर्तमान शैक्षिक स्थिति व समाधान पर सेमिनार का हुआ आयोजन

# बच्चों को संस्कृति के साथ आधुनिक तरीके से शिक्षा देनी जरूरी

संवाददाता, हरदोई



सेमिनार में बोलते वक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डिस्कवरी इंटरनेशनल स्कूल, एसोसिएशन ऑफ मुस्लिम प्रोफेशनल्स (एएमपी) और ग्रेविटी क्लासेस के संयुक्त तत्वावधान में अल्पसंख्यकों की वर्तमान शैक्षिक स्थिति और उसका समाधान विषय पर एक शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के अध्यक्ष जामे तुल हिदाया जयपुर के वाइस प्रिंसिपल डॉ. मौलाना मोहम्मद जियाउर्रहीम मुजद्दिदी ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए बच्चों को अपनी संस्कृति के साथ-साथ आधुनिक तरीके से शिक्षा देना जरूरी है।

वर्तमान समय में लड़कियों की बेहतरीन शिक्षा के लिए इस्लामिक स्कूल और अच्छी फैकल्टी का होना जरूरी है। इस संबंध में ग्रेविटी क्लासेस और शाहीन अकैडमी के माध्यम से उच्च शिक्षा के लिए लड़के और लड़कियों के लिए नीट, आईआईटी, जेईई की तैयारी की अलग-अलग व्यवस्था भी शहरों में की गई है। इस अवसर पर सेमिनार के मुख्य अतिथि एसोसिएशन ऑफ मुस्लिम प्रोफेशनल्स (एएमपी) के सह संस्थापक एवं अध्यक्ष यूएसए चैपर शंहशाह अंसारी ने कहा कि वर्तमान में एएमपी लगभग 20 देशों और भारत के 28 राज्यों के लगभग 2000 शहरों में काम कर रहा है। एएमपी का उद्देश्य शिक्षा, सशक्तिकरण और आर्थिक उत्थान के क्षेत्र में काम करना है। समाज में जागरूकता पैदा करने के लिए जरूरी है कि बच्चे शुरू से ही अपने भविष्य के लक्ष्य तय करें। कानपुर से एएमपी के यूपी सचिव सैयद अबरार अली ने कहा कि एसोसिएशन ऑफ मुस्लिम प्रोफेशनल्स देश के सभी एनजीओ को जोड़कर सामाजिक कार्य करने का काम कर रहा है। बहुत जल्द ही जिले में एएमपी चैप्टर का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुसलमानों की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है, लेकिन राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों में हमारी भागीदारी अभी केवल 1.7 प्रतिशत है। इस अनुपात को बढ़ाने के लिए जमीनी स्तर पर काम करने की जरूरत है। सेमिनार में मौजूद लखनऊ से आए ग्रेविटी क्लासेस के प्रतिनिधि डॉ. शाहनवाज खान ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए काम करने की जरूरत है। अभिभावकों को न सिर्फ अपने बच्चों की शिक्षा के लिए धन मुहैया कराना चाहिए, बल्कि उन्हें समय भी देना चाहिए। कोशिश करें कि बच्चा भविष्य में क्या करना चाहता है, उस पर शिक्षा थोपें नहीं, बल्कि उसे उस क्षेत्र में भेजें, जिसमें वह जाना चाहता है। सेमिनार को शरीफ अहमद, सैयद अनीसुल हसन, अध्यक्ष डिस्कवरी इंटरनेशनल स्कूल, बावन, मौलाना अदनान, निदेशक एसकेपीएस- कन्नौज, शबाना नियाज , पत्रकार आमिर किरमानी आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर सभासद हाजी हफ़ीज़ अहमद ( मुन्ना नेता) ने शहर में स्कूल बनाने के लिये ज़मीन देने का ऐलान किया।

## एक नजर

### बिना परमिट काटे सात पेड़, मुकदमा दर्ज

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सोन्सरी में बिना परमिट विभिन्न प्रजातियों के सात पेड़ों के काटे जाने पर वन विभाग ने मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सोन्सरी में सुनील के दो गुलर, एवं लालू के दो गूलर के पेड़, दो शीशम व एक जामुन का पेड़ ठेकेदार वसीम निवासी तंबौर ने बिना परमिट के काट कर मौके से कटी हुई लकड़ी को गायब कर दिया। अवैध पेड़ों के कटान की सूचना पर मौके पर पहुंचे वन दरोगा ओम प्रकाश ने ग्राम सोसंरी निवासी सुनील व लालू ठेकेदार तंबौर निवासी वसीम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया।

### सियार से टकराकर बाइक सवार घायल

**पहला, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना सदरपुर क्षेत्रांतर्गत बिसवां-बहराइच मार्ग पर जहांगीराबाद के निकट अचानक सियार के सामने आ जाने से बाइक टकरा गई। जिससे बाइक सवार के गंभीर चोट आ गई। जिसका रेउसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। थाना क्षेत्र के फरदापुर निवासी मोहम्मद आलम पुत्र शकील अपने घर से जहांगीरवाद जा रहे थे कि जहांगीराबाद के निकट उनकी बाइक के सामने अचानक सियार आ गया।

### विवाद में बीच-बचाव करने गये दो लोग घायल

**सेउता, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना रेउसा इलाके में गुरुवार देर रात दो पक्षो में ईंट-गुम्मे चले। जिसमें बीच-बचाव करने आए दो लोग जख्मी हो गए। रेउसा के कोडरी के इस्लामू व मोबीन के बीच गुरुवार को देर रात विवाद छिड़ गया। प्रधान के भाई अबीरे हसन, मादून बीच-बचाव करने पहुंचे। पथराव में अबीरे व मादून घायल हो गये।

# डीएम-एसपी ने सिधौली विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

सीतापुर

**अमृत विचार।** मोहनलालगंज लोकसभा सीट के विधानसभा सिधौली में पांचवें चरण के निर्वाचन मतदान को लेकर शुक्रवार को तहसील सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम अनुज कुमार व एसपी चक्रेश मिश्रा ने जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के उपरान्त अधिकारियों ने बाड़ी स्थित मतदान केंद्र सहित प्राथमिक स्कूल के बूथों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी सेक्टर पुलिस सेक्टर अधिकारियों से उनको आवंटित सेक्टरों में बने बुथो की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों से विंदुवार बूथों की भौतिक स्थित,अनिवार्य न्यूनतम सुविधाओं बूथ के पूर्व चुनावी इतिहास आदि की जानकारी ली। डीएम ने निर्देश दिया है कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने पुलिस सेक्टर अधिकारी के साथ सभी तैयारी कर लें। डीएम ने कहा कि पोलिंग पार्टियों को बूथों पर समय व्यतीत करना है, इसलिए सेक्टर मजिस्ट्रेट सुनिश्चित करेंगे कि बुथो पर निर्धारित मानकों के अनुसार सभी जरुरी सुविधाएं मौजूद रहे। कहीं कोई कमी न हो और कहा कि किसी बूथ पर कोई समस्या होने पर निराकरण की जिम्मेदारी उन्हीं पर होगी। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने पुलिस सेक्टर अधिकारियो से संदिग्ध और असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर नजर रखे।


सिधौली विधानसभा में मतदान केंद्र का जायजा लेते जिला निर्वाचन अधिकारी।

### चार जोन में बंटी विधानसभा

लोकसभा चुनाव के चलते सिधौली विधानसभा को चार जोन में बांटा गया है। चार जोन मजिस्ट्रेट बनाए गये है। जिसमें 31 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 53 माइक्रो अर्जरवर नियुक्त किये गये है। इस विधानसभा में कुल 53 सवेंदनशील बूथ हैं। इस दौरान अधिकारियों में ग्राम पंचायत बाड़ी में प्राथमिक विद्यालय बाड़ी पर बने बुथ 177,178,179 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधालय की शिक्षिका किरन दीक्षित मौजूद थीं। उनसे पानी लाइट ,पंखा चल रहे हैं या नहीं आदि सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उसके बाद मौजूद बीएलओ सुमन मिश्रा से मतदान की पर्चियां बांटने की जानकारी ली तो बताया गया अभी तक 11 सौ 16 पर्चियां बितरित की जा चुकी है। डीएम ने बूथ पर छाया,पानी ,लाइट शौचालय आदि मूलभूत सुविधाओं की मतदान के दिन कोई कमी न हो इसको लेकर कड़े दिशा निर्देश दिए हैं। इस मौके पर तहसीलदार विनोद कुमार सिंह, नायब तहसीलदार आलोक कुमार, लेखपाल दीपक मिश्रा, कोतवाल अरविंद कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# दो बेटों ने लाठियों से पीटकर की पिता की हत्या

## पेड़ों की बिक्री के पैसो के बंटवारे को लेकर पिता से विवाद के बाद किया हमला, दोनों फरार

सकरन/सीतापुर

**अमृत विचार।** थाना इलाके में दो बेटों ने पैसो के बंटवारे को लेकर पिता को लाठी-डंडो से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। वारदात के बाद आरोपी दोनों बेटे मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।


राम अवतार।

जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के मुरथना गांव के निवासी राम अवतार (65) पुत्र सुकई के तीन बेटे राजू, पप्पू और ओमकार हैं। बताया जाता है कि ओमकार की शादी दो वर्ष पूर्व हुई थी, इस शादी के लिए पिता राम अवतार ने कोटरा निवासी एक व्यक्ति से कुछ पैसे उधार लिए थे। उधार के पैसे चुकाने के लिए पिता राम अवतार ने खेतों में लगे यूकेलिप्टस के पेड़ों की बिक्री कर 24 हजार रुपये एकत्रित किये थे। गुरुवार की देर रात पिता और दो बेटों राजू और पप्पू में पैसों के बंटवारे को लेकर विवाद शुरू हो गया। विवाद इस कदर बढ़ा कि दोनों बेटे आग बबूला हो गये और घर में रखे लाठी-डंडो से ताबड़तोड़ प्रहार कर पिता को लहूलुहान कर दिया। वारदात के बाद दोनों बेटे मौके से फरार हो गये।


घटना के बाद मौके पर मौजूद पुलिस और ग्रामीण। अमृत विचार

इधर मारपीट में घायल बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। बुजुर्ग की मोत् होते ही परिवारवालों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर साक्ष्य संकलन करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मां ने वारदात में शामिल दोनों बेटों के खिलाफ तहरीर देकर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया कराया है। प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय पांडेय ने बताया कि मां की तहरीर पर केस दर्ज कर दोनों बेटों की तलाश की जा रही है।

# सरकारी भूमि से काटे पेड़, 3 दिन बाद भी कार्रवाई नहीं

महमूदाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत शाहिनपुर खेरिया में बीती बुधवार रात सरकारी जमीन पर लगे यूकेलिप्टस के पेड़ों को काट दिया गया। ऐसे में एसडीएम को सूचना दी गई तो अर्दली ने लेखपाल को जांच के लिए भेजने का कहा, लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद जिम्मेदार कोई कार्यवाही नहीं कर सके।

हालांकि बुधवार रात इस सम्बन्ध में क्षेत्रीय लेखपाल का कहना था कि वह अस्वस्थ होने के कारण किसी दूसरे को भेज कर दिखवा रहे हैं। उसके दूसरे दिन से ही यानी गुरुवार से लेकर शुक्रवार तक क्षेत्रीय लेखपाल का फोन उठाना बंद हो गया। बड़ी मुश्किल से फोन उठा तो उन्होंने छुट्टी पर होने का हवाला देते हुए मामले का पूरा दारोमदार यह कहकर दूसरे लेखपाल पर डाल दिया, कि उनके छुट्टी पर होने के कारण उनका सर्किल फिलहाल दूसरे लेखपाल राजकुमार दिनकर देख रहे हैं। उनसे ही इस बाबत जानकारी ले लें। जिसे बाद लेखपाल राजकुमार दिनकर को कई फोन किए गए, मगर उनका फोन भी नहीं उठा। दो दिन बीत जाने के बाद भी मौके पर पहुंच नहीं पाये।


काटे गये पेड़ के बचे ठूंठ।

# तालाब खोदाई में अनियमितता का आरोप

- क्रार्यक्रम अधिकारी मनरेगा व खण्ड विकास अधिकारी से की शिकायत

तालगांव सीतापुर

**अमृत विचार।** परसेण्डी ब्लाक की ग्राम पंचायत तालगांव की ग्राम विकास अधिकारी मधु गुप्ता ने कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा व खण्ड विकास अधिकारी से ग्राम पंचायत में खेल मैदान के निर्माण कार्य व होलिहा तालाब के खुदाई कार्य में अनियमितता का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। उनका कहना है कि ग्राम रोजगार सेवक मो. फारूक को जो शासकीय दायित्व दिये गए हैं वह पूरी तरह से मनमानी कर रहे हैं। उनके द्वारा खेल मैदान में 29 अप्रैल से 05 मई तक 57 श्रमिकों को मस्टर रोल पर दिखाया गया है जबकि कार्य करते हुए किसी भी दिन का सभी श्रमिकों का फोटो उन्होंने अपलोड नहीं किया है। मधु गुप्ता का आरोप है कि 30 अप्रैल, 03 व 05 मई को जब ग्राम विकास अधिकारी ने कार्यस्थल का मुआयना किया तो उस दिन खेल मैदान व होलिहा तालाब का कार्य चलता नहीं पाया गया। उन्हें यह बताया गया कि श्रमिकों को अभी छुट्टी दे दी गयी है। इससे पता ही न चल सका कि वहां कितने श्रमिक कार्य पर लगे थे। सचिव का कहना है कि खेल मैदान के कार्य पर 05 महिला श्रमिकों का मस्टररोल में नाम है और उनकी उपस्थिति एमएमएस पर ग्राम रोजगार सेवक द्वारा की गयी है जबकि एक भी महिला कहीं फोटो में नहीं दिख रही है। इसी तरह होलिहा तालाब की खुदाई में 6 महिला श्रमिकों का मस्टररोल पर नाम है जिनकी उपस्थिति ग्राम रोजगार सेवक ने एमएमएस पर की है। इस कार्य के फोटो में भी कहीं एक भी महिला श्रमिक नजर नहीं आ रही है। मधु गुप्ता का कहना है कि 5 मई को ग्राम रोजगार सेवक फारूक को स्पष्ट मना किया गया था कि मस्टररोल फीड नहीं किया जाएगा। मैं खुद मस्टररोल ले कर प्रधान से करा लूंगी फिर भी ग्राम रोजगार सेवक ने मस्टररोल भर कर उस पर प्रधान के हस्ताक्षर कराकर उसे जमा कर दिया। ग्राम विकास अधिकारी मधु गुप्ता ने बीडीओ से इस प्रकरण में संज्ञान लेते हुए प्रधान इरम को शासकीय कार्यों में स्वयं उपस्थित हो कर सहयोग देने को आदेशित करने की मांग की है।

### युवती को भगा ले गया गैर समुदाय का युवक

**लहरपुर सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में एक दलित युवती शादी की रात दूसरे समुदाय के युवक के साथ फरार हो गई। पुलिस ने युवती व उसके प्रेमी को हिरासत में ले लिया। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर आरोप लगाया कि उसकी पुत्री की शादी गुरुवार को थाना हरगांव के एक ग्राम से होनी थी, जिसे गांव का ही एक अन्य समुदाय का युवक बुधवार को भगा ले गया। पीड़ित पिता ने बृहस्पतिवार को कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि जब वह आरोपी युवक के पिता के पास शिकायत करने गया तो उसे गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी।

# कोर्ट के आदेश पर छेड़छाड़ व मारपीट का मुकदमा दर्ज

बिसवां सीतापुर

**अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस और दबंगों के उत्पीड़न का शिकार महिला को न्याय के लिए न्यायालय की शरण में जाकर न्याय की गुहार लगाना पड़ा। न्यायालय ने पुलिसिया उत्पीड़न और दबंगों की प्रताड़ना का शिकार महिला को सुनकर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही के लिए आदेशित किया।

कोतवाली बिसवां इलाके के एक गांव की निवासिनी महिला ने न्यायालय में 156 (3) सीआरपीसी के तहत स्पेशल एससी एसटी न्यायाधीश के न्यायालय में आवेदन किया। उसने मनीष पुत्र जवाहर उर्फ टोर्री निवासी सहदेवा पिपरी, राम खेलावन पुत्र गोपी निवासी गोपालपुर कोतवाली बिसवां के विरुद्ध आवेदन कर दोनों विपक्षियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। पीड़िता ने न्यायालय को अवगत कराया था कि विपक्षी एक गांव का है दूसरा गोपालपुर का है। जो दबंग और अपराधिक प्रवृत्ति के हैं। दोनो रंजिश मानते हैं। जिस वजह से बेटी को परेशान करते हैं। पीड़िता ने न्यायालय में कहा मनीष बेटी को काफी समय से परेशान करता है, आये दिन अश्लील हरकत करता रहता है। विरोध करने पर मनीष पुत्री को जबरन उठाकर शादी की धमकी देता है।

# आमने-सामने टकराये दो ट्रक, तीन लोग घायल

सेउता, सीतापुर

**अमृत विचार।** थाना रेउसा क्षेत्र में शुक्रवार को आमने-सामने दो ट्रकों की भिड़ंत हो गई। जिसमें तीन लोग घायल हो गये। सभी घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से एक को नाजुक हालत में बहराइच रेफर किया गया।

जिला थाना हमीरपुर निवासी रामहेत ट्रक चालक मौरंग लोड कर बहराइच जा रहे थे, उधर हरगांव निवासी बबलू ट्रक चालक आसाम से प्लास्टिक दाना लोडकर दिल्ली जा रहा था। बहराइच सीतापुर रोड पर शिवपुरी के निकट दोनो ट्रक आमने-सामने भिड़ गये। जिससे दोनों ट्रक चालक रामहेत, बबलू घायल हो गये। वहीं दूसरे हादसे में थाना थानगांव के सुजातपुर मजरा जंगलपुरवा निवासी मोनू राजपूत 30 वर्षीय पुत्र रमेश चंदौली बाइक से आ रहा था। चंदौली निकट रेउसा क्षेत्र में हाफ डाला से जख्मी हो गया।


आमने-सामने टकराये दो ट्रक।

### पत्नी से नाराज युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**पहला, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना सदरपुर क्षेत्रांतर्गत एक गांव में शुक्रवार सुबह एक 22 वर्षीय युवक ने पत्नी से नाराज होकर पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हाजीपुर निवासी 22 वर्षीय विनय कुमार पुत्र राजेंद्र कुमार ने शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे गांव के पश्चिम उत्तम श्रीवास्तव के खेत में खड़े यूकेलिप्तिस के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के मुताबिक पति-पत्नी का आपस में विवाद हुआ था और वह परसों शाम को अपनी ससुराल बकहुआ थाना सदरपुर गया था, जहां उसकी पत्नी से उसका विवाद हो गया था। जिस कारण विनय ने यह कठोर कदम उठाया।

# सेंट जेवियर्स के वीर को योग में गोल्ड

**बढ़ाया मान**

- सेक्रेड हार्ट इंटर कॉलेज में आयोजित हुई प्रतियोगिता
- अन्य छात्रों ने तीन रजत व इतने ही कांस्य पदक जीते

सीतापुर

अमृत विचार। सेक्रेड हार्ट इंटर कॉलेज में आयोजित जिला योगासन खेल प्रतियोगिता में सेंट जेवियर्स स्कूल बिसवां के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सेंट जेवियर्स विद्यालय में कक्षा 9 के छात्र वीर रस्तोगी ने योग प्रतियोगिता में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। योग प्रतियोगिता में विद्यालय के बच्चों ने एक स्वर्ण, तीन रजत तथा तीन कांस्य पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आलोक कुमार, आदर्श वर्मा, अमन अंसारी, अंशुल वर्मा, सिद्धार्थ मौर्य और अंशू वर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. मंजू सिंह सिकरवार व योग शिक्षक आर्यमन को दिया।



गोल्ड मेडल जीतने वाले वीर को पुरस्कृत करतीं प्रधानाचार्य।

**छात्रों का प्रदर्शन**

| | |
|---|---|
| वीर रस्तोगी | गोल्ड मेडल |
| आलोक कुमार | सिल्वर मेडल |
| आदर्श वर्मा | सिल्वर मेडल |
| अमन अंसारी | सिल्वर मेडल |
| अंशुल वर्मा | ब्रॉन्ज मेडल |
| सिद्धार्थ मौर्य | ब्रॉन्ज मेडल |
| अंशुल वर्मा | ब्रॉन्ज मेडल |

## सार-संक्षेप

### जीवन में संकट आयें, लेकिन भटकना नहीं


सीता नवमी कार्यक्रम में अपने विचार प्रस्तुत करतीं प्रज्ञा सिंह।

**सीतापुर, अमृत विचार।** सीता नवमी कार्यक्रम मछरेहटा में किया गया। जिसमें प्रज्ञा सिंह विभाग संयोजक दुर्गा वाहिनी ने कहा कि राजा जनक ने सीता की शादी बड़े घर में की थी, लेकिन परिस्थितियों के कारण जीवन में अपने कष्ट सहे, लेकिन वह कभी मार्ग से नहीं भटकी। हमको प्रेरणा देनी चाहिए कि जीवन में अनेक संकट आएंगे, लेकिन कभी भटकना नहीं है। समाज में लव जिहाद जैसी घटनाएं हो रही हैं। लड़कियों को जागरूक रहने की आवश्यकता है। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजन दीप्ति रस्तोगी मंच संचालन आरती रस्तोगी ने किया। ज्योति रस्तोगी माता सीता के जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष शोभा रानी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के बाद मछरेहटा प्रखंड की बैठक में प्रखंड अध्यक्ष छत्रपाल यादव की घोषणा की गई है।

### वन स्टॉप सेंटर में बालिकाओं से अपर जिला जज ने की वार्ता

**सीतापुर, अमृत विचार।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तृतीय के निर्देशानुसार शुक्रवार को नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण किया। वन स्टाप सेन्टर के निरीक्षण के समय पांच बालिकायें उपस्थित पाई गईं। जिसमें से एक बयान के लिए गयी थीं। ड्यूटी रोस्टर के अनुसार समस्त स्टाप उपस्थित मिला एवं शेल्टर होम में साफ-सफाई सही पाई गयीं। शेल्टर में उपस्थित बालिकाओं से वार्ता की गयी तो उन सभी ने बताया कि खाना इत्यादि समय से मिलता है।


बालिकाओं से वार्ता करते अपर जिला जज।

### आग से दो घरों की नकदी समेत सारा सामान खाक


घर का सारा सामान जलने के बाद खड़े पीड़ित। अमृत विचार

**पहला, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना सदरपुर क्षेत्रांतर्गत अज्ञात कारणों की वजह से दो घरों मे आग लग गई। जिसमें हजारों की नकदी समेत घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। आग से एक मवेशी की भी मौत हो गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सदरपुर के ग्राम शमसाबाद निवासी शकील पुत्र शमीन व खलील पुत्र अफरोज के घरों में अज्ञात कारणों से घर के छप्पर में आग लग गई। जिससे घर में रखी 20 हजार रुपए की नकदी, एक बकरी, कास्मेटिक का सारा सामान तथा खाने पीने का सारा सामान जलकर राख हो गया। आग पर ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से काबू पाया। सूचना पाकर क्षेत्रीय लेखपाल के मुंशी बलराम यादव ने मौके का मुआयना किया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता



**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ग्राम लालपुर बाजार से लापता हो गया। परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सोन्सरी निवासी गुड्डू पुत्र गिरधारी ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दियाा। जिसमें उसने कहा है कि उसका 18 वर्षीय पुत्र रजित एक डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित करता है। बृहस्पतिवार को हमेशा की तरह डायग्नोस्टिक सेंटर गया था, । उसके उपरांत अर्पित मेडिकल स्टोर से दवाइयां खरीदीं और उसके बाद दोपहर लगभग 12 बजे उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। तभी से वह लापता है।

**समस्या** ब्लॉक एलिया की ग्राम पंचायत उमरसा के हुसियापुर गांव में लगे अधिकतर हैंडपंपों की हालत खराब

# गर्मी में हैंडपंप से पानी निकलने की राह देख रहे ग्रामीण

इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** जहा एक तरफ ग्राम पंचायतों में लगे इंडिया मार्का हैंडपंप इस भीषण गर्मी में जवाब दे रहे हैं वहीं दूसरी तरफ हैंडपंपों की मरम्मत के लिए सरकारी बजट से समय पर ग्राम प्रधानों द्वारा अच्छी-खासी रकम भी निकाली जाती है। बावजूद इसके इन हैंडपंपों की स्थिति जस की तस बनी हुई है। ऐसे में भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पानी के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।


हैंडपंप से पानी निकालने का प्रयास करता ग्रामीण। अमृत विचार

ऐसा ही हाल ब्लॉक एलिया की ग्राम पंचायत उमरसा के हुसियापुर गांव का है, जहां पर लगे अधिकांश हैंडपंपों की हाल बेहद खराब है और ग्रामीणों को पानी मुहैया नहीं हो पा रहा है। किसी भी जिम्मेदार ने ऐसी भीषण गर्मी में भी इन खराब पड़े हैंडपंपों को सही कराने की सुधि तक नहीं ली है। इस गांव में आंगनबाड़ी केंद्र के पास लगे इंडियामार्का हैंडपंप की हालत काफी जर्जर है जबकि आंगनबाड़ी केंद्र के अलावा पास में कई लोगों के मकान भी बने हैं जिनको नल खराब होने की वजह से पानी की समस्या से जूझना पड़ता है। आंगनबाड़ी केंद्र पर आने वाले अधिकारियों को भी पानी की दिक्कत होती है। गांव के पूरब बने एक देवस्थान के पास भी एक हैंडपंप लगाया गया है। जिसकी हालत यह है कि यदि कोई राहगीर अपनी प्यास बुझाने के लिए यहां पर पहुंच जाये तो हैंडपंप से पानी निकालने में ही उसकी हलक सूख जाए और प्यासा ही उसे वहां से जाना पड़े। गांव के बाहर बने अंबेडकर पार्क में एक इंडिया मार्का हैंडपंप लगाया गया है। नल तो बनकर तैयार हो गया लेकिन नल की चौकी का निर्माण नहीं कराया गया जिससे नल के चारों तरफ कीचड़ भरा रहता है। जिससे कीड़े-मकोड़े उत्पन्न होते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान से लेकर ब्लॉक के अधिकारियों तक इसकी गुहार लगा चुके हैं लेकिन हैंडपंप मरम्मत के नाम पर हमेशा सिर्फ खानापूर्ति ही होती है। जिसके फलस्वरुप ये हैंडपंप पुनः अपनी यथास्थिति में आ जाते हैं।

**हैंडपंप चलाने को करना पड़ता है जुगाड़**

हुसियापुर गाँव निवासी महावीर के घर के बाहर लगे हैंडपंप की स्थिति यह है कि नल से पानी निकालने के लिए ग्रामीणों को अजब-गजब प्रयास करने पड़ते हैं। नल के पास ही रखी एक पाइप को नल की सरिया से फंसाकर ग्रामीण नल चलाते नजर आए। इस तरह नल चलाने के सवाल पर ग्रामीणों ने बताया कि जब भी पानी की जरूरत होती है तब इसी तरह मशक्कत करनी पड़ती है तब जाकर कहीं नल की टोंटी से थोड़ा बहुत पानी देखने को मिलता है।


सरिया से फंसाकर नल चलाता युवक ।

**खराब पड़े हैंडपंपों को जल्द ठीक करवाते हैं : पंचायत सचिव :** इस संबंध में जब संबंधित ग्राम पंचायत सचिव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि खराब पड़े सभी हैंडपंपों को जल्दी ही दिखवाकर ठीक कराते हैं।

यादृशै: सन्निविशते यादृशांश्चोपसेवते।
यादृगिच्छेच्च भवितुं तादृग् भवति पूरुष:॥

व्यक्ति जैसे लोगों के साथ उठता-बैठता है, जैसे लोगों की संगति करता है, उसी के अनुरूप स्वयं को ढाल लेता है।

## संपादकीय

# आर्थिक प्रगति की रफ्तार

संयुक्त राष्ट्र ने विश्व अर्थव्यवस्था के 2024 में 2.7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान लगाया है, जो कि जनवरी 2024 के आंकड़े की तुलना में 0.3 प्रतिशत अधिक है। 2025 में आर्थिक प्रगति की रफ्तार 2.8 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। यह अमेरिका और ब्राजील, भारत तथा रूस सहित कई उभरती अर्थव्यवस्थाओं में बेहतर प्रदर्शन की ओर भी इशारा करता है। भारत की अर्थव्यवस्था के वर्ष 2024 में 6.9 प्रतिशत और अगले वर्ष 6.6 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ने का अनुमान है। गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र के एक विशेषज्ञ ने कहा कि भारत का आर्थिक विकास प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है और यह कई पश्चिमी कंपनी के लिए निवेश करने का एक वैकल्पिक गंतव्य बन गया है क्योंकि चीन में विदेशी निवेश कम होता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2024 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि को संशोधित किए जाने के मौके पर विशेषज्ञ ने यह बात कही। कई प्रमुख फैक्टर भारत के मौजूदा आर्थिक परिदृश्य को चिन्हित करते हैं। भारत की अर्थव्यवस्था के लिए महंगाई लगातार एक चिंता बनी रही है। परंतु हाल की वित्तीय और मौद्रिक नीतियों में महंगाई को काबू में रखने की कोशिशें साफ तौर पर दिखी हैं। हालांकि अनेक विकासशील अर्थव्यवस्थाएं अब भी महंगाई से जूझ रही हैं। अनेक देशों को उधार लेने की ऊंची क़ीमतों, राजनैतिक अस्थिरता और विनिमय दर के दबावों का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक वैश्विक आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। फिर भी भूराजनैतिक तनावों व टकरावों के गहन रूप धारण करने की आशंका से अनेक अर्थव्यवस्थाओं के लिए निकट भविष्य में आर्थिक हालात पर असर पड़ सकता है। इसलिए फिलहाल आर्थिक मोर्चे पर सतर्कता बनाए रखने की जरूरत है। रिपोर्ट में बेहतर हो रहे आर्थिक हालात के साथ-साथ ऊंची ब्याज़ दरों, कर्ज सततता संबंधी चुनौतियों और चरम मौसम घटनाओं के प्रति सचेत किया गया है।

गौरतलब है कि गत वर्ष भारत ने चीन को पीछे छोड़कर दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाले देश का दर्जा हासिल कर लिया। दुनिया में एक प्रमुख देश के तौर पर खुद को स्थापित करने के लिए अपने व्यापक मानव संसाधन, विशेष रूप से अपनी युवा जनसंख्या के इस्तेमाल की भारत की क्षमता की तरफ दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। शिक्षा, कौशल विकास और नई नौकरियों के ज़रिए भारत के इस जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा उठाने से आर्थिक विकास में बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन इसके लिए बढ़ते कार्य बल के मुताबिक प्रभावी संसाधन प्रबंधन और अवसर के प्रावधान की भी आवश्यकता है।

# राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष सबसे बड़ा खतरा आतंकवाद



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

एक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति या नीति, देश के नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं और सुरक्षा चिंताओं को पूरा करने और देश के लिए बाहरी और आंतरिक खतरों को दूर करने के लिए देश के लिए एक महत्वपूर्ण ढांचा है।

राष्ट्रीय सुरक्षा से बड़ा कोई मुद्दा हो ही नहीं सकता। इस मुद्दे के सामने बाकी सारे मुद्दे गौण हो जाते हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे अति गंभीर, महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दे पर जब कोई भी बेतुकी बयानबाजी की जाती है तो देशवासियों को अंदर तक चोट पहुंचती है। ऐसे तमाम प्रकरण हैं जब अपनी राजनीति चमकाने और सरकार पर हमला करने की नीयत से विपक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे करोड़ों लोगों के जीवन से जुड़े प्रश्न पर बेतुकी बयानबाजी करता है।

जम्मू-कश्मीर के पुंछ इलाके में बीती 4 मई को आतंकियों ने वायुसेना के काफिले पर हमला किया था जिसमें एक जवान ने शहादत दी और चार घायल अब भी उपचाराधीन हैं। इस हमले को पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने भाजपा की 'चुनावी स्टंटबाजी' करार दिया। यह राष्ट्रीय सुरक्षा और सेनाओं के सम्मान की अनिवार्यता का भी उल्लंघन है कि एक सरहदी राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने ऐसा बयान दिया है। पुंछ के घने, गहरे, जंगलात इलाकों में सेना और सुरक्षा बलों का ऑपरेशन अब भी जारी है, आतंकियों के दो स्केच जारी कर 20 लाख रुपए का इनाम भी घोषित किया गया है और आश्चर्य है कि इस कवायद को 'स्टंटबाजी' करार दिया गया है।

कांग्रेस नेताओं को सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट हवाई आक्रमण भी फर्जी और स्टंट लगे थे। वे लगातार सरकार से सवाल पूछते रहे और व्याख्याएं करते रहे कि आतंकी अड्डे नेस्तनाबूद नहीं हुए, बल्कि हमलों की चपेट में कुछ पक्षी आ गए थे। राष्ट्रीय सुरक्षा पर इतना खोखलापन और सियासी विरोध वाकई चिंतित करता है, क्योंकि ऐसी टिप्पणियां करना हमारे सैनिकों के शौर्य और शहादतों का भी अपमान है। जम्मू-कश्मीर के संदर्भ में ही दूसरा बयान फारूक अब्दुल्ला का है। वह कई सालों तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे। बीती 17 वीं लोकसभा में भी सांसद थे। भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री भी रहे। इसके बावजूद फारूक का पाक परस्त और चीन समर्थक रवैया कोई नई बात नहीं है। राष्ट्रीय सुरक्षा से आशय किसी राष्ट्र-राज्य की सरकार की अपने नागरिकों, अर्थव्यवस्था और

**वर्तमान समय में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष सबसे बड़ा खतरा आतंकवाद है। आतंकवाद ऐसे कार्यों का समूह होता है जिसमें हिंसा का उपयोग किसी प्रकार का भय व क्षति उत्पन्न करने के लिए किया जाता है। यदि भारत में हुई बड़ी आतंकी घटनाओं की बात की जाए तो वर्ष 2008 का मुंबई बम धमाका, वर्ष 2016 के पुलवामा हमले ने भारत को गहरे जख्म दिए हैं। आतंकवाद के अतिरिक्त संगठित अपराध भी आज राष्ट्रीय सुरक्षा के सम्मुख बड़ा खतरा है। राजनीतिक दलों और नेताओं को राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में हल्की बयानबाजी से बाज आना चाहिए। असल में जब बात राष्ट्रीय सुरक्षा की हो तो दुनिया में हमारी एकता का संदेश जाना चाहिए।**

अन्य संस्थानों की सुरक्षा करने की क्षमता से है। इक्कीसवीं सदी में राष्ट्रीय सुरक्षा सिर्फ सैन्य हमलों के खिलाफ स्पष्ट सुरक्षा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि आज तो राष्ट्रीय सुरक्षा में कई गैर-सैन्य मिशन भी शामिल हैं। यदि राष्ट्रीय सुरक्षा के इन गैर-सैन्य मिशनों की बात की जाए तो इसके अंतर्गत आर्थिक सुरक्षा, राजनीतिक सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, मातृभूमि सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, मानव सुरक्षा और पर्यावरण सुरक्षा जैसे विषय शामिल हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा की सुनिश्चितता हेतु सरकारें कूटनीति के साथ-साथ राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य शक्ति आदि रणनीतियों पर अमल करती हैं।

एक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति या नीति, देश के नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं और सुरक्षा चिंताओं को पूरा करने और देश के लिए बाहरी और आंतरिक खतरों को दूर करने के लिए देश के लिए एक महत्वपूर्ण ढांचा है। भारतीय राज्य के पास एक व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति का अभाव है, जो देश की सुरक्षा के लिए चुनौतियों का व्यापक आकलन करती हो और उनसे प्रभावी ढंग से निपटने के लिए नीतियां बनाती हो। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की अध्यक्षता में एक शीर्ष स्तरीय रक्षा योजना समिति की स्थापना वर्ष 2018 में की गई थी, जिसे राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा नीति तैयार करनी थी, लेकिन अब तक इस पर कोई प्रगति नहीं हो पाई है। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) के संदर्भ में बयान दिया था, जिस पर फारूक अब्दुल्ला ने प्रतिक्रिया दी कि उन्होंने भी चूड़ियां नहीं पहन रखीं। उनके पास भी एटम बम है और वह बम हम पर ही गिरेगा। फारूक ने भारत की सामरिक ताकत को खौफजदा करने की कोशिश की है। एक बार फिर उन्होंने पाकिस्तान की भाषा बोली है। हालांकि वह सीमापार आतंकवाद के अंजामों को बखूबी जानते हैं। उन्हें 1999 का 'कारगिल युद्ध' याद होगा। चलो, 1965 और 1971 के युद्धों को 'लंबा अतीत' मान लेते हैं, लेकिन पाकिस्तान को सब कुछ याद है। दुनिया ने यह भी देखा है कि युद्ध के नाम पर वहां की 'नेशनल असेंबली' (संसद) में नेताओं के हाथ-पांव किस तरह कांपने लगते हैं?

बहरहाल कश्मीर में अब्दुल्ला परिवार की हुकूमत के तीन दशकों के दौरान आतंकवाद और अलगाववाद कितना फला-फूला था, यह देश अच्छी तरह जानता है। उनकी स्मृतियां भी शेष हैं। कश्मीरी पंडितों के साथ अत्याचार किए गए थे, हत्याएं की गई थीं, अंततः वे कश्मीर छोड़ने को विवश हुए। उसकी बुनियाद भी फारूक सरकार के दौरान रख दी गई थी। राज्य में उस दौर में 70,000 से अधिक आतंकी घटनाएं हुईं और 35,000 से अधिक कश्मीरी जवान मार दिए गए। ऐसा राजनेता आज पाकिस्तान की चूड़ियों और एटम बम की परोक्ष धमकी हमें दे रहा है। आज हमें 'नया कश्मीर' दिखाई दे रहा है। कश्मीर में रात 11 बजे भी 'लाल चौक' के पास घूम सकते हैं। अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद 2 करोड़ से अधिक पर्यटक 'पृथ्वी की जन्नत' देखने आए हैं। आतंकवाद के छाया पैरोकार रहे नेता बार-बार हमारे शहीदों और सैनिकों को अपमानित क्यों करते हैं? ऐसी ही हरकत मुंबई में कांग्रेस के नेता विजय वडेट्टीवार ने की है। उन्होंने एक किताब के हवाले से बयान दिया है कि 26/11 आतंकी हमले के दौरान पुलिस के जाबांज अफसर हेमंत करकरे को आतंकवादी कसाब की गोली नहीं लगी थी, बल्कि वह आरएसएस समर्थक पुलिस अधिकारी की बंदूक से निकली गोली से शहीद हुए थे।

इस निरर्थक बयान पर शशि थरूर जैसे बौद्धिक सांसद ने जांच की मांग की। शहादतों पर इस तरह संदेह करने और अनाप-शनाप बयान देने से कितने वोट हासिल होंगे? देश की जनता का विवेक बखूबी यह जानता है। देश की सुरक्षा का मुद्दा राजनीति का मुद्दा नहीं है। न ही शहादतों पर थोथी बयानबाजी होनी चाहिए। चन्नी, फारूक व शशि थरूर तीनों ने सीमाएं लांघ कर बयान दिए हैं। ऐसे बयानों से बचना चाहिए। यदि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष चुनौतियों पर गौर करें तो भारत की भू-राजनीतिक स्थिति, इसके पड़ोसी कारक, विस्तृत एवं जोखिम भरी स्थलीय, वायु और समुद्री सीमा के साथ इस देश के ऐतिहासिक अनुभव इसे सुरक्षा की दृष्टि से अतिसंवेदनशील बनाते हैं।

वर्तमान समय में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष सबसे बड़ा खतरा आतंकवाद है। आतंकवाद ऐसे कार्यों का समूह होता है जिसमें हिंसा का उपयोग किसी प्रकार का भय व क्षति उत्पन्न करने के लिए किया जाता है। यदि भारत में हुई बड़ी आतंकी घटनाओं की बात की जाए तो वर्ष 2008 का मुंबई बम धमाका, वर्ष 2016 के पुलवामा हमले ने भारत को गहरे जख्म दिए हैं। आतंकवाद के अतिरिक्त संगठित अपराध भी आज राष्ट्रीय सुरक्षा के सम्मुख बड़ा खतरा है। राजनीतिक दलों और नेताओं को राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में हल्की बयानबाजी से बाज आना चाहिए। असल में जब बात राष्ट्रीय सुरक्षा की हो तो दुनिया में हमारी एकता का संदेश जाना चाहिए।

## प्रसंगवश

# खुफिया जानकारी एकत्र करने वाला नेटवर्क न बने मीडिया

मामला सिर्फ अंग्रेजी पत्रकारिता से नाम कमाना ही नहीं, बल्कि अस्तित्व की रक्षा से भी जुड़ा है। हिंदी भाषा के एक बड़े अखबार के संपादक अंग्रेजी भाषा की अपनी ही एक सिस्टर पब्लिकेशन में सामयिक विषयों और अधिकांश तौर से पॉलिटिक्स पर अंग्रेजी में कमेन्ट्रीज लिखने का लोभसंवरण नहीं कर पाते हैं। अंग्रेजी भाषा में शानदार नैरेटिव लिखते हैं। इन्हें लगता है कुछ ऊंची बात ऊंचे लोगों तक पहुंचानी है और इन पर पकड़ बनानी है तो अंग्रेजी भाषा में लिखना ही पड़ेगा। क्या अंग्रेजी सचमुच ही हिंदी पर भारी पड़ती है? जी बिल्कुल। सच यही है, बेशक भारत सरकार का राजभाषा विभाग हर साल देश में सरकारी तौर से हिंदीकरण पर या हिंदी को लोकप्रिय बनाने पर करोड़ों रुपया खर्च करता है।



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

आम आदमी को इससे क्या फर्क पड़ता है! देश के बड़े लोगों या नीति निर्धारकों और 'डेस्टिनी मेकर्स' के दिमाग पर अंग्रेजी भाषा का मीडिया छाया रहता है। वे इसमें से वक्तव्यों और जानकारी को 'सेक्रेड स्क्रिपचर्स' की तरह कोट अथवा उद्धृत करते हैं। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हर बड़े बिजनेस हाउस, लगभग हरेक स्तर के बड़े और मध्यम मीडिया-अंग्रेजी, हिंदी और वर्नाक्युलर के दफ्तर और ब्यूरो हैं। कुछ बड़े अखबार और पत्रिकाएं दिल्ली से प्रकाशित होती हैं। दो बड़े अखबारों ने पिछले दसेक साल से गुरुग्राम से दिल्ली संस्करण को प्रिंट करना शुरू किया है।

दिल्ली से राष्ट्रीय राजनीति और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कूटनीति तय होती है। दिल्ली में सभी देशों के दूतावास और हाई कमीशन हैं। दिल्ली हर प्रकार से ग्लोबली लिंक्ड है और राष्ट्रीय स्तर की सभी पॉलिटिकल पार्टियों के यहां दफ्तर भी हैं। भारत सरकार के मंत्रालय यहीं हैं और भारत सरकार भी। पॉलिटिकल, सिक्यूरिटी एंड डिफेंस, स्ट्रेटेजिक, साइंटिफिक, टेक्नोलॉजीकल, इकॉनोमिकल, सोशल, एंथ्रोपोलॉजिकल, लिंग्विस्टिक्स और न जाने क्या-क्या किस्म की इंफार्मेशन गैदरिंग और इंटेलिजेंस यहां से जुटाई जाती हैं। एंबेसियों का कुछ काम इंटेलिजेंस गैदरिंग भी है। यहां तक कि मौसम और ट्रैफिक संबंधी डाटा, फ्यूल और एनर्जी संबधी डाटा भी चुराया जाता है। ऐसे में अगर आप भाषाई जर्नलिज्म करते रहे तो यहां आपको कौन पूछता है? इसलिए अंग्रेजी में लिखिए और ध्यानाकर्षण करें। अंग्रेजी मीडिया के लिए जो लोग लिखते हैं और खास तौर से फॉरेन मीडिया के लिए वे बहुत पैसा जर्नलिज्म से ही कमाते हैं। मीडिया में विदेशी इंटेलिजेंस एजेंसीज के 'मोल्स' भी बहुत हैं। बड़े अखबारों के बड़े पत्रकार भारत सरकार और बिजनेस हाउसेस के बड़े एग्जीक्यूटिव्स और उद्योगपतियों से करीबी होते हैं। इन्हें अंदर की बातें मालूम रहती हैं और फिर पूरी तरह से एन्क्रिप्टेड वाट्सएप तो है ही। विदेश में वाट्सएप इंटरनेट के जरिए आप फ्री में बात भी कर सकते हैं, बशर्ते 'ईव्स ड्रापिंग' न हो।

भारतीय मीडिया में हुई एनालिसिस अर्थात् इंटेलेक्चुअल चीर-फाड़ को विदेश के 'इंटेलिजेंस गैदरर्स' फिर से एनालायज करते हैं और अपनी सरकारों को सूचना देते हैं। 'केबल' और 'वायर' का ज़माना अब गया। अब जासूसी संदेश एन्क्रिप्टेड और कॉम्प्रेस किए जाते हैं और सेटेलाइट के द्वारा प्राइवेट फ्रीक्वेंसीज पर चंद सेकंड्स में ही ट्रांसमिट कर दिए जाते हैं। इस मामले में भारत भी पीछे नहीं है। अन्य देशों में हम भी यही काम करते हैं। एक दशक से कुछ अधिक समय हुआ जब पांच महत्वपूर्ण देशों में हमारे साइंस अटेची दूतावासों में तैनात थे। इनका काम बहुत ही निम्न स्तर का होने के कारण इन पदों को समाप्त कर दिया गया। अनेक देश भारत में पूंजी का बड़ा निवेश कर चुके हैं। इन्हें अपने लोगों और इनके परवारों, आर्थित हित और एसेट्स की सुरक्षा की हमेशा चिंता रहती है। मसला एक नहीं, बहुआयामी है। सूचना और मूवमेंट ही आज का सबसे ताकतवर हथियार है न कि आपके पास कितना असलहा है।

यह ताज्जुब की बात है कि देश के बड़े अखबारों में से किसी ने भी अभी तक ऐसा कोई लेख प्रकाशित नहीं किया जिससे हमें यह मालूम हो कि भारत में सन् 2024 के लोकसभा चुनाव के बारे में विदेशी अखबार अथवा मीडिया कैसी कवरेज दे रहा है और वे क्या सोचते हैं? हमारा रिसर्च एंड एनालिसिस विंग ही इस मामले में मुझे जागरूक लगता है।

# सोशल मीडिया से चुनाव पर पड़ता प्रभाव

समय व्यतीत होने के साथ-साथ तकनीकी ने सभी क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन किया है। समाचार का क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा। समाचार क्षेत्र में कारपोरेट के दबदबे ने सभी को यह एहसास दिलाया है कि तीन दशक पूर्व आधे घंटे का समाचार व्यक्ति को वो सभी जानकारी दे देता था जिसकी उन्हें आवश्यकता होती थी, जबकि समाचार की इस भीड़ में 24 घंटे सभी को वो परोसा जा रहा है जिसे कुछ लोग बैठकर निर्धारित करते हैं और इन सबके पीछे का उद्देश्य आपको मानसिक रूप से नियंत्रित करना है। यह अब हम सभी ने आसान भी कर दिया है, क्योंकि हम अब तर्क करना भूल गए हैं। हमें जो परोसा जाता है उसे ही हम सही मान लेते है।

ऐसे में सोशल मीडिया ने एक नई भूमिका अदा की है। सही बात जब कही नहीं सुनी जाती तो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही उस पर त्वरित कार्यवाही करने को सरकार भी बाध्य हो रही है। यही नवचार और शक्ति है, जो यह सोचने और समझने पर विवश कर रही है कि क्या सोशल मीडिया लोकसभा चुनाव पर प्रभाव डालेगा? कुछ युवाओं से व्यक्तिगत वार्तालाप करने पर उनका कहना था कि यदि कांग्रेस सत्ता में वापसी करती है तो इसका सीधा श्रेय यूटूबर ध्रुव राठी व अन्य को जाएगा, क्योंकि इधर कुछ दिनों में ध्रुव राठी के वीडियो न केवल लोगों में प्रसिद्ध हो रहे हैं, बल्कि समाचार के मुख्य स्रोतों या यूं कहें मीडिया घरानों द्वारा उद्देश्य पूरक समाचार न देने की कलई भी खोल दे रहे हैं। इसके अतिरिक्त व्हाट्सएप, यूट्यूब, फेसबुक, एक्स पर अनेक ऐसे व्यक्तित्व हैं जिनके द्वारा ऐसी सच्चाई सामने लगातार लाई जा रही है, जो मुख्य मीडिया की प्रभावशाली धारा



डॉ. अजय कुमार मिश्रा
लखनऊ

**ऐसे में सोशल मीडिया ने एक नई भूमिका अदा की है। सही बात जब कही नहीं सुनी जाती तो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही उस पर त्वरित कार्यवाही करने को सरकार भी बाध्य हो रही है।**

में दबकर खत्म हो जा रही थी। वर्तमान में चल रहे लोकसभा चुनाव के कुल सात चरणों में से चार चरण का चुनाव पूरा हो गया है और पाचवें चरण का चुनाव 20 मई को है। अभी तक किए गए प्रचार-प्रसार को आप देखें तो राजनेताओं ने न केवल सभी हद पार कर दी, बल्कि यह सभी को एहसास करा दिया है कि कुर्सी के लिए वो कितने गिर सकते है। समाचार पत्र और चैनल्स स्वयं पार्टियों का प्रचार-प्रसार आम आदमी के हितों की अनदेखी करके कर रहे है।

आम जनता की जमीनी समस्याएं जस की तस कराह रही है, जबकि सभी के अपने-अपने दावे है। रोजगार की मांग को सीधे अनसुना किया जाना। शिक्षा और स्वास्थ्य की लागत आम आदमी की पहुंच से दूर हो जाना, बढ़ती महंगाई और अमीरी-गरीबी की खाई समेत अनेक बातें हैं जिसका संज्ञान चुनावी पार्टियों ने नहीं लिया है, जिन्होंने लिया भी है उनका उद्देश्य सिर्फ वोट पाने तक सीमित है। ऐसे में सोशल मीडिया की भूमिका अब अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। कई दिग्गजों के एक्स पोस्ट पर आपको सीधे कटाक्ष करने वाले पोस्ट देखने को मिलेंगे। यानी लोगों को बात रखने का एक अनूठा माध्यम सोशल मीडिया ने दिया है और अब वह दिन प्रतिदिन प्रभावशाली भी हो रहा है। इस लोकसभा चुनाव में यह सीधे तौर पर कहा जा सकता है कि सोशल मीडिया प्रभाव डालेगा पर उसका प्रतिशत क्या होगा यह अभी अनिश्चित है। बढ़ती हिस्सेदारी, स्वतंत्रता, सोशल मीडिया को अधिक मजबूत बना रही है, जो अब समाचार पाने और देने का विश्वसनीय स्रोत बन गया है। परंपरागत समाचार प्रदाता अब अपनी साख खोने लगे हैं। जनता अब सीधे सवाल करने में यकीन करने वाली हो गई है। विभिन्न बातों और वास्तविकताओं को समझने और मूल्यांकित करने के पश्चात यह आसानी से कहा जा सकता है कि वर्तमान लोकसभा चुनाव पर सोशल मीडिया प्रभाव डालने जा रहा है और भविष्य में होने वाले चुनावों में और गहराई से प्रभावशाली प्रभाव डालने वाला होगा। क्योंकि समय के साथ-साथ इनके उपयोगकर्ताओं में वृद्धि होगी और सभी के द्वारा पोस्ट किए जा रहे आंकड़ों और विवरणों के प्रति उनकी स्वयं की जिम्मेदारी भी। हालांकि केंद्र सरकार ने एक निति के तहत सभी तरह के सोशल प्लेटफार्म पर कुछ भी लिखने को लेकर एक नया नियम बनाया है। दिलचस्प होगा की आम जन के लिए आजादी का यह प्लेटफार्म कब तक स्वयं आजाद रह पाता है और चुनावों में अपनी भूमिका कितनी प्रतिबद्धता के साथ निभा पाता है, पर इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता कि चल रहे लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया व्यापक रूप से प्रभाव डाल रहा है। यदि सरकार बदल जाती है या ऐसा परिणाम आता है जिसकी कल्पना किसी ने नहीं की हो तो उसकी देन सोशल मीडिया ही माना जाएगा।

## सोशल फोरम

# आर्थिक स्वार्थों की लड़ाई

लड़ाई तो आर्थिक स्वार्थों की है, लेकिन उसे "सभ्यताओं के संघर्ष" नाम देकर धार्मिक आधार पर चलाने में सफलता इसलिए मिलती है कि अनेक ऐतिहासिक कारणों से इस्लामी संसार बर्बरता से निकल नहीं सका है। जिस तरह कभी ईसाइयों के आततायीपन से दुनिया दहल रही थी, उसी तरह उसके बाद इस्लाम के अनुयायियों के आततायीपन से दुनिया त्रस्त है।



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

यूरोप के देशों ने शरणार्थी बन गए जिस मुसलमानों को अपने यहां आने और रहने दिया, वे अब इस्लामी कट्टरपन और आतंकवाद से परेशान हैं। अब भी ज्यादातर यूरोपीय देश अपनी शरणार्थी नीति में बदलाव नहीं कर रहे हैं, लेकिन फ्रांस या स्वीडन में आतंकी कार्रवाइयों जैसी कुछ और घटनाएं होने पर यह नीति जारी रह सकेगी, इसमें संदेह है। रूस ने इस समस्या को एक तरह सुलझाया था, चीन दूसरी तरह सुलझा रहा है। सबसे उदार भरतीय समाज, उसमें भी हिंदू समुदाय में भी इस्लामी आतंकवाद और कट्टरपन की प्रतिक्रिया में नफरत के बीज बोए जा सके हैं। यह बात हमारे देखते-देखते घटित हुई है कि 1985 से पहले जो भारतीय हिंदू सहज उदार था, वह सहसा उत्तेजित और फिर उग्र होने लगा।

खालिस्तानी आतंकवाद और इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सिख विरोधी हिंसा राजनीतिज्ञों ने आयोजित की जिसमें हिंदुओं का चेहरा कुछ विकृत हुआ। राम मंदिर-बाबरी मस्जिद आंदोलन ने विभाजन की स्मृतियों को कुरेदकर सांप्रदायिकता के कोढ़ को उकसाय। इस प्रक्रिया में अधिकांश सेकुलर और स्वस्थ मन मुसलमान धीरे-धीरे अपने समुदाय के कट्टरपंथियों के हवाले कर दिए गए। आज जब हमारा देश एक तरफ गंभीर चुनौतियों से गुजर रहा है और दूसरी तरफ अपार संभावनाओं से भरपूर है, तब समाज में जो आंतरिक संगठन चाहिए, वह सत्तालोलुप पूंजीवादी राजनीतिज्ञों के भरोसे कायम नहीं हो सकता। वह प्रगतिशील राजनीति, जनवादी संस्कृतिकर्मी और उदार धर्मानुयायियों के सहयोग से होगा। नागरिकों की जिम्मेदारी है कि समाज को जाति-धर्म से ऊपर संगठित करें। मनुष्य की एकता जनता के हित की शर्त है। **-फेसबुक वॉल से**

# परिवारवाद और व्यक्तिवाद के बीच चयन

लोकसभा चुनाव मतदान के चरण लगातार बढ़ते जा रहे हैं। मतदाता में अपेक्षित उत्साह नहीं है और न कोई लहर है। इसकी पृष्ठभूमि में कहीं न कहीं वह नैराश्य है जिसके कारण 'हम भारत के लोग' अपनी आकांक्षाओं की पूर्ति कहीं होते नहीं देख रहे हैं। चल रहे चुनाव में एक ओर भारतीय जनता पार्टी अपने कुछ सहयोगियों के साथ है और दूसरी ओर आईएनडीआईए गठबंधन है जिसमें कांग्रेस सबसे बड़ा दल है। बसपा अलग से अपने लिए नहीं, भाजपा की मददगार बी टीम के रूप में मैदान में है। मतदाता को परिवारवाद और व्यक्तिवाद के बीच ही चयन करने की मजबूरी है। कांग्रेस में कहने को कोई अध्यक्ष रहा हो, कोई पीएम रहा हो, वर्चस्व नेहरू-गांधी परिवार का ही सदा रहा और इस समय भी है। समाजवादी पार्टी की धुरी स्व. मुलायमसिंह यादव परिवार है, संप्रति जिसके मुखिया उनके बेटे अखिलेश यादव हैं। इसमें उनके परिवार की ही तूती बोलती है। शरद पवार अपनी बेटी सुप्रिया सुले और उद्धव ठाकरे अपने बेटे आदित्य को उत्तराधिकारी बनाए हैं। लालू यादव के बेटे तेजस्वी यादव उनकी राजनीतिक विरासत संभाल चुके हैं। ममता और मायावती अविवाहिता हैं तो अपने भतीजों पर ही भरोसा कर रही हैं। अरविंद केजरीवाल के जेल काल में यह स्पष्ट हो गया कि उनकी उत्तराधिकारिणी भी उनकी पत्नी ही हैं।

भाजपा कैडर/कार्यकर्ता आधारित पार्टी थी, सामूहिक नेतृत्व था और आंतरिक लोकतंत्र भी, किंतु नरेंद्र मोदी का कालखंड आने पर धीरे-धीरे व्यक्तिवाद बढ़ता गया, जो अब चरम पर है। केवल मोदी ही सारे निर्णय लेते हैं जिनके छाया सहायक उनके ही गृह राज्य के अमित शाह हैं। बस बाकी सब आभूषणात्मक हैं। समय-समय पर जब जिसे चाहा, मोदी ने किनारे कर दिया। यह फेहरिस्त लंबी है, फिर भी आडवाणी, जोशी, शिवराज सिंह, वसुंधरा राजे सिंधिया, रविशंकर प्रसाद, स्व. सुशील मोदी, सुमित्रा महाजन, डॉ. रमन सिंह, डॉ.



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

**इस चुनाव में ही नहीं 2029 के चुनाव के लिए भी शाह साहब मोदी का ही नाम पीएम पद हेतु प्रोजेक्ट कर रहे हैं। यह है व्यक्तिवाद का हाल! स्थिति "इंदिरा इज इंडिया' वाली ही यहां भी हो गई है। अतिशय व्यक्तिवाद ही तानाशाही का रूप ले लेता है, जो भी हो जनता को इस समय परिवारवाद और व्यक्तिवाद के बीच ही चुनाव करना होगा।**

दिनेश शर्मा, वरुण गांधी आदि कुछ नाम उल्लेखनीय हैं। अपने दूसरे कार्यकाल के आरंभ में राजनाथ सिंह को दूसरे नंबर से तीसरे पर और नितिन गडकरी को तीसरे से पांचवें पर लाकर कद कम किया गया। योगी आदित्यनाथ को भी क्षीण प्रभाव करने के लिए मऊ (यूपी) निवासी गुजरात कैडर के एक आईएएस अफसर उत्तर प्रदेश की राजनीति में लाए गए थे, किंतु योगी के प्रखर व्यक्तित्व के सामने अभी ऐसा कुछ हो नहीं पाया है। वैसे उन पर केन्द्रीय पहरे हैं और वे संसदीय बोर्ड से बाहर किए गए हैं। व्यक्तिवाद इतना बढ़ गया है कि प्रदेश और देश के चुनावों में कहा जाता है कि सब जगह मोदी को खड़ा समझो और तो और लोकसभा चुनाव घोषणा/संकल्प पत्र को 'मोदी की गारंटी' से जोड़ा गया है।

इस चुनाव में ही नहीं 2029 के चुनाव के लिए भी शाह साहब मोदी का ही नाम पीएम पद हेतु प्रोजेक्ट कर रहे हैं। यह है व्यक्तिवाद का हाल! स्थिति "इंदिरा इज इंडिया' वाली ही यहां भी हो गई है। अतिशय व्यक्तिवाद ही तानाशाही का रूप ले लेता है, जो भी हो जनता को इस समय परिवारवाद और व्यक्तिवाद के बीच ही चुनाव करना होगा।

# मानवीय क्षेत्रों में तेंदुए के संदेश

बढ़ती जनसंख्या और तेजी से बढ़ते शहरीकरण के अतिरिक्त और भी कई कारण हैं जिनके कारण पूरे देश में ही मानवीय क्षेत्रों में तेंदुओं की आवाजाही बढ़ गई है और वे मनुष्यों और मवेशियों पर हमले भी कर रहे हैं। वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि रियल एस्टेट परियोजनाओं ने तेंदुओं के प्राकृतिक आवासों को सिकोड़ कर रख दिया है जिसके कारण उनके भटककर रिहायशी इलाकों में आने की घटनाएं बढ़ गई हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अब तेंदुओं के प्राकृतिक आवासों के क्षेत्रों में उन्हें बहुत कम शिकार मिल पा रहा है।



दिनेश चंद्र शर्मा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

खेद की बात है कि हम इस स्थिति का विश्लेषण कभी नहीं करते कि पूरी तरह जंगल में रहने वाला यह वन्यजीव आखिर मानवीय क्षेत्रों में आ क्यों रहा है? वास्तविकता यह है कि यदि जंगलों में आवश्यकता पूरी होती रहेगी तो कोई भी वन्य जीव मानवीय क्षेत्रों में आना पसंद ही नहीं करेगा। सच्चाई तो यह है कि मानव के बढ़ते हस्तक्षेप ने जंगल की उन सारी व्यवस्थाओं को छिन्न-भिन्न कर दिया है जिनसे वन्य जीवों की आवश्यकताएं पूरी होती हैं। उन्हें न तो वहां पर्याप्त आहार मिल पा रहा है और न ही सुरक्षित आवास। जंगल के जलस्रोत भी सूखते जा रहे हैं और वर्ष में कई महीने वहां पानी मिलने में भी कठिनाई होती है। भूखे-प्यासे वन्यजीव जब अपनी जरूरी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मानवीय क्षेत्रो का रुख करते हैं तो उन्हें मानव का कोपभाजन बनना पड़ता है। कम से कम हम वन्य जीवों के ऊपर दोषारोपण से पहले जंगलों को उनके के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक तो रहने दें ऐसा होगा तो वे स्वयं ही मानवीय क्षेत्रों में आना पसंद नहीं करेंगे। तेंदुए दिन के समय खेतों के आसपास की झाड़ियों, बागों या फिर गन्ने के खेतों में आराम करते हैं और रात को शिकार की तलाश में निकलते हैं। यदि कोई तेंदुआ भूले भटके मानवीय क्षेत्रों में आ भी जाए तो हम उनके प्रति आक्रामक न हो और न ही उनके आसपास शोर ही मचाएं, बल्कि उन्हें रेस्क्यू करने में वन अधिकारियों की सहायता करें। तेंदुए भी जैवविविधता के अभिन्न हिस्सा हैं उनका संरक्षण आवश्यक है।

## एक नजर

### 10 हजार का इनामी गिरफ्तार

संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार। गैंगस्टर एक्ट के वांछित 10 हजार के इनामी अपराधी को थानगांव पुलिस ने गिरफ्तार करने का दावा किया है। महमूदाबाद सीओ दिनेश शुक्ल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष थानगांव हनुमंत लाल तिवारी ने टीम के साथ मियां पुरवा चौराहे पर सोनबरसा निवासी जुम्मन पुत्र छेदू को गिरफ्तार कर लिया।

### बीडीओ ने लिया मतदान केंद्रों का जायजा

रुपईडीह, अमृत विचार: शुक्रवार को ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव ने ग्राम पंचायत निधि नगर, पेड़ारे गड़वा, बलवंत नगर, देवरहना, रज्जनपुर तथा भवानीपुर खुर्द का स्थलीय भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव के लिए इन ग्राम पंचायतों में स्थापित किए गए मतदान केंद्रों में बिजली, पेयजल, शौचालय, छाया, फर्नीचर आदि मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा सामुदायिक शौचालयों व पंचायत भवनों के निर्माण के बारे में जानकारी हासिल की। एडीओ आजम खान व रोशनलाल भी मौजूद रहे।

### अंडरपास नहीं बना तो मतदान का होगा बहिष्कार

इटियाथोक, अमृत विचार: जगन्नाथीपुर गांव के लोगों ने रेलवे लाइन पर अंडर पास को लेकर काफी प्रयास किया लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। इस बात को लेकर ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार की घोषणा की थी। इसकी जानकारी होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं का एक समूह ग्राम जगन्नाथीपुर पहुंचा और ग्रामीणों को मनाने की कोशिश की, लेकिन गांव के लोग मतदान के लिए राजी नहीं हुए। गांव वालों ने कहा कि जब तक उन्हें ठोस आश्वासन नहीं मिलेगा, तब तक मतदान का बहिष्कार किया जाएगा। उपस्थित ग्राम वासियों ने कहा रेलवे लाइन पर गेट नंबर 149 सी पर जब तक अंडर पास नहीं बनेगा तब तक मतदान का बहिष्कार किया जाएगा।

### दस बकाएदारों से वसूले गए 12.60 लाख रुपये

रुपईडीह, अमृत विचार: इंडियन बैंक की शाखा आर्यनगर के तत्वावधान में भुडकुड़ा गांव में बकाया ऋण वसूली शिविर आयोजित किया गया। शाखा प्रबंधक वीरेंद्र मिश्र ने बताया कि बकाया वसूली अभियान के तहत लगाए गए इस शिविर में 10 बकायादारों से 12 लाख 60 हजार रुपए का ऋण वसूल किया गया।

### पत्नी के साथ मिलकर बेटे ने पिता को पीटा

नवाबगंज, अमृत विचार: नवाबगंज थाना क्षेत्र के तुरकौली गांव में पिता पुत्र के रिश्ते को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। गांव के रहने वाले एक कलयुगी बेटे ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर पिता की पिटाई कर दी।

# किसानों-मजदूरों के हक की बात करने वाला हो सांसद

## अमृत विचार की चुनावी चौपाल में गौरा विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने रखी अपनी बात

संवाददाता, बभनजोत



गौरा विधानसभा क्षेत्र के बभनजोत बाजार में अमृत विचार की चुनावी चौपाल में मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले का सांसद ऐसा होना चाहिए जो शिक्षा और सुरक्षा के प्रति संवेदनशील हो। गरीबों किसानों और मजदूरों के हक की बात करे और उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए तत्पर रहे। शुक्रवार को गौरा विधानसभा के मतदाताओं ने अमृत विचार की चुनावी चौपाल में अपने विचार साझा किए।

गौरा विधानसभा क्षेत्र के रसूलपुर खान के रहने वाले प्रेमचंद्र वर्मा ने कहा कि हमारा सांसद ऐसा होना चाहिए कि जीतने के बाद भी जनता के बीच में जाए। शिक्षा, रोजगार, महंगाई पर ध्यान दे। इसकी आवाज संसद में उठाएं। वैसा सांसद नहीं चाहिए कि जो जीतने के बाद पांच साल घर बैठ जाए। प्रेमचंद का कहना है कि बेरोजगारी बड़ा मुद्दा है। तमाम सरकारी पद रिक्त हैं। उनकी भर्ती नहीं हो रही है। उनकी आवाज संसद में उठाए ऐसा सांसद होना चाहिए। गिन्नी नगर निवासी अजहर अली ने कहा कि ऐसा सांसद चाहिए जो क्षेत्र का विकास करें। जो बेरोजगारी, नौकरी व जनता की रोटी रोजी का ख्याल रखें। यह नहीं की जीत जाने के बाद पांच साल अपने घर बैठा रहे। बकवा दरगाह निवासी मानिक राम कश्यप ने कहा कि सांसद ऐसा चाहिए जो क्षेत्रीय हो। जो हमारे समाज का और हमारे क्षेत्र का विकास करें। सभी को ऐसा सांसद चुना चाहिए, जो सभी जाति धर्म को लेकर साथ चले और क्षेत्र का विकास करें।

खिरचीपुर निवासी देवेंद्र प्रताप यादव का कहना है कि ऐसा सांसद चाहिए जो किसान, गरीब व मजदूर के हक की बात करें और किसानों से समय-समय पर मिलकर किसानों की समस्याओं को सुने। शाह का कहना है कि ऐसा सांसद चुना जाए जो गरीबों मजदूरों, मजलूमों का ख्याल रखें। जो जनता के बीच में जाकर पहुंचे और गरीबों की मदद करें। गौरा विधानसभा क्षेत्र के रामगोपाल प्रजापति ने कहा कि सांसद वह जो हमेशा आम जनता के बीच में रहे। क्षेत्र की समस्याओं की बात संसद में पहुंचाएं।

# डिंपल यादव का रोड शो आज, तैयारी पूरी

गोंडा कार्यालय



**अमृत विचार:** सपा की स्टार प्रचारक डिंपल यादव का रोड शो की तैयारी पूरी हो गई है। डिंपल अब गोंडा से धानेपुर तक रोड शो करने के बजाय शहर के पांच किमी के दायरे में रोड शो करेंगी। सपा ने डिंपल के 20 किमी लंबे रोड शो के लिए अनुमति मांगी थी लेकिन प्रशासन ने इसकी अनुमति नहीं दी।

प्रशासन ने अंबेडकर चौराहे से बड़गांव मनकापुर बाईपास से झंझरी ब्लाक होते हुए पांच किमी तक रोड शो की अनुमति दी है। सपा जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन ने बताया कि डिंपल 18 मई को 11.30 बजे गोंडा स्थित पुलिस लाइन में बने हेलीपैड पर उतरेंगी। यहां से वह सीधे अंबेडकर चौराहे पर पहुंचेंगी। यहीं से रोड शो की शुरुआत होगी। शाम चार बजे अंबेडकर चौराहे पर पहुंचकर ही रोड शो समाप्त होगा। रोड शो को लेकर जहां एक और पुलिस प्रशासन तैयारियां मुकम्मल करने में जुटे है, वहीं सपा तथा कांग्रेस के कार्यकर्ता भी भीड़ जुटाने को लेकर कसरत कर रहे हैं। डिंपल यादव के रोड शो को लेकर जनता में भी उत्साह देखा जा रहा है।

# लॉयन सफारी में शेरनी रूपा ने चार मृत शावकों को दिया जन्म

## 3 सितंबर को भी दो शावकों को जन्म दिया था, एक की हुई थी मौत

कार्यालय संवाददाता, इटावा



शेरनी रूपा।

**अमृत विचार।** इटावा सफारी पार्क की लॉयन सफारी में शेरनी रूपा ने बीती रात चार मृत शावकों को जन्म दिया। प्रीमेच्योर डिलीवरी होने के कारण सभी शावक मृत पैदा हुए, जिससे सफारी प्रशासन में हड़कंप मच गया।

सफारी प्रशासन का कहना है की रूपा के प्रसव की तारीख 5 - 6 जून अनुमानित थी, जिसे लेकर सफारी प्रशासन ने अपनी ओर से तैयारियां कर रखी थीं लेकिन निर्धारित समय से 20 दिन पहले ही रूपा ने बीती रात एक-एक करके चार मृत शावकों को जन्म दिया। इससे सफारी प्रशासन में हड़कंप मच गया।

सफारी प्रशासन ने बताया कि रूपा की मीटिंग शेर कान्हा से फरवरी के महीने में कराई गई थी। डॉक्टरों की रिपोर्ट के मुताबिक उसे 5, 6 जून को शावकों को जन्म देना था लेकिन निर्धारित समय से 20 दिन पहले ही रूपा ने चार मृत शावकों को जन्म दिया। सफारी के डायरेक्टर डॉ. अनिल पटेल ने बताया कि शेरनी रूपा को गर्भवती होने के बाद विशेष इंतजामों के बीच रखा गया था। उसकी पूरी देखरेख की जा रही थी। इसके अलावा विशेषज्ञ डॉ. आरके सिंह को भी बुलाया गया था जो रूपा की देखरेख में लगे हुए थे। इससे पहले पहली बार में रूपा ने 3 सितंबर को दो शावकों को जन्म दिया था इनमें से एक शावक की मौत हो गई थी दूसरे शावक को नेटिव केयर यूनिट में रखा गया है। रूपा के चार शावकों की मौत का कारण जानने के लिए शावकों के शरीर को आईवीआरआई बरेली भेजा गया है।

# 65 पर गैंगस्टर, 25 लाख की संपत्ति जब्त

गोंडा कार्यालय



**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के पहले जिले की पुलिस एक्शन में हैं। चुनाव के दौरान कहीं कोई व्यवधान न हो इसको लेकर पुलिस सतर्क नजर आ रही है और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। चुनाव से पहले पुलिस ने 65 अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है और उनकी 25 लाख रुपये की संपत्ति भी जब्त की है।

एसपी ने बताया कि अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने, लोकसभा सामान्य चुनाव को निष्पक्ष व सकुशल सम्पन्न कराने तथा जनपद में कानून व शान्ति सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाये रखने के लिए जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के कुल 65 पेशेवर अपराधियों के विरुद्ध यूपी गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गयी है। एसपी ने बताया कि थाना कोतवाली नगर पुलिस ने 14, थाना कोतवाली देहात पुलिस ने दो, थाना खरगूपुर पुलिस ने छह, थाना इटियाथोक पुलिस ने चार, थाना धानेपुर पुलिस ने दो, थाना मनकापुर पुलिस ने नौ, थाना छपिया पुलिस ने सात, थाना खोड़ारे पुलिस ने छह, थाना कर्नलगंज पुलिस ने तीन, थाना कटराबाजार पुलिस ने तीन, थाना परसपुर पुलिस ने चार, थाना तरबगंज पुलिस ने तीन, थाना उमरीबेगमगंज पुलिस ने दो अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इन अपराधियों के खिलाफ पुलिस ने जब्तीकरण की कार्रवाई करते हुए 25.53 लाख रुपये की संपत्ति भी जब्त की है। एसपी ने बताया कि इसके अतिरिक्त 30 नए अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गयी है।

### 45 लाइसेंसी शस्त्रों के निरस्तीकरण की भेजी रिपोर्ट

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि शांतिपूर्ण चुनाव के लिए पुलिस ने आपराधिक छवि वाले 45 लोगों के लाइसेंसी शस्त्रों को निरस्त किए जाने की रिपोर्ट भी डीएम को भेजी है। आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 28 तमंचा व 42 कारतूस बरामद किया है। इसके अतिरिक्त एनडीपीएस एक्ट के तहत 13 मामले पंजीकृत किए गए और 14 किलो अवैध गांजा, 2163 नशीली गोलियां व 50 ग्राम स्मैक पाउडर जिनकी अनुमानित कीमत 8 .80 लाख रुपये है बरामद किया गया। आबकारी अधिनियम के तहत 1797 लीटर अवैध कच्ची शराब, 102 लीटर देशी शराब व 72 लीटर विदेशी मदिरा व 43 लीटर बीयर जिसकी अनुमानित कीमत 5 .41 लाख रुपये है, बरामद किया गया है।

### 44428 को किया पाबंद

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि सभी थानों को संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हे पाबंद करने का निर्देश दिया गया था। अब तक सीआरपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत 44428 लोगों को पाबंद किया गया है।

# संपत्ति विवाद में सगे भाइयों ने भाई को पीटा

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** सम्पत्ति विवाद के लेकर ग्राम लाल्हापुर में सगे भाइयों ने अपने भाई की पिटाई कर दी, जब वह लहूलुहान हालत में कोतवाली पहुंचा तो पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करना तो दूर उसकी फरियाद तक नहीं सुनीं।

नगर से सटे ग्राम लाल्हापुर निवासी ओमप्रकाश यादव का कहना है कि उसके सगे भाई रामगोपाल, भोला, महेश और उत्तम ने पिता इंदल प्रसाद यादव की पैतृक संपत्ति में उसे हिस्सा नहीं दे रहे हैं। इससे पहले भाइयों ने कोई नशीला पदार्थ खिलाकर नोटरी पत्र पर जबरन हस्ताक्षर करा लिए। ओमप्रकाश की मां चमेली देवी भी उसके साथ ही रहती हैं। संपत्ति में हिस्सा न मिलने से अब ओमप्रकाश को मां को खिलाने पिलाने में भी संकट हो रहा है। गुरुवार दोपहर में संपत्ति को लेकर भाइयों में विवाद होने पर उन्होंने एक राय होकर ओमप्रकाश की पिटाई कर दी। खून से लथपथ ओमप्रकाश कोतवाली पहुंचे और उन्होंने पुलिस कर्मियों से अपना दुखड़ा सुनाने का प्रयास किया, लेकिन किसी ने नहीं सुनी। इस बीच वह गश खाकर कोतवाली में ही गिर गए।

## दो पक्षों के बीच मारपीट में घायल युवक की 12 दिन बाद मौत

**संवाददाता, बरवर, अमृत विचार :** कस्बे के मोहल्ला बलराम नगर में 12 दिन पहले दो पक्षों में विवाद हो गया था, जिसमें जमकर मारपीट हुई थी। मारपीट में घायल एक व्यक्ति की शुक्रवार सुबह मौत हो गई। मृतक के परिवार वालों का आरोप है कि गुरुवार की शाम आरोपियों ने घर में घुसकर उसे फिर मारा था। उसे इलाज के लिए मोहम्मदी ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

कस्बे के बलराम नगर निवासी मृतक फत्ते उर्फ फदाड़ी (50) पुत्र डोरी लाल का बीती चार मई को पुरानी रंजिश में इसी मोहल्ले के अमर सिंह, सुभाष, संजीव और कामता से विवाद हो गया था। फत्ते का आरोप था कि आरोपियों ने उसे, पत्नी जय देवी और पुत्र माताराम को लाठी डंडों से पीट कर घायल कर दिया। बाइक तोड़ने का भी आरोप लगाया था। उधर दूसरे पक्ष ने एक नाबालिग किशोरी के साथ छेड़छाड़ को लेकर विवाद का आरोप लगाया था। दोनों तरफ के लोग घायल हुए थे। पुलिस ने सभी घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण उसी शाम कराया था। लेकिन अमर सिंह की रिपोर्ट उसी दिन दर्ज हो गई थी जबकि फत्ते की रिपोर्ट तीन दिन बाद दर्ज हुई थी। मृतक के परिवार वालों का कहना है कि गुरुवार को विपक्षियों ने फिर घर में घुसकर मारपीट की। घायल अवस्था में घर पर ही फत्ते का इलाज हुआ लेकिन सुधार न होने पर सुबह मोहम्मदी एक प्राइवेट अस्पताल में लेकर गये जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पसगवां पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## सार-संक्षेप

### निरंतर कड़े परिश्रम का फल देता है सुखद परिणाम



परीक्षाफल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी साथ में अध्यापक।

**संवाददाता, बिसवां सीतापुर, अमृत विचार।** एल्पिस ग्लोबल स्कूल में सीबीएसई बोर्ड के परीक्षाफल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय डायरेक्टर उमंग राजवंशी ने की। उन्होंने कहा कि निरंतर कड़ा परिश्रम का फल सुखद परिणाम देता है। प्रधानाचार्या दीपा चंद्रा ने सभी छात्रों को बधाई दी।

### महिला की मौत के बाद क्लीनिक पर छापेमारी

**संवाददाता, रेउसा, सीतापुर, अमृत विचार।** लखनऊ सेवा हास्पिटल में गलत इलाज से एक महिला की मौत हो गई। शुक्रवार को सीएचसी प्रभारी अनंत मिश्र के निर्देश पर स्वास्थ्य टीम ने अस्पताल में छापेमारी की। क्लीनिक छोड़ कर जिम्मेदार भाग निकले। मौके पर कोई नहीं मिला। टीम ने नोटिस चस्पाकर कर तीन दिन के अंदर हास्पिटल के कागजात व स्पष्टीकरण मांगा है। चीफ फार्मासिस्ट डॉ. सन्दीप बाजपेयी ने बताया कि उमेश उर्फ सकटू गुप्ता की पत्नी ज्ञाना देवी की तबियत बिगड़ने पर लखनऊ सेवा हास्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां गलत इलाज से महिला की मौत हो गई। प्रभारी अनंत मिश्र के निर्देशन टीम ने छापेमारी की तो कोई मौके पर नहीं मिला।

### नदी में कूदी किशोरी का साइफन में फंसा मिला शव



किशोरी का शव मिलने के बाद मौके पर रोते-बिलखते परिजन।

**संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार।** सदरपुर थाना इलाके में घर में हुए विवाद के बाद परिजनों के नहर में कूदी किशोरी का शव घटना के तीसरे दिन बाराबंकी के बड्डूपुर के दरियाबाद साइफन पर फंसा मिला। शव की शिनाख्त किशोरी की मां ने की। मां ने चाचा व चाची पर बेटी को मारने पीटने के साथ आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। उसने सदरपुर पुलिस पर भी प्रार्थना पत्र देने के तीन दिन बाद तक एफआईआर न लिखने का आरोप लगाया। बीते बुधवार की दोपहर घर में हुए विवाद के बाद सरैंया महिपत सिंह की गुड़िया (17) पुत्री सुरेश ने शारदा सहायक नहर में छलांग लगा दी थी। परिजन ग्रामीण गोताखोरों की मदद से गुड़िया की तलाश का कर रहे थे। शुक्रवार को उसका शव बाराबंकी के बड्डूपुर थाना क्षेत्र के दरियाबाद साइफन पर फंसा मिला। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। सदरपुर थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि लड़की के नहर में कूदने की प्रारंभिक सूचना बुधवार को दर्ज कर ली गई थी। किसी पर आरोप प्रत्यारोप लगाये जाने का प्रार्थना पत्र नही प्राप्त हुआ है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### ग्राहकों ने बैंक पर लगाया ठगी का आरोप, हंगामा

संवाददाता, हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार। एक बैंक की हरगांवगंज शाखा में शुक्रवार को जब ग्राहक पहुंचे तो मैनेजर व दो कथित दलाल और नदारद मिले। ऐसे में ग्राहकों ने ठगी का आरोप लगाते हुए हंगामा दिया। कुछ ग्राहक शिकायत लेकर थानाध्यक्ष के पास पहुंचे। जोनल कार्यालय से अधिकारियों की दो सदस्यीय टीम तहकीकात करने शाखा हरगांव पहुंची। अधिकारियों ने ग्राहकों के बयान दर्ज किये। ग्राहकों के अनुसार जब इन लोगों का लोन स्वीकृत होता था तो दो विड्रॉल या अन्य कागजों पर हस्ताक्षर ले लिए जाते थे और बाद में खाते में आई रकम पार कर दी जाती थी। जोनल कार्यालय से आये अधिकारियों ने बताया कि दोषियों को किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जायेगा। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया अभी तहरीर नही मिली है।

### आठ वांछितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार।** मिश्रित, रेउसा, मानपुर, कोतवाली देहात, रामपुरकलां की पुलिस ने आठ वांछितो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# शॉर्ट सर्किट से सीएचसी में लगी आग, मची भगदड़

संवाददाता, धौरहरा

**अमृत विचार:** विकासखंड रमिया बेहड़ सीएचसी में शुक्रवार की दोपहर करीब दो बजे इलेक्ट्रिक रूम में शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग की लपटें व धुआ देखकर अस्पताल में भगदड़ मच गई। अस्पताल कर्मचारियों ने साहस दिखाते हुए अग्नि शमन सिलेंडर की मदद से आग पर काबू पाया।

अस्पताल में जर्जर मीटर व जर्जर तारों के कारण हुई स्पार्किंग से इलेक्ट्रिक रूम में आग लग गई। आग की लपटें देखकर अस्पताल में भगदड़ मच गई । वार्ड ब्वाय अखिलेश कुमार व अरुण कुमार ने अग्निशमन सिलेंडर की मदद से आग पर काबू पाया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना होते-होते बच गयी। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनिल वर्मा ने बताया कि छह माह पहले जर्जर तार व मीटर के सम्बंध में बिजली विभाग को अवगत कराया था, लेकिन बिजली विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे शुक्रवार को बड़ी घटना होते होते बच गई। जेई विकास सिंह का कहना है उन्हें पता नहीं है। कब प्रार्थना पत्र दिया गया है ।आज घटना की जानकारी मिली है। शीघ्र कार्य करवाया जाएगा।

### 11 माह बाद भी लापता श्रमिक का नहीं चला पता

संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार। सिधौली कोतवाली क्षेत्र के बाड़ी गांव से साथी के साथ आगरा गए युवक का 11 महीने बाद भी पता नहीं चल सका है। पत्नी ने साथी पर पति की हत्या का शक जाहिर करते हुए आगरा से लेकर सिधौली कोतवाली में प्रार्थना पत्र कई बार दे चुकी है, लेकिन उसे निराशा मिली। कोतवाली क्षेत्र के बाड़ी गांव निवासी पूनम ने बताया कि उसका पति राजू एक जून 2023 को बाड़ी गांव का ही प्रकाश अपने साथ काम करने के लिए आगरा ले गया था। पति से उसकी अंतिम बार 13 जून 2023 को बात हुई थी। तब पति ने बताया कि प्रकाश उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। अगले दिन 14 जून को उसने बात करने के लिए प्रकाश के पास फोन किया तो प्रकाश ने बताया कि वह कहीं गया है उसे पता नहीं। पीड़िता द्वारा एक बार फिर पुलिस अधीक्षक आगरा से शिकायत की गयी है।

# स्लोगन लेखन कर विद्यार्थियों ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

गोंडा कार्यालय



मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में मतदान का संकल्प लेते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार:** केंद्रीय संचार ब्यूरो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, लखनऊ द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन राम अक्षयबर पाठक इण्टर कालेज, दतौली, मनकापुर में किया गया।

अभियान की शुरुआत विद्यार्थियो ने पोस्टर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता कर स्थानीय कस्बों में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर आमजन को वोट डालने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि सीके पाठक, प्रबन्धक, राम अक्षयबर पाठक इण्टर कालेज, दतौली, मनकापुर और विशिष्ट अतिथि के रूप में तृप्ति श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य, वीरेंद्र पांडेय, उमाशंकर मिश्रा, आनंद आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन जय सिंह, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी लखनऊ ने किया। अगला मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम 18 मई को बीपी इण्टर कालेज, पटखौली, मसखनवा, मनकापुर में सुबह दस बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम जितेंद्र पाल सिंह, राम कुमार, जसपाल मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव | दूसरे शहरों में रहने वाले मतदाताओं को वोट डालने के लिए फोन कर बुला रहा जिला प्रशासन

# गोंडा से बोलत बानी, 20 का चुनाव बा . . .

गोंडा कार्यालय



जिलाधिकारी आवास में बने कंट्रोल रूम से मतदाताओं को फोन करते कर्मचारी।

**अमृत विचार:** हैलो... मैं जिलाधिकारी गोण्डा के आवास से बोल रहा हूं। आपके यहां 20 मई को मतदान है। आपसे अनुरोध की आप निर्धारित तिथि पर अपने पोलिंथ बूथ पर पहुंचें और अपने मताधिकार का इस्तेमाल अवश्य करें। अगर आपके पास ऐसी कोई कॉल आती है तो चौंकिएगा नहीं।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा की पहल पर जनपद से बाहर रहने वाले मतदाताओं से जिला प्रशासन सम्पर्क कर रहा है और उन्हे अपने गांव आकर मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।जिलाधिकारी के कैम्प कार्यालय की टीम इन्हें फोन करके सम्पर्क कर रही है। यह फोन कॉल जिलाधिकारी के आवास के नम्बर और विशेष कार्याधिकारी के सीयूजी नम्बर से की जा रही है। सम्मानित मतदाताओं को आगामी 20 मई को जनपद लौटने और मतदान अवश्य करने का अनुरोध किया जा रहा है। इस पहल को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारीवनेहा शर्मा ने कहा कि हमारी कोशिश है कि कोई भी मतदाता न छूटे। स्वीप कार्यक्रमों के माध्यम से जनपद के हर मतदाता को जोड़ने का प्रयास किया गया है। उसकी कड़ी में यह भी एक कोशिश की जा रही है। सभी सम्मानित मतदाताओं से अपील है कि वह 20 मई को अपने मताधिकार का इस्तेमाल अवश्य करें।

**15 हजार 667 मतदाता रह रहे बाहर, प्रशासन ने किया चिन्हित:** दरअसल डीएम के निर्देश पर जनपद में जिला निर्वाचन कार्यालय के स्तर पर मतदाताओं के संबंध में कुछ आकंड़े इकट्ठा किए गए। इनमें, जनपद के बाहर रहने वाले यहां के मतदाताओं की संख्या और उनसे जुड़े फोन नम्बर भी इकट्ठा किए गए। प्राप्त आंकडों के मुताबिक 15667 मतदाता दूसरे राज्य, जनपद या शहरों में रह रहे हैं। इनमें सर्वाधिक गौरा विधानसभा क्षेत्र के 10 607 मतदाता हैं। इसके अतिरिक्त कटरा बाजार से 358, करनैलगंज से 95, तरबगंज से 93, मनकापुर से 3082, सदर से 169 और मेहनौन से 1263 मतदाताओं की सूची तैयार की गई है। इन सभी को फोन करके मतदान करने के लिए आने को कहा जा रहा है।

### मतदान समाप्ति से 48 घंटे पहले से किसी भी माध्यम से चुनाव प्रचार रहेगा प्रतिबंधित

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन के लिए के दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। आयोग ने कहा है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अनुसार टेलीविजन, सिनेमैटोग्राफ या इसी तरह के अन्य संचार माध्यमों से किसी भी चुनावी मामले विज्ञापन या प्रचार आदि का प्रदर्शन करने पर प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले तक की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि कोई भी व्यक्ति सिनेमैटोग्राफ, टेलीविजन या अन्य समान उपकरण के माध्यम से किसी भी चुनावी मामले को जनता के समक्ष प्रदर्शित नहीं करेगा। इन प्रावधानों का उल्लंघन करने पर दोषी व्यक्ति को दो साल तक की कैद या जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है। आयोग के अनुसार चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने या ऐसे इरादे या गणना करने जैसा कोई भी प्रयास चुनावी मामला माना जाएगा।

## अपनी ढपली अपना राग


मैं आपको सपा और कांग्रेस के खिलाफ सावधान करता हूं। वे आपका वोट लेंगे, लेकिन सत्ता में आने के बाद वे उन लोगों को उपहार बांटेंगे जो उनके लिए वोट जिहाद करते हैं। – **नरेन्द्र मोदी**


इंडी गठबंधन कांग्रेस पार्टी का पारिवारिक गठबंधन है। लालू अपने पुत्र को तो ममता अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं और सोनिया अपने पुत्र को प्रधानमंत्री बनना चाहती हैं। – **अमित शाह**


सिलेंडर वाले लोग अब सरेंडर कर रहे हैं। मुझे वो वक्त भी याद है, जब मीठी चीनी के लिए कड़वा झूठ बोला गया। ये कड़वा झूठ बोलने वालों ने क्या आपको 13 रुपये किलो चीनी दी है क्या? – **अखिलेश यादव**


अगर संविधान बदल दिया तो पब्लिक सेक्टर, नौकरियां और आरक्षण खत्म हो जाएगा। आपके सारे हक छीन लिए जाएंगे। हिंदुस्तान में 22-25 अमीर लोगों के पास हक बचेंगे। – **राहुल गांधी**

# केंद्रीय मंत्रियों के साथ नेहरू-गांधी परिवार की भी होगी अग्नि परीक्षा

### जीत के लिए भाजपा व कांग्रेस के दिग्गज लगा रहे जोर

### कई दिनों से संसदीय क्षेत्रों में डेरा डाले हैं वरिष्ठ नेता

**लोकसभा चुनाव का 5वां चरण**

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में 5वें चरण के लिए होने जा रहे लोकसभा चुनाव में केंद्रीय मंत्रियों राजनाथ सिंह व कौशल किशोर के साथ ही नेहरू-गांधी परिवार की अग्निपरीक्षा होनी है। प्रतिष्ठा से जुड़ीं इन सीटों को जीतने के लिए सत्ता व विपक्ष के बीच जोर आजमाइश चल रही है। भाजपा व कांग्रेस के दिग्गज नेता कई दिनों से संसदीय क्षेत्रों में डेरा डाले हुए हैं।

1991 से भाजपा के कब्जे में चल रही लखनऊ लोकसभा सीट पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस बार तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं।



मुकाबले में इंडी गठबंधन में शामिल सपा ने पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक रविदास मेहरोत्रा को चुनाव मैदान में उतारा है। जीत के लिए राजनाथ सिंह लगातार चुनावी सभा के जरिये मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने में लगे हुए हैं, ताकि ज्यादा मतों से जीत हासिल हो सके, जबकि सपा प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा अपनी जुझारू छवि के सहारे अपने पक्ष में माहौल बनाने में जुटे हैं। वहीं, मोहनलालगंज सीट पर केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर तीसरी बार जीत के लिए चुनावी संघर्ष कर रहे हैं। सपा ने सजातीय प्रत्याशी आरके चौधरी को चुनाव मैदान में उतार कर चुनावी लड़ाई को रोमांचक बना दिया है। मोदी लहर के दौरान 2014 से इस सीट पर भाजपा का कब्जा है। अनुसूचित वर्ग के लिए आरक्षित इस सीट पर बहुजन समाज पार्टी ने राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान को प्रत्याशी बनाया है। 2014 के पहले इस सीट पर सपा का कब्जा था।

### अमेठी-रायबरेली में चुनावी संघर्ष तेज



इस चरण में मतदान की तारीख करीब आते ही अमेठी व रायबरेली सीटों पर चुनावी जंग तेज हो गई है। अमेठी सीट से भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी दोबारा जीत के लिए संघर्ष कर रही हैं। पिछले चुनाव में उन्होंने राहुल गांधी को शिकस्त दी थी। कांग्रेस ने इस बार अपने परिवार के किसी सदस्य के बजाय करीबी माने-जाने वाले किशोरी लाल शर्मा को चुनाव मैदान में उतारा है। इस सीट को वापस लेने के लिए पूरा नेहरू-गांधी परिवार क्षेत्र में डेरा डाले हुए है। राहुल व प्रियंका गांधी के अलावा सपा प्रमुख अखिलेश यादव संयुक्त जनसभा कर चुके हैं।

### पुत्र को जिताने के लिए सोनिया ने डाला डेरा



रायबरेली सीट पर भी मुकाबला रोमांचक है। कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी को जिताने के लिए सोनिया गांधी ने भी क्षेत्र में डेरा डाल दिया है। नेहरू-गांधी परिवार ने दोनों सीटों को प्रतिष्ठा से जोड़ते हुए पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा अमेठी सीट को दोबारा जीतने व रायबरेली सीट कांग्रेस से छीनने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। रायबरेली में राहुल गांधी से मुकाबला करने के लिए भाजपा ने दिनेश प्रताप सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। गृहमंत्री अमित शाह के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी यहां चुनावी सभाएं कर भाजपा के पक्ष में माहौल बना चुके हैं। इस चरण की अन्य सीटों जालौन (अजा), झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी (अजा), बाराबंकी (अजा), फैजाबाद, कैसरगंज व गोंडा में भी भाजपा व इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के बीच कड़ा मुकाबला चल रहा है।

### इलेक्शन बायस्कोप



अमेठी में इंडी गठबंधन की संयुक्त जनसभा में शामिल होने से पहले नंद महर धाम में बाबा नंद के दर्शन करने पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव। –अमृत विचार

## लखनऊ को विश्वस्तरीय स्मार्ट सिटी बनाने की दिशा में हो रहा काम

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ :** व्यापारियों के लिए लखनऊ सबसे उत्तम क्षेत्र बनकर उभर रहा है। लखनऊ को विश्वस्तरीय स्मार्ट सिटी बनाने की दिशा में काम चल रहा है। भाजपा नेता नीरज सिंह ने अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उक्त बात कही। उन्होंने कहा कि फ्लाईओवर, नया टर्मिनल, रिंग रोड और एक्सप्रेस वे जैसी योजनाएं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी हैं। ब्रह्मोस मिसाइल बनाने की परियोजना आ रही है। वहीं, दूसरी ओर अधिवक्ता मनोज त्रिपाठी की ओर से राजाजीपुरम ग्रीन फील्ड स्कूल के पास बैठक आयोजित की गई। जिसमें भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार हो रही है। आलमबाग में प्रगतिशील व्यापार मंडल की सभा में व्यापारियों को भाजपा सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया गया। भाजपा नेता ने 20 मई को राजनाथ सिंह को पांच लाख वोट से जिताने का आह्वान किया।


नीरज सिंह

# गर्मी से बचाव के लिए पुख्ता इंतजाम करें निर्वाचन अधिकारी : रिणवा

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**



- **मतदान के दिन मोबाइल फोन प्रतिबंधित**

**अमृत विचार :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने गर्मी से बचाव के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही, चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद निर्वाचन क्षेत्रों में मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन व वायरलेस सेट ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि राजनीतिक दलों के सभी बाहरी पदाधिकारी व कार्यकर्ता निर्वाचन क्षेत्रों में उपस्थित न रहें। इसके लिए मतदान से पहले चुनाव प्रचार पर रोक संबंधी आयोग के निर्देश को सभी राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों के संज्ञान में लाना सुनिश्चित करेंगे। मतदान के दिन मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक लगाई गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। अब तक सार्वजनिक व निजी स्थानों से कुल 1,63,78,889 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 1,00,95,311 व निजी स्थानों से 62,83,578 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई।

इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 11,42,059, पोस्टर के 45,78,928, बैनर के 28,03,149 व अन्य 15,71,175 मामलों में कार्रवाई की गई। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 8,88,673, पोस्टर के 29,13,512 बैनर के 15,83,815 व अन्य 8,97,578 मामलों में कार्रवाई की गई।

## 105.53 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2195 मामलों में कार्रवाई**

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1280 मामलों में व लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2195 मामलों में कार्रवाई की गई। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग व अन्य मामलों में 139 एफआईआर दर्ज कराई गई है। सात एनसीआर समेत कुल 146 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

**अमृत विचार :** आदर्श आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई के तहत 105.53 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त की गई। कार्रवाई को और तेज करने के निर्देश दिये गये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस, नार्कोटिक्स विभाग व अन्य प्रवर्तन एजेंसियों के जरिए बीती 1 मार्च से 16 मई तक कुल 42261.66 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3373.19 लाख रुपये नकद धनराशि, 5322.77 लाख रुपये कीमत की शराब, 23460.74 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2294.24 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं, 5048.42 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार व 2762.30 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई। बीते दिन हुई कार्रवाई में 16.93 लाख रुपये नकद धनराशि, 35.04 लाख रुपये कीमत की 13137.36 लीटर शराब, 33.73 लाख रुपये कीमत की 99194.47 ग्राम ड्रग, 15.79 लाख रुपये कीमत के 6893 मुफ्त उपहार व 4.04 लाख रुपये कीमत की 6206 अन्य सामग्री जब्त की गई।

इस कार्रवाई के तहत गाजीपुर की जाखानिया (एससी) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 20.88 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 83550 ग्राम ड्रग पकड़ी गई है।

# देश की राजनीति का केंद्र बिंदु... मैं रायबरेली हूं

### आयरन लेडी इंदिरा गांधी ने विकास की रखी नींव

### समय के साथ पटरी से उतर गया यहां का विकास

**दिलीप सिंह, रायबरेली**



मैं रायबरेली हूं.. लखनऊ, प्रयागराज, अयोध्या और कानपुर के मध्य में स्थित हूं। राना बेनी माधव बक्श की वीरता, 7 जनवरी 1921 को किसान आंदोलन के दौरान किसानों पर हुई अंधाधुंध फायरिंग, जिसमें हजारों किसानों ने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई में देश के लिए प्राण न्योछावर किये थे। मैं इसका गवाह हूं। मुंशीगंज में सई नदी का तट खून से लाल हो गया था, मेरी स्मृति में यह भी है। मैं वही रायबरेली हूं, जहां पर विश्व में आयरन लेडी बनीं प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने फिरोज गांधी से शुरू हुए राजनीतिक सफर को आगे बढ़ाया। देश की राजधानी भले ही दिल्ली हो, लेकिन सदैव राजनीति का केंद्र बिंदू मैं ही रही हूं।

फिरोज गांधी के बाद जब इंदिरा गांधी ने जिले की बागडोर संभाली तो मुझे लगा कि अब कुछ बेहतर होगा। उन्होंने रायबरेली के लिए सब कुछ किया। मैं अगर यह कहूं की वह दौर मेरा स्वर्णिम था तो अतिश्योक्ति नहीं है। मैं रायबरेली हूं, हमेशा सत्य के साथ खड़ी रही हूं। 1977 के चुनाव में इंदिरा गांधी के अहंकार को मैंने ही तोड़ा, तब राज नारायण जी को मेरा साथ मिला। इसके बाद इंदिरा को फिर से जीत दिलाकर यह साबित कर दिया कि मैं हमेशा सत्य के साथ हूं। उनके जाने के बाद कुछ समय के लिए गांधी परिवार से नाता टूटा, लेकिन परिवार से जुड़े सदस्य अरुण नेहरू हों या फिर गांधी परिवार की करीबी रहीं शीला कौल.. जिनको सदन में भेजा। यहां पर यदि मुझे आघात लगा तो वह मुद्दा है मेरे विकास का। इंदिरा गांधी के समय की स्थापित फैक्ट्रियों का धीरे-धीरे पतन होने लगा, लेकिन इसके बावजूद मैं सदैव राजनीति के केंद्र में बनी रही। दो बार स्थानीय प्रत्याशी पर विश्वास जताया। 1996 और 1998 में भाजपा से अशोक सिंह सदन में गए जरूर, लेकिन विकास की रफ्तार धीमी होती चली गई। मुझे लगा कि शायद मैं अब खास से आम होने वाली हूं, लेकिन गांधी परिवार की बहू सोनिया गांधी ने बीड़ा उठाया। 2004 में भारी मतों से जीत दिलायी। इसके बाद से लगातार वह चाहे 2006 उपचुनाव हो या फिर 2009, 2014 और 2019 का चुनाव हो, उनका विश्वास कभी कमजोर होने नहीं दिया।

इस दौरान रायबरेली में सेंध लगाने की भरसक कोशिश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। सत्ता में रहते हुए कांग्रेस की ओर से एम्स, निफ्ट का तोहफा मिला, लेकिन इसकी सुस्त रफ्तार से हमारा विश्वास भी कमजोर हुआ। आज भी मुझे आयरन लेडी इंदिरा गांधी की कमी सालती है। उनके द्वारा स्थापित फैक्ट्रियों को संजीवनी देने का कार्य किया जाता तो शायद आज मैं इतनी कमजोर न होती। फिलहाल एक बार फिर से मैं देश की राजनीति के केंद्र में हूं। गांधी परिवार की चौथी पीढ़ी राहुल गांधी ने इस बार बागडोर संभाली है। वहीं जीत के लिए स्थानीय प्रत्याशी के तौर पर दिनेश प्रताप सिंह भाजपा से दम भर रहे हैं। कुछ भी हो रायबरेली का राजनीतिक रसूख आज भी कायम है।

### पहले मां अब बेटे के खिलाफ दिनेश

भाजपा प्रत्याशी लगातार दूसरी बार मैदान में है। इससे पहले वह 10 साल तक कांग्रेस के सिपाही के रूप में जाने जाते रहे। कांग्रेस में रहते वह एमएलसी, उनके भाई अवधेश प्रताप सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष और एक अन्य भाई राकेश प्रताप सिंह हरचंदपुर से कांग्रेस के विधायक बने। मगर, सत्ता के बदलाव में दिनेश ने पाला बदलने में समझदारी समझी। 2019 में सोनिया गांधी के खिलाफ मैदान में उतरे और कड़ी टक्कर दी। इसके बाद अब उनके बेटे राहुल गांधी के खिलाफ मैदान में हैं।

### तीसरी बार कमल खिलाने के लिए झोंकी ताकत

1996 और 1998 में कांग्रेस को सबसे बड़ा झटका लगा। स्थानीय नेता अशोक सिंह ने बतौर भाजपा प्रत्याशी दोनों चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार को चारों खाने चित कर दिया। 1999 में अरुण नेहरू ने पाला बदला तो उनके खिलाफ कांग्रेस ने कैप्टन सतीश शर्मा को मैदान में उतारा। इस चुनाव का परिणाम कांग्रेस के लिए सुखद रहा। उसके बाद सोनिया गांधी ने यहां कमान संभाली और लगातार जीतने का क्रम जारी रहा।

### अब तक हुए चुनाव पर एक नजर

| वर्ष | सांसद |
|---|---|
| 1952 | फिरोज गांधी (कांग्रेस) |
| 1958 | फिरोज गांधी (कांग्रेस) |
| 1962 | ब्रजलाल (कांग्रेस) |
| 1967 | इंदिरा गांधी (कांग्रेस) |
| 1971 | इंदिरा गांधी (कांग्रेस) |
| 1977 | राजनारायण (बीकेडी) |
| 1980 | इंदिरा गांधी (कांग्रेस) |
| 1981 | अरुण नेहरू( कांग्रेस) उपचुनाव |
| 1984 | अरुण नेहरू (कांग्रेस) |
| 1989 | शीला कौल (कांग्रेस) |
| 1991 | शीला कौल (कांग्रेस) |
| 1996 | अशोक सिंह (भाजपा) |
| 1998 | अशोक सिंह (भाजपा) |
| 1999 | कैप्टन सतीश शर्मा( कांग्रेस) |
| 2004 | सोनिया गांधी (कांग्रेस) |
| 2006 | सोनिया गांधी (कांग्रेस) उपचुनाव |
| 2009 | सोनिया गांधी (कांग्रेस) |
| 2014 | सोनिया गांधी (कांग्रेस) |
| 2019 | सोनिया गांधी (कांग्रेस) |

### बड़े-बड़े दिग्गज भी हुए ढेर

- रायबरेली हमेशा सुर्खियों में रही। यहां पर बड़े-बड़े दिग्गज आकर ढेर हो गए। 1952 और 1957 का चुनाव फिरोज गांधी के नाम रहा। फिर 1967 और 1971 में इंदिरा गांधी ने विजय पताका फहराई, लेकिन, 1977 में समाजवादी राज नारायण ने इंदिरा गांधी को 55,202 वोटों से शिकस्त दे दी। हालांकि, तीन वर्ष बाद ही इंदिरा गांधी फिर मैदान में उतरीं और उनके सामने मध्य प्रदेश से राजमाता विजय राजे सिंधिया आईं। लोकदल से महिपाल शास्त्री ने भी ताल ठोंकी, लेकिन इंदिरा गांधी ने करीब पौने दो लाख मतों से बड़ी जीत दर्ज की। चूंकि इंदिरा गांधी आंध्र प्रदेश के मेडक से भी चुनाव जीती थीं। ऐसे में उन्होंने रायबरेली सीट छोड़ दी और यहां उपचुनाव हुआ। जिसमें अरुण नेहरू कांग्रेस प्रत्याशी बनकर आए। जबकि उनके खिलाफ ताल ठोंकने जनेश्वर मिश्र उतरे, लेकिन अरुण नेहरू ने एक लाख से ज्यादा वोटों से जीत हासिल की। 1984 में सविता अंबेडकर अरुण नेहरू के खिलाफ उतरीं। वे भी हार कर लौट गईं।

# राजा भैया खामोश.. समर्थकों ने की साइकिल की सवारी

### जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी ने इस बार नहीं उतारा है कोई प्रत्याशी

### अमृत विचार ने 11 अप्रैल के अंक में राजा भैया और सपा की नजदीकी की जताई थी उम्मीद

**रवि प्रकाश सिंह, प्रतापगढ़**


अखिलेश यादव


राजा भइया


पुष्पेंद्र सरोज

लोकसभा चुनाव की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, राजनीतिक पारा उतना ही बढ़ता जा रहा है। बात राजा भैया से जुड़ी हो तो राजनीतिक तपिश लाजमी है। इस बार के लोकसभा चुनाव में राजा भैया की पार्टी ने कोई प्रत्याशी नहीं उतारा है। मंगलवार को उन्होंने कार्यकर्ताओं की बैठक में मंच से कहा कि आप लोग जिसे चाहे वोट कर सकते हैं। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कुण्डा क्षेत्र का एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें राजा भैया समर्थक कौशांबी सीट से सपा प्रत्याशी के साथ प्रचार कर रहे हैं। राजा भैया और अखिलेश यादव जिंदाबाद का नारा लगाते हुए जनसम्पर्क करते रहे।



अखिलेश और राजा भैया की नजदीकी की बात अमृत विचार ने 11 अप्रैल के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की थी। हालांकि समर्थकों ने भले ही साइकिल की सवारी कर ली है, राजा भैया मौन साधे हुए हैं। अब देखना यह है कि राजनीति का ऊंट किस करवट बैठेगा। यह वक्त ही तय करेगा। कुण्डा से विधायक राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी का गठन 30 नवंबर 2018 को हुआ था। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में पहली बार पार्टी ने अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतारा था। प्रतापगढ़ लोकसभा से पूर्व सांसद अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी और कौशांबी लोकसभा सीट से पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार को प्रत्याशी बनाया। जिसमें अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी चौथे और शैलेंद्र कुमार तीसरे स्थान पर रहे थे। हालांकि अक्षय प्रताप भाजपा प्रत्याशी को शिकस्त देकर एमएलसी निर्वाचित हुए। इसके बाद जब वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव हुए तो पार्टी ने प्रतापगढ़, प्रयागराज, अमेठी समेत अन्य जनपद की सीटों से अपनी दावेदारी ठोंकी।

कुंडा और बाबागंज में पुनः रिकॉर्ड बना। राजा भैया यहां से 7वीं और विनोद सरोज चौथी बार विधायक बने। इस बार के लोकसभा चुनाव में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक से कोई प्रत्याशी चुनाव मैदान में नहीं उतारा गया। इस कारण से राजा भैया समर्थक वोटिंग को लेकर असमंजस की स्थिति में थे। ऐसे में राजा भैया ने मंगलवार को बेंती कोठी पर हजारों की संख्या में पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के सामने अपनी चुप्पी तोड़ी। उन्होंने कहा कि सोच समझकर प्रत्याशी का चुनाव करें। कोई प्रत्याशी ऐसा नहीं की मैं जिम्मेदारी लूं कि वह आपके लिए उपलब्ध रहेगा। नोटा का बटन न दबाने और मतदान जरूर करने की अपील की। पार्टी के पदाधिकारियों व आम लोगों की राय भी ली। सभी की बात सुनने के बाद अंत में राजा भैया ने कहा कि सपा और भाजपा से चुनाव लड़ रहे दोनों लोकसभा प्रत्याशी मुझसे मिलने आए थे। मैंने उनसे स्पष्ट रूप से कह दिया था कि पहले अपने पूरे परिवार (जनसत्ता दल लोकतांत्रिक कार्यकर्ताओं) से विचार विमर्श करेंगे, उसके बाद ही कोई निर्णय लेंगे।

### राज्यसभा के चुनाव से नया समीकरण

बीते दिनों राज्यसभा सदस्य के लिए हुए चुनाव में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में वोट किया था। इसके बाद से सियासी गलियारों में गठबंधन की चर्चा बढ़ गई थी। हालांकि लोकसभा चुनाव में भाजपा ने दोनों सीटें प्रतापगढ़ और कौशांबी पर पिछली बार जीते उम्मीदवारों पर भरोसा जताया है।

### तीन बार सांसद निर्वाचित हुए शैलेंद्र, दो बार से विनोद सोनकर

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रधान राष्ट्रीय महासचिव शैलेंद्र कुमार राजा भैया के साथ लंबे समय से राजनीति में सक्रिय हैं। वह कौशांबी संसदीय सीट से तीन बार सांसद चुने गए हैं, जबकि दो बार से लगातार सांसद विनोद सोनकर हैं। शैलेंद्र कुमार पहली बार 1998 में 12वीं लोकसभा के लिए सदस्य निर्वाचित हुए। वर्ष 2004 में दूसरी बार 14वीं लोकसभा के लिए सदस्य निर्वाचित हुए। 2009 में 15वीं लोकसभा के लिए तीसरी बार सदस्य निर्वाचित हुए। उसके बाद 2014 में भाजपा से विनोद सोनकर सांसद बने। वर्ष 2019 में वह दोबारा लोकसभा का चुनाव जीतकर सांसद बने।

> जनसत्ता दल लोकतांत्रिक ने कोई प्रत्याशी नहीं उतारा है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का सम्मान रखते हुए वोट देने के लिए उन्हें स्वयं निर्णय लेने के लिए कहा है। वोट देने के लिए किसी पार्टी का नाम नहीं लिया गया है। हां.. एक बात जरूर है नोटा बटन न दबाने की अपील की गई है।
> –**विनोद सरोज**, प्रदेश अध्यक्ष व विधायक, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक

## चुनावी चक्कर

- **क्षेत्रीय प्रत्याशी को छोड़ भाजपा के लिए सक्रिय हैं अदिति सिंह :** लोकसभा चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश में सरगर्मी तेज है। चार चरणों के चुनाव के बावजूद दल-बदलुओं की भी कमी नहीं। सत्तापक्ष और विपक्ष एक-दूसरे के मजबूत नेताओं को अपना बनाने की जुगत में जुटा है। ऐसे में प्रचार में जुटे नेता तनिक सशंकित भी हैं कि पता नहीं कब, कौन साथ छोड़ दे। इस बीच, कुछ तस्वीरें उत्तर प्रदेश के राजनीतिक गलियारे में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। दरअसल, रायबरेली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में आने वाली सदर विधानसभा सीट से भाजपा की विधायक अदिति सिंह अपने संसदीय क्षेत्र के अलावा अन्य सीटों पर प्रचार कर रही हैं। अदिति सिंह के सोशल मीडिया साइट फेसबुक पर साझा की गई पोस्ट को देख कर सामने आया है कि वह अंबेडकरनगर में भाजपा प्रत्याशी ऋतेश पांडेय, लखनऊ में रक्षा मंत्री और भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह के प्रचार में पहुंचीं। इससे पहले वह गृह मंत्री अमित शाह की रायबरेली की भी जनसभा में शामिल हुईं थीं। हालांकि, इस रैली में दिनेश प्रताप सिंह भी बतौर प्रत्याशी मौजूद थे। माना जा रहा है कि अदिति सिंह इस चुनाव में दिनेश प्रताप सिंह के समर्थन में प्रचार नहीं कर रहीं। रायबरेली सीट पर 20 मई को मतदान भी होना है। ऐसा नहीं है कि अदिति, प्रचार को लेकर सक्रिय नहीं हैं, बस उनकी सक्रियता रायबरेली प्रत्याशी के लिए नजर नहीं आ रही। उनकी फेसबुक प्रोफाइल पर देखा जा सकता है कि वह रायबरेली में भी अलग-अलग लोगों से मुलाकात कर उनके सुख और दु:ख में साथ दिख रहीं हैं, लेकिन दिनेश प्रताप सिंह के प्रचार में वह सीधे तौर पर शामिल नहीं हैं। कई मौकों पर यह भी देखा गया है कि सरकारी कार्यक्रमों के मंच से अदिति अगर संबोधित भी करती हैं तो वह दिनेश प्रताप सिंह का नाम भी नहीं लेतीं। बहराल, एक न्यूज चैनल से उन्होंने कहा था- मैं भाजपा के साथ हूं और भाजपा का जो प्रत्याशी है वो मेरा प्रत्याशी है। उन्होंने अपने पिता के साथ डाली हुई अपने फोटो पर कहा था कि हर चुनाव में वो अपने पिता और उनकी सिखायीं बातों को याद करती हैं।

**05** वें चरण में 20 मई को होगा मतदान | **05** मंत्रियों का होना है चुनावी इम्तिहान | **14** लोकसभा सीटों पर पड़ेंगे वोट | **13** सीटों पर भाजपा का है अभी कब्जा | **06** सीटों पर भाजपा को 2014 व 19 में मिली थी एक लाख से कम की जीत | **14** सभी सीटों पर भाजपा व बसपा लड़ रही है चुनाव | **10** सीटों पर समाजवादी पार्टी दे रही है चुनौती | **04** सीटों पर गठबंधन के तहत हैं कांग्रेस प्रत्याशी

# विरासत की देहरी पर रिश्तों की दुहाई और चुनावी जज्बात

## स्मृति की राह नहीं आसान , प्रियंका ने बनाई नाक की लड़ाई

मनोज त्रिपाठी

साल 2019 में भाजपा नेत्री स्मृति इरानी ने अमेठी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हराने के बाद ट्वीट किया था, 'कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता' अब 2024 में स्मृति के सामने राहुल तो नहीं हैं, लेकिन एक पत्थर तबियत से... उछालने की चुनौती कम नहीं हुई है। कांग्रेस ने इस बार स्मृति की चुनौती का मुकाबला करने के लिए अमेठी और रायबरेली में कोई चार दशक तक गांधी परिवार के प्रतिनिधि की भूमिका निभाने वाले किशोरी लाल शर्मा को चुनाव मैदान में उतारा है। भाजपा उन्हें 'चपरासी' बता रही है। लेकिन जिस तरह उनकी लोगों से जान-पहचान है और कांग्रेस नेता उनकी जीत के लिए प्रचार कर रहे हैं, उसे देखकर कुछ लोग किशोरी लाल को छुपा रुस्तम भी बता रहे हैं।

हालांकि राहुल गांधी के अमेठी से पलायन और कांग्रेस द्वारा किशोरी लाल पर दांव लगाए जाने के बाद हर किसी की धारणा थी कि अमेठी का चुनाव इस बार एकतरफा जीत वाला हो गया है। लंबे समय तक राहुल गांधी की प्रत्याशिता को लेकर अनिर्णय की स्थिति में झूलने वाली कांग्रेस ने एक तरह से भाजपा को यहां वॉकओवर दे दिया है, लेकिन जैसे-जैसे मतदान की



स्मृति इरानी।

तिथि करीब आ रही है, ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस ने राहुल गांधी की हार का बदला लेने के लिए स्मृति ईरानी के सामने सोची-समझी रणनीति के तहत जाल बुना है। किशोरी लाल केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के सामने कमजोर प्रत्याशी साबित न हो, इसलिए उनके प्रचार की कमान खुद प्रियंका गांधी ने संभाल रखी है। स्मृति भी इस बात को बखूबी समझते हुए उतनी ही गंभीरता और ताकत से मुकाबला कर रही है, जैसे सामने राहुल गांधी ही चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि जनता की अदालत में अमेठी में इस बार चुनावी लड़ाई राहुल गांधी के 15 साल और स्मृति ईरानी के पांच सालों के काम के बीच हो रही है, जिसमें स्मृति का पलड़ा थोड़ा भारी नजर आता है। इसकी बड़ी वजह यह है कि 2014 में मोदी लहर के बाद भी एक लाख वोटों से हार मिलने के बावजूद वह अमेठी छोड़कर नहीं गईं।



किशोरी लाल शर्मा।

लगातार सक्रिय रहीं और लोगों के बीच काम करती रहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उन्हें अपने मंत्रिमंडल में मानव संसाधन विकास मंत्री बनाया। इससे लोगों में भरोसा बना कि वह अब अमेठी छोड़कर जाने वाली नहीं हैं और सिर्फ अपना सियासी मकसद साधने के लिए यहां नहीं आयी हैं, जैसा कि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी उन्हें लेकर आरोप लगाती हैं। इसी का लाभ उन्हें 2019 में अप्रत्याशित जीत के रूप में मिला। उन्होंने राहुल गांधी को 55 हजार मतों से पराजित कर दिया। हालांकि अमेठी में मतदाताओं का एक वर्ग पिछली बार की तरह राहुल गांधी बनाम स्मृति ईरानी का मुकाबला नहीं होने से थोड़ा मायूस जरूर नजर आता है। लेकिन वोट के सवाल पर अधिकतर लोग मोदी और योगी का समर्थन करते हुए भाजपा सरकार के काम गिनाते हैं या फिर सांसद स्मृति ईरानी के खिलाफ बोलते हैं। विकास के सवाल पर राय बंटी हुई है। यह कहने के बावजूद कि यहां की सड़कें अब पहले से अच्छी हो गयी हैं, तमाम लोग राजीव गांधी और राहुल गांधी के समय में हुए कामों की दुहाई देते हैं, तो यह बताने वाले भी कम नहीं हैं कि स्मृति ईरानी ने सांसद रहते केंद्र सरकार की योजनाओं पर काम किया है।

लोगों को पीएम आवास, मुफ्त राशन, फ्री इलाज और शौचालय जैसी सुविधाएं मिली हैं। इसके जवाब में प्रियंका गांधी नुक्कड़ सभाओं और जनसंपर्क में लोगों को समझाती हैं कि जागरुक बनें, समझें कि कौन से पार्टी आपके लिए क्या कर रही है और पहले क्या किया। वह अपने पिता को याद करती हैं और अमेठी से जज्बाती रिश्ता जोड़ती हुए बताती हैं कि जब छोटे थे तब भी आते थे। आप कितना प्यार देते थे। फिलहाल कांग्रेस के चुनाव प्रचार से ऐसा लगता है कि गांधी परिवार ने इस सीट को नाक की लड़ाई मान लिया है। जिस तरह प्रियंका, खड़गे, राहुल यहां प्रचार कर रहे हैं, उससे लग रह है कि स्मृति ईरानी के लिए लड़ाई उतनी आसान नहीं है, जितनी समझी जा रही थी। वैसे इस बार चुनावी मैदान में बसपा की ओर से नन्हें सिंह भी मैदान में हैं, लेकिन बसपा के कॉडर वोट का बड़ा हिस्सा भी कांग्रेस-भाजपा के बीच ही बंटता दिख रहा है।

## कांग्रेस को खेलना पड़ा पीएम के चुनाव का दांव

रायबरेली लोकसभा सीट से इस बार अमेठी छोड़कर आए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी चुनावी मैदान में हैं। यहां उनका मुकाबला भाजपा प्रत्याशी और योगी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह तथा बसपा के ठाकुर प्रसाद से है। ऐसे में रायबरेली का रण जीतने के लिए राहुल गांधी की बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी तो डेरा डाले ही हैं, अब सोनिया गांधी भी पहुंच गई हैं। प्रियंका यहां भी अपने परिवार के साथ लोगों को पुराना रिश्ता याद दिला रही हैं। राहुल गांधी की जीत सुनिश्चित करने के लिए यहां कांग्रेस शासित राज्यों के सीएम, डिप्टी सीएम और पूर्व सीएम का हर दिन प्रचार में आना-जाना लगा है, इसी के बीच शुक्रवार को सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव एक मंच पर नजर आए।

उधर भाजपा ने भी अपने प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के लिए पूरा जोर लगा रखा है। गृह मंत्री अमित शाह दो बार आ चुके हैं। सीएम योगी आदित्नाथ, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य भाजपा को जिताने का मोर्चा संभाले हैं। भाजपा का मनोबल बागी सपा विधायक मनोज पांडेय का रुख मोड़ने में सफलता मिलने से बढ़ गया है। पहले वह भाजपा के प्रचार से दूरी बनाए थे, पर अब कह रहे हैं कि जो राम का नहीं, वह किसी के काम का नहीं। पांच दिन पहले अमित शाह, भाजपा उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह के साथ मनोज पांडेय को समझाने उनके आवास पर गए थे। लेकिन



राहुल गांधी।

रायबरेली सदर से भाजपा विधायक अदिति सिंह अभी खुलकर भाजपा के प्रचार में हिस्सा नहीं ले रही हैं। रायबरेली से पिछले चुनाव में सोनिया गांधी ने दिनेश प्रताप सिंह को ही हराया था। लेकिन उनकी जीत का अंतर एक लाख से कुछ ज्यादा ही रह गया था। लोगों से बातचीत में भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह की स्थानीय लोगों के बीच आसानी से उपलब्धता और योगी सरकार में मंत्री पद उन्हें बढ़त दिलाती दिखती है, लेकिन अधिकतर लोग अमेठी की तरह गांधी परिवार से रिश्ता तोड़ने के लिए तैयार नहीं दिखते हैं। हालांकि विरासत के सवाल पर भाजपा नेता यह कहकर पलटवार करते हैं कि कांग्रेस के पास रायबरेली में कोई विधायक, एमएलसी, ब्लॉक प्रमुख, प्रधान कुछ भी तो नहीं है। इस बार का चुनाव 'सोनिया का बेटा' बनाम 'रायबरेली का बेटा' है। इस माहौल में छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल यह कहकर लीड लेने की कोशिश कर रहे हैं कि इंडिया गठबंधन



दिनेश प्रताप सिंह।

की सरकार बनने पर राहुल गांधी ही प्रधानमंत्री बनेंगे, ऐसे में आप सांसद नहीं पीएम का चुनाव कर रहे हैं। माना जा रहा है कि राहुल को पीएम कैंडिडेट बताकर कांग्रेस ने चुनाव जीतने के लिए रणनीतिक दांव चला है।

लेकिन कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी समस्या यह है कि मतदाताओं का एक वर्ग अभी भी यह सवाल उठा रहा है कि राहुल गांधी वायनाड और रायबरेली दोनों जगह से जीतने पर कहीं रायबरेली की सीट तो नहीं छोड़ देंगे। कांग्रेस नेता भी इस बारे में खुलकर गांरटी नहीं दे पा रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस के लिए राहत की बात यही है कि रायबरेली उसका गढ़ है। पार्टी इस सीट पर 20 लोकसभा चुनावों में 17 बार जीती है। रायबरेली में जातीय आधार देखें तो 34% दलित मतदाताओं के बाद 16% ब्राह्मण, 10% ठाकुर और 7% यादव मतदाता है। कुर्मी मतदाता करीब 5% और मुस्लिम मतदाता 6% हैं।

### राजनाथ के सामने जीत का अंतर बढ़ाने की चुनौती

लखनऊ लोकसभा सीट भाजपा का गढ़ है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह यहां से तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। उनके खिलाफ सपा-कांग्रेस गठबंधन से विधायक रविदास मेहरोत्रा और बसपा प्रत्याशी सरवर अली ताल ठोंक रहे हैं। 1991 के लोकसभा चुनाव के बाद से लखनऊ सीट पर भाजपा का कब्जा है। भाजपा नेता और दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 1991-2009 के बीच लखनऊ सीट का प्रतिनिधित्व किया था। इस बार भाजपा ने राजनाथ सिंह को पांच लाख वोटों के अंतर से चुनाव जिताने का लक्ष्य रखा है। लेकिन यह काम आसान नहीं नजर आ रहा है। इसकी वजह यह है कि लखनऊ पश्चिम और मध्य विधानसभा सीटों पर सपा का कब्जा है। सपा-कांग्रेस गठबंधन से चुनाव लड़ रहे रविदास मेहरोत्रा लखनऊ मध्य विधानसभा सीट से ही विधायक हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में राजनाथ सिंह को सपा की तरफ से सिने अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी पूनम सिन्हा ने चुनौती दी थी। कांग्रेस से आचार्य प्रमोद कृष्णनम मैदान में थे। राजनाथ सिंह को 6,33,026 वोट मिले थे। सपा की पूनम सिन्हा 2,85,724 वोटों के साथ दूसरे स्थान और कांग्रेस के आचार्य प्रमोद कृष्णम 1,80,011 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में राजनाथ सिंह को 5,61,106 वोट मिले थे। उनके मुकाबले में उतरीं कांग्रेस की रीता बहुगुणा जोशी को 2,88,357 वोट हासिल हुए थे। बसपा के निखिल दूबे को 64,449 वोट और सपा के अभिषेक मिश्रा को 56,771 वोट मिले थे।

### साध्वी के सामने उत्तम की चुनौती में बसपा का पेच

फतेहपुर सीट पर केंद्रीय मंत्री भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति भी जीत की हैट्रिक लगाने के लिए चुनावी रण में उतरी हैं। वह 2014 और 2019 में जीत दर्ज कर चुकी हैं। सपा प्रत्याशी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल इस बार उनके सामने कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं, तो बसपा ने भी यहां कुर्मी बिरादरी के प्रत्याशी डॉ. मनीष सचान को मैदान में उतार कर सपा और भाजपा दोनों की मुश्किल बढ़ा रखी है। हालांकि सपा प्रत्याशी को स्थानीय होने का लाभ मिल रहा है, लेकिन माना जा रहा है कि सपा और बसपा के प्रत्याशी पिछड़ी जाति के एक ही वर्ग से होने के कारण मतों का ध्रुवीकरण हो सकता है। बसपा को दलित कॉडर के साथ मुस्लिम मतों का समर्थन मिलने से त्रिकोणीय मुकाबले की तस्वीर उभर सकती है, जिसे भाजपा अपने लिए मुफीद मान रही है। सपा प्रत्याशी नरेश उत्तम तीन बार विधायक और मुलायम सरकार में मंत्री रह चुके हैं। क्षेत्र में अच्छी पकड़ रखते हैं। लेकिन इस लोकसभा क्षेत्र की जहानाबाद सीट पर भाजपा को रोकना और ब्राह्मण, क्षत्रिय व वैश्य मतों में सेंध लगाना उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती है। भाजपा को 2014 के चुनाव में जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र से 60 हजार और 2019 में 45 हजार से ज्यादा वोटों से लीड मिली थी।

### इन्होंने की है हैट्रिक की तैयारी



### भानु प्रताप की जीत के सिक्सर में सपा ने इस बार की है कड़ी घेरेबंदी

- भाजपा ने जालौन सीट से पांच बार के सांसद और केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा को एक बार फिर से मैदान में उतारा है। इस सीट पर भानुप्रताप का वर्चस्व साफ नजर आता है। 1996 में वह पहली बार विजयी हुए थे। इसके बाद 1998, 2004, 2014 और 2019 में सांसद चुने गए थे। उनके खिलाफ सपा-कांग्रेस गठबंधन से नारायण दास अहिरवार प्रत्याशी हैं। अहिरवार बसपा के संस्थापक सदस्य रहे हैं। वह 2007 से 2011 तक मायावती सरकार में मंत्री थे। लेकिन 2022 में सपा में शामिल हो गए थे। 2019 में सपा-बसपा गठबंधन में यह सीट बसपा के खाते में गई थी। इस बार भानू प्रताप का मुकाबला अहिरवार से माना जा रहा है। साल 2019 के चुनाव में भानु प्रताप सिंह ने बसपा के अजय सिंह को 1.58 हजार वोटों से हराया था। इस चुनाव में सपा-बसपा का गठबंधन था। इससे पहले 2014 के चुनाव में उन्होंने बसपा के बृजलाल खबरी को 2.87 लाख वोटों से हरा दिया था। इस बार सपा की रणनीति है कि अहिरवार के जरिए बसपा के कोर वोट बैंक में सेंध लगाकर इस सीट पर भानुप्रताप के सामने कांटे का मुकाबला बनाया जा सके। लेकिन सपा की यह घेरेबंदी बसपा प्रत्याशी सुरेश चंद्र गौतम कमजोर बनाते नजर आ रहे हैं, इसकी वजह यह है कि इस सीट पर बसपा का अच्छा खासा वोट बैंक है।

### दो बार से हार रहे चौधरी रोक पाएंगे कौशल किशोर को

लखनऊ से सटे मोहनलाल गंज से मोदी सरकार में केंद्रीय मंत्री और भारातीय जनता पार्टी के उम्मीदवार कौशल किशोर इस बार जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से उतरे हैं। लेकिन इस बार उनको सपा-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार आरके चौधरी से कड़ी चुनौती मिल रही है। यहां बहुजन समाज पार्टी से राजेश कुमार मैदान में हैं। मोहनलालगंज सीट पर 2014 की मोदी लहर में भाजपा ने 1991 के बाद दोबारा कब्जा जमाने में कामयाबी हासिल की थी। 2014 के चुनाव में भी कौशल किशोर और आरके चौधरी के बीच मुकाबला हुआ था। इस चुनाव में आरके चौधरी बसपा के टिकट पर मैदान में थे, लेकिन उन्हें 1.45 लाख मतों से हार मिली थी। सपा से उतरीं सुशीला सरोज करीब ढाई लाख वोट पाकर तीसरे स्थान पर पिछड़ गई थीं। इससे पहले 2009 में यहां से सपा की सुशीला सरोज सांसद चुनी गई थीं। 2019 के चुनाव में कौशल किशोर ने बसपा के सीएल वर्मा को करीब 90 हजार मतों से हरा दिया था। यह चुनाव आरके चौधरी ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में लड़ा था, लेकिन वह 60 हजार से कुछ अधिक मत ही हासिल कर पाए थे। इस लोकसभा क्षेत्र में बसपा का प्रदर्शन देखते हुए उसकी चुनौती को कमजोर नहीं आंका जा सकता है, ऐसे में माना जा रहा है कि त्रिकोणीय संघर्ष भी हो सकता है, जिसमें फायदा भाजपा का ही होना है।

### झांसी में भाजपा का गढ़ तोड़ने में लगे हैं कांग्रेस के पूर्व सांसद आदित्य

- झांसी सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद अनुराग शर्मा को मैदान में उतारा है। यहां इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस ने अपने पूर्व सासंद प्रदीप जैन आदित्य पर दांव लगाया है। बसपा से इस सीट पर राकेश कुशवाहा ताल ठोक रहे हैं। बसपा का झांसी में अभी तक खाता नहीं खुला है। 2019 के चुनाव में भाजपा के अनुराग शर्मा ने सपा प्रत्याशी श्याम सुंदर सिंह यादव को 3.65 लाख मतों से हराया था। कांग्रेस के शिवशरण कुशवाहा को 86 हजार वोट मिले थे। यहां ब्राह्मण और यादव वोट निर्णायक माने जाते हैं। इसके बाद करीब 25 प्रतिशत दलित मतदाता हार-जीत तय करते हैं।

### हमीरपुर में भाजपा की तीसरी जीत रोक पाएगी जातीय समीकरणों की घेरेबंदी

- हमीरपुर लोकसभा सीट पर भाजपा से मौजूदा सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल मैदान में हैं। पुष्पेंद्र पिछले 10 साल से सांसद हैं। यहां सपा के अजेंद्र सिंह राजपूत उन्हें चुनौती दे रहे हैं, तो बसपा ने ब्राह्मण कार्ड खेलते हुए निर्दोष दीक्षित को मैदान में उतारा है। यहां 23 फीसदी दलित मतदाता गिना जाता है। राजपूत, ब्राह्मण और निषाद मतदाता जीत-हार तय करने में अगुवा रहते हैं। 2019 के चुनाव में पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को 5.75 लाख मत मिले थे। बसपा के दिलीप कुमार सिंह ने 3.26 और कांग्रेस के प्रीतम सिंह लोधी ने 1.14 लाख मत पाए थे। 2022 के विधान सबा चुनाव में लोकसभा क्षेत्र की सभी पांचों सीटें भाजपा ने जीती थीं।

### बाराबंकी में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधे मुकाबले के बने आसार

- बाराबंकी लोकसभा सीट आरक्षित है। इस सीट पर भाजपा का पिछले 10 साल से कब्जा है, लेकिन इस बार भाजपा ने मौजूदा सांसद उपेंद्र सिंह रावत की जगह जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत को मैदान में उतारा है। भाजपा सांसद ने चुनाव से पहले कथित अश्लील सीडी वायरल होने पर चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया था। इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस नेता पीएल पुनिया के पुत्र तनुज पुनिया दूसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। बसपा ने शिव कुमार दोहरे को मैदान में उतारा है। 2019 के चुनाव में उपेंद्र सिंह रावत को 5,35,917 और सपा के राम सागर रावत को 4,25,777 मत मिले थे। कांग्रेस के तनुज पुनिया 1.60 लाख मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे थे। इस बार सपा का साथ मिलने से तनुज पुनिया भाजपा के सामने कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं।

### गोंडा में राम लहर के आगे सपा की युवा प्रत्याशी श्रेया वर्मा कर रहीं संघर्ष

- गोंडा लोकसभा सीट से भाजपा ने दो बार के अपने सांसद कीर्ति वर्धन सिंह को उम्मीदवार बनाया है। समाजवादी पार्टी ने यहां युवा चेहरे के रूप में दिग्गज नेता रहे बेनी प्रसाद वर्मा की पोती श्रेया वर्मा को मैदान में उतारा है। श्रेया के पिता राकेश वर्मा सपा सरकार में मंत्री थे। बहुजन समाज पार्टी से सौरभ उम्मीदवार हैं। सपा ने यहां अपनी जीत का आधार कुर्मी वोटों के साथ 21 प्रतिशत मुस्लिम वोटों को बना रखा है। हालांकि लोकसभा क्षेत्र में राम लहर का प्रभाव और बाहरी होने का ठप्पा उन्हें मुश्किल में डाल रहा है। 2019 के समर में गोंडा में भाजपा के कीर्तिवर्धन सिंह का मुकाबला सपा के विनोद कुमार और कांग्रेस की कृष्णा पटेल से हुआ था। कीर्ति वर्धन सिंह को 5,08,190 और सपा के विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह को 3,41,830 वोट मिले थे।

### फैजाबाद में राम मंदिर और संविधान के बीच छिड़ी है बहस

फैजाबाद लोकसभा सीट पर पिछले दो चुनाव से जीत रहे भाजपा सांसद लल्लू सिंह इस बार अयोध्या में राम मंदिर की स्थापना के बाद जीत की हैट्रिक के प्रति आश्वस्त नजर आ रहे हैं। उनका मुकाबला इस बार इंडिया गठबंधन की तरफ से सपा के दिग्गज अवधेश प्रसाद से है। अवधेश प्रसाद नौ बार विधायक रह चुके हैं। बसपा इस सीट पर भाजपा से ही आए सच्चिदानंद पांडे पर दांव लगाकर ब्राह्मण कार्ड से भाजपा की मुश्किल बढ़ा रही है। ऐसे में जातीय समीकरणों के लिहाज से चुनाव दिलचस्प हो गया है और पिछले दो चुनाव में रिकार्ड मतों से हुई जीत को बरकरार रखना भाजपा के लिए चुनौती है। भाजपा अपने प्रचार अभियान में राम मंदिर का मुद्दा बार-बार उठा रही है। ऐसे में फैजाबाद लोकसभा सीट, जिसके अंतर्गत अयोध्या आती है, वहां से बड़ी जीत हासिल करके देश भर में संदेश देना चाहती है। इसी कारण यहां प्रतिष्ठा की लड़ाई हो रही है।

दूसरी ओर विपक्ष भाजपा की कोशिश को राम से संविधान की ओर मोड़ने की कोशिश कर रहा है। सांसद लल्लू सिंह उन भाजपा नेताओं में हैं, जिन्होंने कहा था कि संविधान बदलने के लिए 400 सीटों की जरूरत है। इसी बात पर सपा उन्हें निशाने पर ले रही है। सांसद लल्लू सिंह लोगों से कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री ने राम मंदिर के अभिषेक के साथ 500 साल पुराना सपना पूरा किया है और अब वही भगवान कृष्ण को भी मथुरा में लाएंगे। जिन लोगों ने 'राम भक्तों' पर गोलियां चलाईं उन्हें सबक सिखाना है। वह अयोध्या में रेलवे स्टेशन, सड़कों और मेडिकल कॉलेज के साथ ही बुनियादी ढांचे में आए सुधार के आधार पर भी वोट मांग रहे हैं। इसके जवाब में सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद का दावा है कि भाजपा के गढ़ अयोध्या में उसका घमंड टूटने जा रहा है। इंडिया गठबंधन मर्यादा पुरुषोत्तम राम के सपनों का देश बनाएगा। अब एक व्यक्ति के मन की बात नहीं, करोड़ों जनता जनार्दन के मन की बात चलेगी।




### बांदा में त्रिकोणीय संघर्ष में भाजपा को छूट रहा पसीना

- बांदा लोकसभा सीट पर भाजपा ने सांसद आरके सिंह पटेल को फिर से उम्मीदवार बनाया है। सपा ने उनका मुकाबला करने के लिए शिवशंकर सिंह पटेल को मैदान में उतारा है, तो बसपा ने मयंक द्विवेदी पर दांव लगाकर मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। यहां ब्राह्मण वोट जीत में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। भाजपा और सपा दोनों के प्रत्याशी पटेल समुदाय से होने के कारण पटेल वोट बंटता नजर आ रहा है। सपा को यादव और मुस्लिम मत मिलने का भरोसा है। बसपा यहां ब्राह्मण मतों मंन सेंध लगाती नजर आ रही है। जातीय वोटों के गणित में भाजपा यहां उलझती नजर आ रही है। भाजपा ब्राह्मण मतदाताओं को मनाने में जुटी है। 2019 के चुनाव में भाजपा के आरके सिंह पटेल को 4,77,926 और सपा के श्यामा चरण गुप्ता को 4,18,988 मत मिले थे। कांग्रेस के बाल कुमार पटेल करीब 76 हजार वोट पाकर तीसरे नंबर पर थे।

### कौशांबी में सपा का युवा चेहरा क्या दिखा पाएगा कमाल

- कौशांबी लोकसभा सीट से भाजपा ने दो बार के सांसद विनोद सोनकर को फिर से मैदान में उतारा है। सपा से यहां पुष्पेंद्र सरोज मैदान में हैं। बसपा ने शुभ नारायण गौतम पर दांव लगाया है। यहां पिछली बार भाजपा सिर्फ चार फीसदी वोटों के अंतर से जीती थी। भाजपा के विनोद सोनकर को 3,83,009 के मुकाबले सपा प्रत्याशी इंद्रजीत सरोज को 3,44,287 मत मिले थे। राजा भैया के जनसत्ता दल के प्रत्याशी ने डेढ़ लाख से ज्यादा वोट पाए थे। राजा भैया ने इस बार किसी दल को समर्थन नहीं दिया है। लेकिन भाजपा प्रत्याशी से उनकी नाराजगी छिपी नहीं है। सपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज इंद्रजीत सरोज के पुत्र हैं और लंदन से पढ़कर लौटे हैं। वह बेरोजगारी, महंगाई और पेपर लीक जैसे मुद्दे उटाकर युवाओं को जोड़ने में लगे हैं।

### कैसरगंज में सपा के निशाने पर भाजपा का परिवारवाद

- कैसरगंज लोकसभा सीट से भाजपा ने कुश्ती संघ के विवाद के चलते मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का टिकट काटकर उनके बेटे करण भूषण सिंह को उम्मीदवार बनाया है। बृजभूषण शरण सिंह दो बार से चुनाव जीत रहे थे। इससे पहले साल 1996 से साल 2009 तक पांच बार इस सीट से समाजवादी पार्टी के बेनी प्रसाद वर्मा सांसद रहे थे। सपा ने इस बार यहां रामभगत मिश्रा और बसपा ने नरेंद्र पांडेय को मैदान में उतारा है। गाड़ियों के लंबे काफिले के साथ यहां बृजभूषण शरण और उनके बेटे करण सिंह एक गांव से दूसरे गांव में प्रचार कर रहे हैं। बृजभूषण वोट तो बेटे के लिए वोट मांग रहे हैं, लेकिन उनके भाषणों में अक्सर टिकट न मिलने का दर्द झलक जाता है। करण भूषण राजनीति में नया और युवा चेहरा हैं। ऐसे में सपा परिवारवाद के खिलाफ बोलने वाली भाजपा को निशाना बना रही है। इंडिया गठबंधन के नेता पूछ रहे हैं कि पिता के बदले बेटे को टिकट देना परिवारवाद नहीं है तो क्या है? यहां बसपा प्रत्याशी की ब्राह्मण वोटों में सेंधमारी सपा को मजबूत कर सकती है।

## एक नजर

### गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के खिलाफ अभियान की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के खिलाफ अभियान आचार संहिता खत्म होने के बाद शुरू होगा। इस संबंध में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। खंड शिक्षा अधिकारियों को भी चेतावनी दी गई है कि यदि उनके ब्लॉक में बिना मान्यता के स्कूल चलता पाया गया तो कार्रवाई की जायेगी। वहीं दूसरी ओर निजी स्कूलों की मान्यता के लिए आवेदन जारी हैं। सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन किए जाने के निर्देश भी जारी किए गये हैं।

### फतेहपुर को जल्द मिलेंगे दो नए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

**अमृत विचार :** फतेहपुर में निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हसवा और सीएचसी दपसौरा के लिए स्वीकृत बजट की किस्त राज्य सरकार द्वारा जारी कर दी गई है। विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी द्वारा शुक्रवार को स्वास्थ्य महानिदेशक को करीब आठ करोड़ का बजट भेजा गया है। स्वास्थ्य महानिदेशक बृजेश राठौर ने बताया कि चार करोड़ 87 लाख के स्वीकृत बजट में सीएचसी हसवा के लिए तीन करोड़ 87 लाख जारी किया गया है। इसके अलावा दपसौरा सीएचसी के लिए छह करोड़ 52 लाख में चार करोड़ आठ लाख जारी किये गये हैं।

# शक्तिवर्धक दवा के लिए हो रही कछुओं की तस्करी

## बड़ी मात्रा में कछुए बरामद, तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में प्रतिबंधित कछुओं की तस्करी रुक नहीं पा रही है। शुक्रवार को वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो एवं एसटीएफ ने संयुक्त रूप से गोरखपुर से तस्करी कर पश्चिम बंगाल ले जाए जा रहे कछुओं की बड़ी खेप पकड़ी। इस महीने गोरखपुर से ही दूसरी बार बड़ी मात्रा में कछुए पकड़े गए हैं। हालांकि तस्करों को गिरफ्तार कर कछुओं को पुनः नदी में डाल दिया गया। लेकिन प्रश्न यह है कि उप्र. से बड़े पैमाने पर कछुओं की तस्करी हो क्यों रही है? यह कछुए तस्करी कर जाते कहां है? इससे तस्करी करने वालों क्या फायदा मिलता है?

अधिकारियों का कहना है कि कछुओं (इंडियन रूफ टर्टल) के अंगों से शक्तिवर्धक दवाएं बनती हैं, जोकि महंगी कीमतों में बिकती हैं। यह दवाएं चीन, हांगकांग और मलेशिया में बनती हैं। इन दवाओं को वहां के लोग खाते हैं। लेकिन भारत में तस्करी करने वालों को इसकी सामान्य कीमत मिलती है। एक कछुए का 500 से एक हजार रुपये तक मिल जाता है। यह कछुए पश्चिमी बंगाल ले जाए जाते हैं, फिर बांग्लादेश, म्यांमार के रास्ते चीन, हांगकांग और मलेशिया पहुंचाये जाते हैं। पश्चिमी बंगाल में बैठे तस्कर इन कछुओं को बेचकर मोटी कमाई करते हैं। इसके अलावा लुप्तप्राय श्रेणी में रखे गए इंडियन सॉफ्टशेल या गंगेज सॉफ्टशेल कछुए पड़ोसी देश नेपाल और चीन में प्रचलित अंधविश्वास का शिकार बन रहे हैं। दोनों देशों में जादू-टोने में इनका इस्तेमाल किया जाता है।

**दोनों तस्कर बिहार के निवासी**


नीरज दीक्षित


मुराद अली

**अमृत विचार :** एसटीएफ के डीएसपी दीपक सिंह ने बताया कि गोरखपुर में पकड़े गये दोनों तस्कर नीरज दीक्षित एवं मुरादअली बिहार के गोपालगंज के निवासी हैं। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि वह पश्चिम बंगाल तक इन कछुओं को पहुंचाते हैं। वहीं से एक अन्य तस्कर इन कछुओं को बांग्लादेश और म्यांमार के रास्ते चीन, हांगकांग और मलेशिया भेजता है।

▸▸ गोरखपुर में इस महीने पकड़ा गया तस्करी का दूसरा मामला

# पोस्टल बैलेट पर मुहर लगाकर किया वायरल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार :** सरकारी कर्मचारी ने पोस्टल बैलेट पर मुहर लगाने के बाद फेसबुक पर वायरल कर दिया। जानकारी होने पर वायरल करने वाले कर्मचारी के खिलाफ प्रभारी अधिकारी फैसिलीटेशन ने हुसैनगंज थाने में तहरीर दी। पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

प्रभारी निरीक्षक हुसैनगंज राम कुमार गुप्ता ने बताया कि मानस इन्क्लेव निवासी आशुतोष कुमार श्रीवास्तव, 176 मोहनलालगंज विधानसभा के प्रभारी फैसिलीटेशन अधिकारी हैं। लोकसभा चुनाव में सरकारी कर्मचारियों की मतदान में ड्यूटी लगी है। इसके कारण उनको बैलेट पेपर से मतदान करने का अधिकार चुनाव आयोग ने दिया है। मोहनलालगंज लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए कुशलीखेड़ा निवासी संदीप कुमार यादव को 14 मई को पोस्टल बैलेट क्रमांक 100976 जारी किया गया था। जिस पर मुहर मारने के बाद संदीप कुमार यादव ने अपनी फेसबुक आईडी पर अपलोड कर दिया। कुछ देर में यह पोस्टल बैलेट सोशल मीडिया में वायरल हो गई।

# सफाई वाहन अब पढ़ाएंगे यातायात नियमों का पाठ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ परिवहन आयुक्त ने प्रदेश के सभी नगर आयुक्तों को भेजा पत्र

**अमृत विचार :** नगर निगम के सफाई वाहन अब सिर्फ स्वच्छता ही नहीं यातायात नियमों का भी पाठ पढ़ाएंगे और लोगों को जागरूक करेंगे। बढ़ती दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने प्रदेश के सभी नगर आयुक्तों को इस आशय के दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इसमें कहा गया है कि नगर निगमों द्वारा संचालित स्वच्छता अभियान के वाहनों में लगे स्पीकर के माध्यम से ऑडियो क्लिप चलाई जाए, जिससे लोग जागरूक हों।

चूंकि नगर निगम के स्वच्छता वाहन सुबह क्षेत्रीय स्तर पर घूमते हैं। इनमें स्पीकर लगे होते हैं। इनमें चल रहे स्वच्छता के निर्देशों को गौर से सुनते हैं। ऐसे में प्रचार-प्रसार के लिए यह वाहन अपनी महती भूमिका अदा कर सकते हैं और इनसे सफाई के निर्देशों के साथ-साथ सड़क सुरक्षा की ऑडियो क्लिप चलने से अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुड़ेंगे। लोग इन्हें सुनें और यातायात नियमों के पालन के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझें। वाहन चलाते वक्त सजग हों।

परिवहन आयुक्त ने बताया कि ट्रैफिक नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए गोष्ठी व प्रतियोगिता आदि का भी आयोजन किया जाता है।

# एसजीपीजीआई में 1592 पदों पर होगी नियुक्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** रायबरेली रोड स्थित संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में जल्द ही नर्सिंग ऑफिसर समेत विभिन्न पदों पर पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति होगी। इसके लिए संस्थान ने कुल 1592 पदों का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। लोकसभा चुनाव बाद प्रक्रिया शुरू होगी।

संस्थान के रिक्त पदों पर होने वाली नियुक्तियों में सबसे ज्यादा ग्रेड-सी में 1426 पद नर्सिंग ऑफिसर के हैं। इसके अलावा एक पद जूनियर इंजीनियर (टेलीकॉम), सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव असिस्टेंट के 40 पद, स्टोर कीपर के 22, स्टेनोग्राफर के 84, रिसेप्शनिस्ट के 19 पद विज्ञापित हुए हैं। इन सभी पदों पर आरक्षण की प्रक्रिया उप्र. सरकार के अधीन होगी। पदों को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

# शिया वक्फ बोर्ड ने शहीद-ए-सालिस की मजार के मुतवल्ली को पद से हटाया

## मौलाना आगा रूही और उनके पुत्रों पर धांधली के आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड ने आगरा स्थित नूरुल्लाह शूस्त्री उर्फ़ शहीद-ए-सालिस की मजार के मुतवल्ली मौलाना आगा रूही और उनके बेटों को उनके पद से हटा दिया है। बोर्ड ने मौलाना और उनके बेटों पर मजार पर आने वाले जायरीन के ठहरने वाले कमरों का किराया बढ़ाने और दान पात्र व बैंक एकाउंट में जमा रकम में घपले का आरोप लगाया है।

बोर्ड का कहना है कि मौलाना और उनके बेटों (मुर्तजा नासिर और अब्बास नासिर) ने मजार की आमदनी को तो हासिल किया लेकिन वहां काम करने वालों को वेतन देना भी बंद कर दिया। बोर्ड ने इस सम्बन्ध में मौलाना से कई बार सम्पर्क किया लेकिन उन्होंने किसी की भी बात मानने से इनकार कर दिया।

बोर्ड ने हालात से निबटने के लिए शहीद-ए-सालिस की मजार की देखरेख के लिए वहां प्रशासक नियुक्त कर दिया और वहां की देखरेख के लिए अपना प्रशिक्षित स्टाफ भी भेजा लेकिन मौलाना ने बोर्ड की टीम को चार्ज भी नहीं लेने दिया। मौलाना ने बोर्ड के खिलाफ शासन में शिकायत की और हाईकोर्ट में मुकदमा भी किया लेकिन न तो शासन से और न हाईकोर्ट से उन्हें राहत मिली। मौलाना ने वक्फ ट्रिब्यूनल का दरवाजा खटखटाया। ट्रिब्यूनल ने बोर्ड के ऑर्डर पर स्टे दे दिया।

शिया वक्फ बोर्ड ने वक्फ ट्रिब्यूनल के खिलाफ हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखा। हाईकोर्ट ने वक्फ ट्रिब्यूनल के आदेश पर रोक लगा दी।

**बोर्ड के आरोप गलत, हमने आमदनी को बढ़ाया : मुर्तजा नासिर**

शहीद-ए-सालिस की मजार के मुतवल्ली व सचिव रहे मुर्तजा नासिर ने बताया कि हमने आमदनी और खर्च का आडिट कराकर बोर्ड को हिसाब दिया है। उनका आरोप है कि बोर्ड मजार की जमीन पर बने पेट्रोल पम्प की मियाद को बढ़ाने का दबाव बना रहा था जबकि हम 11 महीने की किरायेदारी तय करने से ज्यादा पर तैयार नहीं थे। उन्होंने बताया कि हमने अपने कार्यकाल में इस वक्फ की आमदनी को बढ़ाया है। वक्फ ट्रिब्यूनल के सामने हमने अपना पक्ष रखा था, जिस पर हमारे पक्ष में फैसला हुआ लेकिन इलाहाबाद हाईकोर्ट में बोर्ड गया तो हमें समय से जानकारी ही नहीं हो पाई तो हम वहां अपना पक्ष कैसे रखते। मुर्तजा नासिर ने कहा कि हम बहुत जल्दी हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखेंगे।

# 36 जिलों के भूजल स्तर में हुआ सुधार

## जल जीवन मिशन के तहत 82.90 प्रतिशत घरों तक पहुंचा नल कनेक्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 34 विकासखंड संकटग्रस्त श्रेणी से उबरे

▸▸ मुख्य सचिव ने जल जीवन मिशन एवं भूगर्भ जल विभाग के कार्यों की समीक्षा की

**अमृत विचार :** वर्ष 2017 की तुलना में वर्तमान में प्रदेश के 36 जिलों के औसत भूजल स्तर में सुधार हुआ है और 34 विकासखंड संकटग्रस्त श्रेणी से बाहर आये हैं। वर्ष 2023-24 में लगभग 50,000 वर्ग मीटर छत के क्षेत्रफल को शामिल कर आच्छादित करते हुए शासकीय एवं अर्द्धशासकीय भवनों में रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना के कार्य को पूरा किया गया है।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र द्वारा जल जीवन मिशन एवं भूगर्भ जल विभाग के कार्यों की शुक्रवार को लोकभवन में समीक्षा के दौरान यह जानकारी सामने आयी। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने जल जीवन मिशन के तहत 82.90 प्रतिशत घरों तक नल कनेक्शन पहुंच जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बाकी बचे घरों को जल्द से जल्द योजना से आच्छादित किया जाये।

इसके साथ मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि भीषण गर्मी में कहीं भी पानी की किल्लत नहीं होनी चाहिये। भूगर्भ जल निधि से जल संचयन एवं संवर्धन के कार्य कराये जायें। वर्षा जल संचय के लिये शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित की जाये। भूजल संचयन एवं संवर्धन के लिए आम जनमानस को जागरूक किया जाये।

**कनेक्शन देने में उप्र. प्रथम स्थान पर**

समीक्षा के दौरान बताया गया कि जल जीवन मिशन से 2 करोड़ 65 लाख 59 हजार 189 घरों के सापेक्ष 2 करोड़ 20 लाख 17 हजार 328 घरों को नल कनेक्शन से संतृप्त किया जा चुका है, जो लक्ष्य का 82.90 प्रतिशत है, जबकि 15 अगस्त, 2019 तक मात्र 1.94 प्रतिशत घर ही योजना से संतृप्त थे। वर्तमान में 50 प्रतिशत हाउसहोल्ड्स को नल कनेक्शन देने के मामले में उप्र. का प्रथम स्थान है। बैठक में प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# 24 घंटे हो स्ट्रांग रूम की निगरानी

## मंडलायुक्त ने रमाबाई अंबेडकर मैदान पहुंचकर किया निरीक्षण


मतदान केंद्र का निरीक्षण करतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब, साथ में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह और एसडीएम सरोजनीनगर फाल्गुनी सिंह।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रमाबाई मैदान में बनाए गए स्ट्रांग रूम की सीसीटीवी से 24 घंटे निगरानी करने के साथ ही फायर सेफ्टी का भी पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिये गये हैं।

मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने रमाबाई अंबेडकर मैदान पहुंचकर स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि संबंधित एरिया में फागिंग, स्प्रे का छिड़काव, झाड़ियों और शौचालय की नियमित सफाई नियमित रूप से कराई जाए।

मंडलायुक्त ने बेसिक विद्यालय औरंगाबाद जोन-1 नगर क्षेत्र, मैरी गार्डिनेर्स एकेडमी और महाराजा बिजली पासी राजकीय महाविद्यालय के मतदेय स्थल के बूथों का निरीक्षण किया। मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदेय स्थलों पर सामान्य सूचनाओं के अंकन, बिजली कनेक्शन, उचित क्षमता की लाइट-पंखे, प्रसाधन, पेयजल, हैंडपंप की क्रियाशीलता, रैंप, साफ-सफाई, नेटवर्क की उपलब्धता, मतदान केंद्रों पर सामान्य सूचनाओं एवं टोल फ्री नंबर 1950 का अंकन कराने के निर्देश दिए। साथ ही मतदान वाले दिन वृद्धजनों के बैठने के लिए कुर्सी की व्यवस्था कराने को कहा। उन्होंने स्मृति उपवन में कहा कि पोलिंग पार्टियों को समय से रवाना किया जाए।

इस दौरान सीडीओ अजय जैन, एडीएम प्रशासन डॉ. शुभी सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश सिंह, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, एसडीएम फाल्गुनी सिंह आदि मौजूद रहे।

# मतदान से पहले देखनी होगी मॉकपोल की प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ माइक्रो ऑब्जर्वरों को दिया गया प्रशिक्षण

**अमृत विचार :** लोकसभा और पूर्वी विधानसभा उपचुनाव के लिए माइक्रो आब्जर्वरों को मॉक पोल कराना होगा। वास्तविक मतदान होने से पूर्व कंट्रोल यूनिट में पड़े मतों को क्लियर करना होगा। साथ ही पीठासीन अधिकारी से मॉक पोल के प्रमाण पत्र पर और मतदान अभिकर्ता के हस्ताक्षर कराए जाएंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने शुक्रवार को माइक्रो आब्जर्वरों को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर मतदान के दिन मतदान प्रारंभ होने से डेढ़ घंटे पहले मतदान केंद्र पर पहुंचेंगे और मतदेय स्थल पर निर्वाचन कार्य की प्रक्रिया का आकलन करेंगे। माइक्रो आब्जर्वर मतदान पार्टी के साथ कांशीराम स्मृति उपवन से 19 मई को रवाना होंगे। माइक्रो आब्जर्वरों को मतदान दिवस के दिन प्रत्येक मतदान केंद्र के गतिविधियों की सूचना प्रेक्षकों को देनी होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि माइक्रो आब्जर्वरों को मतदान एजेंटों की उपस्थिति में अमिट स्याही लगवाने की व्यवस्था करनी होगी। इस दौरान प्रेक्षक ओम प्रकाश कसेरा, एडीएम (भूअ) द्वितीय, नगर मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ, एसीएम चतुर्थ सचिन वर्मा आदि मौजूद रहे।

**आज से बंद रहेंगी शराब की दुकानें**

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव के चलते लखनऊ के आसपास शराब, बीयर और भांग की दुकानें शनिवार से सोमवार शाम तक बंद रहेंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने इस संबंध में आदेश जारी किये हैं। लखनऊ में 20 मई को मतदान होना है। इसलिए 18 तारीख की शाम छह बजे से 20 मई को मतदान खत्म होने तक शराब, बीयर और भांग की दुकानें बंद रहेंगी। जबकि मतगणना वाले दिन चार जून को भी शराब के ठेके बंद रहेंगे। उन्होंने कहा कि इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।


## वर्ग पहेली-73

**बाएं से दाएं**

1. सितार जैसा एक वाद्ययंत्र जिसके दोनों सिरों पर तूंबे लगे रहते हैं।
5. 1. (पुराण) परलोक की एक नदी जिसे मरने के बाद प्रत्येक जीवात्मा को पार करना पड़ता है 2. ओडिशा की एक नदी जो पवित्र मानी गई है।
6. एक भाषा से दूसरी भाषा में अनुवाद करने की क्रिया या भाव, अनुवाद।
9. 1. जो बकवास से भरा हुआ हो 2. ऐसी पद्यमय रचना जिसकी तुकें न मिलती हों, अंत्यानुप्रासहीन 3. जो अवसर के हिसाब से अनुपयुक्त हो।
10. सांसारिक, दुनिया का, लौकिक।

**ऊपर से नीचे**

2. जलमार्ग से आवागमन, जलयात्रा।
3. तुन का वृक्ष।
4. 1. बार-बार इधर से उधर आना-जाना 2. किसी कार्य हेतु पूर्ण प्रयत्न।
7. 1. सिख धर्मानुसार धर्मविरोधी कार्य करने वाला, धर्मापराधी 2. धर्मच्युत।
8. 1. फेंके जाने की क्रिया 2. प्रक्षेपण।



**वर्ग पहेली -72 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 जं | घि | ल | | | 2 शे | |
| | | | 3 कु | शे | श | य |
| | 4 उ | | रे | | वी | |
| | ल | | द | | | 5 नि |
| 6 भ | ट | क | ना | | | कुं |
| | फे | | | | | च |
| 7 वा | र | ना | | 8 नै | ति | क |

## सुडोकू -152

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | | 2 | 3 | |
| | 2 | 4 | | | | | | |
| | | | 2 | 6 | 7 | | | |
| 5 | | | 3 | 7 | | | | |
| 7 | | | | | | | | 8 |
| 3 | | | | 9 | 4 | | | |
| | | | 8 | 5 | 1 | | | |
| | 3 | | | | | 7 | 2 | |
| | 6 | 5 | | | | 9 | | |

**सुडोकू -151 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 5 | 6 | 2 | 8 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 5 | 1 | 7 | 6 | 9 | 2 |
| 6 | 7 | 2 | 3 | 4 | 9 | 8 | 5 | 1 |
| 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 1 | 8 | 5 |
| 8 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 7 | 6 | 9 |
| 5 | 9 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 5 | 6 | 7 | 3 | 4 | 9 | 2 | 8 |
| 7 | 8 | 3 | 2 | 9 | 5 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 2 | 9 | 1 | 8 | 6 | 5 | 7 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 मई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 11.22 तक तत्पश्चात एकादशी।

**मेष** — आज आय के मुकाबले व्यय अधिक होगा। दूसरों पर से ध्यान हटाकर अपने ऊपर अधिक ध्यान दें। पड़ोसियों से संबंधों में सुधार आयेगा। गुप्त शत्रुओं से आपको नुकसान हो सकता है। आपके भीतर दूसरों का हित करने की भावना प्रबल रहेगी।

**वृष** — आज आपको शांतिपूर्ण तरीके से परिस्थितियों का अवलोकन करना चाहिए। बच्चों को लेकर कुछ चिंतित हो सकते हैं। गुस्से और क्रोध में आकर त्वरित निर्णय लेने से बचें। अधिकारी वर्ग से आपको कुछ सावधान रहना चाहिए।

**मिथुन** — आज आपके स्वभाव में कुछ चंचलता और व्यग्रता रहेगी। महत्वपूर्ण कार्यों को टालने की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। नए कार्यों की शुरुआत करने से बचें। बिजली के उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें।

**कर्क** — आज नई नौकरी में आनंद का अनुभव करेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। वैवाहिक जीवन की परेशानियों से निजात मिल सकती है। व्यवसाय में विस्तार कर सकते हैं। धार्मिक कार्यों में आप धन खर्च करेंगे।

**सिंह** — आज किसी गुप्त चिंता के कारण मन उद्वेलित हो सकता है। परिजनों के व्यवहार से आप क्षुब्ध हो सकते हैं। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के ऊपर जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। कड़वी भाषा का प्रयोग करने से बचें।

**कन्या** — आज व्यवसाय में शानदार लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं। नया कारोबार शुरू करने में सफलता मिलेगी। आपकी बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग कर पायेंगे। आप काफी भाग्यशाली रहेंगे।

**तुला** — आज मन में अनावश्यक विचारों को उत्पन्न न होने दें। अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से अच्छा तालमेल बिठाकर रखें। आपकी नेतृत्व क्षमता की परीक्षा हो सकती है। विदेश में नौकरी कर रहे जातकों को थोड़ी परेशानी होगी।

**वृश्चिक** — आज अपने कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण भाव रखें। महत्वपूर्ण कार्यों के होने से आप संतुष्टि का अनुभव करेंगे। कार्यक्षेत्र में आप कुछ नये प्रयोग कर सकते हैं। आर्थिक लाभ होने के योग बन रहे हैं। युवा जातकों को प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं।


**धनु** — आज दोस्तों से आपको महत्वपूर्ण सलाह मिल सकती है, जो आपके लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगी। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है। घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। दूसरों के बारे में हमेशा अच्छा सोचें।

**मकर** — आज किसी देवस्थल में प्रार्थना के लिए जा सकते हैं। कानूनी मामलों में आपको विजय प्राप्त हो सकती है। सकारात्मक गतिविधियों में आपका समय व्यतीत होगा। राजनीतिक संबंधों का उत्तम लाभ उठा पाएंगे।

**कुंभ** — आज अपने विचारों को लेकर हठधर्मिता का त्याग करें। वैवाहिक जीवन कलहपूर्ण हो सकता है। तात्कालिक प्रतिक्रिया देने से बचें। इंटरनेट पर प्रलोभनों से आपको बचना चाहिए। आशानुरूप कार्य न होने से आपका मनोबल गिर सकता है।

**मीन** — आज आपके कई बिगड़े हुए काम बनेंगे। आय बढ़ने से आपका चित्त प्रसन्न होगा। परिजनों से शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। आप पुराने अनुभवों से सीखने का प्रयास करें। आपके आधिकारिक स्वभाव में वृद्धि होगी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 19 मई 12.23 तक तत्पश्चात हस्त।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
नो प्रॉब्लम — सुबह : 08.44
धड़कन — रात : 07.01

SONY MAX
निकम्मा — सुबह : 09.48
सिर्फ एक बंदा काफी है — रात : 09.30

SONY PIX
लाइफ — सुबह : 10.18
द मैन फ्रॉम टोरंटो — रात : 09.12

ZEE CINEMA
करण अर्जुन — सुबह : 11.00
कोयला — शाम : 05.05

colors CINEPLEX
नमक हलाल — सुबह : 11.00
भागम भाग — दोपहर : 02.48

**आज की सुपरहिट फिल्म**



बी 4 यू पर रात : 07.01 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- जज साहब मुझे अपनी बीवी से तलाक चाहिए।
जज- पर क्यों?
पति- जज साहब, जब से मेरी बीवी आई है तब से मुझसे कुछ भी बात नहीं करती है।
जज- एक बार फिर सोच ले, ऐसी बीवी सिर्फ किस्मत वालों को ही नसीब होती है।

सोनू गर्लफ्रेंड से- तुम चाइनीज जैसी क्यों दिखती हो?
गर्लफ्रेंड- मेरे पापा चीन के थे।
सोनू- तुमने कभी मिलवाया नहीं?
गर्लफ्रेंड- वो अब इस दुनिया में नहीं हैं।
सोनू- हां, चाइनीज माल ज्यादा दिन तक टिकता भी कहां है...

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक-980 फ्लैग-1095 डीएमओ-865 बोल्ड-1155
**चन्दौसी :** शिवालिक- 990 फ्लैग-1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 870

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 88800 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 90000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 95000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 75250 |
| गिन्नी (प्रति नग ) | 56100-56300 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 73,150 |
| सोना रवा | 73,000 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग ) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 85,100 |
| चांदी (999) | 85,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72800 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71800 |
| सिल्वर ( पक्की) | 840 (अनुमानित )। |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,200 |
| चांदी आभूषण | 85,400 |

## लखनऊ मंडी

गेहूं (आरआर 21) 2360-2800, गेहूं (के 65) 3500-3800, बाजरा 2200-2300, मक्का 2700-2800, जौ 2900-3000, चावल सेल्हा 2800-3100, चावल बासमती 7000-8000, चावल मोटा 2800-3000, चावल मन्सूरी 3200-3500, चावल शक्कर चीनी 4800-5200, चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600, चावल राजरानी 7000-7500, चना देशी 6800-7000, चना फार्मी 7200-7500, चना काबली 14500-17000, मटर हरा 6000-6200, मटर सफेद 6100-6500, दाल चना 8000-8400, दाल मटर 6400-6500, उड़द हरा 12000-12500, उड़द काला 9000-9500, दाल उड़द हरी 15500-16000, दाल उड़द काली 10500-11000, दाल उड़द धोवा 12000-12500, मूंग खड़ा 10000-10500, मूंग दाल 10500-11000, मूंग धोवा 12000-13000, मसूर 8800-9000, मलका 9000-9500, दाल अरहर फूल 16000-17000, दाल स्पेशल 13000-14000, राज्मा सफेद 13000-14000

# भारत को विनिर्माण क्षेत्र में तेजी लाने की जरूरत

## वित्त मंत्री सीतारमण ने सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में भारतीय उद्योग के प्रमुखों को किया संबोधित

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● उत्पाद निर्माण और नीति समर्थन में अधिक परिष्करण को किया रेखांकित

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि देश को वैश्विक मूल्य श्रृंखला में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए अपने विनिर्माण क्षेत्र में तेजी लाने की जरूरत है। सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में भारतीय उद्योग के प्रमुखों को संबोधित करते हुए मंत्री ने उत्पाद निर्माण और नीति समर्थन में अधिक परिष्करण हासिल करने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया।

सीतारमण ने कहा कि मैं कुछ अर्थशास्त्रियों द्वारा दी गई इस सलाह के विपरीत कुछ रेखांकित करना चाहती हूं कि भारत को अब विनिर्माण पर ध्यान नहीं देना चाहिए या विनिर्माण में तेजी नहीं लानी चाहिए। मैं इस तथ्य पर जोर देना चाहती हूं कि विनिर्माण में वृद्धि होनी चाहिए। भारत को नीतियों की मदद से वैश्विक मूल्य श्रृंखला में अपनी (विनिर्माण) हिस्सेदारी भी बढ़ानी चाहिए। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन सहित कुछ अर्थशास्त्रियों ने राय व्यक्त की है कि भारत को विनिर्माण के बजाय सेवा क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए क्योंकि उसने वह अवसर गंवा दिया है। उनका कहना है कि चीन के विनिर्माण-आधारित वृद्धि मॉडल को अब और दोहराया नहीं जा सकता। हालांकि, सीतारमण ने कहा कि विनिर्माण के विस्तार से भारत को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जतायी कि भारत के पास अब भी अपनी विनिर्माण क्षमता बढ़ाने का अवसर है क्योंकि दुनिया कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद चीन प्लस वन रणनीति पर ध्यान दे रही है।

### यूरोप और अमेरिका की सूची में शीर्ष पर भारत

कैपजेमिनी रिसर्च इंस्टीट्यूट की मई में जारी रिपोर्ट का हवाला देते हुए सीतारमण ने कहा कि यूरोप और अमेरिका में वरिष्ठ अधिकारियों के लिए निवेश स्थलों की सूची में भारत शीर्ष पर है, जो चीन पर अपनी निर्भरता कम करना चाहते हैं और अपनी विनिर्माण क्षमता का कुछ हिस्सा उभरते बाजारों में स्थानांतरित करना चाहते हैं। सर्वेक्षण में शामिल करीब 760 अधिकारियों में से 65 प्रतिशत ने कहा कि वे भारत में उल्लेखनीय रूप से निवेश बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा, यह अपने आप में हमारे भारतीय उद्योग को काफी बड़ा दायरा प्रदान करता है। पीएलआई (उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन) योजना मोबाइल तथा इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्रों में भी बदलाव ला रही हैं। उन्होंने कहा कि 2014 में 78 प्रतिशत आयात से निर्भरता तक, आज भारत में बिकने वाले 99 प्रतिशत मोबाइल भारत में निर्मित हैं। सीतारमण ने उदाहरण देते हुए कहा कि भारत पिछले साल 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात के साथ चीन के बाहर आईफोन के लिए एप्पल का दूसरा सबसे बड़ा विनिर्माण केंद्र बन गया। सेवा क्षेत्र पर उन्होंने कहा कि दुनिया के 50 प्रतिशत से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) पर भारत का कब्जा है और यह महत्वपूर्ण घरेलू तथा वैश्विक अवसर उत्पन्न करने वाला सबसे पसंदीदा गंतव्य बना हुआ है। भारत में जीसीसी की संख्या इस समय 1,580 से अधिक हो गई है।

# चीन में विदेशी निवेश कम होने से भारत को मिल रहा फायदा

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**



● भारत कई पश्चिमी कंपनियों के लिए एक वैकल्पिक निवेश का स्रोत या गंतव्य बना

संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी ने कहा कि चीन में विदेशी निवेश कम होने से भारत कई पश्चिमी कंपनी के लिए वैकल्पिक गंतव्य बन गया है। इससे भारत की आर्थिक वृद्धि काफी बेहतर हुई है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2024 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि को संशोधित किए जाने के मौके पर विशेषज्ञ ने यह बात कही।

संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग (यूएन डीईएसए) के आर्थिक विश्लेषण एवं नीति प्रभाग में वैश्विक आर्थिक निगरानी शाखा के प्रमुख हामिद राशिद ने गुरुवार को कहा, भारत को अन्य पश्चिमी स्रोतों से भारत में आने वाले अधिक निवेश से भी लाभ हो रहा है, क्योंकि चीन में कम से कम विदेशी निवेश जा रहा है। भारत कई पश्चिमी कंपनियों के लिए एक वैकल्पिक निवेश स्रोत या गंतव्य बन गया है। वह वैश्विक आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं 2024 के मध्य-वर्ष के ताजा अनुमानों पर जानकारी दे रहे थे। वर्ष 2024 के लिए भारत की वृद्धि संबंधी अनुमान को संशोधित किया गया है। यह अनुमान जताया गया है कि इस वर्ष देश की अर्थव्यवस्था लगभग सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। 2024 के मध्य तक वैश्विक आर्थिक स्थिति व संभावनाओं संबंधी जारी आंकड़ों में कहा गया, भारत की अर्थव्यवस्था 2024 में 6.9 प्रतिशत और 2025 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, जो मुख्य रूप से मजबूत सार्वजनिक निवेश और लचीली निजी खपत से प्रेरित है।

## चुनिंदा शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 253 अंक चढ़ा

**मुंबई।** मिलजुले वैश्विक संकेतों के बीच स्थानीय स्तर पर महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटीसी जैसी दिग्गज कंपनियों में खरीदारी आने से शुक्रवार को बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 253 अंक चढ़ा जबकि निफ्टी में 62 अंक की तेजी रही। अंतिम दौर की खरीदारी से बाजार शुरुआती निचले स्तर से उबरने में सफल रहा। लेकिन विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने से तेजी पर थोड़ा विराम लग गया।

बीएसई के सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 253.31 अंक यानी 0.34 प्रतिशत चढ़कर 73,917.03 पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी भी 62.25 अंक यानी 0.28 प्रतिशत बढ़कर 22,466.10 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) में 5.97 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। इसके बाद जेएसडब्ल्यू स्टील, अल्ट्रा सीमेंट, कोटक बैंक, आईटीसी और एनटीपीसी का स्थान रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज भी 0.73 प्रतिशत बढ़ गया।

## विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 644.15 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 मई को समाप्त सप्ताह में 2.56 अरब डॉलर बढ़कर 644.15 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.67 अरब डॉलर बढ़कर 641.59 अरब डॉलर रहा था। इसके पहले लगातार तीन सप्ताह इसमें गिरावट आई थी। पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का मुद्रा भंडार 648.56 अरब डॉलर के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचा था। 10 मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.49 अरब डॉलर बढ़कर 565.65 अरब डॉलर हो गई।

## विश्व अर्थव्यवस्था में 2.7 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने विश्व अर्थव्यवस्था के 2024 में 2.7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान लगाया है। यह अमेरिका और ब्राजील, भारत तथा रूस सहित कई उभरती अर्थव्यवस्थाओं में बेहतर प्रदर्शन की ओर भी इशारा करता है।

संरा के वैश्विक आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं 2024 के मध्य-वर्ष के ताजा अनुमानों के अनुसार, विश्व अर्थव्यवस्था इस वर्ष 2.7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। जनवरी की रिपोर्ट में उसने इसके 2.4 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान लगाया था। रिपोर्ट में कहा गया, 2025 में 2.8 प्रतिशत तक की वृद्धि की उम्मीद है। 2024 की 2.7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान 2023 में वृद्धि के बराबर है, हालांकि 2020 में कोविड-19 वैश्विक महामारी शुरू होने से पहले की तीन प्रतिशत की वृद्धि दर से कम है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक विश्लेषण व नीति प्रभाग के निदेशक शांतनु मुखर्जी ने कहा, हमारा अनुमान महत्वपूर्ण चेतावनियों के साथ आशावाद से भरा है।

# मुक्त व्यापार समझौते भारत करे अधिक, सीमा शुल्क में भी कमी लाने की जरूरत : सीईओ

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● दुनिया की शीर्ष 50 कंपनियों में भारत की सिर्फ एक बीमा कंपनी, शीर्ष 100 में केवल दो बैंक

नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बी वी आर सुब्रमण्यम ने शुक्रवार को कहा कि भारत को बाकी दुनिया के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए कई और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर करने और सीमा शुल्क कम करने की जरूरत है।

सुब्रमण्यम ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में कहा कि सरकार को किसी भी क्षेत्र को प्रतिस्पर्धा से संरक्षण नहीं देना चाहिए। उन्होंने उद्योग जगत के दिग्गजों को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि हमें अपनी क्षमताओं के बारे में बहुत आश्वस्त होना चाहिए कि भारत वास्तव में बाकी दुनिया के साथ प्रतिस्पर्धी होने में सक्षम होगा। सुब्रमण्यम ने कहा कि दुनिया की शीर्ष 50 कंपनियों में भारत की सिर्फ एक बीमा कंपनी है, जबकि वैश्विक शीर्ष 100 की सूची में केवल दो बैंक हैं।

सुब्रमण्यम ने कहा कि भारतीय कंपनियां भी दुनिया की कंपनियों की बराबरी कर सकती हैं। उन्होंने संरक्षणवाद के प्रति भी आगाह किया और निर्यात को बढ़ावा देने तथा आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने के लिए भारत के वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (जीवीसी) में शामिल होने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। सीईओ ने इस क्षेत्र में अधिक निजी पूंजी का भी आह्वान किया।



## एक नजर

### प. बंगाल के कूच बिहार में टीएमसी नेता को गोली मारी

**कूच बिहार (बंगाल)।** प. बंगाल के कूच बिहार में तृणमूल कांग्रेस नेता को गोली मार दी गई। अस्पताल में भर्ती टीमएसी नेता की हालत गंभीर बनी हुई है। शुक्रवार को पुलिस ने बताया कि सीतलकूची के लालबाजार के पंचायत प्रधान अनिमेष रॉय गुरुवार रात को एक सहयोगी के साथ घर लौट रहे थे। इसी दौरान रॉय पर हमला किया गया। उन्होंने बताया कि हथियारबंद लोगों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। रॉय की दाहिनी जांघ में गोली लगी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमले में रॉय का सहयोगी भी घायल हो गया। उन्होंने कहा कि जांच चल रही है और आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा, हम उसके परिवार से भी बात कर रहे हैं। वे ज्यादा कुछ नहीं कह रहे हैं।

### फरार पुलिसकर्मी के घर से 1 करोड़ नकद और सोना जब्त

छत्रपति संभाजीनगर। महाराष्ट्र के बीड जिले में पुलिस ने भ्रष्टाचार के एक मामले में आरोपी एक पुलिसकर्मी के घर से 1.08 करोड़ रुपये नकद और 72 लाख रुपये का सोना तथा आभूषण जब्त किए हैं। पुलिस निरीक्षक हरिभाऊ खाड़े (52) को 15 मई को भ्रष्टाचार के मामले में आरोपी बनाया गया था और उसके बाद से ही वह फरार हैं। अधिकारी ने बताया कि एक मामले में शिकायतकर्ता को आरोपी नहीं बनाने के लिए कथित तौर पर एक करोड़ रुपये की मांग करने के आरोप में खाड़े और दो अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने मामला दर्ज किया था। आरोपियों ने बाद में अपनी मांग कम करके 30 लाख रुपये कर दी थी। एसीबी ने सबसे पहले आरोपी कुशक जैन (29) को पांच लाख रुपये रिश्वत लेते हुए पकड़ा।

### दिल्ली कार शोरूम गोलीबारी में शामिल शूटर मुठभेड़ में ढेर

**नई दिल्ली।** पश्चिम दिल्ली में कार शोरूम पर गोलीबारी में कथित तौर पर शामिल शूटर दिल्ली पुलिस की विशेष इकाई के साथ मुठभेड़ में मारा गया। यह मुठभेड़ शाहबाद डेरी इलाके के पास हुई। पुर्तगाल में रह रहा गैंगस्टर हिमांशु भाऊ का शार्प शूटर अजय उर्फ गोली बाहरी दिल्ली के खेड़ा खुर्द गांव आएगा। गुरुवार रात टीम ने होंडा सिटी कार आ रहे अजय को रुकने का इशारा किया गया, तभी आरोपी पुलिस टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी करने लगा। जवाबी गोलीबारी में उसे गोली लगी और उसे अस्पताल ले जाया गया। हरियाणा के रोहतक का मूल निवासी अजय, प्रदेश और दिल्ली में हत्या, हत्या के प्रयास तथा शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज मामलों समेत एक दर्जन वारदात में शामिल था। वह सोनीपत के मुरथल में व्यापारी की हत्या में भी शामिल था।

# करोड़ों गरीब परिवार को देंगे 10 किलो मुफ्त राशन

## राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा-संप्रग सरकार ने खाद्य सुरक्षा कानून के जरिये भोजन के अधिकार को कानूनी दर्जा दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● राहुल गांधी ने कहा- सरकार बनी तो देंगे अर्थव्यवस्था को गति

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी द्वारा 10 किलोग्राम मुफ्त राशन का जो वादा किया गया है उससे करोड़ों परिवार गरीबी से बाहर निकलेंगे और अर्थव्यवस्था को गति देंगे।

बुधवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने घोषणा की थी कि अगर विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की सरकार सत्ता में आती है तो भाजपा सरकार की ओर से गरीबों को दिए जा रहे मुफ्त राशन की मात्रा दोगुनी कर दी जाएगी। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स लिखा कि देश के गरीब परिवारों के लिए कांग्रेस ने एक और बड़ा फैसला लिया है - हमारी सरकार आपको 5 नहीं 10 किलो राशन हर महीने मुफ्त देगी। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के दौरान हमने खाद्य सुरक्षा कानून के जरिये भोजन के अधिकार को कानूनी दर्जा दिया था, 10 किलो अनाज इसी कड़ी में अगला कदम होगा। उन्होंने कहा, 10 किलो राशन और 8500 रुपये महीने से शिक्षा और स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा और करोड़ों परिवार गरीबी से बाहर निकल कर देश की अर्थव्यवस्था को गति देंगे। राहुल गांधी ने दावा किया, नरेन्द्र मोदी ने 20-25 अरबपति बनाए और अडाणियों की सरकार चलाई, हम करोड़ों लखपति बनाएंगे और हिंदुस्तानियों की सरकार चलाएंगे।

### योगी का बुलडोजर पिछड़े वर्ग के आरक्षण के खिलाफ

● कांग्रेस महासचिव ने एक्स पर लिखा संविधान को खत्म करना चाहते हैं प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कथित तौर पर लिखित एक लेख का हवाला देते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि उनका बुलडोजर दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों के आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने योगी आदित्यनाथ की वेबसाइट पर मौजूद एक लेख का उल्लेख करते हुए उन पर और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर प्रहार किया। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, निवर्तमान प्रधानमंत्री ने आज कहा है कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियननेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सीखना चाहिए कि बुलडोजर कहां पर चलाना चाहिए। देखिए, योगी का बुलडोजर कैसे दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों के लिए मौजूद आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को साफ-साफ कह देना चाहिए कि वह योगी को समर्थन, आरक्षण को लेकर उनके विचारों की वजह से दे रहे हैं तथा उनके 400 पार वाले नारे के पीछे भी यही राज है। कांग्रेस महासचिव ने कहा, प्रधानमंत्री को यह कहना चाहिए कि वह ऐसा इसलिए चाह रहे हैं ताकि संसद में 400 सीट के बहुमत से बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान का संशोधन कर सकें और दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों से उनके आरक्षण का हक छीन सकें। यह दशकों से चली आ रही आरएसएस की साजिश को अंजाम देना चाहते हैं तथा बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान को खत्म करके मनुवादी सोच पर आधारित नया संविधान बनाना चाहते हैं।

# लोगों को गुमराह कर रहे हैं मुख्यमंत्री पटनायक : शाह

**राउरकेला (ओडिशा), एजेंसी**



● केंद्रीय गृहमंत्री ने राउरकेला में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दावा किया कि चुनाव के बाद ओडिशा भगवा हो जाएगा क्योंकि भाजपा विधानसभा की 75 और लोकसभा की 15 से अधिक सीट पर जीत दर्ज करेगी।

शाह ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब तक हुए चार चरण के चुनाव में ही 270 लोकसभा सीट जीत चुके हैं और अब पार्टी 400 की ओर बढ़ रही है। ओडिशा में राज्य विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ कराए जा रहे हैं। शाह ने राउरकेला की चुनावी जनसभा में कहा कि 15 से अधिक सांसदों और 75 विधायकों के साथ ओडिशा भी भगवा रंग में रंग जाएगा। राज्य में लोकसभा की कुल 21 और विधानसभा की 147 सीट है। पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर के रत्नभंडार की चाबियों के गुम होने का संदर्भ देते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता ने आरोप लगाया कि ओडिशा के मुख्यमंत्री और बीजू जनता दल (बीजद) अध्यक्ष नवीन पटनायक लोगों को गुमराह कर रहे हैं और आस्था से खेल रहे हैं। रत्नभंडार की चाबियों का गुम होने का मुद्दा गत कई सालों से ओडिशा में प्रमुख राजनीतिक मुद्दा बन रहा है। शाह ने कहा कि यह चुनाव ओडिशा के गौरव, भाषा, संस्कृति और परंपरा के स्थापित करने के लिए है। ओडिशा की सरकार अधिकारी चला रहे हैं।

# संविधान पीठ का फैसला कम सदस्य वाली पीठों पर बाध्यकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● कोर्ट ने ये टिप्पणी भूमि से संबंधित मामले में की जो हरियाणा के लोगों के साझा प्रयोग वाली थी

उच्चतम न्यायालय ने अप्रैल 2022 के फैसले की समीक्षा करते हुए कहा है कि संविधान पीठ का फैसला कम सदस्य संख्या वाली पीठों पर बाध्यकारी होगा। न्यायालय ने यह टिप्पणी भूमि से संबंधित मामले में की जो हरियाणा के गांव के निवासियों के साझा इस्तेमाल वाली थी।

शीर्ष अदालत ने 7 अप्रैल, 2022 के आदेश में कहा था कि कोई पंचायत उस जमीन के स्वामित्व का दावा नहीं कर सकती जो हरियाणा में भूमि कानून के तहत वास्तविक मालिकों से उनकी अनुमेय सीमा से ज्यादा ली गई है। पंचायतें केवल उस भूमि का प्रबंधन और नियंत्रण कर सकती हैं जो मालिकों से ली गईं हैं और उस पर स्वामित्व का दावा नहीं कर सकतीं।

शीर्ष अदालत ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट की पीठ के फैसले के खिलाफ अपीलों के एक समूह पर फैसला सुनाया था, जिसने हरियाणा ग्राम सामान्य भूमि (विनियमन) अधिनियम 1961 की धारा 2 (जी) की उप-धारा 6 की वैधता की जांच की थी। गुरुवार को दिए गए फैसले में न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि जब उच्च न्यायालय का फैसला 1966 में शीर्ष अदालत की संविधान पीठ द्वारा निर्धारित कानून पर था, तो समीक्षाधीन निर्णय में अदालत से कम से कम यह समझाने की उम्मीद की जाती है कि 1966 के फैसले पर भरोसा करने में हाईकोर्ट गलत क्यों था। पीठ ने कहा कि यह बताने के लिए किसी कानून की आवश्यकता नहीं है कि संविधान पीठ का निर्णय कम सदस्य संख्या वाली पीठों पर बाध्यकारी होगा। भगत राम (1966 फैसला) का निर्णय पांच न्यायाधीशों द्वारा किया गया है, इस अदालत में दो न्यायाधीशों की पीठ भगत राम मामले में अनुच्छेद 5 में संविधान पीठ द्वारा निर्धारित कानून की अनदेखी नहीं कर सकती थी। समीक्षा याचिका की अनुमति देते हुए पीठ ने कहा, "इस न्यायालय के सात अप्रैल 2022 के फैसले के आलोक में अपील दायर करने के लिए बहाल की जाती है। पीठ ने निर्देश दिया कि अपील को सात अगस्त के लिए सूचीबद्ध किया जाए।

## भाजपा उम्मीदवार गंगोपाध्याय को नोटिस

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश और भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय को बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ उनकी टिप्पणी के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया। हल्दिया में 15 मई को आयोजित सभा में बनर्जी के खिलाफ की गई टिप्पणी के लिए गंगोपाध्याय के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस की शिकायत पर निर्वाचन आयोग ने कार्रवाई की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गंगोपाध्याय को पश्चिम बंगाल की तमलुक सीट से मैदान में उतारा है, जहां 25 मई को मतदान होगा। निर्वाचन आयोग ने अपने नोटिस में कहा कि गंगोपाध्याय की टिप्पणी अनुचित, विवेकहीन, हर मायने में गरिमा से परे, अपमानजनक और प्रथम दृष्टया आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों और राजनीतिक दलों को दिए गए परामर्श का उल्लंघन करने वाली पाई गई है। निर्वाचन आयोग ने 20 मई को शाम पांच बजे तक नोटिस पर जवाब मांगा है।

# टीएमसी ने राज्यपाल पर लगे आरोपों को लेकर किया प्रदर्शन

**कोलकाता, एजेंसी**

● राजभवन की ओर बढ़ रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने रोका
● संविदाकर्मी ने राज्यपाल पर लगाया था छेड़छाड़ का आरोप

टीएमसी ने प. बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर लगे छेड़खानी के आरोपों को लेकर उनके इस्तीफे की मांग करते हुए राज भवन के पास शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया। राज्यपाल आवास की ओर बढ़ रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने रोक दिया। प्रदर्शनकारियों में टीएमसी से संबद्ध प. बंगाल कॉलेज और विवि प्रोफेसर संघ (डब्ल्यूबीसीयूपीए) के सदस्य भी शामिल थे।

डब्ल्यूबीसीयूपीए के पदाधिकारी ने कहा, बोस का पद पर बने रहना शर्मनाक है, राजभवन की महिला कर्मी सहित एक से ज्यादा महिलाएं उनके खिलाफ गंभीर आरोप लगा चुकी हैं। राजभवन में संविदा पर काम करने वाली महिला ने राज्यपाल पर उसके साथ छेड़खानी करने को लेकर पिछले सप्ताह पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने शास्त्रीय नर्तकी की शिकायत को लेकर राज्य सचिवालय को रिपोर्ट सौंपी थी। शिकायत में महिला ने बोस पर 2023 में नई दिल्ली के होटल में उसका यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था। राज्यपाल ने आरोपों को नकारते हुए कहा कि ये आरोप राजनीति से प्रेरित हैं, क्योंकि वह बंगाल के लोगों की शिकायतें मुखरता से उठा रहे थे।

## ठाणे में महिला से रेलगाड़ी में दुष्कर्म, मामला दर्ज

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक्सप्रेस ट्रेन में महिला को बेहोश कर उससे दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

जीआरपी की वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अर्चना धुसाने ने बताया कि ठाणे जीआरपी ने गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज की। मामला मार्च का है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि वह 10 मार्च को उत्तर प्रदेश जा रही तुलसी एक्सप्रेस में सवार हुई थी, तभी अज्ञात व्यक्ति ने उसे बेहोश करने के लिए नशीला पदार्थ दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना लोकमान्य तिलक टर्मिनस से ट्रेन के रवाना होने के 40 मिनट बाद और ठाणे रेलवे स्टेशन पहुंचने के बीच हुई।

# प्रज्ज्वल को देश लाने की कोशिश : गृहमंत्री

**बेंगलुरु, एजेंसी**

● प्रज्ज्वल रेवन्ना पर कई महिलाओं का यौन उत्पीड़न के लगे हैं आरोप

कर्नाटक के गृहमंत्री जी.परमेश्वर ने शुक्रवार को कहा कि महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोपों का सामना कर रहे हासन के मौजूदा सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को स्वदेश लाने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने कहा कि जांच कर रही एसआईटी प्रभावी तरीके से काम कर रही है। प्रज्ज्वल पर कई महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोप लगे हैं। प्रज्ज्वल 27 अप्रैल को जर्मनी चले गए थे और अब भी विदेश में हैं। वह हासन सीट से भाजपा-जद(एस) के उम्मीदवार है जहां पर 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। प्रज्ज्वल के खिलाफ इंटरपोल द्वारा 'ब्लू कॉर्नर नोटिस' जारी करने पर परमेश्वर ने कहा कि प्रक्रिया जारी है, जब तक उन्हें वापस लाकर कानून के तहत कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की जाती तब तक हमारी कोशिश जारी है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार प्रज्ज्वल के देश से जाने के लिए जिम्मेदार है। मंत्री ने कहा वे ऐसा कहेंगे, वे यह नहीं कह सकते कि सरकार अच्छा काम कर रही है लेकिन हमारी सरकार के तौर पर जिम्मेदारी है। ऐसी चीजों को हल्के में नहीं लिया जाएगा।

### विधायक रेवन्ना की अंतरिम अग्रिम जमानत 20 मई तक बढ़ी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की अदालत ने यौन उत्पीड़न के मामले में जनता दल (सेक्युलर) के विधायक एवं पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना को दी गई अंतरिम अग्रिम जमानत शुक्रवार को 20 मई तक के लिए बढ़ा दी। अदालत ने तब तक के लिए उनकी अग्रिम जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित रख लिया। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत ने इससे पहले बृहस्पतिवार को मामले की सुनवाई की थी और 66 वर्षीय रेवन्ना को आज तक के लिए अंतरिम राहत दी थी।

## मतदाता की गोपनीयता के उल्लंघन का आरोप वाली याचिका खारिज

● उच्चतम न्यायालय ने कहा- याचिका में कोई दम नहीं है

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया जिसमें मौजूदा मतदान प्रणाली में मतदाता की गोपनीयता के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है।

न्यायालय ने कहा कि याचिका में कोई दम नहीं है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिका को खारिज करने के साथ याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि उन्होंने शीर्ष अदालत के 26 अप्रैल के निर्णय को नहीं पढ़ा है जिसमें ईवीएम में हेराफेरी के आरोपों को रद कर दिया गया था। याचिकाकर्ता एग्नोस्टस थियोस के अधिवक्ता ने कहा कि एक निर्वाचन अधिकारी वीवीपैट पर्चियां और ईवीएम में संग्रहीत डेटा को देख सकता है। वीवीपैट पर्चियों और ईवीएम के डेटा से, पीठासीन अधिकारी यह जान सकता है कि किस मतदाता ने किस पार्टी को वोट दिया है। पीठ ने कहा कि अगर उन्होंने 26 अप्रैल का फैसला देखा होता तो उन्होंने यह दलील नहीं दी होती।



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को नई दिल्ली में मेट्रो ट्रेन में सफर किया। • एजेंसी

## एक नजर

### टेक्सास में विकराल तूफान, चार की मौत

**ह्यूस्टन।** अमेरिका में टेक्सास प्रांत के सबसे बड़े शहर ह्यूस्टन में विकराल तूफान की चपेट में आकर चार लोगों की मौत हो गई। प्रांतीय प्रशासन के मुताबिक अभी यह स्पष्ट नहीं है कि लोगों की मौत कैसे हुई। अंतरराष्ट्रीय समयानुसार शहर में गुरुवार देर रात करीब नौ बजे आये तूफान से कई क्षेत्रों में पेड़ उखड़ गये और बिजली की लाइनें टूट गयीं। टेक्सास के सबसे बड़े स्कूल जिले ह्यूस्टन आईएसडी ने तूफान से हुई क्षति और बिजली कटौती के कारण शुक्रवार के लिए सभी कक्षाएं रद कर दीं।

### शव स्कूल परिसर से बरामद गुस्साई भीड़ ने आग लगाई

**पटना।** पटना शहर के दीघा इलाके में शुक्रवार को एक निजी स्कूल के परिसर से चार वर्षीय एक छात्र का शव बरामद होने के बाद आक्रोशित भीड़ ने स्कूल में आग लगा दी। पुलिस के मुताबिक, दीघा थानांतर्गत एक बालक के गुम होने की सूचना प्राप्त हुई थी। तलाश के दौरान बालक का शव स्कूल के परिसर से बरामद किया गया है। घटना के सिलसिले में तीन संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। स्कूल के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। एकत्र किए गए सभी सबूतों की फॉरेन्सिक जांच जारी है।

### अधिकारियों ने कर्नल काले को दी श्रद्धांजलि

**तेल अवीव।** गाजा में जान गंवाने वाले भारतीय सेना के पूर्व अधिकारी कर्नल वैभव अनिल काले को यहां स्थित भारतीय दूतावास के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र और इजराइल सरकार के अधिकारियों ने शुक्रवार को श्रद्धांजलि दी। काले (46) सोमवार को सुबह संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग (यूएनडीएसएस) के अन्य कर्मचारियों के साथ वैश्विक संस्था के वाहन में रफह स्थित यूरोपियन हॉस्पिटल जा रहे थे, तभी वह हमले की चपेट में आ गए और उनकी जान चली गई। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि कर्नल काले के पार्थिव शरीर को भारत ले जाया जा रहा है।

# रूस में भारतीयों के लिए होगी वीजा फ्री एंट्री, दोनों देश करेंगे समझौता

मॉस्को, एजेंसी

• रूस के विशेष परियोजना विभाग की निदेशक निकिता कोंद्रायेव ने विवरण साझा किया

भारत और रूस वीजा-मुक्त पर्यटक आदान-प्रदान के लिए ऐतिहासिक वार्ता शुरू करने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट के अनुसार, चर्चा का पहला दौर जून के लिए निर्धारित है, इस दौरान देश द्विपक्षीय समझौते की व्यवहार्यता का पता लगाएंगे, जिसे साल के अंत तक अंतिम रूप दिया जा सकता है।

रूस के आर्थिक विकास मंत्रालय में बहुपक्षीय आर्थिक सहयोग और विशेष परियोजना विभाग की निदेशक निकिता कोंद्रायेव ने रूस-इस्लामिक वर्ल्ड, कज़ानफोरम 2024 में आगामी वार्ता के बारे में विवरण साझा किया है। रूस के कजान में आयोजित इस कार्यक्रम ने समूह वीजा-मुक्त यात्राओं पर बातचीत में प्रगति को उजागर करने के लिए कोंद्रायेव के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया।




कोंद्रायेव ने बताया कि हम भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ आंतरिक समन्वय के अंतिम चरण के करीब हैं और जल्द ही एक मसौदा समझौते पर चर्चा करेंगे। निकिता ने कहा कि रूस की योजना चीन और ईरान के साथ पहले ही इस तरह के किए गए समझौते को भारत के साथ दोहराना है। रूस और चीन ने पिछले साल 1 अगस्त को वीजा मुक्त समूह पर्यटन के आदान-प्रदान की शुरुआत की थी।

## शी और पुतिन ने व्यापार और सांस्कृतिक आदान प्रदान पर की चर्चा

**बीजिंग।** रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने शुक्रवार को चीन की अपनी राजकीय यात्रा के दौरान व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर ध्यान केंद्रित किया। शिखर सम्मेलन में दोनों देशों के बीच असीमित साझेदारी को भी दोहराया गया जो पश्चिमी देशों के साथ उनके बढ़ते तनाव के बीच गहरी हो रही है।

पुतिन उत्तरपूर्वी शहर हार्बिन में चीन-रूस एक्सपो में भाग लेंगे और हार्बिन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में छात्रों से मिलेंगे। शिखर सम्मेलन में पुतिन ने यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के लिए चीन के प्रस्तावों के लिए शी को धन्यवाद दिया। शी ने कहा कि चीन यूरोप में जल्द शांति और स्थिरता लौटने की उम्मीद करता है और वह इस दिशा में सकारात्मक भूमिका निभाना जारी रखेगा।

# खरीदने जा रहे हैं इलेक्ट्रिक कार 5 जरूरी बातों का रखें ध्यान



भारत समेत दुनियाभर में इलेक्ट्रिक कार लॉन्च हो रही हैं। टाटा मोटर्स से लेकर ब्रिटिश कार मेकर एमजी तक की इलेक्ट्रिक कार भारतीय सड़कों पर सरपट दौड़ रही हैं। यह गाड़ी न सिर्फ वायु प्रदूषण से बचाती हैं, बल्कि ध्वनि प्रदूषण भी नहीं करतीं। अगर आप भी इलेक्ट्रिक कार खरीदने का प्लान बना रहे हैं, तो आज हम ऐसी जरूरी बातों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो इलेक्ट्रिक कार खरीदने में आपके लिए मददगार साबित हो सकती हैं। कार एक्सपर्ट की सलाह के मुताबिक आपको इन चीजों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

### डेली चार्ज करने की सुविधा

नई इलेक्ट्रिक कार खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो सबसे पहले ध्यान रखें कि आपके पास कार को चार्ज की सही जगह मौजूद हो, ताकि उस कार को डेली चार्ज किया जा सके। कई वाहन निर्माता कंपनियां कार चार्जर साथ देती है और उसे एक दीवार पर इंस्टॉल कर देती हैं। घर पर कार चार्जिंग में काफी अधिक समय लगता है। जबकि डीसी चार्जर की मदद से एक कार की बैटरी 0-80 प्रतिशत बैटरी को सिर्फ 30-45 मिनट में चार्जर किया जा सकता है।

### बैटरी पूरी डिस्चार्ज न करें

पेट्रोल के मुकाबले इलेक्ट्रिक कार के फ्यूलिंग सिस्टम का ज्यादा ध्यान रखने की जरूरत होती है। दरअसल, पेट्रोल कार में फ्यूल आप किसी भी करीबी पेट्रोल पंप से करा सकते हैं, जबकि इलेक्ट्रिक कार के साथ ऐसा नहीं है। इसलिए बैटरी चार्जिंग का हमेशा ध्यान रखना होगा।

### डेली तय होने वाली दूरी

अगर आप ऑफिस या कहीं दूसरी जगह नियमित समय पर जाते हैं, तो आपको ध्यान देना है कि क्या इसकी ड्राइविंग रेंज उतनी है, जितनी आपको जरूरत है। हर किसी कार की असली रोड पर ड्राइविंग रेंज को जानें।

### पहले ज्यादा पैसे खर्च, बाद में सेविंग

दरअसल, बहुत से लोगों के मन में एक सवाल आता है कि अगर आप पेट्रोल की तुलना में ईवी खरीदते हैं तो उसकी कीमत तो ज्यादा होगी, लेकिन बाद में वह सेविंग भी कर पाएंगे। उदाहरण से समझते हैं दरअसल, मुंबई में टाटा नेक्सान पेट्रोल की कीमत 14 लाख रुपये कीमत है, जबकि टाटा नेक्सॉन ईवी की कीमत 18 लाख रुपये है। पेट्रोल इंजन 6.7 रुपये प्रति किलोमीटर की ड्राइविंग कॉस्ट आती है। वहीं, इलेक्ट्रिक ईवी नेक्सॉन की प्रति किलोमीटर की ड्राइविंग रेंज 97 पैसे प्रति किलोमीटर आती है।

# भारतीय मूल के सांसद बोले- भारत मानवाधिकारों पर नहीं सुनेगा लेक्चर

## इंडियन-अमेरिकन इम्पैक्ट के शिखर सम्मेलन देसी डिसाइड्स में सांसदों ने उठाया मुद्दा

वाशिंगटन, एजेंसी

भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने कहा कि मानवाधिकारों पर भारत को व्याख्यान देने से काम नहीं चलेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वे इस मुद्दे पर चिंताएं व्यक्त करने के लिए महत्वपूर्ण देश के नेतृत्व के साथ बातचीत करने के पक्ष में हैं। कांग्रेसनल इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष और कांग्रेसी रो खन्ना ने तीन अन्य भारतीय अमेरिकी सांसदों श्री थानेदार, प्रमिला जयपाल और डॉ. अमी बेरा के साथ इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट के शिखर सम्मेलन देसी डिसाइड्स एक पैनल चर्चा में इस मामले पर बात की।

भारतीय अमेरिकी सांसदों ने भारत में मानवाधिकार से जुड़े मुद्दों को उठाते रहने की बात दोहराई, लेकिन साथ ही कहा कि इस मामले में नई दिल्ली को उपदेश देने से कोई लाभ नहीं होगा और इस बाबत भारतीय नेतृत्व के साथ वार्ता की जरूरत है। रो खन्ना ने लोगों से कहा कि भारत 100 से अधिक वर्षों तक उपनिवेश रहा, इसलिए जब हम मानवाधिकारों के बारे में बातचीत करते हैं, तब आप विदेश मंत्री जयशंकर या किसी अन्य के साथ बातचीत करते हैं, तो आपको यह समझना होगा कि यह केवल भारत को उपदेश देने की तरह लगता है। औपनिवेशिक ताकतें सैकड़ों वर्षों से हमें उपदेश दे रही हैं। ऐसा करना उपयोगी नहीं होगा। खन्ना ने कहा मुझे लगता है कि भारत के साथ बातचीत करना अधिक रचनात्मक नजरिया होगा कि यहां हमारे लोकतंत्र में क्या खामियां हैं, आपके लोकतंत्र में क्या खामियां हैं और हम सामूहिक रूप से लोकतंत्र और मानवाधिकारों को कैसे आगे बढ़ा सकते हैं।




इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट के शिखर सम्मेलन देसी डिसाइड्स में उपस्थित भारतीय मूल के सांसद। • एजेंसी

• सांसदों ने कहा- भारत रूस और अमेरिका दोनों पक्षों के बीच खेलता रहा है, अब सिर्फ हमारे साथ मजबूत दोस्ती रखे

### जीवंत लोकतंत्र में बोलने की आजादी प्रेस की आजादी होनी चाहिए : बेरा

डॉ. अमी बेरा ने कहा आप देखिए कि प्रेस की स्वतंत्रता के मामले में क्या हो रहा है। आप दरअसल कोई व्यवहार्य विपक्षी दल नहीं देख रहे या कहें तो इसे समाप्त किया जा रहा है। जीवंत लोकतंत्र में ये सभी चीजें होनी चाहिए- बोलने की आजादी, प्रेस की आजादी। मुझे उम्मीद है कि आपको कभी ट्रंप का दूसरा कार्यकाल नहीं देखना पड़े, लेकिन अगर ऐसा हो भी जाए तो भी आप देखेंगे कि हमारा लोकतंत्र बचा रहेगा। मैं निश्चित रूप से आशा करता हूं कि भारत का लोकतंत्र भी बचा रहे।

### हमें अपने देश और अन्य देश की खामियों की आलोचना करने में सक्षम होना चाहिए : प्रमिला

प्रमिला जयपाल ने कहा कि वह बेरा और खन्ना दोनों से सहमत हैं। उन्होंने कहा कि मैं केवल एक चीज जोड़ना चाहती हूं कि मुझे लगता है कि हमें अपने देश की खामियों और किसी अन्य देश की खामियों की आलोचना करने में सक्षम होना चाहिए। यह संसद का असल काम है। हमें उपदेश नहीं देना चाहिए, मैं रो (खन्ना) से सहमत हूं। हमें अमेरिका के सभी हितों के बारे में सोचना होगा। निश्चित रूप से आर्थिक पहलू अहम है। भारत हमारा एक महत्वपूर्ण भागीदार है। क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर बदलते परिदृश्य के कारण भी वह एक महत्वपूर्ण भागीदार है।

### अमेरिका को भारत की शक्ति पहचानना होगा : थानेदार

सांसद श्री थानेदार ने कहा कि वह भारत-अमेरिका के बीच मजबूत रिश्ते के पक्षधर हैं। थानेदार ने कहा अमेरिका को भारत की शक्ति, उसकी आर्थिक शक्ति को पहचानना होगा और चीन की आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए भारत ही सबसे अच्छा समाधान है। इसलिए मैं मजबूत भारत-अमेरिका संबंधों पर काम कर रहा हूं।

## दक्षिण पूर्व एशिया में 29.4 करोड़ लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित

**नयी दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की क्षेत्रीय निदेशक साइमा वाजेद ने शुक्रवार को कहा कि उच्च रक्तचाप का गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) की वैश्विक महामारी में बड़ा योगदान है और यह वैश्विक स्तर पर मृत्यु और दिव्यांगता के लिए प्रमुख जोखिम कारक है।

वाजेद ने कहा कि दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र में 29.4 करोड़ से अधिक लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर वाजेद ने कहा कि वैश्विक और राष्ट्रीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए उच्च रक्तचाप को रोकने तथा नियंत्रित करने के प्रयासों को मजबूत करने की जरूरत है। यह सार्वभौमिक स्वास्थ्य दायरे की दिशा में हर देश की यात्रा का एक अभिन्न अंग होना चाहिए। इस वर्ष का विषय में अपने रक्तचाप को सटीक रूप से मापें, इसे नियंत्रित करें, लंबे समय तक जीवित रहें' का आह्वान किया गया है।

उन्होंने कहा कि उच्च रक्तचाप के बढ़ते प्रसार के लिए नमक, तंबाकू और शराब का अधिक सेवन, अपौष्टिक आहार, शारीरिक निष्क्रियता, तनाव और वायु प्रदूषण प्रमुख जोखिम कारक हैं। वाजेद ने कहा शीघ्र पहचान और नियंत्रण महत्वपूर्ण है। उच्च रक्तचाप से पीड़ित वयस्कों में से आधे लोग इस बात से अनजान हैं कि उन्हें यह रोग है। छह में से लगभग एक व्यक्ति का रक्तचाप नियंत्रण में नहीं है।

# सहायता सामग्री लेकर गाजा पट्टी में पहुंचे ट्रक



अमेरिका द्वारा तैयार किया गया पोत घाट। • एजेंसी

वाशिंगटन, एजेंसी

• अमेरिका द्वारा बनाए गए पोतघाट से एक दिन में 150 ट्रक ले जाए जा सकते
• इजराइल ने गाजा में जारी भीषण युद्ध के बीच जमीनी सीमा पर लगा रखे हैं प्रतिबंध

युद्धग्रस्त गाजा पट्टी में अमेरिका द्वारा हाल में बनाए गए एक तैरते पोतघाट के जरिए राहत सामग्री लेकर ट्रक पहली बार शुक्रवार को संकटग्रस्त इलाके में पहुंचे। इजराइल ने गाजा में जारी भीषण युद्ध के बीच जमीनी सीमा पर प्रतिबंध लगा दिए है जिसके कारण लोगों तक खाद्य एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित हो गई थी। अमेरिकी सैन्य अधिकारियों का अनुमान है कि इस पोतघाट के जरिए गाजा पट्टी में एक दिन में 150 ट्रक ले जाए जा सकते हैं।

इस बीच, इजराइल ने दक्षिणी शहर रफह में हमास के खिलाफ सात महीने से जारी लड़ाई को और तेज कर दिया है। अमेरिका और सहायता समूहों ने साथ ही इस बात को लेकर सचेत किया कि इस पोतघाट परियोजना को जमीनी मार्ग से आपूर्ति पहुंचाए जाने का विकल्प नहीं माना जा सकता। उनका कहना है कि जमीनी मार्ग के जरिए ही गाजा में आवश्यक भोजन, पानी और ईंधन पहुंचाया जा सकता है। युद्ध से पहले, औसतन प्रतिदिन 500 से अधिक ट्रक गाजा में प्रवेश करते थे।

### दक्षिणी गाजा में खाने-पीने की चीजें खत्म हो रही

सहायता एजेंसियों का कहना है कि दक्षिणी गाजा में खाने-पीने की चीजें खत्म हो रही हैं और ईंधन का भंडार तेजी से कम हो रहा है, जबकि अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी और विश्व खाद्य कार्यक्रम का कहना है कि गाजा के उत्तर में पहले ही अकाल की स्थिति उत्पन्न हो चुकी है। सैनिकों ने बृहस्पतिवार को तैरते पोतघाट स्थापित करने का काम पूरा कर लिया और अमेरिकी सेना के मध्य कमान ने कहा कि शुरुआती सहायता शुक्रवार सुबह नौ बजे गाजा पहुंची। इसमें कहा गया है कि ऑपरेशन में कोई भी अमेरिकी सैनिक तट पर नहीं गया।

# आतंकवाद उन्हें ही निगल रहा जो लंबे समय से इसका सहारा लेते आए हैं : जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी

• विदेश मंत्री ने कहा- एशिया में नए तनाव पैदा हुए

एलएसी के पास चीन की सैन्य मौजूदगी और सीमापार आतंकवादी गतिविधियों को पाकिस्तान के समर्थन पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि समझौतों का अनादर और कानून के शासन की अवहेलना किए जाने के कारण एशिया में भूमि और समुद्र में नए तनाव पैदा हुए हैं।

जयशंकर ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में मुद्रा की ताकत पर भी बात की। उन्होंने कहा कि कि वैश्विक कूटनीति के तौर पर प्रतिबंधों की धमकी का



किस प्रकार इस्तेमाल किया जा रहा है। जयशंकर का यह बयान ऐसे समय आया है जब कुछ ही दिन पहले भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह पर समझौता होने के बाद अमेरिका ने प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी थी। उन्होंने यूक्रेन युद्ध के परिणामों, पश्चिम एशिया में हिंसा में वृद्धि और जलवायु घटनाओं, ड्रोन हमलों की घटनाओं, भू-राजनीतिक तनाव एवं प्रतिबंधों के मद्देनजर साजो-सामान संबंधी व्यवधान पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सीआईआई की वार्षिक आम बैठक में कहा कि दुनिया तीन एफ यानी फ्यूल, फूड, फर्टीलाइजर (ईंधन, भोजन और उर्वरक) के संकट से जूझ रही है।

समझौतों का अनादर और कानून के शासन की अवहेलना किए जाने के कारण एशिया में भूमि और समुद्र में नए तनाव पैदा हुए हैं।

# इजराइल ने आईसीजे में सुनवाई के दौरान नरसंहार के आरोपों को नकारा

हेग (नीदरलैंड), एजेंसी

• दक्षिण अफ्रीका ने गाजा में तत्काल संघर्ष विराम के लिए संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत में की थी अपील

इजराइल ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में सुनवाई के दौरान गाजा में नरंसहार के आरोपों से इनकार किया और दावा किया कि वह सैन्य कार्रवाई के दौरान आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हरसंभव प्रयास कर रहा है।

दक्षिण अफ्रीका द्वारा गाजा में तत्काल संघर्ष विराम के लिए संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत में अपील किए जाने के बाद इजराइल ने गाजा में नरसंहार के आरोपों का जवाब दिया। दक्षिण अफ्रीका ने इजराइल पर नरसंहार का आरोप लगाते हुए अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में दिसंबर में याचिका दायर की थी जिसके बाद न्यायालय ने तीसरी बार सुनवाई की। बृहस्पतिवार को दक्षिण अफ्रीका ने अदालत को बताया कि गाजा में स्थिति एक नए और भयावह चरण पर पहुंच गई है। दक्षिण अफ्रीका ने 15 न्यायाधीशों की पीठ से तत्काल कार्रवाई की अपील की। इजराइल की कानूनी टीम में शामिल तमर कपलान ने कहा कि इसने संकटग्रस्त क्षेत्र में ईंधन और दवा आपूर्ति की अनुमति दी थी।

## तैयारी



पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा उत्सव से पहले कार्यकर्ता रथ को तैयार करने में जुटे। • एजेंसी

ग्लोवल वार्मिंग | खाड़ी देशों में अधिक तूफान उठने की संभावना

# सामान्य से अधिक पानी बरसाएगा ला नीना

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** इस बार ला नीना के मानसून पर कहर बनकर टूटने की सम्भवना जताई जा रही। उत्तराखंड राज्य भी इसके प्रभाव से अछूता नही रहेगा। वहीं दुनिया के कई देशों में इसका असर बड़े तूफानों के रूप में देखे जाने की आशंका मौसम वैज्ञानिक जता रहे हैं।

बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग का असर धीरे-धीरे पैर पसारते जा रहा है। पिछले साल अल नीनो ने दुनिया के कई देशों को सूखे की चपेट में लिया और अब ला नीना सक्रिय होने जा रहा है। जिसका असर भारत के मानसून पर अत्यधिक वर्षा के रूप में देखने को मिलेगा। मानसून में सामान्य से अधिक वर्षा के चलते बाढ़ का प्रकोप बढ़ेगा,



मानसून बारिश का फाइल फोटो।

वहीं पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन की समस्या बढ़ेगी।

एशियाई देशों में अधिक वर्षा होगी। जिसका सार्थक असर अच्छी कृषि के रूप में देखने को मिल सकता है। मगर खाड़ी से लगे अमेरीकी देशों के लिए अल नीनो बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। मौसम पर नजर रखने वाली दुनिया की कई एजेंसियां यह आशंका जता रहे हैं।

अल नीनो और ला नीना का अध्ययन करने वाले कोलोराडो विश्वविद्यालय के वायुमंडल और महासागर वैज्ञानिक कहते हैं कि अभी ला नीना रास्ते पर अग्रसर है। जिसका अगले दो माह तक भू स्थलों में पहुचना शुरू हो जाएगा। भारत में अगस्त व सितंबर माह में ला नीना का असर दिखना शुरू होगा। जिस कारण मानसूनी बारिश सामान्य से अधिक होगी, जबकि अमेरिकी कई क्षेत्रों में बवंडर व बढ़े तूफान उठेंगे।

### उत्तराखंड में अत्यधिक बारिश की संभावना

नैनीताल : प्रदेश मौसम विभाग के निदेशक डा विक्रम सिंह के अनुसार ला नीना का असर अगस्त व सितंबर तक प्रदेश में देखने को मिलेगा। प्रदेश में सामान्य से अधिक बारिश होने की 61 प्रतिशत संभावना है। जून व जुलाई में मानसून सामान्य रूप से बरसेगा।

## हूती विद्रोहियों ने अमेरिकी जासूसी ड्रोन को मार गिराया

**सना।** इजरायल-हमास युद्ध बीच यमन के ईरान समर्थक हूती विद्रोहियों और अमेरिका के बीच तनाव गहराता जा रहा है। हूती विद्रोहियों ने अमेरिका के सबसे शक्तिशाली ड्रोन एमक्यू 9 को मार गिराया है। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सारेया ने कहा कि विमान को सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल से निशाना बनाया गया था, और दृश्यों को दिखाने वाला वीडियो बाद में प्रसारित किया जाएगा। उन्होंने ड्रोन कब मार गिराया गया इसकी सटीक जानकारी नहीं दी। सारिया ने कहा गाजा के समर्थन में लाल सागर में अपना सैन्य अभियान शुरू करने के बाद से यह चौथा ड्रोन विमान है जिसे हमने मार गिराया है। अमेरिकी सेना ने हालांकि अभी तक इस घटना पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# संयुक्त अभ्यास के जबाव में उत्तर कोरिया ने दागी बैलिस्टिक मिसाइल

सियोल, एजेंसी

• दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने किया संयुक्त अभ्यास

दक्षिण कोरिया और अमेरिका द्वारा लड़ाकू विमानों का संयुक्त अभ्यास किए जाने के एक दिन बाद उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को अपने पूर्वी तट की ओर एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी। दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी।

उत्तर कोरिया दोनों के संयुक्त सैन्य अभ्यास को अपनी सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा मानता है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने बताया कि बैलिस्टिक मिसाइल के प्रक्षेपण के बारे में उत्तर कोरिया ने कोई जानकारी नहीं दी है। यहां तक कि यह भी नहीं बताया कि मिसाइल ने कितनी दूरी तय की। अमेरिका एवं दक्षिण कोरिया के साथ कूटनीति में गतिरोध के बीच उत्तर कोरिया ने हालिया महीनों में हथियारों का परीक्षण बढ़ा दिया है



स्क्रिन पर मिसाइल देखता तानाशाह।

और वह अपनी सैन्य क्षमताओं का विस्तार जारी रखे हुए है। पर्यवेक्षकों के अनुसार, उत्तर कोरिया का मानना है कि यदि उसका शस्त्रागार मजबूत होगा तो वह वार्ता बहाल होने की स्थिति में अमेरिका से अधिक छूट हासिल कर सकेगा। दक्षिण कोरिया के मध्य क्षेत्र में किए गए संयुक्त हवाई अभ्यास में दो दक्षिण कोरियाई एफ-35ए लड़ाकू विमानों और दो यूएसएफ-22 रैप्टर विमानों ने हिस्सा लिया था।

## स्लोवाकिया के पीएम का हुआ एक और ऑपरेशन, हालत गंभीर

**ब्रातिस्लावा (स्लोवाकिया)।** गोलीबारी में घायल हुए स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको का एक और ऑपरेशन किया गया है, उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

अधिकारियों के मुताबिक फिको (59) पर उस समय हमला किया गया था जब वह राजधानी ब्रातीस्लावा से लगभग 140 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में हैंडलोवा शहर में एक सरकारी बैठक के बाद समर्थकों का अभिवादन कर रहे थे। फिको को गोली लगने के बाद हेलीकॉप्टर से बांस्का बिस्त्रिका में यूनिवर्सिटी एफ डी रूजवेल्ट अस्पताल ले जाया गया था। अस्पताल की निदेशक मिरियम लापुनिकोवा ने कहा कि फिको का सीटी स्कैन हुआ और वर्तमान में वह गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती है। उन्होंने उनकी हालत को गंभीर बताया है।